# विषय सूची

1. त्रिकला प्रेरण मोटर
(Three Phase Induction Motor) 1-132

2. एक कलीय मोटर
(Single Phase Motor) 133-170

3. तुल्यकालिक मशीन
(Synchronous Machine) 171-247

4. विशेष प्रयोजनात्मक मशीन
(Special Purpose Machine) 248-266

- प्रायोगिकी (Practicals) 267-295

- वस्तुनिष्ठ प्रश्न (Objective Questions) 296-313

- वार्षिक परीक्षा प्रश्न पत्र

Scanned with CamScanner

अध्याय 1

# त्रिकला प्रेरण मोटर
# (Three Phase Induction Motor)

## 1.0 परिचय (Introduction)

प्रेरण मोटर (Induction motor) की खोज महान वैज्ञानिक सर्बियाई अमेरिकी नागरिक, आविष्कारक, भौतिकी विज्ञानी, यांत्रिक अभियंता, विद्युत अभियंता और भविष्यवादी निकोला टेस्ला ने किया है। चुम्बकीय फलक्स घनत्व का मात्रक निकोला टेस्ला के नाम से टेस्ला रखा गया है।

आज के औद्योगिक युग में बहुफेज प्रत्यावर्ती धारा प्रेरण मोटर का प्रयोग व्यापक रूप से किया जा रहा है। इसका मुख्य कारण है–

(i) प्रेरण मोटर संरचना में सरल, टिकाऊ और लागत में सस्ता है।

(ii) स्वचलित (Self-starting) एवं स्थिर गति वाली होती है।

(iii) प्रेरण मोटर पूर्ण लोड पर, दक्षता तथा शक्ति गुणक अच्छा होता है।

(iv) प्रेरण मोटर को देखभाल की सबसे कम आवश्यकता होती है।

(v) इसे विश्राम अवस्था से (No load) से ही प्रारम्भ तथा तुल्यकाली गति पर नहीं चलाया जा सकता है।

सम्पूर्ण विश्व में 85% मोटर प्रेरण मोटर का प्रयोग किया जाता है। प्रेरण मोटर का No load power factor बहुत खराब (लगभग 0.15 – 0.2) Lagging प्रकृति का होता है। यह मोटर Negative lagging reactive power का $(-Q)$ का Source है तथा यह $(+Q)$ Reactive power की Demand करता है।

उपरोक्त लाभों के अतिरिक्त प्रेरण मोटर में कुछ दोष हैं जो कि निम्नवत् हैं–

(i) इसकी गति की दक्षता में कमी किये बिना परिवर्तित नहीं किया जा सकता।

(ii) दिष्ट धारा शन्ट मोटर के समान, इसकी गति लोड बढ़ने के साथ घटती है।

(iii) इसका प्रारम्भिक बलाघूर्ण दिष्ट धारा शन्ट मोटर की अपेक्षा कुछ कम है।

प्रेरण मोटरों के रोटर कुण्डलन का किसी सप्लाई स्रोत से सीधा कोई सम्बन्ध नहीं होता है।

रोटर परिपथ में आवश्यक वोल्टता, तथा धारा, स्टेटर कुण्डलनों द्वारा प्रेरण द्वारा उत्पन्न किया जाता है। इसी कारण induction motor को प्रेरण मोटर कहा जाता है। त्रिफेजी प्रेरण मोटर का कार्य सिद्धान्त भी त्रिफेजी ट्रांसफॉर्मर की भाँति विद्युत चुम्बकीय प्रेरण नियम पर आधारित है। अन्तर केवल इतना है कि ट्रांसफॉर्मर की द्वितीयक कुण्डलन स्थिर रहता है, जबकि प्रेरण मोटर का द्वितीयक कुण्डलन (Rotor) घूमती है। जैसे ट्रांसफॉर्मर में शक्ति स्थानान्तरण प्राथमिक कुण्डलन से द्वितीयक कुण्डलन ये प्रेरण द्वारा होता है उसी प्रकार मोटर में भी शक्ति का स्थानान्तरण स्टेटर से रोटर में प्रेरण द्वारा होता है। वास्तव में प्रेरण मोटर को घूमने वाला ट्रांसफॉर्मर की तरह समझा जा सकता है।

## 1.1 त्रिकलीय घूर्णी चुम्बकीय क्षेत्र का उत्पादन
### (Production of Rotating Magnetic Field in 3-Phase Winding)

**प्रत्यावर्ती धारा से चुम्बकीय क्षेत्र उत्पन्न करना (Production of Alternating Current Magnetic Field)–** प्रत्यावर्ती धारा उसे कहते हैं जो एक स्थिर कक्ष में कार्य करता है, परन्तु जिसकी करने की दिशा के क्रम से धनात्मक तथा ऋणात्मक होता है तथा उसका परिमाण (Magnitude) नियत-कालिक ढंग (Periodic manner) में परिवर्तित होता है अर्थात् प्रत्यावर्ती धारा का चुम्बकीय क्षेत्र का परिमाण (Magnitude) स्थिर तथा कार्य करने की दिशा बदलती रहती है जिसको चित्र (1.1) में निम्नवत् प्रदर्शित किया गया है।

Scanned with CamScanner




चित्र 1.1

**घूर्णी चुम्बकीय क्षेत्र उत्पन्न करना (Production of Rotating Magnetic Field)**–जब त्रिकला प्रेरण मोटर को (3-$\phi$induction motor) प्रदायी वोल्टता दी जाती है तो उसकी 3-$\phi$winding ऊर्जित होकर Constant magnitude का घूर्णी चुम्बकीय क्षेत्र उत्पन्न करता है जो मोटर के वायु अन्तराल में (Air gap) (Set up) हो जाता है। कुण्डलन में बनने वाले इस क्षेत्र के (Poles) ध्रुव, स्थाता (Stator) पर स्थिर (Fixed Position) में नहीं रहते हैं। ये स्थाता (Stator) में चारों ओर अपनी स्थिति (Position) को आवर्त रूप में (Periodic shift) करते रहते हैं इसीलिए इसे घूर्णी चुम्बकीय क्षेत्र (Rotating magnetic field) कहते हैं। इसे प्राय: परिक्रमी चुम्बकीय क्षेत्र (Revolving magnetic field) के नाम से जाना जाता है। स्टेटर Field की या Rotating magnetic field की Speed निम्नलिखित हैं–

$$N_S = \frac{120f}{P}$$

जहाँ $N_S$ = Speed of stator in r.p.m.

$f$ = Supply frequency of stator in Hz

$P$ = Number of stator pole

प्रत्यावर्ती धारा मशीनों (A.C. machines) का डिजाइन करते समय एक समस्या यह रहती है कि स्टेटर कुण्डलन (Stator coil) से प्रवाहित होने वाला प्रत्यावर्ती धारा (A.C.) से घूर्णक चुम्बकीय क्षेत्र में किस प्रकार उत्पन्न किया जाये। इसके लिए निम्नलिखित सिद्धान्तों की आवश्यकता होती है।

**फेरारिस सिद्धान्त (Ferraris Principle)**–यदि एक फेज धारा को किसी स्टेटर में प्रयुक्त किया जाये तो इससे प्रत्यावर्ती चुम्बकीय क्षेत्र उत्पन्न होता है जिसको फेरारिस सिद्धान्त के अनुसार दो घूर्णक क्षेत्रों में विघटित किया जा सकता है। इनमें से प्रत्येक क्षेत्र में परिमाण (Magnitude) आधा तथा तुल्यकाली गति पर विपरीत दिशा में घूमता है।

चित्र (1.2) के अनुसार मान लिया कि दो घूर्णक क्षेत्र $X$-अक्ष से शून्य समय से प्रारम्भ होकर $\omega$ कोणीय वेग (Angular velocity) से घूर्णन कर रहे तल $t$ समय पश्चात्




चित्र 1.2 Ferraris principle

Scanned with CamScanner

(1) घूर्णक का क्षेत्र $X$ घटक $= H \cos \omega t$ (Horizontal component line) ...(i)

(2) घूर्णक का क्षेत्र $X$ घटक $= H \cos \omega t$ (Horizontal component line) ...(ii)

इसी प्रकार (i) का घूर्णक क्षेत्र का ऊर्ध्वाधर (Vertical component line) घटक $= Y \sin \omega t$ ...(iii)

तथा (ii) का घूर्णक क्षेत्र का ऊर्ध्वाधर (Vertical component line) $= -Y \sin \omega t$ ...(iv)

$\therefore$ कुल $X$ का घटक $= H \cos \omega t + H \cos \omega t$ (समीकरण (i) व (ii) को जोड़ने पर)

$= 2H \cos \omega t$

$\therefore$ कुल $Y$ का घटक $= Y \sin \omega t - \sin \omega t$ (समीकरण (iii) तथा (iv) को जोड़ने पर)

$= 0$

इस प्रकार दो घूर्णक क्षेत्र (Rotating field) एक प्रत्यावर्ती क्षेत्र $2H \cos \omega t$ में विघटित (Resolve) हो जाते हैं जोकि अपने आयाम (Amplitude) के दुगुने होते हैं।

इस प्रकार एक प्रत्यावर्ती क्षेत्र को दो घूर्णक क्षेत्रों में विघटित किया जा सकता है जोकि तुल्यकालिक गति (Synchronous speed) पर एक दूसरे से विपरीत दिशा में घूमते हैं।

**दो फेज सप्लाई द्वारा उत्पन्न घूर्णक चुम्बकीय क्षेत्र (Production of Rotating Magnetic Field with two Phase Supply)**—मान लिया कि दो फेज, दो ध्रुवीय स्टेटर की दो समरूप कुण्डलियाँ परस्पर 90° की दूरी पर कुण्डलन आरेख के अनुसार रखी हुई हैं जिसमें प्रत्येक फेज कुण्डलन में प्रवाहित धारा के कारण उत्पन्न फलक्स को ज्याँ तरंगीय (Sine wave) तथा फलक्सों की स्वीकृत धनात्मक दिशा वही है जो कि सदिश आरेख के रूप में चित्रित किया गया है।




कुण्डलन आरेख (Winding diagram)




तुल्य परिपथ (Equivalent diagram)




कलीय (आरेख) (Phasor diagram)




Wave diagram

चित्र 1.3

Scanned with CamScanner

मान लिया कि दो फेज कुण्डलनों द्वारा स्थापित फ्लक्स का तात्क्षणिक मान $\phi_1$ तथा $\phi_2$ है तथा अधिकतम फ्लक्स $\phi_m$ तथा परिणामी फ्लक्स $\phi_r$ है। परिणामी फ्लक्स का मान किसी भी दो फ्लक्स का सदिश योग है। फ्लक्सों के सदिश योग के लिए क्रमशः कोण 0°, 45°, 90°, 135° तथा 180° के कोण के कल्पना की गई है। परिणामी फ्लक्स तुल्यकाली गति से घूम रहा है। Phase (i) तथा Phase (ii) में क्रमशः धारा $i_a$ तथा $i_b$ तात्क्षणिक धारा प्रवाहित होती है जिनके व्यंजक क्रमशः निम्नलिखित हैं–

$$i_a = i_m \sin \omega t$$
$$i_b = i_m \sin (\omega t - 90°)$$

चूँकि फ्लक्स का मान ($\phi$) धारा के ($i$) के समानुपाती है ($\phi \propto i$)। इसलिए उक्त व्यंजक से सम्बन्धित तात्क्षणिक फ्लक्स के व्यंजक

$$\phi_a = \phi_m \sin \omega t \qquad ...(i)$$
$$\phi_b = \phi_m \sin (\omega t - 90°) \qquad ...(ii)$$



चित्र 1.4



चित्र 1.5

अब माना कि

(i) जब $\theta = 0$, तब $\phi_a = 0$ लेकिन $\phi_b$ अधिकतम है अर्थात् $\phi_m$ के समान तथा ऋणात्मक है। इस प्रकार परिणामी फ्लक्स $\phi_r = \phi_m$ है तथा इसे ऋणात्मक होने के कारण सदिश द्वारा नीचे की ओर दिखाया गया है।

(ii) जब $\theta = 45°$ तब $\phi_a = \dfrac{\phi_m}{\sqrt{2}}$ तथा धनात्मक है और $\phi_b = \dfrac{\phi_m}{\sqrt{2}}$ लेकिन यह अब भी ऋणात्मक है। इनका परिणामी

$$\phi_r = \sqrt{\left(\frac{\phi_m}{\sqrt{2}}\right)^2 + \left(\frac{\phi_m}{\sqrt{2}}\right)^2} = \phi_m$$

यद्यपि यह परिणामी 45° दक्षिणावर्त स्थानान्तरित हो गया है।

(iii) जब $\theta = 90°$ होगा तब $\phi_b = 0$ लेकिन $\phi_a = \phi_m$ तथा धनात्मक है। इस प्रकार $\phi_r = \phi_m$ तथा यह स्थिति 45° और आगे अर्थात् प्रारम्भिक स्थिति से लगभग 90° दक्षिणावर्त स्थानान्तरित होगा अर्थात् (चित्र 1.6)



चित्र 1.6



चित्र 1.7



चित्र 1.8

(iv) जब $\theta = 135°$ होगा तब $\phi_a = \frac{\phi_m}{\sqrt{2}}$ तथा धनात्मक $\phi_b = -\frac{\phi_m}{\sqrt{2}}$ ऋणात्मक। इस प्रकार $\phi_a$ तथा $\phi_b$ का परिणामी

$\phi_r = \sqrt{\left(\frac{\phi_m}{\sqrt{2}}\right)^2 + \left(\frac{\phi_m}{\sqrt{2}}\right)^2} = \phi$ इस प्रकार परिणामी फ्लक्स स्थिर रहता है परन्तु 45° और आगे अर्थात् मूल प्रारम्भिक स्थिति से 135° दक्षिणावर्त स्थानान्तरित हो गया है।

(v) जब $\theta = 180°$ होगा तब $\phi_a = 0$, $\phi_b = \phi_m$ तथा धनात्मक हैं। इस प्रकार परिणामी फ्लक्स $\phi_r = \phi_m$ अर्थात् पहले की भाति स्थिर है परन्तु यह 45° और आगे अर्थात् मूल प्रारम्भिक स्थिति से 180° दक्षिणावर्त स्थानान्तरित होगा।

इस प्रकार इन मानो से यह परिणाम निकलता है कि फ्लक्स का परिणाम स्थिर रहता है तथा वह प्रत्येक फेज के अधिकतम फ्लक्स $\phi_m$ के तुल्य है तथा परिणामी फ्लक्स तुल्यकाली गति से $N_S = \frac{120f}{P}$ से घूर्णन करता है।

**गणितीय प्रमाण (Mathematical operation)**

$$\phi_a = \phi_m \sin \omega t \quad \text{(समीकरण (i) से)}$$
$$\phi_b = \phi_m \sin(\omega t - 90°) \quad \text{(समीकरण (ii) से)}$$
$$= \phi_m \sin \omega t$$

**द्विकला घूर्णी चुम्बकीय क्षेत्र का परिमाण** (Magnitude of two Phase Winding Magnetic Field)–चित्र (1.9) में प्रदर्शित कलीय (सदिश आरेख) के अनुसार परिणामी चुम्बकीय क्षेत्र (Resultant magnetic field)

$$\phi_R = \sqrt{\phi_a^2 + \phi_b^2 + 2\phi_a . \phi_b . \cos 90°}$$

चूँकि 90°, $\phi_a$ तथा $\phi_b$ coil के बीच का कोण है।

अतः $\cos 90° = 0$

इसलिए
$$\phi_R = \sqrt{\phi_a^2 + \phi_b^2}$$
$$= \sqrt{(\phi_m \sin \omega t)^2 + (\phi_m \cos \omega t)^2}$$
$$= \sqrt{\phi_m^2 (\sin^2 \omega t) + (\cos^2 \omega t)}$$
$$= \phi_m (\sin^2 \omega t + \cos^2 \omega t)$$

अर्थात्
$$\phi_R = \phi_m$$

Two phase घूर्णी चुम्बकीय क्षेत्र का परिमाण अधिकतम फ्लक्स ($\phi_m$) के तुल्य होता है जो एक स्थिर (Constant quantity) है।

**त्रिफेजी सप्लाई द्वारा उत्पन्न घूर्णक चुम्बकीय क्षेत्र** (Production of Rotating Magnetic Field with Three Phase Supply)–जब 120° द्वारा Space (Air gap) में विस्थापित 3-phase घुमावदार 3-phase द्वारा Supply दी जाती है तो 120° पर विस्थापित एक चुम्बकीय प्रवाह का Air gap में होने लगता है।

चित्र 1.9 में प्रदर्शित वैद्युत परिपथ तुल्य परिपथ के अनुसार माना कि एक त्रिकला प्रेरण मोटर के स्थाता Stator पर Star सम्बद्ध $N_R$, $N_Y$ व $N_B$ तीन कुण्डलियाँ स्थापित हैं। जब इन कुण्डलियों को त्रिकला प्रदायी (Supply voltage) दी जाती है तब क्रमशः $i_R$, $i_Y$ $i_B$ तात्क्षणिक धारा प्रवाहित होता है जिनके व्यंजक निम्नलिखित हैं–

$$i_R = i_m \sin \omega t$$
$$i_Y = i_m \sin(\omega t + 120°)$$
$$i_B = i_m \sin(\omega t + 240°)$$
$$i_B = i_m \sin(\omega t - 120°)$$

Scanned with CamScanner




चित्र 1.9

चूँकि चुम्बकीय फ्लक्स $\phi$ का मान धारा $i$ के समानुपाती है ($\phi \propto i$) होता है इसलिए उक्त व्यंजकों से सम्बन्धित तात्क्षणिक फ्लक्स के व्यंजक निम्नलिखित होंगे–

$$\phi_R = \phi_m \sin \omega t \quad \text{...(i)}$$

$$\phi_Y = \phi_m \sin(\omega t + 120°) \quad \text{...(ii)}$$

$$\phi_R = \phi_m \sin(\omega t + 240°)$$

$$= \phi_m \sin(\omega t - 120°) \quad \text{...(iii)}$$

## घूर्णी चुम्बकीय क्षेत्र के क्षैतिज घटकों का योग (Sum of Horizontal Components)

$$\Sigma\phi_H = \phi_R - \phi_y \cos 60° - \phi_B \cos 60°$$

$$= \phi_R - \cos 60° (\phi_B + \phi_y)$$

$$= \phi_R - \frac{1}{2}[\phi_m \sin(\omega t + 120°) + \phi_m \sin(\omega t - 120°)]$$

$$= \phi_m \sin \omega t - \frac{1}{2}[\phi_m (\sin \omega t + \cos 120° + \cos \omega t \cdot \sin 120° + \sin \omega t \cdot \cos 120° - \cos \omega t \cdot \sin 120°)]$$

$$= \phi_m \sin \omega t \frac{-1}{2}[\phi_m\ 2 \sin \omega t \cdot \cos 120°]$$

$$= \phi_m \sin \omega t - \phi_m \sin \omega t \left(-\frac{1}{2}\right) \qquad \because \cos 120° = \frac{-1}{2}$$

$$= \phi_m \sin \omega t + \frac{1}{2}\phi_m \sin \omega t$$

Scanned with CamScanner

$$\Rightarrow \Sigma\phi_H = \frac{3}{2}\phi_m \sin\omega t = 1.5 \sin\omega t$$

चित्र में प्रदर्शित सदिश रेखा के अनुसार घूर्णी चुम्बकीय क्षेत्र (R.M.F.) के ऊर्ध्वाधर घटकों का योग (Sum of vertical components)

$$\Sigma\phi_V = \phi_Y \sin 60^\circ - \phi_B \sin 60^\circ$$
$$= \sin 60^\circ (\phi_y - \phi_B)$$
$$= \frac{\sqrt{3}}{2}[\phi_m \sin(\omega t + 120^\circ) - \phi_m \sin(\omega t - 120^\circ)]$$
$$= \frac{\sqrt{3}}{2}\phi_m [\sin\omega t \cdot \cos 120^\circ + \cos\omega t \cdot \sin 120^\circ - \sin\omega t \cdot \cos 120^\circ + \cos\omega t \cdot \sin 120^\circ]$$
$$= \frac{\sqrt{3}}{2}\phi_m \left[2\cos\omega t \frac{\sqrt{3}}{2}\right]$$
$$\Sigma\phi_v = \frac{3}{2}\phi_m \cos\omega t$$
$$= 1.5\,\phi_m \cos\omega t$$

इसलिए परिणामी चुम्बकीय क्षेत्र का परिमाण (Magnitude of Resultant Magnetic Field)

$$\phi_R = \sqrt{(\Sigma\phi_H)^2 + (\Sigma\phi_V)^2}$$
$$= \sqrt{\left(\frac{3}{2}\phi_m \sin\omega t\right)^2 + \left(\frac{3}{2}\phi_m \cos\omega t\right)^2}$$
$$= \frac{3}{2}\phi_m \sqrt{\sin^2\omega t + \cos^2\omega t}$$
$$\phi_R = \frac{3}{2}\phi_m \quad \text{or} \quad \phi_R = 1.5\,\phi_m$$

त्रिकला घूर्णी चुम्बकीय क्षेत्र का परिमाण अधिकतम फ्लक्स का $\frac{3}{2}\phi_m$ गुना होता है जो एक स्थिर राशि (Constant quantity) है जैसा कि चित्र (1.10) (a) एवं (b) में प्रदर्शित किया गया है। जहाँ पर परिणामी फ्लक्स $\phi_R$ के Horizontal component $\phi_H$ एवं Vertical component $\phi_V$ है, चित्र (a) में प्रदर्शित है।



(a)



(b)

चित्र 1.10

Scanned with CamScanner

एवं त्रिकोणमितीय सूत्र द्वारा

$$\tan\theta = \frac{\phi_r}{\phi_y} = \frac{\frac{3}{2}\phi_m \cos\omega t}{\frac{3}{2}\phi_m \sin\omega t} = \cot\omega t$$

$$\tan\theta = \tan\left(\frac{\pi}{2} - \omega t\right)$$

$$\theta = \frac{\pi}{2} - \omega t$$

समीकरण से प्रदर्शित θ का मान समय पर निर्भर करता है।

(a) यदि $\omega t = 0, \theta = 90°$ चित्र में स्थिति $A$ के अनुरूप

(b) यदि $\omega t = 90°, \theta = 0$ चित्र में स्थिति $B$ के अनुरूप

(c) यदि $\omega t = 180°, \theta = -90°$ चित्र में स्थिति $C$ के अनुरूप

(d) यदि $\omega t = 270°, \theta = -180°$ चित्र में स्थिति $D$ के अनुरूप

यह देखा जा सकता है कि परिणामी फ्लक्स Space में ω रेडियन/सेकण्ड के कोणीय वेग से घड़ी की दिशा में घूमता है। यदि $\omega = 2\pi f$ और $f = \frac{PN_S}{120}$ तब परिणामी फ्लक्स तुल्यकाली गति से घूमती है।

उपरोक्त चर्चा से यह निष्कर्ष निकालते हैं जो कि निम्नलिखित हैं–

(i) एक संतुलित आपूर्ति प्रणाली में चरण धाराओं में मोटर के वायु अंतराल में निरंतर परिमाण का एक परिणामी फ्लक्स का प्रवाह होता है जो हर पल में $\frac{3}{2}\phi_m$ के तीव्रता से प्रवाह होता है।

(ii) परिणामी फ्लक्स प्रकृति में Air gap घूम रहा है और इसका कोणीय वेग आपूर्ति धारा के समान $\omega = 2\pi f$ और $f = \frac{PN_S}{120}$ परिणामी वायु अंतर फ्लक्स (Flow in air gap) तुल्यकालिक गति के साथ घूमता है।

(iii) परिणामी फ्लक्स की घूमने की दिशा आपूर्ति की गई फेज अनुरूप पर निर्भर करता है। यदि घूमने की दिशा को बदलना है तो फेज अनुरूप को बदल दिया जाता है जिससे विपरीत क्रम में चुम्बकीय फ्लक्स बनता है और घूमने की दिशा बदल जाती है। जैसे यदि $RYB$ कला अनुक्रम पर किसी त्रिकला घूर्णी चुम्बकीय क्षेत्र के घूमने की दिशा दक्षिणावर्त है तब $RBY$ कला अनुक्रम पर दिशा वामावर्त होगी है पुनः $RBY$ को फेज अनुक्रम में बदल दिया जाता है तब पुनः वही दक्षिणवर्त गति को प्राप्त की जा सकती है। इससे यह स्पष्ट होता है कि थ्री फेज इण्डक्शन मोटर की रोटेटिंग मैगनेटिक फील्ड की दिशा या मोटर की गति में यदि दिशा परिवर्तित करनी है तो मोटर के सप्लाई सिस्टम के फेज क्रम को (+ive) $RYB$ से (–ive) $RBY$ फेज क्रम में आपस में परस्पर बदलने से दिशा में परिवर्तन क्लाकवाइज से ऐंटीक्लॉकवाइज किया जा सकता है, इसका उपयोग थ्री फेज इण्डकशन मोटर की आवश्यकता अनुसार विपरीत दिशा में चलाने के लिए किया जाता है।

**ग्राफीय विधि (Graphical Method)**–माना कि 3-फेज दो ध्रुव स्टेटर की तीन समरूप फेज कुण्डलियाँ 120° की दूरी पर चित्र (1.11) में प्रदर्शित किये गए हैं तथा फेज कुण्डलन में प्रवाहित धारा के कारण फ्लक्स को क्या तंरगीय माना गया है।

$$\phi_R = \phi_m \sin\omega t$$

$$\phi_B = \phi_m (\sin\omega t + 120°)$$

$$\phi_Y = \phi_m \sin(\omega t + 240°)$$

$$= \phi_m \sin(\omega t - 120°)$$

Scanned with CamScanner




चित्र 1.11

माना कि तीन काइल द्वारा निर्मित फ्लक्स को तरंग रूप में दिखाया गया है किसी भी 3-Phase के कारण फ्लक्स का अधिकतम मान $\phi_m$ है और प्रत्येक Phase के लिए फ्लक्स Phase के सकारात्मक दिशा को चित्र (1.11) में दिखाया गया है।

किसी भी समय परिणामी फ्लक्स का मान $\phi_r$ तीनों Phase के Phasor sum के बराबर होगा। फेज की तीव्रता प्रत्येक मामले में तंरग रूप के निर्देशांक के आनुपातिक होती है और दिशा का मान लगा लिया जाता है कि Wave किस दिशा में गति कर रहा है। फ्लक्सों के सदिश आरेख में चार बिन्दुओं 0, 1, 2, 3 की कल्पना की गई है।

$$\phi_R = \phi_m \sin \omega t \quad \text{...(i)}$$

$$\phi_Y = \phi_m \sin(\omega t + 120°) \quad \text{...(ii)}$$

$$\phi_B = \phi_m \sin(\omega t + 240°) = \phi_m \sin(\omega t - 120°) \quad \text{...(iii)}$$

(i) जब $\omega t = 0$

यह तुरन्त Wave Fig. से मेल खाती है अत: ($\omega t = 0$) का उपरोक्त समीकरण (i), (ii), (iii) में रखने पर,

$$\phi_R = \phi_m \sin \omega t = \phi_m \sin 0 = 0$$

$$\phi_B = \phi_m \sin(0 + 120°) = \phi_m \frac{\sqrt{3}}{2}$$

$$\phi_B = \frac{\sqrt{3}}{2}\phi_m$$

$$\phi_Y = \phi_m \sin(\omega t - 120°) = -\frac{\sqrt{3}}{2}\phi_m$$

चित्र (1.12) में $\phi_Y$ का सदिश स्वीकृत धनात्मक दिशा के विपरीत दिशा में खींचा गया है। अत: चित्र के अनुसार

$$\phi_r = 2 \times \frac{\sqrt{3}}{2}\phi_m \cos\frac{60°}{2} = \frac{3}{2}\phi_m = 1.5\phi_m.$$




चित्र 1.12

(ii) जब $\theta = 60°$ अर्थात् चित्र (iii) के बिन्दु 1 अनुरूप है। तब

$$\phi_R = \frac{\sqrt{3}}{2}\phi_m$$

जिसे के $\phi_R$ के अनुसार खींचा जैसा कि चित्र में दिखाया गया है।

$$\phi_Y = -\frac{\sqrt{3}}{2}\phi_m$$

जिसे चित्र के $\phi_Y$ के विपरीत खींचा गया है।

$$\phi_B = 0$$

Scanned with CamScanner

तब परिणामी फ्लक्स

$$\phi_r = 2 \times \frac{\sqrt{3}}{2} \phi_m \cos 30^\circ$$

$$= \frac{3}{2} \phi_m = 1.5 \phi_m$$

अतः परिणामी फ्लक्स पहले की भाँति $\frac{3}{2} \phi_m$ या $1.5 \phi_m$ है परन्तु यह $60^\circ$ के कोण से दक्षिणावर्त दिशा में घूम गया है, जैसा कि चित्र 1.13 में दिखाया गया है।

(iii) जब $\theta = 120^\circ$ अर्थात् चित्र के बिन्दु 2 के अनुरूप होगा। यहाँ पर $\phi_R = \frac{\sqrt{3}}{2} \phi_m$, $\phi_Y = 0$, तथा $\phi_B = -\frac{\sqrt{3}}{2} \phi_m$.




चित्र 1.13

इस प्रकार चित्र के अनुसार पुनः सिद्ध किया जा सकता है कि $\phi_r = 1.5 \phi_m$

इस प्रकार परिणामी फ्लक्स $1.5 \phi_m$ ही है परन्तु $60^\circ$ और आगे अर्थात् मूल प्रारम्भिक स्थिति से $120^\circ$ दक्षिणावर्त घूम गया है जैसा कि चित्र में दिखाया गया है।

(iv) जब $\theta = 180^\circ$ अर्थात् चित्र के बिन्दु (iii) के अनुरूप है तब

$$\phi_R = 0, \phi_Y = \frac{\sqrt{3}}{2} \phi_m, \phi_B = -\frac{\sqrt{3}}{2} \phi_m$$




चित्र 1.14

इस प्रकार चित्र के अनुसार, पुनः परिणामी 0 फ्लक्स $\phi_r = 1.5 \phi_m$ होगा परन्तु $60^\circ$ और आगे अर्थात् मूल प्रारम्भिक स्थिति से $180^\circ$ दक्षिणावर्त घूम गया है।

Scanned with CamScanner

इस प्रकार उपरोक्त विवेचना से स्पष्ट है कि–

(1) परिणामी फ्लक्स स्थिर परिणामी 1.5 $\phi_m$ का है तथा किसी भी फेज के फ्लक्स के अधिकतम मान $\phi_m$ 1.5 गुणा है तथा

(2) परिणामी फ्लक्स एक निश्चित गति अर्थात् तुल्यकाली गति $N_S = \frac{120f}{P}$ से स्टेटर के चारों ओर घूमता है।




चित्र 1.15

## 1.2 त्रिकला-पिंजरा प्रारूपी प्रेरणा मोटर संरचना एवं बनावट (Salient Constructional Features of Squirrel Cage and Slip ring Three-Phase Induction Motor)

### त्रिफेजी–त्रिफेजी प्रेरण मोटर की संरचना (Construction of Three Phase Induction Motor)




त्रिकला प्रेरण मोटर के निम्नलिखित दो अंग हैं–

(i) स्थाता अर्थात् स्टेटर (Stator) (ii) घूर्णक अर्थात् रोटर (Rotor)

**स्थाता अर्थात् स्टेटर की संरचना** (Constreution of Stator)–थ्री फेज प्रेरण मोटर के स्टेटर की संरचना थ्री फेज सिंक्रोनस मशीन के स्टेटर की संरचना के समान ही होती है। इन दोनों मशीन के स्टेटर की संरचना इतनी समान होती है कि समान आकार "कला", "सम्बधन", "क्षमता" वाली मशीन के स्टेटरों को परस्पर बदला जा सकता है। थ्री फेज प्रेरण मोटर के स्टेटर में चार मुख्य भाग होते हैं जो निम्न प्रकार से हैं–

Scanned with CamScanner

(i) स्टेटर फ्रेम (Stator Frame) (ii) स्टेटर क्रोड (Stator core)
(iii) स्टेटर कुंडलन (Stator winding) (iv) स्टेटर ढाँचा (Stator slot)




चित्र 1.16 स्टेटर के मुख्य भाग

**(i) स्टेटर फ्रेम (Stator Frame)**–यह तीन फेज इंडक्शन मोटर का बाहरी हिस्सा है। इसका मुख्य कार्य स्टेटर क्रोड और फील्ड वाईडिंग का आवरण प्रदान करना है। यह एक आवरण के रूप में कार्य करता है और यह प्रेरण मोटर के सभी आंतरिक भागों को सुरक्षा और यांत्रिक शक्ति प्रदान करता है। फ्रेम या तो डाई कास्ट या फैब्रिकेटेड (Fabricated) स्टील से बना है। तीन फेज इंडक्शन मोटर का फ्रेम मजबूत और कठोर होना चाहिए क्योंकि तीन फेज इंडक्शन मोटर की वायु अंतराल लम्बाई बहुत छोटी है अथवा रोटर, स्टेटर के साथ संकेंद्रित नहीं रहेगा, जो असंतुलित चुम्बकीय खिंचाव को उत्पन्न करेगा।



चित्र 1.17 Stator frame

**स्टेटर कोर (Stator Core)**–स्टेटर कोर का मुख्य कार्य बारी-बारी से प्रवाह करना है। एडी धारा (Eddy current) के मौजूदा नुकसान को कम करने के लिए स्टेटर कोर को टुकड़े-टुकड़े किया जाता है। इन टुकड़े-टुकड़े प्रकार की संरचना Laminated stampings से बनी होती है। Laminated Part में प्रयुक्त Stampings जो लगभग 0.4 से 0.5 mm मोटी होती है सभी स्टैम्पिंग को स्टेटर कोर बनाने के लिए साथ में Stamped दिया जाता है जिसे स्टेटर फ्रेम में रखा जाता है और यह सिलिकॉन स्टील से बना होता है जो मोटर में होने वाली हिस्टैरिसीस हानि (Hysteresis loss) को कम करने में मदद करता है।



चित्र 1.18 Stator core

Scanned with CamScanner

## स्टेटर वाइंडिंग या फील्ड वांइडिंग (Stator Winding or Field Winding)

तीन फेज प्रेरण मोटर के स्टेटर कोर की परिधि पर स्लॉट तीन फेज घुमावदार होते हैं। हम इस तीन फेज घुमावदार में तीन फेज *AC* आपूर्ति को प्रदान करते हैं। वांइडिंग के तीन फेज या तो स्टार या डेल्टा में जुड़े होते हैं जो इस बात पर निर्भर करता है कि हम किस प्रकार की शुरुआती विधि का उपयोग करते हैं।



चित्र 1.19 स्टेटर वाइंडिंग (Stator Winding)

हम गिलहरी पिंजरे की मोटर को ज्यादातर स्टार-डेल्टा स्टार्टर (Starter) के साथ शुरू करते हैं और इसलिए गिलहरी पिंजरे मोटर (Squirrel Cage conduction motor) के स्टेटर से जुड़े हुए हैं। हम प्रतिरोध को सम्मिलित करके स्लिप रिंग तीन फेज इंडक्शन मोटर शुरू करते हैं इसलिए स्लिप रिंग इंडक्शन मोटर के स्टेटर वाइंडिंग को स्टार या डेल्टा में भी जोड़ा जा सकता है। तीन फेज प्रेरण मोटर के स्टेटर पर घुमावदार Slot (खाँचा) ये जो वाइंडिंग की जाती है उसे स्टेटर वाइंडिंग या आर्मेचर वाइंडिंग भी कहा जाता है। जब स्टेटर पर तीन फेज की सप्लाई से जोड़ा जाता है तो वह एक घूर्णन चुम्बकीय क्षेत्र (Rotating Magnetic field) पैदा करता है।

## स्टेटर स्लाट (स्टेटर खाँचा) (Stator slot)




चित्र 1.20 Semiclosed slots

प्रेरण मोटर सामान्य तौर पर दो प्रकार के स्टेटर स्लॉट्स का उपयोग किया जाता है।

(1) ओपन क्लोज और सेमी क्लोज स्लॉट्स में नियोजित किया जाता है। प्रेरण मोटर्स का आपरेटिंग प्रदर्शन स्लाट्स के आकार पर निर्भर करता है और इसलिए स्टेटर स्लाट्स के लिए उपयुक्त स्लाट का चयन करना महत्वपूर्ण है, जो निम्न प्रकार से हैं–

**(i) ओपन स्लॉट्स** (Open Slots)–इस प्रकार के स्लॉट्स में स्लॉट ओपनिंग स्लॉट्स की चौड़ाई के बराबर होगी, जैसा कि चित्र (1.20) में दिखाया गया है। इस प्रकार के स्लॉट्स में असेम्बली और वाइंडिंग की मरम्मत आसान है, हालांकि इस तरह के स्लॉट उच्च वायु अंतराल (High air gap) के होते हैं।

Scanned with CamScanner

(ii) बन्द स्लाट (Closed Slot)–इस प्रकार के स्लॉट्स में स्लॉट ओपनिंग स्लॉट की चौड़ाई की तुलना में बहुत छोटा होता है। इसलिए इस प्रकार के स्लॉट में वाइंडिंग्स की असेम्बली अधिक कठिन होती है और वाइंडिंग को बनाने में अधिक समय लगता है। Open slot की तुलना में Closed slot की Cost अधिक होती है क्योंकि इसमें Air gap कम होता है।

(iii) टेपर्ड प्रारूपी दातें (Tapered type slots)–इस प्रकार के स्लॉट्स में भी ओपनिंग स्लॉट् की चौड़ाई से बहुत छोटी होगी हालांकि स्लॉट् की चौड़ाई स्लॉट् के ऊपर से स्लॉट् के नीचे से अलग-अलग होगी जिसमें न्यूनतम चौड़ाई होगी।

**स्टेटर स्लॉट्स की संख्या का चयन**–स्टेटर स्लाट्स की संख्या को डिजाइन Phase में ठीक से चुना जाना चाहिए क्योंकि यह संख्या मोटर के वजन, लागत और परिचालन विशेषताओं को प्रभावित करता है हालांकि स्टेटर स्लॉट्स की संख्या का चयन करने के लिए कोई नियम नहीं है लेकिन उच्च संख्या स्लॉट्स के चयन के फायदे और नुकसान को देखते हुए स्लॉट् की संख्या का चयन करने के लिए सेट किया जाना है। अधिक संख्या में स्लॉट् के चयन को लाभ और हानियों को देखते हुये किया जाता है, साथ में यह भी ध्यान रखा जाता है कि थ्री फेज मोटर की वाइंडिंग जो कि स्टेटर स्लॉट में भरी हुयी है, उसके कारण किसी भी प्रकार के मैकेनिकल एवं डायनामिकल (Dynamical) संतुलन में असर न पड़े। खाँचों (Slots) के चयन के सम्बन्ध में निम्नलिखित लाभ और हानियों को ध्यान में रखना अति आवश्यक है।

**लाभ (Advantages)**

(i) Low Leakage Reactance

(ii) दाँतों (Teeth) में कम्पन कम होगा

(iii) भार (Load) क्षमता से अधिक (Load) भार को लेकर (Start) करना।

**हानियाँ (Disadvantages)**

(i) लागत में वृद्धि

(ii) वजन में वृद्धि

(iii) बड़ा (Large) हुआ चुम्बकीय धारा

(iv) लोहे की हानि (Iron loss)

(v) तापमान में वृद्धि

(vi) दक्षता में कमी

**घूर्णक की संरचना** (Construction of Rotor)–प्रेरण मोटर में यह घूमने वाला Part है। रोटर भी स्टेटर के समान सामग्री के पतले टुकड़े से निर्मित होता है। टुकड़े-टुकड़े में बेलनाकार कोर सीधे शाफ्ट पर लगाई जाती है ये टुकड़े कंडक्टरों को प्राप्त करने के लिए बाहरी तरफ खिसक जाते हैं। मुख्यत: Rotor दो प्रकार के होते हैं।

रोटर (Rotor)

- (i) Single cage type rotor squirrel
  (ii) Deep bar cage type rotor
  (iii) Double squirrel cage type rotor
- Phase wound or slip ring type rotor

**(i) Single Squirrel Cage Type Rotor**—गिलहरी पिंजरे प्रारूपी रोटर में एक टुकड़े-टुकडे में बेलनाकार कोर होता है। बाहरी परिधि पर यह परिपथ स्लॉट अर्द्ध बंद है। प्रत्येक स्लॉट में एल्यूमीनियम या ताँबे का बना कंडक्टर बार होता है। रोटर के अंत में कंडक्टर ताँबे या एल्यूमीनियम की घरी End ring द्वारा Short circuited किया जाता है। Sequirrel cage type Rotor में चित्र (1.21) को प्रदर्शित किया गया है।

रोटर स्लॉट आमतौर पर शाफ्ट के समान्तर नहीं होते हैं लेकिन कुछ तिरछे होते हैं रोटर कंडक्टरों के तिरछा होने के नीचे दिए निम्नलिखित फायदे हैं–

(i) Smooth और Noise less operation प्रदान करता है।

(ii) यह Rotor के विभिन्न Steps के लिए एक समान Torque curve में परिणाम देती है।

Scanned with CamScanner

(iii) रोटर की लॉकिंग प्रवृत्ति कम हो जाती है।

(iv) रोटर बार कंडक्टरों की बढ़ती लम्बाई के कारण यह रोटर प्रतिरोध बढ़ता है।




चित्र 1.21 प्रेरण प्रारूपी रोटर (Squirrel cage rotor)

**Squirrel Cage Rotor के फायदे**–गिलहरी पिंजरा रोटर के निम्नलिखित फायदे नीचे दिए गए हैं।

- पिंजरा रोटर सस्ता और निर्माण मजबूत है।
- ब्रश की अनुपस्थिति में स्पार्किग को कम करता है।
- इसका रखरखाव कम है।
- पावर फैक्टर अधिक है।
- पिंजरे प्रारूपी रोटर की दक्षता अधिक है।

**वाउण्ड या स्लिप रिंग टाइप रोटर (Wound Rotor or Slip Ring Type Rotor)**–इस प्रकार के रोटर की संरचना शाफ्ट पर स्लिप रिंग्स आरोपण के साथ की जाती है, इसलिए इसे स्लिप रिंग टाइप रोटर भी कहते हैं। फेज वाउण्ड रोटर को क्रोड की संरचना, डी०सी० मोटर के रोटर के रोटर कोर के समान होती है जिसमें ओपन अथवा सेमी ओपन स्लॉटें बनी होती हैं। इस स्लॉटों में स्टेटर वाइंडिंग के समान ही पतले तारों की काइल वाइंडिंग की जाती है। रोटर वाइंडिंग में पोल संख्या स्टेटर वाइंडिंग की पोल संख्या के बराबर ही रखी जाती है। इस प्रकार मोटर के रोटर तथा स्टेटर पर पोलों की संख्या समान होती है। स्टेटर पर प्राय: त्रिकला डेल्टा सम्बद्ध वाइंडिंग की जाती है जबकि रोटर पर त्रिकला स्टार सम्बद्ध वाइंडिंग की जाती है जिसके प्रत्येक सिरे को शाफ्ट पर आरोपित प्रत्येक स्लिप रिंग से सम्बद्ध किया जाता है जो कार्बन ब्रशों द्वारा स्टार संयोजन स्टार्टिंग प्रतिरोध से सम्बद्ध रहता है।

रोटर पर पतले तारों की कॉइल वाइंडिंग होती है। इसका प्रतिरोध उच्च होता है इसलिए मोटर का स्टार्टिंग टार्क उक्त, दोनों प्रकार के केज वाउण्ड रोटर टाइप मोटरों की अपेक्षा अधिक होता है।




चित्र 1.22

Scanned with CamScanner

प्रायः स्लिप रिंग के द्वारा रोटर सर्किट में स्टार्टर प्रतिरोध (Starting Resistance) जुड़ जाने के कारण स्टार्टिंग टार्क और अधिक बढ़ जाता है इसलिए स्लिप रिंग टाइप इंडक्शन मोटर का प्रयोग उच्च Starting Torque वाले कार्यों में किया जाता है।

**Phase wound rotor के लाभ**–Phase wound rotor के निम्नलिखित लाभ हैं–

इसका उपयोग मोटर की गति को नियंत्रित करने के लिए होता है।

यह Starting torque को बढ़ाता है और Starting current को कम करता है।

**Rotor पर उपस्थित-अन्य यंत्र**

**पंखा**–यह हीट एक्सचेंज प्रदान के लिए रोटर के पीछे की तरफ जुड़ा होता है और इसलिए यह एक सीमा के तहत मोटर के तापमान को बनाए रखता है।

**बियरिंग्स**–बियरिंग्स रोटर गति के लिए आधार के रूप में प्रदान किये जाते हैं और बियरिंग मोटर को सुचारू रूप से चलने के लिए बनाया जाता है।

## 1.3 त्रिकला प्रेरण मोटर का सिद्धान्त (Principle of Operation 3-ϕ Induction Motor)

### थ्री फेज इण्डक्शन मोटर का सामान्य कार्य सिद्धान्त
### (General Working Principle of Three Phase Induction Motor)

इण्डक्शन मोटर के स्टेटर पर स्थापित वाइंडिंग को स्टेटर वाइंडिंग या प्राइमरी वाइंडिंग कहते हैं और इण्डक्शन मोटर के रोटर पर स्थापित वाइंडिंग को रोटर वाइंडिंग या सेकण्डरी वाइंडिंग कहते हैं। जब इण्डक्शन मोटर को थ्री फेज की सप्लाई से जोड़ा जाता है तब इस स्टेटर वाइंडिंग में धारा का प्रवाह होने लगता है और इस धारा से स्वतंत्र घूर्णी चुम्बकीय क्षेत्र (Rotating magnetic field) का उत्पादन होता है। इसे स्टेटर का रोटेटिंग मेग्नेटिक फील्ड कहते हैं। इसकी दिशा स्टेटर वाइंडिंग के Phase sequence पर निर्भर करता है और इसकी गति Synchronous गति होती है। इसे $N_S$ प्रतीकात्मक अक्षर से व्यक्त किया जाता है अर्थात् इस स्टेटर Magnetic field का परिणाम $\frac{3}{2}\phi_m$ होता है। जिसे निम्न सूत्र द्वारा प्रदर्शित करते हैं–




चित्र 1.23 थ्री फेज पिंजरा प्रारूपी रोटर टाइप इण्डक्शन मोटर के रोटर तथा स्टेटर वाइंडिंग का चित्रण

$$N_S = \frac{120f}{P} \text{ r.p.m.}$$

Scanned with CamScanner

where, $N_S$ = Synchronous speed in r.p.m.

$P$ = Number of stator pole.

$f$ = Stator frequency in Hz.

जब यह सतत् घूर्णी चुम्बकीय क्षेत्र रोटर वाइंडिंग से सम्पर्कित होता है तो उसमें भी एक प्रेरित विद्युत वाहक बल उत्पन्न हो जाता है जो कि रोटर वाइंडिंग के लघुपथित होने के कारण उच्च प्रेरित धारा में परिवर्तित हो जाता है। इसी धारा के कारण रोटर में भी एक चुम्बकीय क्षेत्र उत्पन्न हो जाता है जिसे रोटर का चुम्बकीय क्षेत्र कहते हैं। यह स्टेटर के घूर्णी चुम्बकीय क्षेत्र पर क्रिया करता है।




चित्र 1.24 Rotor magnetic field

जब एक Conductor को स्थिर रोटर पर विचार करते हैं जैसा कि चित्र (1.24) में दिखाया गया है और इस Conductor को घूर्णन चुम्बकीय क्षेत्र के अधीन किया जाता है।

जब तीन फेज की आपूर्ति स्टेटर के तीन Phase घुमावदार से जुड़ी होती है तो चुम्बकीय क्षेत्र का घूर्णन दक्षिणावर्त दिशा में होता है।

चुम्बकीय क्षेत्र में घूमने वाली घड़ी का प्रभाव एक स्थिर चालक के रूप में एक स्थिर क्षेत्र में एंटीक्लॉकवाइज के रूप में होता है। विद्युत चुम्बकीय प्रेरण के फैराड़े के नियम के अनुसार कंडक्टर में एक Voltage प्रेरित हो जाता है। रोटर सर्किट पूरा हो गया या तो End ring के माध्यम से या बाहरी प्रतिरोध के कारण प्रेरित Voltage रोटर कंडक्टर में प्रवाह (Flow) होने का कारण बनता है। दाहिने हाथ के नियम से हम कंडक्टर में प्रेरित धारा की दिशा निर्धारित कर सकते हैं जब चुम्बकीय क्षेत्र Clockwise घूम रहा है और कंडक्टर स्थिर है तब हम यह मान सकते हैं कि कंडक्टर चुम्बकीय क्षेत्र के सम्बद्ध में एंटीक्लॉकवाइज दिशा में घूम रहा है, दाहिने हाथ के नियम से प्रेरित धारा की दिशा (डाट द्वारा) प्रदर्शित कि गई है जैसा कि चित्र 1.25 में दिखाया गया है।




चित्र 1.25 Rotating field nad mmf

Scanned with CamScanner

रोटर कंडक्टर में प्रत्यावर्ती धारा चुम्बकीय क्षेत्र का उत्पादन करता है। हम जानते हैं कि जब किसी चालक को ले जाने वाले कंडक्टर को चुम्बकीय क्षेत्र में रखा जाता है तो उस पर एक बल उत्पन्न होता है, यह बल रोटर कंडक्टर पर उत्पन्न होता है। इस बल की दिशा दायें हाथ के नियम से प्राप्त किया जा सकता है। यह देखा जा सकता है कि कंडक्टर पर बल का कार्य उसी दिशा में होता है जब घूर्णन चुम्बकीय क्षेत्र की दिशा होता है। रोटर के परिचालक रोटर की परिधि पर एक स्लॉट में होता है। यह बल रोटर के लिए स्पर्श रेखा की दिशा में कार्य करता है और एक Torque विकसित करता है। यह Torque रोटर पर एक निर्धारित Torque को विकसित करता है जो रोटर को स्थानांतरित करने के लिए स्वतंत्र है। यह घूर्णन चुम्बकीय क्षेत्र के समान दिशा में घूमना शुरू कर देता है। इस प्रकार तीन फेज Induction स्वयं शुरू होता है। इस मोटर का संचालन निर्भर करता है। इसके रोटर कंडक्टर में प्रेरित Voltage पर इसलिए इसे Induction motor कहा जाता है।

## स्लिप एवं स्लिप की महत्वता (Slip and its Significance)

जब प्रेरण मोटर तुल्यकालिक गति (Synchronous speed) पर चलता है, तब इस परिस्थिति में रोटर द्वारा किसी भी प्रकार से चालक का फ्लक्स का न काटना, न कोई वोल्टेज का बनना और न ही किसी प्रकार का टार्क उत्पन्न होना होता है, अतः हम कह सकते हैं कि जब प्रेरण मोटर, तुल्यकाली गति से कुछ कम गति पर चलती है तभी प्रेरण मोटर में, ई० एम० एफ० एवं बल आघूर्ण उत्पन्न होता है। ऐसी स्थिति में इसे अतुल्यकाली प्रेरण मोटर (Asynchronous induction motor) कहते हैं।

"The difference between the synchronous speed and the actual rotor speed is called the slip speed."

$$\text{Slip speed} = N_S - N_r \text{ r.p.m.}$$

"The ratio of slip speed to synchronous speed is called slip".

$$\text{Slip} = \frac{N_S - N_r}{N_S} = \frac{\text{Slip Speed}}{\text{Synchronous speed}}$$

$$\%\ \text{स्लिप} = \frac{N_S - N_r}{N_S} \times 100\%$$

स्लिप को "S" से प्रदर्शित करते हैं। इसकी कोई इकाई नहीं होती है।

इसे इस प्रकार भी प्रदर्शित करते हैं $\quad S = \dfrac{\omega_S - \omega_r}{\omega_S}$

- Slip at full load varies from about 5% for small motor's and 2% (percent) for large motor.
- At $S = 0$, $N_S = N_r$ रोटर की गति तुल्यकाली गति के बराबर होती है।
- At $S = 1$, $N_r = 0$ प्राप्त होती है अर्थात् रोटर Stand Still (रुकी हुयी स्थिर) अवस्था को प्रदर्शित करता है।
- The frequency of current and voltage in the stator must be the same as the supply frequency given by $f = \dfrac{N_S P}{120}$.
- The frequency in the rotor winding is variable and depend on the difference between the synchronous speed and the rotor speed. Hence the rotor frequency depends upon the slip.

$f_r = sf \qquad f$ = supply frequency in Hz.

- At $\quad S = 0 \qquad f_r = 0 \qquad f_r$ = rotor frequency.

  Stand still $= S = 1 \qquad f_r = f$

- The rotor copper loss is equal to slip times the rotor input (air gap power)

  Rotor copper loss $(P_{rl}) = sP_g = sP_{ag}$

  $sP_g \rightarrow$ known as slip power.

- At synchronous speed, $S = 0$, and therefore $T_d = 0$ अर्थात् तुल्यकालिक गति पर उत्पन्न बल आघूर्ण शून्य होगा।
- Greater the value of $R_2$, greater is the value of slip ($s$) at which maximum torque occurs.

> नोट (Note)–इंडक्शन मोटर का Speed synchronous speed के कभी भी बराबर नहीं हो सकता है; यदि इंडक्शन मोटर का Speed synchronous speed के बराबर हो जाए तब Relative speed का मान शून्य हो जायेगा जिससे Induction motor के Rotor में कोई Induced EMF नहीं होगा और Current का कोई प्रवाह न होने के कारण फ्लक्स उत्पन्न नहीं होगा जिससे Torque नहीं बनेगा और इस स्थिति में केवल **windage** और **friction** हानि को प्राप्त किया जा सकता है।

**प्रत्यावर्ती धारा मोटरों का वर्गीकरण** (Classification of A.C. Motor)–विभिन्न कारकों के अनुसार प्रत्यावर्ती धारा मोटरों का वर्गीकरण निम्नलिखित प्रकार से किया जा सकता है–

(1) कार्य सिद्धान्त के अनुसार (According to the Working Principle)

(i) Synchronous motor (ii) Induction motor

(iii) Repulsion motor (iv) Hysteresis motor

(v) Reluctance motor

**(2) अश्वशक्ति के अनुसार (According to the Horse Power)**

(i) Fractional Horse power motor such as.

0.1 HP, 0.2 HP, 0.25 HP, 0.3 HP, 0.5 HP, 0.75 HP, 0.8 HP, 0.9 HP Motors etc.

(ii) Integral Horse power motor such as.

1 HP, 1.5 HP, 10 HP, 15 HP, 20 HP, 25 HP, 30 HP, 40 HP, 60 HP, 75 HP, 100 HP, 200 HP, 500 HP, 750 HP, 1000 HP, 1500 HP, 2000 HP आदि।

**(3) कलाओं की संख्या के अनुसार (According to the Number of Phase)**

(i) Single Phase (ii) Two Phase (iii) 3-phase (3-$\phi$)

**(4) चुम्बकीय ध्रुवों की संख्या के आधार पर (According to the Number of Magnetic Poles)**

(i) Two poles (ii) Four Poles (iii) Six poles (iv) Eight Poles (vi) Ten poles motor

**(5) शीतलन के आधार पर (According to the cooling system)**

(i) Natural cooled motor (ii) Artificial cooled motor

(iii) Liquid cooled motor (iv) Gas cooled motor

**(6) दिक्परिवर्तक के अनुसार (According to the Commutator)**

(i) Commutator type motor (ii) Without commutator type motor

**(7) स्लिप के अनुसार (According to the Slip Ring)**

(i) Slip Ring type (ii) Without slip ring

**(8) गति के अनुसार (According to the Speed)**

(i) High speed motor

(ii) Medium speed motor

(iii) Low speed motor.

**(9) आवरणों या आवेष्टन के अनुसार (According to the Enclosures)**

(i) Open type enclosures.

(ii) Protected type enclosures.

Scanned with CamScanner

(iii) Screen protected type enclosures.
(iv) Drip proof type enclosure
(v) Splash type enclosure
(vi) Weather proof type enclosure
(vii) Fire proof type enclosure.
(viii) Total enclosed fan cooled type enclosure.
(ix) Ventilated pipe type enclosure.

**(10) प्रदायी स्रोतों की संख्या (According to the Number of Supply Sources)**

(i) Single supply source
(ii) Two supply source

**(11) प्रवर्तन के अनुसार (According to the starting)**

(i) Self Starting (ii) Non-Self starting motor

**(12) आरम्भिक बल आघूर्ण के अनुसार (According to the starting torque)**

(i) High starting torque (ii) Medium starting torque
(iii) Low starting torque

**(13) कार्यकारी बल आघूर्ण के अनुसार (According to the Working Torque)**

(i) High working torque (ii) Medium working torque
(iii) Low working torque

**(14) गति की प्रकृति के अनुसार (According to the nature of speed)**

(i) Synchronous speed motor *i.e.*, absolute constant motor.
(ii) Non-synchronous speed motor.
(a) Constant speed motor
(b) Variable speed motor.
(c) Adjustable speed motor

**तुल्यकाली गति (Synchronous Speed)**–यह एक Absolute constant speed है जो कि Voltage की Frequency ($f$) तथा मशीन के Pole ($P$) पर एक नियत सम्बन्ध रखता है अत: स्थिर स्टेटर के सापेक्ष, स्टेटर फील्ड की गति को तुल्यकाली गति कहते हैं। यदि किसी Voltage की Frequency '$f$' तथा चुम्बकीय ध्रुव की संख्या $P$ हो तब

Synchronous speed $$N_S = \frac{120f}{P}$$

जहाँ $N_S$ = Synchronous speed.
$f$ = Supply frequency
$P$ = Number of magnetic poles.

**स्लिप (Slip)**–एक प्रेरण मोटर तुल्यकालिक गति से नहीं चल सकता है। हम एक पल के लिए यह मान लेते हैं कि रोटर तुल्यकालिक गति से घूम रहा है। इस स्थिति में फ्लक्स रोटर कंडक्टर द्वारा फ्लक्स की कोई कटिंग नहीं होगा जिससे कोई Voltage उत्पन्न नहीं होगा। न ही कोई Current इस स्थिति में Torque का मान शून्य होगा।

प्रेरण मोटर एसिंक्रोनस मोटर भी कहा जाता है क्योंकि यह सिंक्रोनस गति से नहीं चलती है। तुल्यकालिक गति तथा वास्तविक गति के बीच अन्तर को स्लिप गति कहा जाता है। माना कि Synchronous speed $N_S$ तथा Rotor का Actual speed का मान $N_r$ है तब–

Scanned with CamScanner

$$\text{Slip speed} = N_S - N_r$$

सिंक्रोनस स्लिप एक अंश के रूप में व्यक्त की गई स्लिप Speed को प्रति यूनिट स्लिप या फ्रैक्शनल स्लिप कहा जाता है। प्रति यूनिट स्लिप को आमतौर पर स्लिप कहा जाता है। इसे $S$ द्वारा दर्शाया जाता है।

At stand still condition

$$\text{Percentage slip} = \frac{N_S - N_r}{N_S} \times 100$$

माना $t = 0$ पर (Rotor की Speed $N_r = 0$) क्योंकि इस स्थिति में रोटर स्थिर रहेगा तब

$$\text{Slip} = \frac{N_S - N_r}{N_S} = \frac{N_S - 0}{N_S} = 1$$

$$\text{Slip} = 1 = \text{maximum}$$

अर्थात् Stand still condition में Slip का मान अधिकतम एक (One) होता है।

(ii) At Running condition—

$$S = \frac{N_S - N_r}{N_S}$$

$$S > 0$$

अर्थात् Running condition में Rotor की Speed कुछ होगी लेकिन Rotor की Speed synchronous speed से अधिक नहीं होगी। तब Slip का मान होगा।

$$0 < S \le 1$$

(iii) Induction motor में Slip के मान को 2 से 5% तक Full load के मान को लिया जाता है।

(iv) At, $t = 0$ पर Starting condition or stand still condition में Rotor की Frequency

$$f_r = \frac{P}{120} \text{(Relative speed)} \qquad \text{(Stand still condition } N_r = 0)$$

$$f_r = \frac{P}{120}(N_S - N_r)$$

$$f_r = \frac{P}{120}(N_S)$$

$$f_r = \frac{PN_S}{120} = f_{stator}$$

$$f_{rotor} = f_{stator}$$

At stand still condition में Rotor की Frequency stator की Frequency के बराबर होगा।

**(ii) Rotor Frequency**—Under Running Condition

$$\text{Speed of Rotor} = N_r$$

Rotor frequency at running condition.

$$f_r = \frac{P(N_S - N_r)}{120} \quad \text{...(i)}$$

$$S = \frac{N_S - N_r}{N_S}$$

$$S \cdot N_S = N_S - N_r \quad \text{...(ii)}$$

Scanned with CamScanner

समीकरण (ii) का मान समीकरण (i) में रखने पर

$$f_r = \frac{P}{120} S \cdot N_S$$

$$f_r = \frac{PN_S}{120} S \qquad \left(N_S = \frac{120f}{P}\right)$$

तब $$f_r = S \cdot f_S$$

$$f_{rotor} = S \cdot f_{stator\ frequency.}$$

**उदाहरण 1. एक 12 ध्रुव 3 फेज 50 Hz प्रेरण मोटर पूर्ण लोड (Full load) पर 4% स्लिप पर चली रही है। मोटर के रोटर की गति ज्ञात करो।**

हल– $P = 12, f = 50$ Hz, $S = 4\% = 0.04$

$$N_S = \frac{120f}{P} = \frac{120 \times 50}{12} = 500 \text{ r.p.m.}$$

$$\% \text{ स्लिप} = S = \frac{N_S - N}{N_S}$$

$$N = N_S(1 - S)$$

$$= 500(1 - 0.04)$$

$$= 480 \text{ r.p.m.}$$

**उदाहरण 2. एक 5 HP, 50 Hz, 400 V वाले प्रेरण मोटर के रोटर की चाल 2880 r.p.m. है तब**

**(i) ध्रुवों की संख्या जिसके लिए स्टेटर कुण्डलन कुण्डलित है।**

**(ii) प्रतिशत स्लिप।**

हल– $N = 2880$ r.p.m., $N_S = 3000$ r.p.m.

$$N_S = \frac{120f}{P} \Rightarrow \frac{120 \times 50}{3000} = P$$

(i) $P = 2$ ध्रुव

(ii) $$\% \text{ स्लिप} = \frac{N_S - N}{N} \times 100 = \frac{3000 - 2880}{3000} \times 100 = 4\%$$

**उदाहरण 3. 8 ध्रुव 50 Hz की प्रेरण मोटर पूर्ण लोड पर 720 r.p.m. गति पर चल रहा है तब इसका प्रतिशत स्लिप को ज्ञात कीजिए।**

हल– $P = 8, N = 720$ r.p.m., $f = 50$ Hz

$$N_S = \frac{120f}{P} = \frac{120 \times 50}{8} = 750 \text{ r.p.m.}$$

$$\% S = \frac{N_S - N}{N_S} \times 100 = \frac{750 - 720}{750} \times 100 = 0.04$$

$$\% S = 4\%$$

**उदाहरण 4. एक 6 ध्रुव त्रिकलीय प्रत्यावर्तक 1000 r.p.m. पर चलता है तथा एक 8 ध्रुव त्रिकलीय प्रेरण मोटर शक्ति प्रदान करता है। अगर मोटर की पूर्ण लोड पर स्लिप 4% है तो मोटर की पूर्ण लोड पर चाल ज्ञात कीजिए।**

हल–प्रत्यावर्तक ध्रुवों की संख्या $P_a = 6$, प्रेरण मोटर ध्रुवों की संख्या $P = 8, S = 4\% = 0.04$

$$N_S = \frac{120f}{p_a} = 1$$

$$\Rightarrow \qquad f = \frac{N_S P_a}{120} = \frac{1000 \times 8}{120} = 50 \text{ Hz}$$

प्रेरण मोटर की तुल्यकाली गति, $N_S = \frac{120f}{P} = \frac{120 \times 50}{8} = 750$ r.p.m.

$$\therefore \qquad \text{स्लिप} = \frac{N_S - N}{N}$$

$$N = N_S (1 - S)$$

$$N = 750 (1 - 0.04)$$

$$N = 750 - 30 = 720 \text{ r.p.m.}$$

**उदाहरण 5. एक स्लिप रिंग प्रेरण मोटर Full load पर 720 r.p.m. की चाल से घूमती है, जब इसको 50 Hz A.C. supply से सम्बन्ध किया जाता है (i) ध्रुव संख्या (ii) स्लिप तथा प्रतिशत स्लिप (iii) रोटर धारा आवृत्ति ज्ञात कीजिए।**

हल– $N = 720$ r.p.m., $N_S = 750$

$$N_S = \frac{120f}{P} \text{ r.p.m.}$$

$$P = \frac{120f}{N_S} = \frac{120 \times 50}{750} = 8 \text{ ध्रुव}$$

(ii) स्लिप $= \frac{N_S - N}{N_S} = \frac{750 - 50}{750} = 0.04$

प्रतिशत **Slip** = 4%

(iii) रोटर धारा आवृत्ति $= f_r = 5f$

$= 0.04 \times 50 = 2$ Hz

**उदाहरण 6. एक दो ध्रुव त्रिकला 50 Hz प्रेरण मोटर 3% सर्पण से घूम रहा है, तब मोटर की चाल तथा आवृत्ति ज्ञात कीजिए।**

हल–$N_S = \frac{120f}{P} = \frac{120 \times 50}{2} = 3000$ r.p.m.

(i) $N = N_S (1 - S)$

$= 3000 (1 - 0.03) = 2910$ r.p.m.

(ii) $f_r = S \cdot f = 0.03 \times 50$

$= 1.5$ Hz.

**उदाहरण 7. एक 8 ध्रुव 50 Hz वाली प्रेरण मोटर के रोटर में उत्पन्न विद्युत वाहक बल की आवृत्ति 1.5 Hz है तब मोटर किस चाल से चल रही है तथा स्लिप का मान कितना है?**

हल–दिया गया है : $P = 8, f = 50$ Hz

$$N_S = \frac{120f}{P} = \frac{120 \times 50}{8} = 750 \text{ r.p.m.}$$

रोटर विद्युत वाहक बल की आवृत्ति

Scanned with CamScanner

$$f_r = Sf$$

$$1.5 = S \times 50$$

$$S = 3\%$$

$$\text{स्लिप } S = \frac{N_S - N}{N_S} \times 100$$

$$3 = \frac{N_S - N}{N_S}$$

$$3 = \frac{750 - N}{750}$$

$$N = 727.5 \text{ r.p.m.}$$

उदाहरण 8. एक 8 HP, 400 V, 50 Hz प्रेरण मोटर निर्धारित वोल्टता पर जोड़ने पर Full load पर 1440 r.p.m. की चाल से चल रहा है। इसकी स्लिप ध्रुव संख्या तथा Full load पर धारा ज्ञात कीजिए तथा दक्षता 85% तथा शक्ति गुणक 0.8 मान लीजिए।

हल–दिया गया है–मोटर की Output = 5 HP

$$= 5 \times 735.5$$

$$= 3677.5$$

$$\text{दक्षता } (\eta) = \frac{\text{Output Power}}{\text{Input Power}}$$

$$\text{Input power } (P) = \frac{\text{Output Power}}{\text{दक्षता (efficiency)}}$$

$$P = \frac{5 \text{ HP}}{0.8} = \frac{5 \times 735.5}{0.8} = 4326.7 \text{ Watt}$$

$$V_L = 400 \text{ Volt}, \cos\phi = 0.8.$$

$$P = \sqrt{3} V_L I_L \cos\phi$$

$$\therefore \quad I_L = \frac{P}{\sqrt{3}} V_L \cos\phi$$

$$\text{Therefore, } I_L = \frac{4326.7}{\sqrt{3} \times 400 \times 0.8} = \frac{4326.7}{554.24} = 7.80 \text{ Amp.}$$

$$N = 1400 \text{ r.p.m.}$$

∴ यदि ध्रुव की संख्या को $P$ रखा जाता है तो तुल्यकाली गति (Synchronous speed)

$$N_S = \frac{120f}{P} = \frac{120 \times 50}{6} = 1000 \text{ r.p.m.}$$

जो कि वास्तविक गति से कम है अतः इस मान को स्वीकार नहीं किया जायेगा। ध्रुव की संख्या को $P = 4$ रखने पर

$$N_S = \frac{120f}{P} = \frac{120 \times 50}{4} = 1500 \text{ r.p.m.}$$

$$\text{स्लिप } S = \frac{N_S - N}{N_S} = \frac{1500 - 1400}{1500} \times 100 = 0.04$$

$$S = 4\%$$

Scanned with CamScanner

## 1.4 स्टेटर एवं रोटर क्षेत्र की तालाबंदी (Locking of Rotor and Stator Field)

त्रिफेजी प्रेरण मोटर में जब तुल्यकालिक गति पर रोटर, स्टेटर फील्ड के साथ लॉक्ड (locked) हो जाता है, इस स्थिति में हम मोटर को स्टार्ट (चालित) नहीं कर सकते हैं। अर्थात् जब त्रिकला प्रेरण मोटर को विद्युत प्रदाय से जोड़ते हैं, तब मैगनेटिक लॉकिंग के कारण मोटर स्टार्ट नहीं होती है। यह स्टेटर पोल्स और रोटर पोल्स के बराबर होने या अभिन्न अनुपात में होने के कारण होता है। इसे स्लॉट के रूप में यह भी समझ सकते हैं कि स्टेटर स्लॉट रोटर स्लॉट के बराबर अथवा अभिभाज्य गुणित पोल्स के बराबर होता है।

"Magnetic locking or cogging in induction motor. The phenomenon of magnetic locking between the stator and the rotor teeth is called cogging or teeth locking. The number of the stator slots equal to or an integral multiple of the rotor slots, strong alignment forces is produced between the stator and the rotor."

स्टेटर फील्ड और रोटर फील्ड की लॉकिंग अर्थात् मैगनैटिक लॉकिंग (Magnetic locking) में स्टेटर और रोटर दाँतों के बीच मैगनेटिक पाथ कम हो जाता है जिससे स्टेटर के दाँतें और रोटर के दाँतें आमने-सामने लॉक्ड हो जाते हैं। इस घटना को दूर करने के लिए हमें मशीन को डिजाइन करते समय यह ध्यान रखना है कि स्टेटर के ध्रुव एवं रोटर के ध्रुव आपस में बराबर न रहें और हमेशा अविभाज्य अनुपात में हों, तथा रोटर चालकों को हमेशा तिरछा (Skewed) रखते हैं।

इस प्रकार की घटना स्लिपरिंग प्रेरण मोटर (Wound type Induction motor) में कम घटित होने की प्राथमिकता रहती है। क्योंकि इस मोटर का स्टार्टिंग बल आघूर्ण बहुत अधिक होता है।




चित्र 1.26 Locking of rotor and stator field

**सिंगल फेजिंग (Single Phasing)**–सिंगल फेजिंग किसी भी प्रकार की त्रिकला प्रेरण मोटर की वह प्रदोष की स्थिति में जिसमें प्रेरण मोटर अपनी निर्धारित गति एवं निश्चित लोड पर चलती हुयी अवस्था में असंतुलित विद्युत आपूर्ति के कारण एक फेज का खुला परिपथ हो जाना सिंगल फेजिंग कहलाता है।

"An extreme case of unbalance supply voltage can occur if one phase of supply gets disconnected when the motor is running. It could happen due to blowing of fuse in one phase."

त्रिकला प्रेरण मोटर में सिंगल फेजिंग की घटना असंयमित लोड एवं असंतुलित विद्युत आपूर्ति से एक फेज का फ्यूज गल (Blown) जाना ही इस घटना का कारक है, यदि इस स्थिति में प्रेरण मोटर सम्पूर्ण भार या कम भार पर चल रही है, तब सिंगल फेजिंग के बाद भी चलती रहेगी। लेकिन कार्यक्षमता और दक्षता में कमी के साथ-साथ प्रेरण मोटर का तापमान पहले से ज्यादा होगा अर्थात् अतितापन (Overheating) से मोटर वाइंडिंग के जलने का खतरा बना रहेगा।

त्रिकला प्रेरण मोटर की कार्यक्षमता का आंकलन हम सिंगल फेजिंग के दौरान सममित घटकों (Symmetrical components) के द्वारा कर सकते हैं तथा प्रेरण मोटर की गति एवं बल आघूर्ण में आने वाले परिवर्तित प्रभाव को अग्र अभिलाक्षणिक वक्र द्वारा देख सकते हैं।

Scanned with CamScanner




चित्र 1.27 Graph at single phasing

## 1.5 रोटर प्रतिरोध एवं रोटर प्रेरकत्व (Rotor Resistance and Rotor Inductance)

**रोटर प्रतिरोध (Rotor Resistance)**–रोटर रजिस्टेंस का प्रेरण मोटर की कार्यक्षमता पर महत्वपूर्ण कार्य है, रोटर प्रतिरोध अधिक होने से, स्टार्टिंग बल आघूर्ण अधिक प्राप्त होता है और रनिंग अवस्था में स्लिप भी अधिक प्राप्त होती है।

"A high rotor resistance will provide a high starting torque, leading to a rapid acceleration of the mechanical load system. This is also desirable for low starting current and a high power factor during starting. However a high rotor resistance results in a high slip during the normal running operation."

रोटर प्रतिरोध $R_2$ एक नियत (Constant) रहता है, यह स्किन प्रभाव (Skin effect) को छोड़कर स्थिर रहता है और स्लिप पर निर्भर नहीं करता है।

"The rotor resistance $R_2$ in a constant (except for the skin effect). It is independent of slip".

**रोटर प्रेरकत्व और रोटर प्रतिघात (Rotor Inductance and Rotor Reactance)**–प्रेरण मोटर के रोटर प्रतिघात का मोटर के रोटर के प्रेरकत्व (Inductance) पर निर्भर करता है। इसके साथ-साथ रोटर वोल्टेज, रोटर धारा की आवृत्ति (Frequency) पर भी निर्भर करता है। यदि

$L_2$ = Inductance of rotor, the rotor reactance is given by

$$X_2 = 2\pi f_2 L_2$$

where $X_2$ = Reactance of rotor winding $\quad f_2$ = rotor frequency

लेकिन $f_2 = sf_1 \quad f_1$ = supply frequency

$X_2 = 2\pi (Sf_1) L_2 \quad X_{20}$ = stand still reactance of the rotor.

$X_2 = S(2\pi f_1 L_2)$

$X_2 = SX_{20}$

**रोटर प्रतिबाधा (Rotor Impedance)**–किसी भी प्रेरण मोटर के लिए प्रतिकला रोटर प्रतिरोध तो स्थिर होगा, परन्तु मोटर की स्थिर अवस्था (Stand still condition) में $N_S$ आपेक्षिक गति पर प्रतिकला रोटर क्षरण प्रतिघात (Rotor leakage reactance) मोटर की चाल $N$ की सापेक्ष गति ($N_S - N$) पर के प्रतिकला क्षरण प्रतिघात से स्थित होगा अतः प्रेरण मोटर के स्थिर अवस्था में माना कि ($N = 0$)

Scanned with CamScanner

$R_2$ = ओह्म मात्रक में घूर्णक का प्रतिकला प्रतिरोध (Per phase resistance of a rotor)

$X_2$ = ओह्म मात्रक में घूर्णक का प्रतिकला प्रतिघात (Per phase reactance of a rotor)




चित्र 1.28 R

$Z_2$ = ओह्म मात्रक में घूर्णक की प्रति कला प्रतिबाधा (Per phase impedance of a rotor)

$$= \sqrt{R_2^2 + X_2^2}$$

जब Rotor $N$ गति से गतिमान होता है तब उस स्थिति में प्रेरण मोटर में Rotor का माना कि




चित्र 1.29

प्रतिकला प्रतिरोध = $R_2$ एवं

$$\text{प्रतिकला क्षरण प्रतिघात} = \frac{(N_S - N)}{N_S} X_2 = SX_2 \Omega$$

$$Z_2 = \sqrt{R_2^2 + (SX_2)^2}\ \Omega$$

**रोटर धारा (Rotor Current)**–प्रेरण मोटर में Rotor में उत्पन्न धारा का मान निम्नलिखित विधि के द्वारा ज्ञात किया जाता है जब रोटर–

**(i) स्थिर अवस्था (Stand still Conditions)**–इस स्थिति में Rotor स्थिर अवस्था में है तब माना कि

$E_2$ = स्थिर अवस्था में उत्पन्न रोटर में प्रेरित विद्युत वाहक बल प्रति फेज (e.m.f. induced per phase of the rotor at stand still).

$R_2$ = रोटर का प्रतिरोध प्रति फेज (Resistance per phase of the rotor)

$X_2$ = स्थिर अवस्था में रोटर में प्रतिघात प्रति फेज (Reactance per phase of the rotor at stand still)

$= 2\pi f_1 L_2$

$Z_2$ = स्थिर अवस्था में रोटर का प्रतिबाधा (Rotor impedance per phase at stand still).

$I_2$ = स्थिर अवस्था में रोटर से उत्पन्न धारा (Rotor current per phase at stand still).

$Z_2 = R_2 + jX_2$

$$I_2 = \frac{E_2}{Z_2}$$

Power factor at stand still.

$$\cos\phi_2 = \frac{R_2}{Z_2}$$

$$\cos\phi_2 = \frac{R_2}{\sqrt{R_2^2 + X_2^2}}$$

Scanned with CamScanner

(ii) गतिशील अवस्था में रोटर में उत्पन्न धारा (Rotor current in Running conditions)–अर्थात् 'S' Slip पर रोटर में धारा (Rotor current at slip $S$)

माना स्लिप $S$ पर रोटर में उत्पन्न विद्युत वाहक बल (e.m.f.) का मान

$$E_r = SE_2$$

रोटर वाइंडिंग का प्रतिरोध का मान $= R_2$

रोटर वाइंडिंग के प्रतिघात का मान स्लिप $S$ पर

$$X_r = 2\pi f_2 L_2 = 2\pi (Sf_1) L_2 \qquad [\because f_2 = Sf_1]$$

$$= SX_2$$

रोटर वाइंडिंग (Winding) के प्रतिबाधा स्लिप $S$ पर मान

$$Z_r = R_2 + jX_r = R_2 + jSX_2$$

रोटर धारा का Slip $S$ पर मान $\quad I_r = \dfrac{E_r}{Z_r}$

$$I_r = \frac{E_r}{Z_r} = \frac{E_r}{R_2 + jSX_2}$$

शक्ति गुणक का Slip $S$ पर मान $\cos\phi_r = \dfrac{R_2}{Z_r}$

$$\cos\phi_r = \frac{R_2}{R_2 + jSX_2}$$

## प्रेरण मोटर का सदिश आरेख (Vector diagram of an Induction Motor)

Induction motor में Stator से ऊर्जा का Transfer पूर्ण रूप से Inductively होता है। इस प्रकार प्रेरण मोटर एक प्रकार से ट्रांसफॉर्मर का ही रूप है जिसमें स्टेटर Primary coil का कार्य जबकि Rotor Short circuited द्वितीयक Coil का कार्य करता है। अत: Induction motor का Vector diagram ट्रांसफॉर्मर के अनुरूप होता है मान लिया कि

$V_1$ = स्टेटर में प्रयुक्त Voltage प्रतिफेज

$R_1$ = स्टेटर प्रतिरोध प्रतिफेज

$X_1$ = स्टेटर प्रतिघात प्रतिफेज

$I_1$ = स्टेटर धारा प्रतिफेज




चित्र 1.30 प्रेरण मोटर का सामान्य समतुल्य परिपथ (General equivalent circuit diagram of induction motor)

Scanned with CamScanner

स्टेटर में प्रयुक्त Voltage $V_1$ एक चुम्बकीय फ्लक्स को उत्पन्न करता है जो स्टेटर तथा रोटर दोनों से लिंक होता है तथा जिससे स्टेटर (अर्थात्) प्राथमिक कुण्डलन में Self induction का विरोधी विद्युत वाहक बल $E_1$ तथा रोटर (द्वितीयक) कुण्डलन में परस्पर प्रेरित (Mutually induced विद्युत वाहक बल) $E_r = SE_2$ को उत्पन्न करता है। द्वितीयक कुण्डलन या रोटर में कोई द्वितीयक टर्मिनल वोल्टता $V_2$ नहीं होता है क्योंकि सारा प्रेरित विद्युत वाहक बल रोटर चालकों में धारा प्रवाह में प्रयोग हो जाता है चूँकि रोटर स्वयं Short circuit होता है। अत: इस प्रकार

$$V_1 = E_1 + I_1R_1 + j\,I_1X_1 = E_1 + I_1\,(R_1 + JX_1)$$

$E_r$ का परिमाण (Magnitude) स्टेटर तथा रोटर के बीच वोल्टता रूपान्तरण अनुपात $K$ तथा स्लिप $S$ पर निर्भर करता है। यह पूर्णत: Rotor प्रतिबाधा में अवशोषित (Absorbed) हो जाता है।

$$E_r = I_2Z_r = I_2\,(R_2 + j\,X_2)$$

$$E_r = I_2\,\sqrt{R_2^2 + (JX_2)^2}$$

$I_0$ (No load/प्राथमिक धारा प्रतिफेज है $I_0$ के दो Components) है प्रथम क्रियाशील या लोह हानि संघटक $I_W$ तथा दूसरा अक्रियाशील या चुम्बकीय संघटक $I_\mu$ / $I_W$ शून्य लोड पर लोह हानि प्रदान करता है तथा $I_\mu$ लोह क्रोड तथा वायु अन्तराल में चुम्बकीय फ्लक्स स्थापित करता है, इस प्रकार

$$I_0 = \sqrt{(I_W^2 + I_\mu^2)}$$

चित्र (1.30) में प्रदर्शित परिपथ का प्रतिरोध, $R_0 = \dfrac{E_1}{I_W}$ तथा प्रेरणिक प्रतिघात $X_0 = \dfrac{E_1}{I_\mu}$ से प्राप्त किया जा सकता है।




चित्र 1.31 Phasor diagram of 3-phase induction motor

दो Coil में Transformer में $I_0$ शून्य लोड धारा का मान काफी कम लगभग पूर्ण लोड धारा का 1% होता है। इसका कारण यह है कि चुम्बकीय फ्लक्स का Path लगभग पूर्णत: Low Reluctance वाली लोह क्रोड में से हो जाता है जिससे $I_W$

Scanned with CamScanner

का मान कम होता है तथा इसी कारण $I_0$ का मान भी कम हो जाता है लेकिन प्रेरण मोटर में High Reluctance का Air gap होता है जिससे $I_\mu$ का मान काफी बढ़ जाता है तथा इस कारण $I_0$ का मान पूर्ण धारा का मान लगभग 40 से 50% तक हो सकता है।

सदिश आरेख में $I_2$ प्राथमिक में लोड धारा के तुल्य तथा $KI_2$ के बराबर होती है अर्थात् $I'_2 = KI_2$ एवं कुल कुछ प्राथमिक धारा $I'_2$ तथा $I_0$ का सदिश योग होता है।

इस स्थान पर कुछ शब्द एक ही वेक्टर आरेख पर स्टेटर और रोटर Quantities को सही ठहराने के लिए कहा जा सकता है, भले ही रोटर की आवृत्ति और e.m.f. स्टेटर के केवल एक Fraction (अंश) है, अब दिखाएँगे कि भले ही स्टेटर और रोटर करंट की आवृत्ति अलग-अलग हो फिर भी उसके कारण चुम्बकीय क्षेत्र एक दूसरे के साथ समकालिक होते हैं जब Space में एक Observation द्वारा देखा जाता है तो दोनों फील्ड में तुल्यकालिक गति से घूमता है।

**Rotor की गति**–चूँकि रोटर धारा की आवृत्ति $f_r$, स्टेटर धारा की आवृत्ति $f$ से स्लिप $S$ गुना होता है अर्थात्

$$f_r = Sf$$

इस प्रकार Rotor current द्वारा विकसित घूर्णक क्षेत्र (Rotating field) रोटर की अपेक्षा गति= $\frac{120 f_r}{P} = \frac{120 \times Sf}{P}$ $= N_S \times S$ गति से घूमता है।

अर्थात् Rotor के क्षेत्र के घूमने की गति $= \frac{120\, f_r}{P} = \frac{120\, fS}{P}$

$$= N_S \times S = N_S \times \frac{N_S - N}{N_S}$$

$$= (N_S - N)$$

$\therefore$ रोटर की सामान्य गति $= N_S - N_S S$

$$= N_S\,(1 - S)$$

इस प्रकार रोटर के घूर्णक क्षेत्र की गति स्थिर स्टेटर की अपेक्षा

$$SN_S + N = N_S - N + N = N_S \qquad (SN_S = N_S - N)$$

अत: इस प्रकार रोटर का घूर्णक अवस्था में होते हुए भी प्रेरण मोटर को स्थैतिक ट्रांसफॉर्मर माना जा सकता है तथा इस प्रकार प्रेरण मोटर के सदिश आरेख को ट्रांसफॉर्मर के सदिश के अनुसार दिखाया जा सकता है।

**Rotor का Output**–प्राथमिक धारा $I_1$ के दो भाग $I_0$ तथा $I'_2$ होते हैं बाद में $I'_2$ का रोटर को स्थानान्तरण (Transfer) हो जाता है तथा $I_0$ स्टेटर की ताम्र हानियाँ तथा लोह हानियों की पूर्ति में प्रयोग की जाती है।

प्रयुक्त प्राथमिक वोल्टता $V_1$ में से कुछ $I_1 Z_2$ के बराबर स्टेटर में अवशोषित (Absorbed) हो जाता है तथा $E_1$ रोटर को स्थानान्तरित हो जाता है।

यदि $E_1$ तथा $I'_2$ के मध्य कोण $\phi$ हो तब

$$\text{Rotor input प्रतिफेज} = E_1 I'_2 \cos\phi$$

$$\therefore \quad \text{कुल Rotor input} = 3E_1 I'_2 \cos\phi$$

रोटर में ताप के रूप में व्यय वैद्युत ऊर्जा $= 3I_2 E_r \cos\phi$

$$= 3I_2^2 R_2$$

$$I'_2 = KI_2 \quad \text{या} \quad I_2 = \frac{I'_2}{K}$$

$$E_r = E_2 S \quad \text{तथा} \quad E_2 = KE_1$$

$$E_r = SKE_1$$

Scanned with CamScanner




चित्र 1.32 Equivalent circuit diagram of rotor

चित्र (i) के तुल्य रोटर परिपथ को समीकरण (ii) के अनुसार चित्र (ii) में दिखाया गया है जिसमें एक अचर प्रतिघात $X_2$ चर प्रतिरोध $\frac{R_2}{S}$ (स्लिप के विलोमानुपाती एक दूसरे से श्रेणी में जुड़े हुये स्थिर सप्लाई $E_2$ से संयोजित है)

$\frac{R_2}{S}$ को निम्न रूप में लिखा जा सकता है–

$$\frac{R_2}{S} = R_2 + \frac{R_2}{S} - R_2 = R_2 + R_2\left(\frac{1}{S} - 1\right)$$

उपरोक्त को दो भागों में विभक्त किया जा सकता है। प्रथम भाग $R_2$ रोटर का स्वयं प्रतिरोध है तथा यह रोटर की हानियों को प्रदर्शित करता है, दूसरा भाग $R_2\left(\frac{1}{S} - 1\right)$ लोड प्रतिरोध को प्रदर्शित करता है तथा यह मोटर के यान्त्रिक लोड के तुल्य होता है। लोड प्रतिरोध को $R_L$ से प्रदर्शित करते हैं। चित्र 1.33 में लोड प्रतिरोध $R_L$ के साथ रोटर का तुल्य परिपथ को दिखाया गया है।




चित्र 1.33 Equivalent circuit of rotor with load $R_L$.

∴ ताप के रूप में व्यय वैद्युत ऊर्जा $= 3 \times \frac{I'_2}{K} \times SKE_1 \times \cos\phi$

$$= 3E_1I'_2 \cos\phi \cdot S$$
$$= \text{Rotor input} \times S$$

$$\text{Rotor output} = \text{Rotor input} - \text{Losses}$$
$$= 3E_1I'_2 \cos\phi - 3E_1I'_2 \cos\phi \cdot S$$
$$= 3(1-S)\,E_1I'_2 \cos\phi$$
$$= (1-S) \times \text{Rotor input}$$

$$\frac{\textbf{Rotor output}}{\textbf{Rotor input}} = 1 - S$$

$$\textbf{Rotor copper loss} = S \times \textbf{Rotor input}$$

$$\textbf{Rotor efficiency} = 1 - S = \frac{N}{N_2} = \frac{\text{वास्तविक गति}}{\text{तुल्यकाली गति}}$$

**प्रेरण मोटर का तुलयांक परिपथ** (Equivalent Circuit of the Rotor of Induction Motor)–जब मोटर यांत्रिक लोड दिया जाता है तब रोटर धारा

$$I_2 = \frac{E_r}{Z_r} = \frac{SE_2}{\sqrt{R_2^2 + (SX_2)^2}} \qquad \text{...(i)}$$

Scanned with CamScanner

$$I_2 = \frac{SE_2}{\sqrt{\left(\frac{R_2}{S}\right)^2 + (X_2)^2}}$$

समीकरण (i) से स्पष्ट है कि रोटर परिपथ में एक Fixed प्रतिरोध $R_2$ तथा चर प्रतिघात $SX_2$ स्लिप के समानुपा $E_r = SE$ के पार्श्व में संयोजित है जैसा कि चित्र 1.33 में दिखाया गया है।

**प्रेरण मोटर का तुल्य परिपथ (Equivalent Circuit of an Induction Motor)**–ट्रांसफार्मर के अनुसार प्रेरण मोटर में प्रतिरोध तथा प्रतिघात के मानों को बाह्य परिपथ में किसी एक कुण्डल (प्राथमिक या द्वितीयक) कुण्डलन के निर्देशित करते हुए स्थानान्तरित किया जाता है। इससे आंकिक प्रश्नों को हल करने में सरलता रहती है।

जब प्रतिबाधा या प्रतिरोध में द्वितीयक कुण्डलन से प्राथमिक की ओर स्थानान्तरित किया जाता है तब उन्हें रूपान्तरण अनुपात के वर्ग $K^2$ से भाग दिया जाता है लेकिन यदि धारा को स्थानान्तरण करना हो तो रूपान्तरण अनुपात $K$ से गुणा किया जाता है।

प्रेरण मोटर के तुल्य परिपथ को दिखाया गया है जिसमें मानों को प्राथमिक की ओर (स्टेटर) स्थानान्तरण करके दिखाया गया है जहाँ

$$R'_2 = \frac{R_2}{K^2} \qquad X'_2 = \frac{X_2}{K^2} \qquad \text{तथा} \qquad I'_2 = KI_2$$

जहाँ $I_1$ No load current $I_0$ तथा $I'_1$ का सदिश योग है। $I_0$ के दो संघटक $I_W = I_0 \cos\phi_0$ तथा $I_\mu = I_0 \sin\phi_0$ हैं। $I_0$ तथा $E$ के मध्य कोण $\phi_0$ है जिससे प्रतिरोध $R_0 = \frac{E_1}{I_W}$ तथा प्रतिघात $X_0 = \frac{E_1}{I_\mu}$ का मान ज्ञात किया जा सकता है।




चित्र 1.34

**प्रेरण मोटर का सन्निकट तुल्य परिपथ (Approximate Equivalent Circuit of Induction Motor)**–परिपथ को अधिक सरल बनाने के लिए उत्तेजित परिपथ को बाईं ओर चित्र के अनुसार Transferred किया जा सकता है। इससे प्रश्न को हल करने में और अधिक सरलता आ जाती है तथा इससे गणना में कोई विशेष अशुद्धि नहीं आती है। इस परिपथ का Approximate equivalent circuit कहा जाता है।




चित्र 1.35 Approximate equivalent circuit

**अधिकतम निर्गत शक्ति (Maximum Power Output)**–दिखाये गये परिपथ का कुल Gross output mechanical power

$$P_g = 3I'^2_2 R_L$$

$$I'_2 = \frac{V_1}{\sqrt{(R_{01} + R'_L)^2 + (X_{01})^2}}$$

$$P_g = \frac{3V_1^2 R'_L}{(R_{01} + R'_L)^2 + (X_{01})^2}$$

उपरोक्त समीकरण का अवकलन करने पर तथा प्रथम व्युत्पत्ति को शून्य के बराबर समीकृत (equate) करने पर अधिकतम शक्ति के लिये शर्त प्राप्त की जा सकती है। ऐसा करने पर

$$R_L^2 = R_{01}^2 + X_{01}^2 = Z_{01}^2$$

जहाँ $Z_{01}$ = मोटर का क्षरण प्रतिबाधा स्टेटर को निर्देशित करते हुए।

$$R'_L = R_{01}$$

इस प्रकार Induction motor से अधिकतम Output power उस समय प्राप्त होगा जब उसका तुल्य लोड प्रतिरोध (Equivalent load resistance) क्षरण प्रतिबाधा के तुल्य होगा।

अधिकतम शक्ति Output पर Slip

$$R'_L = \frac{R_1}{K^2}\left(\frac{1}{S} - 1\right)$$

$$= R'_2\left(\frac{1}{S} - 1\right)$$

$$\frac{R_2}{K^2} = R'_2$$

$$\therefore \quad Z_{01} = R'_L = R'_2\left(\frac{1}{S} - 1\right)$$

$$Z_{01} = \frac{R'_2}{S} - R'_2$$

$$\frac{R'_2}{S} = Z_{01} + R'_2$$

$$S = \frac{R'_2}{Z_{01} + R'_2}$$

उपरोक्त कुल Output शक्ति का समीकरण में $R'_L = Z_{01}$ रखने पर अधिकतम कुल Output बल आघूर्ण को समीकरण को ज्ञात किया जा सकता है।

$$\therefore \quad P_{g\,(max)} = \frac{3V_1^2 Z_{01}}{(R_{01} + Z_{01})^2 + (X_{01})^2}$$

$$= \frac{3V_1^2 Z_{01}}{R_{01}^2 + Z_{01}^2 + 2R_{01}Z_{01} + X_{01}^2}$$

$$P_{g\,(max)} = \frac{3V_1^2}{2(R_{01} + Z_{01})}$$

Scanned with CamScanner

**उदाहरण 1.** एक त्रिफेजी प्रेरण मोटर का अधिकतम बल आघूर्ण 10% स्लिप पर प्राप्त होता है, मोटर का द्वितीय प्रतिरोध 0.12 Ω फेज है। इस स्लिप पर तुल्य लोड प्रतिरोध $R_L$, तुल्य लोड वोल्टता $V_L$ तथा तुल्य धारा $I_L$ ज्ञात कीजिये यदि कुल निर्गत शक्ति 7500 वाट हो।

हल–

$$R_2 = 0.12\,\Omega,\ S = 0.1$$

$$R_L = R_2\left(\frac{1}{S}-1\right)$$

$$R_L = 0.112\left(\frac{1}{0.1}-1\right)$$

$$= 1.08 \text{ ओह्म/Phase}$$




चित्र 1.36

जैसा कि रोटर से तुल्य परिपथ को चित्र (1.36) में दिखाया गया है, $V_2$ एक द्वितीय वोल्टता है जो कि रोटर में व्यय (Drop) होता है।

$$V_L = I_2 R_1$$

$$\text{कुल Output power } P_g = I_2^2 R_L = \frac{3V_L^2}{R_L}$$

$$V_L^2 = \frac{P_g \times R_L}{3} = \frac{7500 \times 1.08}{3} = 2700$$

$$V_L = \sqrt{2700} = 51.96 \text{ Volt}$$

$$\text{तुल्य लोड धारा} = \frac{V_L}{R_L} = \frac{51.96}{1.08} = 48.11 \text{ Amp.}$$

**उदाहरण 2.** एक 440 Volt 3-phase स्टार संयोजित प्रेरण मोटर की स्टेटर प्रतिबाधा (0.06 + $j$ 0.21) ओह्म तथा तुल्य रोटर प्रतिबाधा (0.06 + $j$ 0.23) Ω है। उत्तेजन धारा $I_0$ को नगण्य मानते हुए अधिकतम कुल बल आघूर्ण का मान जिस स्लिप पर यह प्राप्त होगी, ज्ञात करें।

हल– $R_{01} = 0.06 + j\,0.21$

$$X_{01} = 0.06 + j\,0.23$$

$$R_{01} = R_1 + R'_2 = 0.06 + 0.06 = 0.12\,\Omega$$

$$X_{01} = X_1 + X'_2 = 0.21 + 0.23 = 0.44\,\Omega$$

$$Z_{01} = \sqrt{(0.12)^2 + (0.44)^2} = 0.456$$

$$\text{अधिकतम बल आघूर्ण पर स्लिप } S = \frac{R'_2}{R'_2 + Z_{01}}$$

$$S = \frac{0.06}{0.06 + 0.456} = 0.116 \text{ या } 11.6\%$$

$$\text{वोल्टता प्रतिफेज} = \frac{440}{\sqrt{3}} = 254.04 \text{ Volt}$$

$$P_{g\,max} = \frac{3V_1^2}{2(R_{01} + Z_{01})} = \frac{3\left(\frac{440}{\sqrt{3}}\right)^2}{2(0.12 + 0.456)}$$

$$= 168063 \text{ वाट या } 168.063 \text{ (Kw)}$$

Scanned with CamScanner

**उदाहरण 3. एक तीन फेज Star connected 400 V, 50 Hz 4 pole induction motor का Stator की ओर निर्देशित (Referred to stator) करते हुए निम्नलिखित Parameters का मान प्रतिफेज ओह्म में प्रदर्शित है।**

$$R_1 = 0.15, X_1 = 0.45, R'_2 = 0.12, X'_2 = 0.45, X_m = 28.5$$

**Stator current और Power factor के मान को ज्ञात कीजिए। Slip का मान $S = 0.04$ motor rated voltage तथा Rated frequency पर चल रहा है।**

हल– $R_1 = 0.15, X_1 = 0.45, R'_2 = 0.12, X'_2 = 0.45, X_m = 28.5$

$$R_L = R'_2\left(\frac{1}{S} - 1\right) = 0.12\left(\frac{1}{0.04} - 1\right) = 2.88\,\Omega$$

$$I'_2 = \frac{V}{(R_{01} + R'_L) + j\,X_{01}}$$

$$= \frac{\frac{400}{\sqrt{3}}}{(0.15 + 0.12 + 2.88) + j\,(0.45 + 0.45)}$$

$$I'_2 = (67.78 - j\,19.36)$$

$$I_0 = \frac{\frac{400}{\sqrt{3}}}{X_m} = \frac{400}{\sqrt{3} \times j\,28.5} = -\,j\,8.1$$

Stator current $I_1 = I_0 + I'_2 = 67.78 - j\,19.36 - j\,8.1 = 73.13 \angle -22$

$$PF = \cos\phi = \cos 22 = 0.927 \text{ (Lagg.)}$$

**उदाहरण 4. एक 400 V · 3ϕ स्टार Connected induction motor का Stator impedance $(0.06 + j\,0.2)\,\Omega$ तथा तुल्य Rotor impedance का मान $(0.86 + j\,0.22)$ Exciting current के मान को नगण्य मानते हुए Maximum power और Slip का मान ज्ञात कीजिए।**

हल– $Z_{01} = 0.06 + j\,0.2\,\Omega$

$$Z_{02} = 0.06 + j\,0.22$$

$$R_{01} = R_1 + R'_2 = 0.06 + 0.06 = 0.12\,\Omega$$

$$X_{01} = X_1 + X'_2 = 0.2 + 0.22 = 0.42\,\Omega$$

$$Z_{01} = \sqrt{(0.12)^2 + (0.42)^2} = 0.44\,\Omega$$

Maximum gross power output

$$S = \frac{R_2}{R_2 + Z_{01}} = \frac{0.06}{0.06 + 0.44} = 0.12$$

$$S = 12\%$$

Voltage/Phase $= \frac{400}{\sqrt{3}}$

$$P_{g\,max} = \frac{3V_1^2}{2\,(R_{01} + Z_{01})} = \frac{3 \times \left(\frac{400}{\sqrt{3}}\right)^2}{2\,(0.12 + 0.44)}$$

Scanned with CamScanner

**उदाहरण 1.** एक त्रिफेजी प्रेरण मोटर का अधिकतम बल आघूर्ण 10% स्लिप पर प्राप्त होता है, मोटर का तु द्वितीय प्रतिरोध 0.12 Ω फेज है। इस स्लिप पर तुल्य लोड प्रतिरोध $R_L$, तुल्य लोड वोल्टता $V_L$ तथा तुल्य धारा $I_L$ ज्ञात कीजिये यदि कुल निर्गत शक्ति 7500 वाट हो।

हल–
$$R_2 = 0.12\,\Omega, S = 0.1$$

$$R_L = R_2\left(\frac{1}{S} - 1\right)$$

$$R_L = 0.112\left(\frac{1}{0.1} - 1\right)$$

$$= 1.08 \text{ ओह्म/Phase}$$




चित्र 1.36

जैसा कि रोटर से तुल्य परिपथ को चित्र (1.36) में दिखाया गया है, $V_2$ एक द्वितीय वोल्टता है जो कि रोटर में व्यय (Drop) होता है।

$$V_L = I_2 R_1$$

कुल Output power $P_g = I_2^2 R_L = \frac{3V_L^2}{R_L}$

$$V_L^2 = \frac{P_g \times R_L}{3} = \frac{7500 \times 1.08}{3} = 2700$$

$$V_L = \sqrt{2700} = 51.96 \text{ Volt}$$

$$\text{तुल्य लोड धारा} = \frac{V_L}{R_L} = \frac{51.96}{1.08} = 48.11 \text{ Amp.}$$

**उदाहरण 2.** एक 440 Volt 3-phase स्टार संयोजित प्रेरण मोटर की स्टेटर प्रतिबाधा (0.06 + $j$ 0.21) ओह्म तथा तुल्य रोटर प्रतिबाधा (0.06 + $j$ 0.23) Ω है। उत्तेजन धारा $I_0$ को नगण्य मानते हुए अधिकतम कुल बल आघूर्ण का मान जिस स्लिप पर यह प्राप्त होगी, ज्ञात करें।

हल– $R_{01} = 0.06 + j\,0.21$

$$X_{01} = 0.06 + j\,0.23$$

$$R_{01} = R_1 + R'_2 = 0.06 + 0.06 = 0.12\,\Omega$$

$$X_{01} = X_1 + X'_2 = 0.21 + 0.23 = 0.44\,\Omega$$

$$Z_{01} = \sqrt{(0.12)^2 + (0.44)^2} = 0.456$$

अधिकतम बल आघूर्ण पर स्लिप $S = \frac{R'_2}{R'_2 + Z_{01}}$

$$S = \frac{0.06}{0.06 + 0.456} = 0.116 \text{ या } 11.6\%$$

$$\text{वोल्टता प्रतिफेज} = \frac{440}{\sqrt{3}} = 254.04 \text{ Volt}$$

$$P_{g\,max} = \frac{3V_1^2}{2(R_{01} + Z_{01})} = \frac{3\left(\frac{440}{\sqrt{3}}\right)^2}{2(0.12 + 0.456)}$$

$$= 168063 \text{ वाट या } 168.063 \text{ (Kw)}$$

Scanned with CamScanner

**उदाहरण 3. एक तीन फेज Star connected 400 V, 50 Hz 4 pole induction motor का Stator की ओर निर्देशित (Referred to stator) करते हुए निम्नलिखित Parameters का मान प्रतिफेज ओह्म में प्रदर्शित है।**

$$R_1 = 0.15,\ X_1 = 0.45,\ R'_2 = 0.12,\ X'_2 = 0.45,\ X_m = 28.5$$

**Stator current और Power factor के मान को ज्ञात कीजिए। Slip का मान $S = 0.04$ motor rated voltage तथा Rated frequency पर चल रहा है।**

हल– $R_1 = 0.15, X_1 = 0.45, R'_2 = 0.12, X'_2 = 0.45, X_m = 28.5$

$$R_L = R'_2\left(\frac{1}{S}-1\right) = 0.12\left(\frac{1}{0.04}-1\right) = 2.88\,\Omega$$

$$I'_2 = \frac{V}{(R_{01}+R'_L)+jX_{01}}$$

$$= \frac{\frac{400}{\sqrt{3}}}{(0.15+0.12+2.88)+j(0.45+0.45)}$$

$$I'_2 = (67.78 - j\,19.36)$$

$$I_0 = \frac{\frac{400}{\sqrt{3}}}{X_m} = \frac{400}{\sqrt{3}\times j\,28.5} = -j\,8.1$$

Stator current $I_1 = I_0 + I'_2 = 67.78 - j\,19.36 - j\,8.1 = 73.13\angle -22$

$$PF = \cos\phi = \cos 22 = \mathbf{0.927\ (Lagg.)}$$

**उदाहरण 4. एक 400 V · 3ϕ स्टार Connected induction motor का Stator impedance $(0.06 + j\,0.2)\,\Omega$ तथा तुल्य Rotor impedance का मान $(0.86 + j\,0.22)$ Exciting current के मान को नगण्य मानते हुए Maximum power और Slip का मान ज्ञात कीजिए।**

हल– $Z_{01} = 0.06 + j\,0.2\,\Omega$

$$Z_{02} = 0.06 + j\,0.22$$

$$R_{01} = R_1 + R'_2 = 0.06 + 0.06 = 0.12\,\Omega$$

$$X_{01} = X_1 + X'_2 = 0.2 + 0.22 = 0.42\,\Omega$$

$$Z_{01} = \sqrt{(0.12)^2 + (0.42)^2} = 0.44\,\Omega$$

Maximum gross power output

$$S = \frac{R_2}{R_2 + Z_{01}} = \frac{0.06}{0.06+0.44} = 0.12$$

$$S = 12\%$$

$$\text{Voltage/Phase} = \frac{400}{\sqrt{3}}$$

$$P_{g\,max} = \frac{3V_1^2}{2(R_{01}+Z_{01})} = \frac{3\times\left(\frac{400}{\sqrt{3}}\right)^2}{2(0.12+0.44)}$$

Scanned with CamScanner

$$= \frac{\frac{3 \times 400 \times 400}{3}}{2 \times 0.56} = 142.900 \text{ W}$$ An

## 1.6 रोटर ताम्र हानियाँ, सर्पी तथा रोटर निवेश शक्ति के बीच सम्बन्ध
### (Relationship Between Rotor Copper Losses, Slip and Rotor Input Power)

**प्रेरण मोटर की हानियाँ एवं निर्गत शक्ति (Losses and Output Power of Induction Motor)**




Induction motor के प्रमुख (Two parts) होते हैं (i) Stator (ii) Rotor तथा इन Part में हानियाँ

**Stator शक्ति हानियाँ** (Stator Power Losses)–स्टेटर के भी Two parts होते हैं।

**(1) स्याता क्रोड हानि** (Stator Core Loss)–स्टेटर क्रोड में होने वाली हानि को Stator core loss कहते है Stator लोहे का बना होता है और यह चुम्बकित हो जाता है इसलिए इन हानियों को (Iron losses) तथा Magnetisin losses के नाम से भी जाना जाता है। ये हानियाँ स्थिर होती हैं इसलिए इन हानियों को स्थिर हानि (Constant losses) भी कह हैं। स्टेटर लौह हानियों में भंवर धारा तथा हिस्टेरिसिस हानि होती है (i) Hystteresis loss (ii) Eddy-current losses।

Stator का कोई भी Part Movable नहीं होता है अर्थात् Stator Rotated नहीं करता है इसलिए Stator Mechanical losses का मान शून्य होता है।

**(i) हिस्टेरीसिस हानियाँ** (Hysteresis Losses)–Induction motor का Stator iron का बना होता है जिस चुम्बकीय फ्लक्स में प्रत्यावर्तन से क्रोड पटलों के अणु पहले एक दिशा में तथा फिर दूसरी दिशा में चुम्बकित होते हैं।

इस क्रिया में ऊर्जा का कुछ भाग व्यय हो जाता है। यह ऊर्जा अणुओं के घर्षण के कारण ताप के रूप में परिवर्तित हो जाती जिसे हिस्टेरीसिस हानि के नाम से जाना जाता है। इसका मान

$$W_h = \eta B_{max}^{1.6} f \cdot V$$

जहाँ $\eta$ = Hysteresis coefficient

$= (1.91 - 0.25)$

$f$ = Supply frequency

$V$ = पदार्थ का आयतन

$B_{max}$ = अधिकतम फ्लक्स घनत्व

**(ii) भंवर धारा हानि** (Eddy Current Loss)–प्रत्यावर्ती फ्लक्स के कारण Induction motor के Winding मे प्रेरित विद्युत वाहक बल होता है, जिसके कारण ऊर्जा व्यय होती है। यह ऊर्जा व्यय भंवर धारा हानि कहलाती है। भंवर धारा हानि का मान

$$W_e \propto (B_{max}\ ft)^2 V$$

Scanned with CamScanner

$B_{max}$ = अधिकतम फ्लक्स घनत्व weber / $m^2$

$f$ = Supply frequency in Hz

$t$ = Lamination की मोटाई मीटर में

$V$ = क्रोड का आयतन ($m^3$)

**(2) Stator Winding Losses**–Stator winding में होने वाली हानि को Stator winding losses कहते हैं। Winding copper द्वारा निर्मित होते हैं। यह प्रतिकला धारा व प्रतिरोध क्रमश: $I_1$ ऐम्पियर व $R_1$ ohm रखता है इसलिये इन्हें ताम्र हानि (Copper losses) तथा $I^2R$ हानियों के नाम से भी जाना जाता है। ये हानि भार के अनुसार परिवर्तित होती रहती हैं। इसलिये इन हानि को Variable loss भी कहते हैं। तीन फेज Induction motor के Stator में हानि $3I_1^2R_1$ होता है।

**घूर्णक शक्ति हानि** (Rotor Power Losses)–Rotor में हानियों का आगणन करने के लिए भी इसे Two part में ही विभाजित कर निकालते हैं।

**(i) घूर्णक क्रोड हानि** (Rotor Core Losses)–इसमें होने वाली शक्ति हानियों को Core loss कहते हैं। ये हानियाँ Negligible होती हैं, क्योंकि ये Slip Frequency पर निर्भर करती हैं जो कि अति निम्न होती हैं और ताम्र हानियों की तुलना में बहुत ही कम अर्थात् नगण्य होती हैं।

**(ii) घूर्णक कुण्डलन हानिया** (Rotor Winding Losses)–Rotor winding में होने वाले Power हानि को Rotor winding losses कहते हैं। इन्हें Copper losses तथा $I^2R$ हानि के नामों से भी जाना जाता है। ये हानि Load के अनुसार परिवर्तित होती हैं इसलिए इन्हें Variable loss भी कहते हैं। यह हानियाँ, लोड और रोटर वाइंडिंग के प्रतिरोध पर निर्भर करती हैं, रोटर वाइंडिंग की डिजाइन करते समय रोटर प्रतिरोध प्रेरण मोटर की क्षमता के अनुसार ही रखना चाहिए, जिससे होने वाली शक्ति हानि (Power losses) कम से कम हो जिससे निर्गत शक्ति एवं दक्षता अधिक प्राप्त की जा सके।

(iii) मोटर का घूर्णक एक Rotating part होता है इसलिए इसमें Mechanical loss होता है जो कि निम्नलिखित दो प्रकार के होते हैं–

**(a) Windage Losses**–Winding losses air gap में स्थित Air buoyancy के कारण होता है।

**(b) घर्षण हानि** (Friction losses)–Friction losses जो बेयरिंग Slip rings तथा Brushes के बीच होने वाली घर्षण के कारण होता है।

**रोटर इनपुट, सम्पूर्ण रोटर आउटपुट, बल आघूर्ण, ताम्र हानियाँ तथा स्लिप में सम्बन्ध (Relation between Rotor input, grass rotor output, grass torque, copper losses and slip)**

Stator input = Stator output + Stator losses

चूँकि Stator का Output प्रेरणिक रूप से पूर्णत: रोटर परिपथ में स्थानान्तरित हो जाता है।

∴ Rotor input = Stator output

∴ सम्पूर्ण Rotor output = Rotor input – Rotor copper losses

यह सम्पूर्ण Rotor output mechanical energy में परिवर्तित हो जाता है तथा इसके सम्पूर्ण Output के कारण सम्पूर्ण Torque $T_g$ विकसित होता है। इस विकसित सम्पूर्ण बल आघूर्ण में कुछ बल आघूर्ण रोटर में होने वाले वायु तथा घर्षण हानियों में नष्ट हो जाता है तथा शेष उपयोगी (Useful) या शाफ्ट बल आघूर्ण $T_{Sh}$ के रूप में विकसित होता है। माना कि

$T_g$ = सम्पूर्ण बल आघूर्ण (Gross torque)

$N$ = Rotor की वास्तविक गति

$N_S$ = Rotor की तुल्यकाली गति

$S$ = Slip

Scanned with CamScanner

तब सम्पूर्ण Rotor का Output $= \frac{T_g \times 2\pi N}{60}$ वाट

$$\therefore \quad T_g = \frac{\text{सम्पूर्ण रोटर Output}}{\frac{2\pi N}{60}} \text{ वाट}$$

$$T_g = \frac{\text{सम्पूर्ण Rotor output} \times 60}{2\pi N}$$

$$\Rightarrow \quad \text{Rotor out power} = \frac{2\pi N}{60} \times T_g$$

यदि Rotor में कोई हानि न हो तब Rotor की गति तुल्यकाली गति के बराबर हो तब Rotor का Output, Rotor Input के तुल्य होगा।

$$T_g = \frac{\text{सम्पूर्ण Rotor input} \times 60}{2\pi N_S}$$

$$\Rightarrow \quad \text{Rotor input power} = \frac{2\pi N_S T_g}{60}$$

$$\text{रोटर ताम्र हानि} = \text{Rotor input} - \text{Rotor output}$$

$$= \frac{2\pi N_S T_g}{60} - \frac{2\pi N T_g}{60}$$

$$= \frac{2\pi T_g}{60}(N_S - N)$$

समीकरण (iv) को समीकरण (iii) से भाग देने पर

$$\frac{\text{Rotor copper loss}}{\text{Rotor input}} = \frac{2\pi T_g / 60}{\frac{2\pi T_g}{60}} \frac{(N_S - N)}{N_S}$$

$$\frac{\text{Rotor copper loss}}{\text{Rotor input}} = \frac{N_S - N}{N_S} = S$$

$$\textbf{Rotor copper loss} = S \times \textbf{Rotor input}$$

या

$$\text{Rotor copper loss} = S \times \text{वायु अन्तराल में शक्ति}$$

$$P_{rc} = SP_g = SP_{ir}$$

जहाँ

$P_g$ = Air gap power

$P_{ir}$ = Rotor input power

$\therefore$ सम्पूर्ण रोटर Output = Rotor input − Rotor cupper losses

= Rotor input − (S × Rotor input)

$\therefore$ **सम्पूर्ण रोटर Output = Rotor input (1 − S)** ...(v

**नोट–**"The rotor copper loss is equal to slip times the rotor input (air gap power). The term S... is known as slip power. The air gap-power which is not converted in to mechanical pow...

or

$$\text{Rotor output } P_{md} = (1 - S)\, P_g$$

where $P_{md}$ = Rotor output or mechanical power delivered

$$\frac{\text{Rotor output}}{\text{Rotor input}} = 1 - S = 1 - \frac{N_S - N}{N_S} = \frac{N_S - N_S + N}{N_S}$$

$$\frac{\textbf{Rotor output}}{\textbf{Rotor input}} = \frac{N}{N_S}$$

$$\frac{\textbf{Rotor copper loss}}{\textbf{Rotor total output}} = \frac{S}{1 - S}$$

**अत: Rotor input : Copper loss : Output of rotor = 1 : $S$ : $(1 - S)$**

**Rotor input : Copper loss : Output = $N_S$ : $(N_S - N)$ : $N$**

**उदाहरण 1. एक 4 pole 415 V, 50 Hz, 3-$\phi$induction motor के रोटर की input शक्ति 20 Kw तथा slip 4 प्रतिशत है। ज्ञात कीजिए–**

**(i) मोटर में घूर्णी चुम्बकीय क्षेत्र की गति (R.M.F.)**

**(ii) मोटर की चाल या गति**

**(iii) घूर्णक की चाल (Rotor की Slip frequency)**

**(iv) Rotor copper loss**

**हल–** $P = 4$ pole, $f = 50$ Hz Rotor input power = 20 Kw

$N_S = ?, N = ?, f_r = ?, P_{Cu}$ of Rotor = ?

(i) Speed of R.M.F. $N_S = \frac{120f}{P} = \frac{120 \times 50}{4} = 1500$ r.p.m.

(ii) Speed of an induction motor $N = N_S (1 - S)$

$= 1500 (1 - 0.04)$

$= 1500 \times 0.96$

$= 1440$ r.p.m.

(iii) Slip frequency of a rotor

$$f_r = S_F = 0.04 \times 50 = 2 \text{ Hz}$$

(iv) Rotor copper loss = $S$ × Rotor input power

$= 0.04 \times 20{,}000 = 800$ W **Ans.**

**उदाहरण 2. एक तीन फेज प्रेरण मोटर की Input power 50 Kw है तथा इसके Stator में कुल हानियाँ 1.3 Kw हैं। यदि motor 4 प्रतिशत Slip पर चल रही है तो (i) Rotor की ताम्र हानि (ii) विकसित यांत्रिक शक्ति ज्ञात कीजिए।**

**हल–** input power = 50 Kw

Stator में कुल हानियाँ = 1.3 Kw = 1300 Watt

$S = 4\%$

Stator का Output power = Stator input power – Stator total losses.

$= 50{,}000 - 1300$

$= 48700$ watt

Scanned with CamScanner

(i) Rotor की Copper losses = $S \times$ Rotor की Input power

$$= 0.04 \times 48700$$

$$= 1948 \text{ watt}$$

(ii) Rotor में कुल विकसित Power = Rotor input – Copper loss

$$= (48700 - 1948)$$

$$= 46752 \text{ watt}$$

**उदाहरण 3. एक 3 फेज 6-pole 415 V, 50 Hz induction motor की Input power 60 Kw Rotor में विद्युत वाहक बल 120 चक्र प्रति मिनट का होता है तथा Stator की हानि को नगण्य मानते हुए ज्ञात कीजिए–**

**(i) Rotor में उत्पन्न विद्युत वाहक बल की आवृत्ति (ii) Slip (iii) Rotor की गति (iv) विकसित यांत्रिक शक्ति तथा (v) प्रतिकला घूर्णक ताम्र हानि**

**हल–** $P = 6, f = 50$ Hz, $P$ input power = 60 kw, $f_r = 120$ c/m

(i) $f_r = ?$

$$\text{Rotor Slip Frequency} = \frac{\text{Cycle Per minute}}{\text{Second per minute}}$$

$$= \frac{120}{60} = 2 \text{ c/s Hz}$$

(ii) Slip $S = \frac{f_r}{f} = \frac{2}{50} = 0.04$

(iii) $N_S = \frac{120f}{p} = \frac{120 \times 50}{6} = 1000$ r.p.m.

(iv) Rotor की गति 4 प्रतिशत Slip पर

$$N = N_S (1 - S)$$

$$= 1000 (1 - 0.04)$$

$$= 960 \text{ r.p.m.}$$

(v) Rotor की Input power = Stator का Output – Stator total loss

$$= 60000 - 0 = 60000 \text{ Kw}$$

Rotor copper loss = $S \times$ Rotor input power

$$= 0.04 \times 60000$$

$$= 2400 \text{ W}$$

$\therefore$ प्रतिफेज Copper loss $= \frac{2400}{3} = 800$ W

(vi) Mechanical power developed in rotor = Rotor input power – Rotor copper loss

$$= 60000 - 2400$$

$$= 57600 \text{ W}$$

**Mechanical Power developed = 57.6 Kw**

Scanned with CamScanner

**उदाहरण 4. एक 500 Volt 6 pole 50 Hz Induction motor यांत्रिक हानियों सहित 20 HP पैदा करता है जबकि वह 995 चक्कर प्रति मिनट की गति से चलती है। शक्ति गुणांक 0.87 है।**

**(i) Slip (ii) Rotor copper loss (iii) Total input यदि स्टेटर हानियाँ 1500 वाट हो (iv) लाइन धारा और (v) रोटर विद्युत वाहक बल की आवृत्ति साइकिल प्रति मिनट में गणना कीजिये।**

हल–(i) $P = 6,\ f = 50$ Hz, $N = 995$

$$N_S = \frac{120f}{P} = \frac{120 \times 50}{6} = 1000$$

$$\therefore \quad \text{Slip} = \frac{N_S - N}{N_S} = \frac{1000 - 995}{1000} = 0.005$$

(ii) रोटर में कुल उत्पन्न शक्ति या सम्पूर्ण रोटर Output = 20 × 735.5 = 14710

सम्पूर्ण रोटर Output = Rotor input $(1 - S)$

$$14710 = \text{Rotor input } (1 - 0.005)$$

$$\text{Rotor input} = \frac{14710}{0.995}$$

= 14783.919 वाट

रोटर ताम्र हानियाँ = Rotor input – सम्पूर्ण Rotor output

= 14783.919 – 14710

= 73.919 वाट

(iii) कुल Input = Rotor input + Stator losses

= 14783.919 + 1500 = 16283.919 वाट

(iv) $V_L = 500$ volt, $\cos\phi = 0.87$

$$\text{Input power} = \sqrt{3}\, V_L I_L \cos\phi$$

$$16283.919 = \sqrt{3} \times 500 \times I_L \times 0.87$$

$$I_L = \frac{16283.919}{\sqrt{3} \times 500 \times 0.87}$$

= 21.613 Amp.

$$\boldsymbol{I_L = 21.613 \text{ Amp.}}$$

(v) Rotor frequency $f_r = Sf$

$= 0.005 \times 50 = 0.25$ Hz

$= 0.25 \times 60 = 15$ cycle/min. **Ans.**

**उदाहरण 5. एक 6 pole त्रिफेजी 50 Hz प्रेरण मोटर पूर्ण लोड पर चलते हुये 162 N-m उपयोगी बल आघूर्ण विकसित करता है। इस समय रोटर विद्युत वाहक बल की आवृत्ति 90 चक्र प्रति मिनट है, निम्न की गणना कीजिये।**

**(i) Slip (ii) B.H.P. (iii) रोटर में ताम्र हानियाँ (iv) Motor input (v) मोटर की दक्षता।**

**यदि वायु तथा घर्षण में व्यय यांत्रिक बल आघूर्ण 15 N-m हो तथा स्टेटर हानि 750 वाट हो।**

हल–$P = 6$ pole, $T = 162$ N-m, $f_r = 90$ c/m

$$N_S = \frac{120f}{P} = \frac{120 \times 50}{6} = 1000 \text{ r.p.m.}$$

Scanned with CamScanner

(i) रोटर विद्युत वाहक बल की आवृत्ति, $f_r = \frac{90}{60} = 1.5$ चक्र प्रति सेकण्ड

$$S = \frac{f_r}{f} = \frac{1.5}{50} = 0.03$$

अतः रोटर की गति $N = N_S(1-S)$

$$= 1000\,(1-0.03)$$

$$= 970 \text{ r.p.m.}$$

(ii) उपयोगी Full load torque $T_{Sh} = 162$ N-m

$$\text{B.H.P.} = \frac{2\pi N T_{Sh}}{60 \times 735.5}$$

$$= \frac{2 \times 22 \times 970 \times 162}{7 \times 60 \times 735.5}$$

$$= 22.38 \text{ H.P.}$$

(iii) वायु तथा घर्षण में व्यय बल आघूर्ण $T_i = 15$ N-m

∴ कुल Gross torque $T_g = T_{Sh} + T_i$

$$T_g = 162 + 15$$

$$= 177 \text{ N-m}$$

$$\text{Rotor input} = \frac{T_g \times 2\pi N_S}{60}$$

$$= \frac{177 \times 2 \times \pi \times 1000}{60}$$

$$= 18542.85 \text{ W}$$

$$\text{Rotor copper loss} = S \times \text{Rotor input}$$

$$= 0.03 \times 18542.85$$

$$= 556.2 \text{ W}$$

(iv) Motor input = Rotor input + स्टेटर Copper loss

$$= 18542.85 + 750$$

$= 19292.85$ वाट

(v) Motor output $= 22.38 \times 735.5$

$= 16460.49$ वाट

$$\eta = \frac{\text{Output}}{\text{input}} \times 100$$

$$= \frac{16460.49}{19262.85} \times 100$$

$$= 85.48\%$$

$$\eta = 85.48\%$$

## 1.7 त्रिकला प्रेरण मोटर का शक्ति प्रवाह आरेख (Power Flow Diagram of an 3-ϕ Induction Motor)

किसी भी त्रिकला प्रेरण मोटर का निवेश शक्ति (Input power) त्रिकला वोल्टेज और धारा के साथ निम्न प्रकार से प्राप्त करते हैं।

$$P_i = \sqrt{3}V_1 I_1 \cos\phi_i$$

where $P_i$ = Input power to stator.

$V_1$ = Input voltage to stator.

$I_1$ = Input current or stator current.

$\cos\phi_i$ = Input power factor.

**(a) Stator Copper Losses**–$I_1^2 R_1$ losses in the stator winding.

$$P_{SC} = 3I_1^2 R_1$$

यह Stator Copper Losses के नाम से जाने जाते हैं।

(b) Stator Core Losses–यह Hysteresis एवं Eddy current losses होते हैं जो $P_S = P_h + P_e$ स्टेटर में core-loss के नाम से जाने जाते हैं।

Power Output of the Stator—यह शक्ति स्टेटर की निर्गत शक्ति है जो $P_0 = P_i - P_{SC} - P_S(h+e)$ कि Air-gap power ($P_g$) के नाम से जानते हैं, और स्टेटर और रोटर के मध्य Air gap में प्राप्त होती है। इसे रोटर की Input power भी कहते हैं।

अर्थात् Power output of stator = Air gap power = Rotor input power

$$P_0 = P_g = P_{ir}$$

**रोटर हानियाँ (Rotor losses)**

(a) रोटर प्रतिरोध में होने वाले $I^2R$ हानियाँ $P_{rc} = 3I_2^2 R_2$ को रोटर की ताम्र हानियों के नाम से जानते हैं।

(b) रोटर में होने वाली कोर हानियाँ $P_r$ $(h+e)$ हेस्टेरेसिस एवं भंवर धारा हानियाँ अर्थात् रोटर कोर हानियाँ कहलाती हैं।

(c) फ्रिक्शन एवं विडेंज हानियाँ $P_{fw}$

(d) स्ट्रे लोड हानियाँ ($P_{misc}$) यह मुख्य हानियों से अलग हामोनिक्स क्षेत्र के कारण होती हैं।

**यांत्रिक निर्गत शक्ति** (Mechanical Power Developed) $P_{md}$—यदि रोटर ताम्र हानियों को रोटर निवेश शक्ति से घटाकर शेष शक्ति का रूपान्तरण विद्युत शक्ति से यांत्रिक शक्ति में होता है जिसे विकसित यांत्रिक शक्ति ($P_{md}$) निर्गत कहते हैं।

Developed mechanical power = rotor input – rotor copper loss

$$P_{md} = P_{ir} - P_{rc}$$

or

$$P_{md} = P_g - P_{rc}$$

$$P_{md} = P_g - 3I_2^2 R_2$$

अर्थात् निर्गत मोटर की शक्ति

$$P_0 = P_{md} - P_{fw} - P_{mis}$$

where $P_0$ = Shaft power or useful power.

**घूर्णी हानियाँ** (Rotational losses)–प्रेरण मोटर के प्रचालन एवं त्वरित होने के समय रोटर Copper loss अधिक होता है। गति बढ़ने के साथ रोटर हानियाँ घटती हैं। फ्रिक्सन एवं विडेंज हानियाँ शुरुआत में शून्य और गति बढ़ने के साथ बढ़ती हैं। परिणामस्वरूप फ्रिक्शन, विडेंज एवं कोर हानियों का योग गति परिवर्तन के साथ लगभग स्थिर रहता है। इसलिए इन सभी प्रकार की हानियों को एक-साथ लेकर गणना में लेते हैं। ऐसी हानियों को घूर्णी हानियाँ (rotational losses) कहते हैं।

Scanned with CamScanner

$$P_{rot} = P_{fw} + P_h + P_e + P_{misc}$$

अर्थात्
$$P_0 = P_{md} - P_{rot}$$

or
$$P_0 = P_{md} - P_{fw} + P_h + P_e + P_{misc}$$

इस समीकरण की राशियों को हम शक्ति प्रवाह आरेख से निवेश विद्युत शक्ति (Input electrical power) और नि... यांत्रिक शक्ति (Output mechanical power) के बीच सम्बन्ध को समझ सकते हैं।

Stator input

↓

Stator losses (Core loss + $I_1^2 R_1$ loss)

↓

Stator output or air gap power or Rotor input power

↓

Rotor copper loss ($I_2^2 R_2$ loss)

↓

Total mechanical power developed ($P_{md}$)

↓

Rotational loss (Rotor core loss + Friction loss + Windage loss)

↓

Useful power output or shaft power ($P_{Sh}$)

चित्र 1.37 Power flow diagram of induction motor.

## 1.8 बल आघूर्ण को निर्धारित करने वाले घटक (Factors Determining the Torque)

त्रिकली प्रेरण मोटर में बल आघूर्ण को निर्धारित करने वाले मुख्य कारक निम्न प्रकार हैं–

(1) 3-$\phi$ प्रेरण मोटर का स्टार्टिंग बल आघूर्ण मुख्य रूप से रोटर प्रतिरोध ($R_2$) और स्थिर अवस्था के रोटर प्रतिघात ($X_2$) के अनुपात ($R_2/X_2$) पर निर्भर करता है।

(2) यदि रोटर प्रतिरोध ($R_2$) स्थिर अवस्था में रोटर प्रतिघात ($X_2$) के बराबर होता है ($R_2 = X_2$) तो इस परिस्थिति में 3-... प्रेरण मोटर का स्टार्टिंग बल आघूर्ण अधिकतम प्राप्त होगा अर्थात् $T_{S\max}$ पर $R_2 = X_2$ का मान प्राप्त होगा।

(3) सामान्यतया प्रेरण मोटर की अच्छी कार्य-क्षमता के लिए रोटर वाइंडिंग प्रतिरोध को रोटर प्रतिघात से स्थिर अवस्था में कम ($R_2 < X_2$) रखते हैं जिससे बेहतर बल आघूर्ण प्राप्त हो सके।

(4) 3 – $\phi$ प्रेरण मोटर का स्वत: प्रचालन हो जाने के बाद रोटर प्रतिरोध को बाह्य रूप से जोड़कर (वाउंड टाइप रोटर में) ... रोटर की गति और बल आघूर्ण को उपयोगिता के अनुसार प्राप्त कर सकते हैं।

(5) स्टेटर के वोल्टेज को भी बढ़ाकर स्टार्टिंग बल आघूर्ण को बढ़ाया जा सकता है। लेकिन एक निश्चित अनुपात में ही बल आघूर्ण में परिवर्तन प्राप्त कर सकते हैं। स्टेटर वोल्टेज को निर्धारित रेटिंग से ज्यादा बढ़ाने पर वाइंडिंग का इन्सुलेशन खराब होने का खतरा रहता है।

(6) स्टेटर रेटेड वोल्टेज के साथ रेटेड आवृत्ति के द्वारा भी बल आघूर्ण को भी नियंत्रण किया जाता है। जहाँ पर परिवर्तित गति चाहिए, उस स्थिति के लिए वोल्टेज/आवृत्ति ($V/f$) नियंत्रण द्वारा तुल्यकाली गति तक नियंत्रित किया जा सकता है।

(7) 3-$\phi$ की छोटी प्रेरण मोटर में स्लिप और एयर गैप (Slip and air gap) में भी कम से कम परिवर्तन के कारण बल आघूर्ण में परिवर्तन आता है।

Scanned with CamScanner

**शक्ति गुणक एवं बल आघूर्ण में सम्बन्ध (Relation Between Torque and Power Factor)**

**रोटर विद्युत वाहक बल** (Rotor EMF)–जब प्रेरण मोटर का रोटर स्थिर होता है तब मोटर त्रिफेज ट्रांसफॉर्मर (जिसकी द्वितीयक कुण्डलन) को Short circuited के तुल्य कार्य करता है। अतएव माना कि स्टेटर का प्रेरित विद्युत वाहक बल $E_1$, प्रतिफेज $E_2$ रोटर में प्रेरित विद्युत वाहक बल प्रतिफेज जबकि स्टेटर में टर्न की संख्या $N_1$ प्रतिफेज तथा रोटर में टर्नों की संख्या $N_2$ प्रतिफेज है तब ट्रांसफॉर्मर के अनुपातिक समीकरण (Transformation ratio) से

$$\frac{E_2}{E_1} = \frac{N_2}{N_1} = K$$

$$E_2 = KE_1$$

**(ii) रोटर (Rotor Current) धारा**–यदि $I_2$ = रोटर धारा प्रतिफेज

$R_2$ = रोटर प्रतिरोध प्रति फेज

$X_2$ = रोटर प्रतिघात प्रतिफेज = $2\pi fL$

तब रोटर प्रतिबाधा प्रतिफेज $Z_2 = R_2 + JX_2$

or $$Z_2 = \sqrt{R_2^2 + X_2^2}$$

$$\text{धारा } I_2 = \frac{E_2}{Z_2} = \frac{E_2}{\sqrt{R_2^2 + X_2^2}}$$

**(iii) रोटर शक्ति गुणक** (Power Factor of Rotor)–माना कि यदि Rotor का शक्ति गुणक $\cos\phi_2$ है तब

$$\cos\phi_2 = \frac{R_2}{\sqrt{R_2^2 + X_2^2}}$$

**टार्क और रोटर शक्ति गुणक में सम्बन्ध (Relation Between Torque and Power Factor of Rotor)**–D.C. मोटर में यह दिखाया गया है कि Torque का मान आर्मेचर धारा तथा फ्लक्स पर पोल पर निर्भर करता है अतः यदि किसी D.C. मशीन में आर्मेचर में बहने वाली धारा $I_a$ तथा पोल पर उत्पन्न फ्लक्स $\phi$ है तब Torque का मान

$$T \propto \phi I_a \qquad \text{where } T \rightarrow \text{Torque}$$

$$T = KI_a\phi$$

हालांकि प्रेरण मोटर में Torque का मान स्टेटर फ्लक्स प्रति पोल $\phi$ तथा रोटर Current $I_2$ और Rotor के Power factor पर निर्भर करता है तब

$$T \propto \phi I_2 \cos\phi_2$$

where $\cos\phi_2$ = Rotor power factor

$I_2$ = Rotor current

At stand still की अवस्था में Rotor में उत्पन्न होने वाला EMF स्टेटर फ्लक्स के समानुपाती होगा अर्थात्

$E_2 \propto \phi$ $\qquad$ $E_2$ = Rotor induced e.m.f.

तब $T \propto E_2 I_2 \cos\phi_2$ $\qquad$ $T$ = Torque at induction motor

$T = K_1 E_2 I_2 \cos\phi_2$ $\qquad$ $K_1$ = constant

रोटर पर उत्पन्न Torque का ग्राफ, रोटर Power factor का प्रभाव चित्र (1.37) में किया गया। Torque के लिए उपरोक्त ग्राफ को बनाया गया कि–

$$T = KE_2 I_2 \cos\phi_2$$

Scanned with CamScanner




चित्र 1.37

दिये गये Torque के $E_2$, $I_2$ का मान नियत रहता है यदि $\phi_2$ के मान को बढ़ाया जाये तो cos $\phi_2$ के मान में कमी आती है जिससे Torque के मान में कमी आती है और यदि $\phi_2$ के मान को कम किया जाए तब Power factor का मान बढ़ता है और Power factor के मान बढ़ने से Torque के मान से क्रमश: वृद्धि होती है अत: एक दूसरे के Vice-versa होता है।

$\downarrow T \propto \cos\phi_2 \uparrow$ जब Power factor Angle का मान बढ़े तब

एवं $\uparrow T \propto \cos\phi_2 \downarrow$ जब Power factor Angle का मान घटे तब

जैसा कि उपरोक्त विवरण से माना जा सकता है कि प्रेरण द्वारा रोटर कंडक्टर उत्पन परिणामी फ्लक्स या e.m.f. को Sinusoidal माना जा सकता है जिसका मान फ्लक्स घनत्व पर निर्भर करता है जो कि Instant माना जा सकता है और यह मान समीकरण $e = Bl\,V \sin\theta$ के अनुसार बदलता रहता है इसलिए प्रेरित e.m.f. का मान Rotor पर Sinusoidal होता है।

(i) जब रोटर अप्रेरणिक हो (When Rotor is non Inductive)–इस स्थित में रोटर में धारा $I_2$ उत्पन्न e.m.f. $E_2$ के फेज में होता है

अर्थात् $\phi_2 = 0$ तब $\cos\phi_2 = 1$

Instantaneous torque का मान एक दूसरे के Rotor conductor पर कार्य करने वाले Instantaneous flux व Flux density (B) या Rotor Current ($F \propto BI_2l$) पर निर्भर काता है अत:




चित्र 1.38

अत: Torque का मान Positive half cycle के लिए निम्न समीकरण द्वारा

$$T \propto K(+E_2)(+I_2)\cos\phi_2$$

$$T \propto K\,E_2I_2\cos\phi_2 \qquad \text{For positive half cycle}$$

एवं Torque का मान Negative half cycle के लिए निम्न समीकरण द्वारा

Scanned with CamScanner

$$T \propto K' (-E_2)(-I_2) \cos \phi_2$$

$$T \propto KE_2 I_2 \cos \phi_2$$ प्रदर्शित किया जाता है।

अत: प्राय: यह देखा जा सकता है कि Torque curve का मान Flux या (Flux density $B$) और Rotor current के Product से जो Torque हमें प्राप्त होता है उस Torque का मान सदैव Unidirectional तथा Positive होता है।

**(ii) जब रोटर प्रेरणिक हो (When Rotor is Inductive)**–इस Condition में Rotor current का मान रोटर विद्युत वाहक बल $I_2$ से $\phi_2$ Angle lag करता है तब Angle $\phi_2 = \tan^{-1} \frac{X_2}{R_2}$

where $R_2$ = Rotor resistance per phase

$X_2$ = Rotor reactance per phase at stand still.




चित्र 1.39

यह चित्र (1.39) से देखा जा सकता है कि पोल पिच के एक हिस्से '$AB$' के लिए Torque का मान नकारात्मक है अर्थात् इसलिए कुल Torque जो Forward and backward torque का अन्तर काफी कम हो जाता है। अगर यह कोण का मान 90° है तो कुल Torque का मान शून्य होगा क्योंकि इस स्थिति में Forward torque का मान समान और विपरीत हो जायेगा अत: तीन वक्र $E_2 I_2$ तथा $\phi$ को दिखाया गया है तथा चौथा बल आघूर्ण का वक्र रोटर धारा $I_2$ तथा फ्लक्स घनत्व ($B$) या फ्लक्स ($\phi$) के गुणनफल से प्राप्त किंया जा सकता है। इस वक्र से स्पष्ट '$AB$' ध्रुव के कुछ भाग से बल आघूर्ण का मान क्रमश: ऋणात्मक मान को प्राप्त किया जा सकता है जिसके कारण कुछ बल आघूर्ण औसत बल आघूर्ण अप्रेरणिक रोटर की अपेक्षा थोड़ा कम है। यदि $\phi_2 = 90°$ हो तब औसत बल आघूर्ण का मान शून्य होगा।

$$T \propto \phi I_2 \cos \phi_2$$

यदि $\phi_2 = 90°$ (Pure inductive nature) का है तब

$$T \propto \phi I_2 \cos 90°$$

$$T = 0$$

**प्रेरण मोटर का Starting Torque** (Starting Torque of Induction Motor)–स्थिर अवस्था में जब किसी प्रेरण मोटर के अन्दर विकसित बल आघूर्ण ही आरम्भिक बल आघूर्ण होता है अर्थात्

The torque developed by the motor at the instant is called starting torque in some cases, if greater than the normal running. Torque its unit Newton Meter. (N-m)

$E_2$ = स्थिर अवस्था (Stand still) ये रोटर में उत्पन्न विद्युत वाहक बल

$R_2$ = Rotor प्रतिरोध प्रतिफेज (स्थिर अवस्था)

$X_2$ = Rotor प्रतिघात प्रतिफेज (स्थिर अवस्था)

Scanned with CamScanner

तब प्रतिबाधा $Z_2 = \sqrt{R_2^2 + X_2^2}$

= रोटर प्रतिबाधा प्रतिफेज (स्थिर अवस्था)



चित्र 1.40

Rotor current $I_2 = \dfrac{E_2}{Z_2}$

Power Factor of Rotor $\cos\phi_2 = \dfrac{R_2}{Z_2}$

स्थिर अवस्था में Starting torque

$$T_{St} = K_1 \cdot E_2 \cdot I_2 \cos\phi_2$$

$$T_{St} = K_1 E_2 \cdot \frac{E_2}{\sqrt{R_2^2 + X_2^2}} \times \frac{R_2}{\sqrt{R^2 + X_2^2}} \qquad \left(I_2 = \frac{E_2}{Z_2}\right) \qquad \left(\cos\phi_2 = \frac{R_2}{Z_2}\right)$$

$$T_{St} = \frac{K_1 \cdot E_2^2 \cdot R_2}{R_2^2 + X_2^2} \qquad \ldots(1)$$

यदि सप्लाई वोल्टेज का मान स्थिर हो तो फ्लक्स और प्रेरित Voltage $E_2$ का मान भी स्थिर रहता है अत: तब Starting torque

$$T_{St} = \frac{R_2}{R_2^2 + X_2^2}$$

अत: समीकरण (1) में $E_2 \propto V$ तब Starting Torque का मान

$$T_{St} = \frac{K_2 V^2 R_2}{R_2^2 + X_2^2}$$

**अधिकतम प्रारम्भिक बल आघूर्ण के लिए शर्त (Condition for Maximum Starting Torque)**–Starting torque का मान उस समय अधिकतम होगा जब रोटर प्रतिरोध का मान रोटर प्रतिघात के बराबर होता है। यदि सप्लाई वोल्टेज का मान स्थिर हो तो फ्लक्स और प्रेरित Voltage का मान भी स्थिर होता है तब Starting torque का मान

$$T_{St} = \frac{K_2 R_2}{R_2^2 + X_2^2} \qquad \ldots(1)$$

(Supply Voltage $V$ का मान नियत है)

अत: अधिकतम बल आघूर्ण के समीकरण (i) का अवकलन $R_2$ के सापेक्ष करने पर

$$\frac{d}{dR_2} T_{St} = K_2 \left[\frac{(R_2^2 + X_2^2)\dfrac{d}{R_2} R_2 - R_2 \cdot \dfrac{d}{dR_2}(R_2^2 + X_2^2)}{(R_2^2 + X_2^2)^2}\right]$$

$$\frac{d}{dR_2} T_{St} = K_2 \left[\frac{R_2^2 + X_2^2 \cdot 1 - R_2 2R_2 + 0}{(R_2^2 + X_2^2)^2}\right]$$

$$\frac{d}{dR_2} T_{St} = \frac{K(R_2^2 + X_2^2 - 2R_2^2)}{(R_2^2 + X_2^2)^2}$$

Scanned with CamScanner

अत: अवकलन का सूत्र $$\frac{d}{d^n}\frac{\text{अंश}}{\text{हर}} = \frac{\text{हर}\,\frac{d}{dx}\,\text{अंश} - \text{अंश}\,\frac{d}{dx}\,\text{हर}}{(\text{हर})^2} \quad \text{...(i)}$$

अत: अधिकतम बल आघूर्ण के $\frac{dT_{St}}{dR_2} = 0$ होना चाहिए तब

$$\frac{dT_S}{dR_2} = \frac{R_2^2 + X_2^2 - 2R_2^2}{R_2^2 + X_2^2} = 0$$

$$R_2^2 + X_2^2 - 2R_2^2 = 0$$

अत: $$R_2^2 = X_2^2$$

दोनों पक्षों का वर्ग मूल लेने पर

$$R_2 = X_2$$

अत: स्थिर अवस्था में अधिकतम बल आघूर्ण के रोटर प्रतिरोध का मान रोटर प्रतिघात के बराबर होना चाहिए।

**प्रारम्भिक बल आघूर्ण पर सप्लाई वोटता के परिवर्तन का प्रभाव (Effect of Change in Supply Voltage on Starting Torque)**–Starting Torque के समीकरण से

$$T_{St} = \frac{K_1E_2^2R_2}{R_2^2 + X_2^2}$$

परन्तु $E_2$ का मान वोल्टेज $V$ के समानुपाती है तब

$$E_2 \propto V$$

एवं $$T_{St} = \frac{K_2V^2R_2}{R_2^2 + X_2^2}$$

$$T_{St} \propto V^2$$

अत: $$\frac{R_2}{R_2 + X_2^2} = \text{constant.}$$

एक बार जब मशीन की संरचना बनकर तैयार हो जाती है तब इसके रोटर के प्रतिरोध या रोटर के प्रतिघात के मान में बदलाव करना बहुत कठिन कार्य (Complicated) होता है जो कि वैद्युत इन्जीनियरिंग की दृष्टि से बहुत ही महंगा और अवांछित (Undesired) है। अत: इसलिए रोटर के प्रतिरोध और प्रतिशत के मान को नियत माना जाता है। अत: स्लिप रिंग प्रेरण मोटर में केवल रोटर में प्रतिरोध जोड़कर Start किया जाता है जब मशीन Start हो जाती है तब रोटर प्रतिरोध को Start कर दिया जाता है।

अत: रोटर प्रतिरोध तथा प्रतिघात के मान को नियत माना जाता है तब Starting

$$\text{Torque } T = \frac{K_2V^2R_2}{R_2^2 + X_2^2}$$

एवं $$T \propto V^2 \text{ where } \frac{R_2}{R_2^2 + X_2^2} = \textbf{constant.}$$

इस प्रकार प्रारभिक बल आघूर्ण का मान Supply voltage के वर्ग के समानुपाती है यदि Supply voltage में थोड़े से परिवर्तन से रोटर बल आघूर्ण में काफी वृद्धि हो जाती है। अत: यदि Supply voltage में 5 प्रतिशत का परिवर्तन $V$ कर दिया जाता है तब Starting torque में 10% का परिवर्तन हो जाता है।

Scanned with CamScanner

**बल आघूर्ण तथा घूर्णक की प्रेरित विद्युत शक्ति में सम्बन्ध (Relation Between Torque and Induced Electric Power of the Rotor)**–जैसा कि ऊपर अध्ययन किया जा चुका है कि प्रेरण मोटर (Induction motor) $E_2$ का मान प्रत्यक्ष स्टेटर फ्लक्स ($\phi$) के समानुपाती होता है अर्थात् $E_2 \propto \phi$ अथवा $E_2 = KE_1$, इसलिए, $\phi = \frac{E_2}{K_1}$ होगा। इस मान को बल आघूर्ण के सूत्र में रखने पर

$$T = \frac{K_2}{K_1} \cdot E_2 I_2 \cos \phi_2$$

$$T = K_2 E_2 I_2 \cos \phi_2$$

$$T \propto P_2 \qquad\qquad P_2 = E_2 I_2 \cos \phi_2$$

$$T_{starting} \propto \text{Power induced in rotor}$$

**उदाहरण 1.** एक त्रिफेज स्लिप रिंग प्रेरण मोटर के रोटर का प्रतिरोध तथा स्थिर प्रतिघात क्रमश: 0.04 Ω तथा 0.2 Ω हैं तब मोटर को अधिकतम बल आघूर्ण पर प्रारम्भ करने के लिए रोटर परिपथ में बाह्य प्रतिरोध का प्रतिफेज का क्या मान होगा?

**हल–** रोटर का प्रतिरोध $R_2 = 0.04\ \Omega$

रोटर का प्रतिघात $X_2 = 0.2\ \Omega$

अधिकतम बल आघूर्ण के लिए $R_2 = X_2$

$R_2 = 0.2\ \Omega$

$\therefore$ रोटर परिपथ में स्टार्टर द्वारा दिया जाने वाला प्रतिरोध प्रतिफेज $= 0.2 - 0.04$

$= 0.16\ \Omega$

**उदाहरण 2.** एक त्रिफेज प्रेरण मोटर का रोटर स्टार संयोजित है तथा इसकी रोटर स्लिप रिंगों के बीच स्थिर अथवा खुले परिपथ (Open circuited) stand still पर 80 Volt विद्युत वाहक बल प्रेरित करता है। स्टार संयोजित रोटर का स्थिर अवस्था (Stand still) में प्रतिरोध तथा प्रतिघात प्रति फेज क्रमश: 1 Ω तथा 4Ω है। इस स्थिति में Rotor धारा तथा Power factor की गणना कीजिए। जबकि ( क ) स्लिप रिंग लघुपथित है ( ख ) स्लिप रिंगों को 3Ω प्रतिफेज वाले स्टार संयोजित प्रतिरोधक (Star-connected Rheostat) से संयोजित किया गया है।

**हल–(क)** स्थिर अवस्था में रोटर विद्युत वाहक बल/फेज $= \frac{80}{\sqrt{3}} = 46.2$ V

Rotor resistance = 1 Ω

Rotor Reactance = 4Ω

Rotor impedance/phase $= \sqrt{1^2 + 4^2} = \sqrt{1+16}$

$= \sqrt{17} = 4.12\ \Omega$

रोटर धारा प्रतिफेज $\qquad I_2 = \frac{E_2}{I_2} = \frac{46.2}{4.12} = 11.2$ Amp.

Power factor $\qquad \cos \phi_2 = \frac{R}{Z} = \frac{4}{4.12} = 0.243$

अत: Power factor का मान कम है तब Starting torque का मान निम्न (Low) होगा।

(ख) स्टार्टर प्रतिरोध प्रतिफेज = 3 Ω

$\therefore$ नया रोटर प्रतिरोध प्रतिफेज $= 3 + 1 = 4\ \Omega$

∴ रोटर प्रतिबाधा प्रतिफेज $Z = \sqrt{(4)^2 + (4)^2}$

$$= \sqrt{16 + 16} = 5.66\ \Omega$$

∴ Rotor current/phase $= \dfrac{46.2}{5.66} = 8.16$ Amp.

$$\cos\phi = \frac{R}{Z} = \frac{4}{5.6} = 0.707$$

$$\cos\phi = 0.707$$

उपरोक्त उदाहरण से स्पष्ट है कि शक्ति गुणक का मान बढ़ने से प्रारम्भिक बल आघूर्ण भी बढ़ गया है। शक्ति गुणक काफी बढ़ गया है, जबकि धारा में अपेक्षाकृत कम कमी आयी धारा में यह कमी प्रतिबाधा में वृद्धि के कारण हुआ है।

**उदाहरण 3. एक त्रिफेज 440 वोल्ट स्टार संयोजित प्रेरण में मोटर का रोटर स्टार संयोजित है। स्टेटर से रोटर का Turn Ratio 5 है। रोटर की स्थिर अवस्था में प्रतिफेज प्रतिरोध तथा प्रतियात क्रमशः 0.05 Ω तथा 0.25 Ω है। अधिकतम प्रारम्भिक बल आघूर्ण प्राप्त करने के लिए रोटर परिपथ में कितना प्रतिरोध प्रतिफेज दिया जाना चाहिए तथा इस प्रतिरोध सहित रोटर की प्रारम्भिक धारा क्या होनी चाहिए?**

हल– Rotor का प्रतिरोध $R_2 = 0.05\ \Omega$

Rotor का प्रतिघात $X_2 = 0.25\ \Omega$

$$K = \frac{\text{रोटर Turn प्रतिफेज}}{\text{स्टेटर Turn प्रतिफेज}}$$

$$K = \frac{1}{5}$$

∴ स्थिर अवस्था में रोटर का विद्युत वाहक बल प्रतिफेज $E_2 = \dfrac{440}{\sqrt{3}} \times \dfrac{1}{5}$

$$E_2 = 50.8 \text{ Volt}$$

अधिकतम बल आघूर्ण के लिए

$$R_2 = X_2$$

$$R_2 = 0.25\ \Omega$$

∴ आवश्यक बाह्य प्रतिरोध प्रतिफेज $= 0.25 - 0.05$

$$= 0.20$$

$$= 0.2\ \Omega$$

रोटर प्रतिबाधा प्रतिफेज $I_2 = \sqrt{(0.25)^2 + (0.25)^2}$

$$= \sqrt{0.0625 + 0.0625}$$

$$= \sqrt{0.125}$$

$$= 0.353\ \Omega$$

रोटर धारा प्रतिफेज $= I_2 = \dfrac{E_2}{Z_2} = \dfrac{50.8}{0.353}$

$$= 143.7 \text{ Amp.}$$

$I_2 = 143.7$ ऐम्पियर

Scanned with CamScanner

**पिन्जरा प्रारूपी प्रेरण मोटर का प्रारम्भिक बल आघूर्ण** (Starting Torque of a Squirrel Cage Motor)–पिन्जरा रोटर का प्रतिरोध (Squirrel cage rotor) स्थिर होता है तथा उसके प्रतिघात Reactance की अपेक्षा बहुत ही कम होता है। रोटर का प्रतिघात बहुत अधिक होता है विशेषकर जब मोटर को स्थिर अवस्था में प्रारम्भ करते हैं। इस समय धारा की आवृत्ति सप्लाई आवृत्ति के तुल्य होता है इसलिए रोटर की प्रारम्भिक धारा $I_2$ (परिमाण में बहुत अधिक होने के बावजूद) रोटर विद्युत वाहक बल $E_2$ से काफी बड़े कोण से पश्चगामी होता है तथा इस प्रकार शक्ति गुणक बहुत कम लगभग 0.2 होता है जिसके फलस्वरूप प्रारम्भिक बल आघूर्ण प्रति ऐम्पियर बहुत कम होता हैं प्रारम्भिक बल आघूर्ण पूर्ण लोड बल आघूर्ण से इस समय लगभग 1-5 गुना होता है जबकि प्रारम्भिक धारा पूर्ण लोड धारा से 5 से 7 गुना अधिक होता है। अत: इस प्रकार प्रेरण मोटर ऐसे स्थान के लिए उपर्युक्त नहीं जहाँ इन्हें भारी लोड पर चलाना हो।

**स्लिप रिंग मोटरों का निर्माण** (Starting Torque of a Slip Ring Motor)–स्लिप रिंग मोटर का शक्ति गुणक को बढ़ाकर उनका प्रारम्भिक बल आघूर्ण के मान को बढ़ाया जा सकता है। हम जानते हैं कि शक्ति गुणक का मान (i) $R_2$ का मान बढ़ाकर या (ii) $X_2$ का मान घटाकर बढ़ाया जा सकता है। रोटर के $X_2$ के मान को कम नहीं किया जा सकता है परन्तु स्लिप रिंग मोटर के रोटर के प्रतिरोध $R_2$ को रोटर परिपथ में बाह्य प्रतिरोध देकर बढ़ाया जा सकता है। रोटर परिपथ में स्टार संयोजन प्रतिरोध (Star connected rheostat) द्वारा रोटर, परिपथ में बाह्य प्रतिरोध दिया जाता है जिसके कारण प्रतिरोध को धीरे-धीरे कम करते जाते हैं। जैसे-जैसे मोटर गति को प्राप्त करती जाती है रोटर परिपथ में बाह्य प्रतिरोध देने से रोटर की प्रतिबाधा बढ़ जाती है जिससे धारा कम हो जाती है। रोटर धारा की कमी का समंजन बढ़ा हुआ शक्ति गुणक पूरा करा देता है। इस प्रकार प्रारम्भिक बल आघूर्ण का मान बढ़ जाता है लेकिन एक निश्चित विन्दु तक ही बढ़ी हुई प्रतिबाधा, बढ़े हुये शक्ति गुणक के प्रभाव में रहता है और इस प्रकार बलाघूर्ण घटने लगता है अत: रोटर उच्च प्रतिरोध से मोटर का प्रारम्भिक बल आघूर्ण तो बढ़ जाता है लेकिन प्रसामान्य गति पर मोटर की दक्षता घट जाती है।

**गतिशील अवस्था में रोटर विद्युत वाहक बल, रोटर प्रतिघात, रोटर धारा एवं शक्ति गुणक** (Rotor e.m.f. Rotor Reactance, Rotor Current and Rotor Power Factor Under Running Condition)–माना कि स्थिर अवस्था में रोटर में विद्युत वाहक बल प्रतिफेज $= E_2$,

गतिशील अवस्था में रोटर में प्रेरित विद्युत वाहक बल प्रतिफेज $= E_r$,

स्थिर अवस्था में रोटर प्रतिघात प्रतिफेज $= X_2$,

गतिशील अवस्था में रोटर प्रतिघात प्रतिफेज $= X_r$.

$\therefore$ स्थिर अवस्था में रोटर की आवृत्ति $= f_r = f$, जहाँ सप्लाई आवृत्ति $= f$

गतिशील अवस्था में रोटर की आवृत्ति $= f_r$

मोटर को प्रारम्भ करने के समय जब रोटर स्थिर अवस्था में होता है, उस समय स्लिप का मान $S = 1$ अर्थात् स्लिप का अधिकतम होता है तथा रोटर की आवृत्ति सप्लाई आवृत्ति के तुल्य होती है। स्थिर अवस्था में रोटर में प्रेरित विद्युत वाहक बल अधिकतम होता है क्योंकि रोटर तथा परिक्रमणी (Revolving) स्टेटर फ्लक्स के बीच सापेक्ष गति अधिकतम होती है। वास्तव में इस समय त्रिफेज मोटर उस 3 फेज ट्रांसफॉर्मर के तुल्य होता है जिसका घूर्णक द्वितीयक कुण्डलन लघुपथित हो। लेकिन जैसे रोटर स्थिर अवस्था में चलना प्रारम्भ करता है रोटर तथा परिक्रमणी स्टेटर फ्लक्स के बीच सापेक्ष गति घटने लगती है चूँकि रोटर में प्रेरित विद्युत वाहक बल सापेक्ष गति से सीधे समानुपाती होता है, भी घटने लगता है। इस स्थिति में स्लिप रोटर धारा की आवृत्ति एवं रोटर प्रतिघात घटने लगता है। इससे रोटर धारा का मान भी घटने लगता है लेकिन रोटर विद्युत वाहक बल के फेज में ही रहता है।

इस प्रकार स्लिप ($S$) के लिये गतिशील अवस्था में रोटर में प्रेरित विद्युत वाहक बल स्थिर अवस्था में प्रेरित विद्युत वाहक बल का $S$ गुना होगा।

इस प्रकार गतिशील अवस्था में रोटर में प्रेरित विद्युत वाहक बल प्रतिफेज

$$E_r = SE_2$$

अर्थात् गतिशील अवस्था में रोटर में प्रेरित विद्युत वाहक बल घटने लगता है।

Scanned with CamScanner

इसी प्रकार गतिशील अवस्था में रोटर धारा आवृत्ति $f_r = Sf$

गतिशील अवस्था में रोटर प्रतिघात $X_r = 2\pi f_r L$

$$X_r = 2\pi SfL \qquad (\because X_2 = 2\pi fL)$$

$$X_r = SX_2$$

इस प्रकार यह सिद्ध किया जा सकता है कि रोटर धारा की आवृत्ति घटने से रोटर प्रतिघात भी घटने लगता है।

गतिशील अवस्था में रोटर धारा

$$\text{रोटर धारा } I_r = \frac{E_r}{Z_r}$$

$$= \frac{SE_2}{\sqrt{R_2^2 + X_r^2}}$$

$$I_r = \frac{SE_2}{\sqrt{R^2 + (SX_2)^2}}$$




चित्र 1.41

गतिशील अवस्था में शक्ति गुणक $\cos\phi_r = \frac{R_2}{Z_r} = \frac{R_2}{\sqrt{R_2^2 + (X_r)^2}}$

$$= \frac{R_2}{\sqrt{R_2^2 + (SX_2)^2}}$$

### गतिशील अवस्था में बल आघूर्ण (Torque Under Running Condition)

Running Torque का मान

$$T \propto \phi I_r \cos\phi_r \qquad ...(i)$$

या

$$T \propto E_r I_r \cos\phi_r$$

Running torque के समीकरण में

$I_r$ = गतिशील अवस्था में रोटर धारा प्रतिफेज

$E_r$ = गतिशील अवस्था में उत्पन्न विद्युत वाहक बल प्रतिफेज

$$E_r = SE_2$$

$$I_r = \frac{E_r}{Z_r} = \frac{SE_2}{\sqrt{R_2^2 + (SX_2)^2}}$$

$$\cos\phi_r = \frac{R_2}{\sqrt{R_2^2 + (SX_2)^2}}$$

$$T \propto \phi \times \frac{SE_2}{\sqrt{R_2^2 + (SX_2)^2}} \times \frac{R_2}{\sqrt{R_2^2 + (SX_2)^2}}$$

$$T \propto \frac{S\phi E_2 R_2}{R_2^2 + (SX_2)^2}$$

$$= \frac{KS\phi E_2 R_2}{R_2^2 + (SX_2)^2} \qquad ...(ii)$$

$$E_2 \propto \phi$$

तब $\phi = E_2$ को समीकरण (ii) में रखने पर

Scanned with CamScanner

हमे बल आघूर्ण (*T*) का मान निम्न रूप से भी प्राप्त किया जा सकता है–

$$T \propto \frac{SE_2 \cdot E_2R_2}{R_2^2 + (SX_2)^2}$$

$$T = \frac{K_1E_2^2SR_2}{R_2^2 + (SX_2)^2}$$

$$T = \frac{K_1E_2^2SR_2}{R_2^2 + (SX_2)^2}$$

अत: Running condition में Torque का मान

$$T = \frac{K_1SE_2^2R_2}{R_2^2 + (SX_2)^2}$$

जब Rotor स्थिर अवस्था में होगा तब Slip का मान $S = 1$ होगा अत: Stand still condition में Torque

$$T = \frac{K_1E_2^2R_2}{R_2^2 + SX_2^2}$$

### गतिशील अधिकतम बल आघूर्ण के लिये शर्त
### (Condition for Maximum Torque Under Running Condition)

$$T = \frac{K\phi SE_2R_2}{R_2^2 + (SX_2)^2}$$

माना कि

$$Y = \frac{1}{T}$$

$$Y = \frac{R_2^2 + (SX_2)^2}{K\phi SE_2R_2}$$

$$Y = \frac{R_2^2}{K\phi SE_2R_2} + \frac{((SX_2)^2}{K\phi SE_2R_2}$$

$$Y = \frac{R_2}{K\phi SE_2} + \frac{SX_2^2}{K\phi \cdot E_2R_2} \quad \text{...(i}$$

$$Y = \frac{R_2}{K\phi SE_2} + \frac{SX_2}{K\phi E_2R_2}$$

उपरोक्त समीकरण में माना कि स्लिप $S$ के सापेक्ष अवकलन करने पर तथा उसे शून्य के बराबर रखने पर अधिकतम बल आघूर्ण के लिए निम्नलिखित शर्त को ज्ञात किया जा सकता है।

$$\frac{dy}{ds} = \frac{d}{ds}\left(\frac{R_2}{K\phi SE_2}\right) + \frac{d}{ds}\left(\frac{SX_2}{K\phi \cdot E_2R_2}\right)$$

$$\frac{dy}{ds} = \frac{-R_2}{K\phi S^2E_2} + \frac{X_2}{K\phi E_2R_2}$$

अत: अधिकतम बल आघूर्ण के लिए

$$\frac{dy}{ds} = \frac{-R_2}{K\phi S^2E_2} + \frac{X_2}{K\phi E_2R_2} = 0$$

Scanned with CamScanner

$$\frac{R_2}{K\phi S^2 E_2} = \frac{X_2^2}{K\phi E_2 R_2}$$

$$R_2^2 = S^2 X_2^2$$

$$R_2 = SX_2$$

$$R_2 = SX_2$$

अत: गतिशील अवस्था में अधिकतम बलआघूर्ण के लिए

$$R_2 = SX_2$$

या $$S = \frac{R_2}{X_2}$$

$$T = \frac{K\phi SE_2 R_2}{R_2^2 + (SX_2)^2} = \frac{K\,SE_2^2 R_2}{R_2^2 + (SX_2)^2} \qquad ...(iii)$$

अत: बल आघूर्ण की समीकरण (iii) में $R_2 = SX_2$ रखने पर गतिशील अवस्था में अधिकतम बल आघूर्ण को निम्न शर्तों से प्राप्त की जा सकती है।

$$T_{max} = \frac{K\,SE_2^2 X_2 S}{(SX_2)^2 + (SX_2)^2}$$

$$T_{max} = \frac{K\,S^2 E_2^2 X_2}{2(SX_2)^2}$$

$$T_{max} = \frac{KE_2^2}{2X_2}$$

अत: $T_{max} \propto \frac{1}{2X_2}$ यदि $E_2$ का मान Constant हो तब

उपरोक्त समीकरण (iii) में $(SX_2 = R_2)$ रखने पर

$$T_{max} = \frac{K\,SE_2^2 R_2}{R_2^2 + (R_2)^2}$$

$$T_{max} = \frac{K\,SE_2^2 R_2}{2R_2^2}$$

$$= \frac{K\,SE_2^2}{2R_2}$$

$$T_{max} \propto \frac{SE_2^2}{2R_2}$$

अत: उपरोक्त समीकरण से निम्नलिखित निष्कर्ष निकलता है–

(i) अधिकतम बल आघूर्ण का मान रोटर प्रतिरोध से स्वतंत्र रहता है।

(ii) लेकिन जिस गति या स्लिप पर अधिकतम बल आघूर्ण होता है तब उसे रोटर प्रतिरोध द्वारा ज्ञात किया जा सकता है। जैसा कि ऊपर गणना में किया जा चुका है कि अधिकतम बल आघूर्ण उस समय प्राप्त किया जा सकता है जब रोटर प्रतिघात का मान रोटर प्रतिरोध के बराबर होते हैं, इस प्रकार केवल स्लिप रिंग मोटर में ही रोटर प्रतिरोध में परिवर्तित करके किसी इच्छित स्लिप या मोटर की गति पर अधिकतम बल आघूर्ण को प्राप्त किया जा सकता है।

Scanned with CamScanner

(iii) अधिकतम बल आघूर्ण का मान प्रयुक्त वोल्टता के वर्ग के सीधे समानुपाती होता है।

(iv) अधिकतम बल आघूर्ण रोटर के स्थिर प्रतिघात के विलोमानुपाती है। इसलिए रोटर प्रतिघात को जहाँ कम हो सके कम रखना चाहिए।

## गतिशील अवस्था में सप्लाई वोल्टता के परिवर्तन का बल आघूर्ण पर प्रभाव (Effect of Changes in Supply Voltage on Torque Under Running Condition)

$$T = \frac{K\phi SE_2R_2}{R_2^2 + (SX_2)^2}$$

चूँकि गतिशील स्थिति में स्लिप कम होता है इसलिये $(SX_2)^2$ को नगण्य मान कर छोड़ा जा सकता है

अतः: $$(R_2)^2 >>> (SX_2)^2$$

$$T = \frac{K\phi SE_2R_2}{R_2^2} = \frac{K\phi SE_2}{R_2}$$

$$T \propto \frac{\phi SE_2}{R_2}$$

यदि Rotor Resistance का मान स्थिर है तो

$$T \propto \phi SE_2$$

$$E_2 \propto \phi \propto V$$

$$T \propto SV^2$$

इस प्रकार उपरोक्त समीकरण से देखा जा सकता है कि सप्लाई वोल्टता प्रारम्भिक बल आघूर्ण $T_S$ पर नहीं बल्कि गतिशील बल आघूर्ण $T$ पर भी प्रभाव डालता है।

यदि सप्लाई वोल्टता कम होगी तो गतिशील बल आघूर्ण ($T$) भी घटेगा। इस प्रकार उसी बल आघूर्ण को बनाये रखने के लि स्लिप बढ़ेगी, अर्थात् गति घट जायेगी। यदि सप्लाई वोल्टता $V$ से $V_1$ हो जाता है, स्लिप $S$ से $S_1$ तथा बल आघूर्ण $T$ से $T_1$ जाता है तब सम्बन्ध

$$\frac{T}{T_1} = \frac{SV^2}{S_1V_1^2}$$

**गतिशील अवस्था में सप्लाई आवृत्ति के परिवर्तन से बल आघूर्ण तथा गति से परिवर्तन** (Effect of Changes i Supply Frequency on Torque and Speed)–आवृत्ति में कोई भी महत्वपूर्ण परिवर्तन एक बहुत बड़ी Fault के दौर बड़ी वितरण प्रणाली पर होता है वैसे भी बड़े आवृत्ति परिवर्तन अक्सर प्रथक्, कम बिजली प्रणाली पर होते हैं जिसमें डीजल इं या गैस टरबाइन के माध्यम से विद्युत ऊर्जा उत्पन्न होती है। ऐसी प्रणाली का उदाहरण अस्पताल में आपातकालीन आपूर्ति अ जहाज पर विद्युत प्रणाली आदि हैं।

आपूर्ति (Supply) में आवृत्ति के परिवर्तन का मुख्य प्रभाव मोटर की गति पर होता है। यदि आवृत्ति में 10% की गिराव होती है तो मोटर की गति भी 10% तक गिर जाती है। मशीन के उपकरण और अन्य मोटर चालित उपकरण 50 Hz के लि समस्या का कारण बनते हैं जब वह 60 Hz की Supply से जुड़ा होता है और प्रत्येक गति पर $\frac{(60-50)}{50} \times 100 = 20\%$ अ अधिक तेज और यह भी सभी एप्लिकेशन में स्वीकार्य नहीं हो सकता है। इस स्थिति में 50 Hz पर मोटर की गति को कम करने गियर उपकरण का उपयोग करना पड़ेगा जो मंहगे होते हैं।

जबकि मोटर को जो 50 Hz पर डिजाइन है उसे 60 Hz की Supply से चलाया जाता है तब उसका Termina voltage में $\frac{60-50}{50} \times 100 = (20\%)$ से (30% तेजी) से जुड़ा हुआ प्रतीत होता है उस स्थिति में Breakdown torqu

Scanned with CamScanner

मूल (Base) टार्क के बराबर हो जाता है और शुरूआती Torque केवल थोड़ा सा कम होता है। किसी भी तरह पावर फैक्टर दक्षता और तापमान वृद्धि संतोषजनक बनी हुई है।

इसी तरह 60 Hz की मोटर को यदि 50 Hz आपूर्ति पर संतोषजनक ढंग से काम कर सकती है बशर्ते उसके टर्मिनल वोल्टेज को इसकी नेम प्लेट रेटिंग से घटा दिया जाता है।

## प्रारम्भिक बल आघूर्ण तथा अधिकतम बल आघूर्ण में सम्बन्ध (Relation Between Starting Torque and Maximum Torque)

Starting torque का समीकरण $T_S = \frac{K\phi E_2 R_2}{R_2^2 + X_2^2}$

यदि स्थिर सप्लाई वोल्टता (Fixed supply voltage) पर $\phi$ तथा $E_2$ का मान स्थिर हो तब Starting torque का मान

$$T_S = \frac{R_2}{R_2 + X_2^2} \qquad \text{...(i)}$$

Maximum torque का समीकरण

$$T_{max} = \frac{K\phi S E_2 R_2}{R_2^2 + (SX_2)^2}$$

अतः Maximum torque के $R_2 = SX_2$ को रखने पर

$$T_{max} = \frac{K\phi SE_2 \cdot SX_2}{(SX_2)^2 + (SX_2)^2}$$

$$= \frac{K\phi S^2 E_2 \cdot X_2}{2(SX_2)^2} = \frac{K\phi E_2}{2X_2}$$

यदि Supply voltage का मान स्थिर हो तब $E_2$ और $\phi$ दोनों का मान स्थिर होता है अतः इस Condition में Maximum torque का मान

$$T_{max} = \frac{1}{2X_2} \qquad \text{...(ii)}$$

समीकरण (i) को समीकरण (ii) से भाग करने पर

$$\frac{T_{starting}}{T_{max}} = \frac{\dfrac{R_2}{R_2^2 + X_2^2}}{\dfrac{1}{2X_2}}$$

$$= \frac{R_2}{R_2^2 + X_2^2} \times 2X_2 = \frac{2R_2X_2}{R_2^2 + X_2^2}$$

अतः $X_2^2$ से अंश तथा हर में भाग देने पर

$$= \frac{\dfrac{2R_2X_2}{X_2^2}}{\dfrac{R_2^2}{X_2^2} + \dfrac{X_2^2}{X_2^2}}$$

Scanned with CamScanner

$$= \frac{\frac{2R_2}{X_2}}{\frac{R_2^2}{X_2^2}+1}$$

यदि $$a = \frac{R_2}{X_2} = \frac{\text{रोटर प्रतिरोध}}{\text{रोटर प्रतिघात}} \text{ (प्रतिफेज)}$$

$$\frac{T_{Starting}}{T_{max}} = \frac{2a}{a^2+1}$$

**पूर्ण लोड बल आघूर्ण तथा अधिकतम बल आघूर्ण में सम्बन्ध**
**(Relation Between Full Load Torque and Maximum Torque)**

माना स्लिप $S$ पर Full load का Torque

$$T_F = \frac{K\phi SE_2R_2}{R_2^2+(SX_2)^2}$$

यदि Supply voltage का मान स्थिर हो तो $E_2$ तथा $\phi_2$ का मान स्थिर होगा

$$T_F = \frac{SR_2}{R_2^2+(SX_2)^2} \quad \text{...(i)}$$

Maximum Torque का मान

$$T = \frac{K\phi SE_2R_2}{R_2^2+(SX_2)^2}$$

Maximum torque के लिए $R_2 = SX_2$

$$T_{max} = \frac{K\phi SE_2SX_2}{(SX_2)^2+(SX_2)^2}$$

$$= \frac{K\phi S^2E_2X_2}{2(SX_2)^2}$$

$$= \frac{K\phi E_2}{2X_2}$$

यदि सप्लाई Voltage का मान स्थिर है तब $\phi$, $E_2$ का मान भी स्थिर होगा। अतः Maximum torque का मान

$$T_{max} \propto \frac{1}{2X_2} \quad \text{...(ii)}$$

समीकरण (i) को समीकरण (ii) से भाग देने पर

$$\frac{T_{full}}{T_{max}} = \frac{\frac{SR_2}{R_2^2+(SX_2)^2}}{\frac{1}{(2X_2)}}$$

$$\frac{T_{full}}{T_{max}} = \frac{2SR_2 \cdot X_2}{R_2^2+(SX_2)^2}$$

Scanned with CamScanner

$$\frac{T_{full}}{T_{max}} = \frac{2SR_2X_2}{R_2^2 + S^2X_2^2}$$

अंश तथा हर में $X_2^2$ से भाग देने पर

$$\frac{T_{full}}{T_{max}} = \frac{\frac{2SR_2X_2}{X_2^2}}{\frac{R_2^2}{X_2^2} + \frac{S^2X_2^2}{X_2^2}}$$

$$= \frac{\frac{2SR_2}{X_2}}{\frac{R_2^2}{X_2^2} + S^2}$$

यदि $a = \frac{\text{Rotor Resistance}}{\text{Rotor Reactance}}$ (स्थिर अवस्था में)

$$\frac{T_{full}}{T_{max}} = \frac{2Sa}{a^2 + S^2}.$$

**उदाहरण 1. एक 3 फेज 50 Hz 3300 V Star connected induction motor का Output power 100 Kw तथा Synchronous speed 500 r.p.m. है, Full slip का मान 1.8% तथा Full load power factor 0.85, Stator copper 2440 W, Iron Loss = 3500 W, Rotational losses = 1200 W, तब गणना कीजिए (i) रोटर कॉपर हानि (ii) लाइन धारा (iii) Full load efficiency.**

हल–$P_m$ = Output power + Rotational loss

$= 100 + 1.2 = 101.2$ Kw

(i) Rotor copper loss $= \frac{S}{1-S} \times P_m = \frac{0.018}{1-0.018} \times 101.2 = 1.855$ Kw

(ii) Rotor input $P_2 = P_m$ + Rotor copper loss

$= 101.2 + 1.855 = 103.055$ Kw

Stator input $= P_2$ + Stator copper and iron losses

$= 103.055 + 2.44 + 3.5 = 108.995$ Kw

Stator input $= \sqrt{3} \times 3300 \times I_L \times 0.85$

$$I_L = \frac{\text{Stator input}}{\sqrt{3} \times 3300 \times 0.85}$$

$$= \frac{108.995 \times 100}{\sqrt{3} \times 3300 \times 0.85}$$

$I_L$ **= 22.4 Amp.**

**(iii) Full load efficiency**—$\eta = \frac{\text{Output power}}{\text{Input power}} \times 100$

$$= \frac{100 \times 1000}{10899.5} \times 100 = 91.7\%$$

$\eta$ = **91.7%**

Scanned with CamScanner

**Power flow diagram**

Stator input 108995 → Rotor input 103055 W → Mechanical power developed in rotor 101200 W → Motor output 100000 W or 100 Kw

Stator copper & iron losses 5940 W | Rotor copper loss 185 W | Rotational losses 1200 W

**उदाहरण 2. एक तीन फेज प्रेरण मोटर 400 V, 50 Hz, 6 Pole का Input power 20 Kw तथा Slip का मान 3% है (i) रोटर धारा की आवृत्ति (ii) Rotor की Speed (iii) Rotor Copper losses (iv) रोटर में धारा 60 A धारा प्रतिफेज हो तब Rotor प्रतिरोध ज्ञात कीजिये।**

हल–$P = 6$ Pole, Input power = 20 Kw, Slip = 3%

(i) Rotor धारा की आवृत्ति $= Sf = 50 \times 0.03 = 1.5$ Hz.

(ii) $N_S = \dfrac{120f}{P} = \dfrac{120 \times 50}{6} = 1000$ r.p.m.

3 प्रतिशत Slip पर Speed

$$N = N_S(1 - S) = 1000(1 - 0.03)$$
$$= 970 \text{ R.P.M.}$$

(iii) रोटर Copper loss = $S \times$ Input power of rotor

$$= 0.03 \times 20 = 0.6 \text{ Kw} = 600 \text{ W}$$

(iv) Rotor copper loss/phase $= \dfrac{600}{3} = 200$ W

$$P = I^2 R_2$$
$$200 = (60)^2 R_2$$
$$R_2 = 0.055\ \Omega$$

**उदाहरण 3. एक 6 Pole 50 Hz 3-फेज प्रेरण मोटर 4 प्रतिशत स्लिप के साथ Full load पर कार्य कर रही है तथा अपने घिरनी के रिम पर 15.20 Kg-m का बल आघूर्ण उत्पन्न कर रही है। घर्षण तथा (Frictional and windage losses) 200 watt है तथा स्टेटर ताम्र तथा लोह हानि 1580 वाट है। मोटर की (i) Output (ii) Rotor copper loss (iii) Full load efficiency ज्ञात कीजिए।**

हल–$P = 6$, $f = 50$ Hz, $S = 4\% = 0.04$

$$\text{Torque} = 15.20 \text{ Kg-m} = 15.20 \times 9.81 \text{ N-m}$$
$$= 149.112 \text{ N-m}$$
$$N_S = \frac{120f}{P} = \frac{120 \times 50}{6} = 1000 \text{ r.p.m.}$$
$$N = N_S(1 - S) = 1000(1 - 0.04) = 960 \text{ r.p.m.}$$

मोटर की Output $= \dfrac{2\pi NT}{60}$

$$= 2 \times \frac{22}{7} \times \frac{960 \times 149.112}{60}$$

= 14996.35 वाट

Scanned with CamScanner

कुल Rotor output = Motor input + Windage तथा Frictional losses

$$= 14996.35 + 200 = 15196.35 \text{ वाट}$$

$$\text{Roter copper losses} = \frac{\text{Rotor output} \times S}{(1-S)}$$

$$= \frac{15196.35 \times 0.04}{1-0.04}$$

$$= \frac{607.85}{0.96} = 633.18 \text{ वाट}$$

$$\text{Rotor input} = \frac{\text{Rotor copper loss}}{S}$$

$$= \frac{633.18}{0.04} = 15829.53 \text{ वाट}$$

Input power of motor = Rotor input + Stator copper losses

$$= 15829.35 + 1580$$

$$= 17409.5$$

$$\text{Efficiency} = \frac{\text{Output}}{\text{Input}} \times 100 = \frac{14996.35}{17409.5} \times 100 = 86.13\%$$ **Ans.**

**उदाहरण 4. एक 3-Phase induction motor का Starting Torque का मान 100% और Maximum Torque का मान Full load का 200% है तब**

**(i) Maximum Torque पर Slip (ii) Full load slip**

**(iii) Full load Rotor current का प्रति इकाई Starting current का मान।**

हल–

$$\frac{T_{St}}{T_{\max}} = \frac{T_{FL}}{2T_{FL}} = \frac{1}{2}$$

$$\frac{T_{St}}{T_{\max}} = \frac{2S_m}{1+S_m^2} = \frac{1}{2}$$

$$4S_m = 1 + S_m^2$$

$$S_m^2 - 4S_m + 1 = 0$$

$$S_m = \frac{\pm 4 \sqrt{(4)^2 - 4 \times 1 \times 1}}{2 \times 1}$$

$$S_m = \frac{+4 \pm \sqrt{16-4}}{2}$$

$$= \frac{4 \pm \sqrt{12}}{2} \qquad \sqrt{12} = 3.46$$

$$= \frac{4+3.46}{2} \text{ या } \frac{4-3.46}{2}$$

$$= 3.73 \text{ या } \frac{0.54}{2} = 0.27$$

$$S_m = 0.27$$

Scanned with CamScanner

(ii)
$$\frac{T_{FL}}{T_{max}} = \frac{2S \cdot S_{max}}{S^2 + S_m^2}$$

$$\frac{1}{2} = \frac{2S \cdot S_m}{S^2 + S_m^2}$$

$$S^2 + S_m^2 = 4S \cdot S_m$$

$$S^2 - 4S \cdot S_m + S_m^2 = 0$$

$$S = \frac{4S_m \pm \sqrt{16 S_m^2 - 4S_m^2}}{2}$$

$$S = \frac{4S_m \pm \sqrt{12 S_m^2}}{2} \qquad \sqrt{12} = 3.46$$

$$S = \frac{4 S_m + 3.46 S_m}{2} \quad \text{or} \quad \frac{4S_m - 3.46 S_m}{2}$$

$$S = 3.73 S_m \quad \text{या} \quad 0.27 S_m$$

$$\text{Slip } S = 0.27 S_m$$

$$= 0.27 \times 0.27$$

$$S = 0.0729$$

(iii) Full load पर Slip $I_{Fl} = \frac{E_2 S}{Z_2 S} = \frac{SE_{20}}{\sqrt{R_2^2 + (SX_{20})^2}}$

At Starting time slip $S = 1$

$$I_{St} = \frac{E_{20}}{\sqrt{R_2^2 + (X_{20})^2}}$$

$$\frac{I_{St}}{I_{Fl}} = \frac{\dfrac{E_{20}}{\sqrt{R_2^2 + (X_{20})^2}}}{\dfrac{SE_{20}}{\sqrt{R_2^2 + (SX_{20})^2}}}$$

$$\frac{I_{St}}{I_{Fl}} = \frac{E_{20}}{\sqrt{R_2^2 + (X_{20})^2}} \times \frac{\sqrt{(R_2)^2 + (SX_{20})^2}}{SE_{20}}$$

$$\left(\frac{I_{St}}{I_{20Fl}}\right)^2 = \frac{R_2^2 + (SX_{20})^2}{S^2 (R_2^2 + X_{20})^2}$$

$$\left(\frac{I_{St}}{I_{Fl}}\right)^2 = \frac{(X_{20})^2}{(X_{20})^2 S^2} \left[\frac{\left[\dfrac{R_2}{X_{20}}\right]^2 + S^2}{\left(\dfrac{R_2}{X_{20}}\right)^2 + 1}\right]$$

Scanned with CamScanner

$$\left(\frac{I_{St}}{I_{Fl}}\right)^2 = \frac{\left[\left(\frac{R_2}{X_{20}}\right)^2 + S^2\right]}{S^2\left[\left(\frac{R_2}{X_2}\right)^2 + 1\right]}$$

$$S_m = \frac{R_2}{X_{20}}$$

$$\left(\frac{I_{St}}{I_{Fl}}\right)^2 = \frac{(S_m^2 + S^2)}{S^2\,(S_m^2 + 1)}$$

$$\left(\frac{I_{St}}{I_{Fl}}\right)^2 = \frac{(0.27)^2 + (0.0729)^2}{(0.0729)^2\,[(0.27)^2 + 1]}$$

$$= \frac{0.0729 + 0.00531}{0.00531\,[0.0729 + 1]}$$

$$= \frac{0.07821}{0.00531\,(1.0782)}$$

$$= \frac{0.07821}{0.00572} = 13.67$$

$$\frac{I_{St}}{I_{Fl}} = \sqrt{13.67} = 3.697$$

$$\frac{I_{St}}{I_F} = 3.697$$

**उदाहरण 5. एक 36 Kw, 3 Phase 4 Pole 50 Hz प्रेरण मोटर का Full load पर Efficiency 84 प्रतिशत है और Windage तथा Friction losses का मान No load Losses का $\frac{1}{3}$ है। Full load पर Rotor copper losses का मान Iron losses के बराबर है तब Full load पर Speed ज्ञात कीजिये। स्टेटर प्रतिरोध का मान नगण्य है।**

हल– Motor का Output = 36 Kw

Full load efficiency = 84%

Friction and windage losses = $\frac{1}{3}$ × No load losses

Rotor copper loss = Iron loss (at full load)

$$\text{Motor input} = \frac{\text{Motor output}}{\text{Efficiency}}$$

$$= \frac{36000}{0.84}\text{ W}$$

$$= 42857$$

Scanned with CamScanner

$$\text{Total loss} = \text{Input power} - \text{Output power}$$
$$= 42857 - 36000$$
$$= 6857 \text{ W}$$

Total losses = Stator iron losses + Stator copper losses + Rotor copper losses + Windage and friction loss

$$6857 = \text{Stator iron losses} + \text{Stator iron losses} + \frac{1}{2} \text{ stator iron losses}$$

($\because$ Rotor copper losses का मान iron loss के मान के बराबर है)

$$\text{Stator iron losses} = \frac{5857}{2.5} = 2743 \text{ W}$$

Rotor copper losses = Stator iron losses = 2743 W

$$\text{Friction and windage losses} = \frac{1}{2} \text{ Stator iron losses}$$
$$= \frac{1}{2} \times 2743$$
$$= 1371 \text{ W}$$

Mechanical power developed = Motor output + Friction and windage losses
$$= 36000 + 1371$$
$$= 37371 \text{ W}$$

Rotor input = Mechanical power developed + Rotor copper losses
$$= 37371 + 2743$$
$$= 40114 \text{ W}$$

$$\text{Rotor output} = (1 - S) \times \text{Rotor input}$$
$$(1 - S) = \frac{\text{Rotor output}}{\text{Rotor input}}$$
$$= \frac{37371}{40114} = 0.932$$

Motor का Full load पर Speed $= N_S (1 - S)$
$$= \frac{120f}{P} (1 - S)$$
$$= \frac{120 \times 50}{4} \times 0.932$$
$$= 1398 \text{ r.p.m.}$$

## 1.9 बल आघूर्ण-सर्पी वक्र तथा स्थायित्व एवं अस्थायित्व क्षेत्र (Torque Slip Curve, Stable and Unstable Zones)

**बल आघूर्ण स्लिप तथा बल आघूर्ण गति वक्र (Torque Slip and Torque Speed Characteristics)**–बल आघूर्ण स्लिप वक्र में स्लिप को 0–1 की Range (परास) में लिया गया है तथा बल आघूर्ण गति वक्र को दिखाया गया है तथा गति को प्रतिशत में लिया गया है।

Torque का समीकरण $T = \frac{K \cdot SE_{20}^2 R_2}{R_2^2 + (SX_{20})^2}$

यदि Rotor resistance तथा Rotor reactance का मान नियत हो तब $T$ का समीकरण

$$T \propto KS$$

अत: Torque slip curve को तीन क्षेत्रों (Regions) में बाँटा जा सकता है–

(i) निम्न स्लिप क्षेत्र (Low slip region)

(ii) मध्यम स्लिप क्षेत्र (Medium slip region)

(iii) उच्च स्लि क्षेत्र (High slip region)

**(i) निम्न स्लिप क्षेत्र (Low Slip Region)**–Torque का समीकरण

$$T = \frac{KS\, E_2^2 R_2}{R_2^2 + (SX_{20})^2}$$

$$T \propto \frac{SR_2}{R_2^2 + (SX_{20})^2} \quad (E_2 \text{ का मान नियत (Constant) हो तब})$$

जब $S = 0$ होगा तो बल आघूर्ण $T = 0$ तथा वक्र मूल विन्दु (0, 0) से प्रारम्भ होगा जब स्लिप $S$ का मान बहुत कम हो तो रोटर की गति तुल्यकाली गति के लगभग बराबर होगा तब $(SX_2)^2$ के पद को छोड़ा जाता है क्योंकि Slip के मान को (2 से 5%) ही लिया जाता है तथा Reactance का मान भी लगभग एक से कम होता है तब इन दो संख्याओं के गुणा का वर्ग का मान कम ही आयेगा इसलिए $(SX_2)^2$ के पद को छोड़ा जाता है।

$$\therefore \quad T \propto \frac{S}{R_2} \quad (\text{यदि Rotor resistance का मान नियत हो तब})$$

$$T \propto S$$

इस प्रकार स्लिप $S$ के Low मान के लिये बल आघूर्ण Slip curve का मान एक सरल रेखा होता है जैसा कि चित्र (1.42) में दिखाया गया है।

**(ii) मध्यम स्लिप क्षेत्र (Medium Slip Region)**–जैसे-जैसे Slip के मान को बढ़ाया जाता है (अर्थात् Motor पर Overload बढ़ता है) तो बल आघूर्ण भी बढ़ता है तथा बल आघूर्ण उस समय अधिकतम हो जाता जब $R_2 = SX_2$ या $S = \frac{R_2}{X_2}$ के मान के बराबर होता है, इस समय बल आघूर्ण को Pullout या Breakdown torque कहते हैं चूँकि मोटर पर अधिक लोड देने के कारण, स्लिप का मान और बढ़ता है इसलिए इस स्थिति में मोटर की गति घट जायेगी तब $R_2$ का मान $SX_2$ की अपेक्षा नगण्य हो जायेगा, जिसे हम निम्न समीकरण के माध्यम से व्यक्त करते हैं।

$$\Rightarrow \quad T \propto \frac{S}{(SX_2)^2}$$

$$\Rightarrow \quad T \propto \frac{1}{SX_2^2} \quad (\text{चूँकि Rotor का Reactance का मान Constant होता है।})$$

$$\Rightarrow \quad T \propto \frac{1}{S}$$

Induction motor का इस समय Torque का मापन Short time overloading की Capability को दर्शाता है। इस प्रकार बल आघूर्ण स्लिप वक्र आयताकार अतिपरवलय (Rectangular hyperbola) जैसा होगा।

Scanned with CamScanner

**(iii) उच्च स्लिप क्षेत्र (High Slip Region)**–Maximum Torque के बाद Torque का मान कम हो जाता है उसका परिणाम यह है कि मोटर धीमा हो जाता है और अंततः बंद हो जाता है। इस Stage के दौरान Overload protection को तुरंत Supply से अलग करना चाहिए ताकि Overheating के कारण induction motor damage न हो।

Induction motor slip $S = 0$ तथा $S = S_m$ के बीच (साधारणतः 2 से 5%) कार्य करता है जहाँ $S_m$ अधिकतम Torque के लिए Slip का मान है। एक सामान्य प्रेरण मोटर के लिए Pull out torque का मान 2 से 3 गुना Full load torque का होता है। इस प्रकार Induction motor कम समय के लिए Overload को संभाल (Hold) रखता है। Starting torque का मान 1.5 गुना Full load torque का होता है जैसा Torque slip को Graph में प्रदर्शित किया गया है।




चित्र 1.42 बलाघूर्ण-स्लिप वक्र (Torque slip curves)

**बल आघूर्ण गति वक्र (Speed Torque Curve)**–यह ग्राफ से देखा गया है कि यद्यपि अधिकतम Torque का Rotor प्रतिरोध से स्वतंत्र रहता है फिर भी Maximum torque का मान Exact location पर Dependent करता है अतः रोटर प्रतिरोध का मान ही अधिकतम Slip का मान है जिस पर अधिकतम Torque को प्राप्त किया जाता है लेकिन ग्राफ से यह भी देखा जा सकता है कि रोटर प्रतिरोध का मान जैसे-जैसे बढ़ता जाता है मोटर की गति कम हो जाती है लेकिन अधिकतम Torque का मान स्थिर रहता है।




चित्र 1.43 Torque speed curves

Scanned with CamScanner

## त्रिकला प्रेरण मोटर का शक्ति प्रवाह आरेख
## (Power flow Diagram of an 3-$\phi$ I.M.)

**त्रिकला-प्रेरण मोटर (पिन्जरा प्रारूपी) का बल आघूर्ण-सर्पी-गति वक्र**
**(3-$\phi$ Induction motor का Power Flow Diagram)**




**बल आघूर्ण सर्पी-बल आघूर्ण-गति वक्र (Torque-Slip and Torque-speed Characteristics)**

बल आघूर्ण और गति वक्र की मुख्य अभिलाक्षणिक गुण निम्न प्रकार से हैं।

1. जब $\eta = n_S$ एवं $S = 0$, इस स्थिति में बल आघूर्ण शून्य होता है, अर्थात् रोटर की गति और स्टेटर फील्ड की गति यदि समान है तब आपस में कोई सापेक्ष गति (Relative speed) नहीं होती है। अर्थात् रोटर वोल्टेज एवं रोटर धारा शून्य होती है।

2. वक्र का हैटज (Hatched) क्षेत्र जो मोटर के साधारण प्रचालन की सीमा को दर्शाता है, इस क्षेत्र में बल आघूर्ण स्लिप में रेखीय बढ़ता है। यह मोटर के Stable zone को बताता है।

Scanned with CamScanner

3. जब स्लिप $S = 1$ स्थिर अवस्था (Stand still) में Starting torque मोटर के Load Torque से कम एवं मोटर त्वरित अवस्था में होती है, तो इस स्थिति में मोटर में विकसित बल आघूर्ण (developed torque) लोड बल आ (load torque) के बराबर होता है।

4. यदि मोटर का लोड बल आघूर्ण (load torque) Breakdown torque or pullout torque से ज्यादा होता है मोटर Stand still परिस्थिति के लिए अग्रसर होता है और यहाँ मोटर की Unstable zone का Action प्रारम्भ हो जाता है।

5. प्रेरण मोटर में अधिकतम बल आघूर्ण स्लिप के कम मान पर प्राप्त होता है और इस स्थिति में मोटर लगभग स्थिर गति चल रही होती है और मोटर पर भार (load) भी कम होता है।

6. प्रेरण मोटर में अधिकतम बल आघूर्ण अथवा पुलआऊट बल आघूर्ण अथवा ब्रेकडाउन बल आघूर्ण की अभिलाक्षणि प्रकृति मोटर को अचानक रोकने (Stall) की होती है।




चित्र 1.44 Speed torque characteristics of 3-ϕ I.M.

## 1.10 बल आघूर्ण-सर्पी वक्र पर रोटर प्रतिरोध का प्रभाव (Effect of Rotor Resistance upon the Torque Slip Curve)

प्रेरण मोटर में रोटर प्रतिरोध का प्रचालन, बल आघूर्ण और गति को प्रभावित करने में मुख्य कार्य करता है जिसे हम रोटर विकसित होने वाले बल आघूर्ण समीकरण एवं अभिलाक्षणिक वक्रों के द्वारा समझ सकते हैं।

प्रेरण मोटर का बल आघूर्ण चालन की स्थिति में (Torque at running condition)

$$\text{प्रचालन आघूर्ण } T = \frac{K_S E_2^2 R_2}{R_2^2 + (SX_2)^2} \text{ Newton-meter}$$

प्रेरण मोटर में उच्च दक्षता (High efficiency) को प्राप्त करने के लिए रोटर का प्रतिरोध ($R_2$) का मान काफी कम रख हैं, जोकि रोटर प्रतिघात ($X_2$) के मान के लगभग एक प्रतिशत (1%) या दो प्रतिशत (2%) ही होता है। अर्थात् $X_2$ की तुलना $R_2$ लगभग नगण्य होता है।

रोटर प्रतिरोध में परिवर्तन करने से मोटर के टार्क-स्पीड वक्र के स्वरूप तो विशेष प्रभावित नहीं है, परन्तु प्रारम्भन बल आघू (Starting torque) के परिमाण पर तथा अधिकतम बल आघूर्ण की स्थिति (Situation of maximum torque) प पड़ता है, जो इस प्रकार से समीकरण के रूप में प्रदर्शित करते हैं।

Scanned with CamScanner

मोटर का प्रारम्भन बल आघूर्ण (Starting torque)

$$T_S = \frac{KE_2^2 R_2}{R_2^2 + X_2^2} \text{ Newton-meter}$$

चूँकि $X_2$ की तुलना में $R_2$ नगण्य होता है एवं $E_2$ व $X_2$ के मान भी लगभग स्थिर रहते हैं।

अतएव Starting torque $T_S \propto R_2$ प्राप्त होता है।

परिणामस्वरूप प्राय: यह $R_2$ के न्यून मान (Low values) पर Starting torque ($I_S$) का मान कम तथा $R_2$ के उच्चमान (High valve) के लिए $T_S$ का मान अधिक प्राप्त होगा। अर्थात् प्रेरण मोटर में रोटर प्रतिरोध ($R_2$) का मान बढ़ाकर प्रारम्भन बल आघूर्ण (Starting torque) का मान बढ़ाया जा सकता है।

पिंजरा प्रारूपी प्रेरण मोटरों में रोटर प्रतिरोध ($R_2$) का मान काफी कम होने के कारण उसमें प्रारम्भन बल आघूर्ण का मान काफी न्यून (Low starting torque) होता है और इस प्रकार की मोटर में बाह्य प्रतिरोध (External resistance) भी बढ़ाया नहीं जा सकता है। परन्तु स्लिप रिंग प्रेरण मोटर में बाह्य प्रतिरोध जोड़ने की व्यवस्था होने के कारण उसको अधिकतम बल आघूर्ण के मान तक बढ़ाया जा सकता है और किसी भी मान का प्रारम्भिक बल आघूर्ण प्राप्त किया जा सकता है। इसलिए स्लिप रिंग प्रेरण मोटर को परवर्ती प्रारम्भन बल आघूर्ण (Variable starting torque) मोटर भी कहते हैं, चित्र (1.45) में प्रदर्शित विभिन्न रोटर प्रतिरोध पर बल आघूर्ण गति अभिलाक्षणिक वक्र रोटर प्रतिरोध के घटने-बढ़ने के साथ बल आघूर्ण-गति के बीच सम्बन्ध प्रदर्शित करता है।



चित्र 1.45 Effect of rotor resistance

यहाँ पर $R_2 < R'_2 < R''_2 < R'''_2$ अर्थात् प्रेरण मोटर में अधिकतम बल आघूर्ण स्थिति तब प्राप्त होती है, जब स्लिप $S = \frac{R_2}{X_2}$ में $R_2$ का मान क्रमश: बढ़ने पर $R'_2$, $R''_2$ एवं $R'''_2$ के स्लिप उच्च मान और न्यून गति पर ही अधिकतम बल आघूर्ण प्राप्त हो जायेगा।

$$\text{मोटर में अधिकतम बल आघूर्ण, } T_m = \frac{KE_2^2}{2X_2} \text{ Newton-meter.}$$

इस प्रकार अधिकतम बल आघूर्ण का मान, रोटर प्रतिरोध ($R_2$) पर निर्भर न होने के कारण यह प्रभावित नहीं होगा तथा रोटर प्रतिरोध के कारण स्लिप में परिवर्तन होने से स्लिप अधिकतम बल आघूर्ण के लिये स्लिप $S = \frac{R}{X_2}$, Slip at maximum torque ($S_{mT}$) पर रोटर प्रतिरोध ($R_2$) रोटर प्रतिघात ($X_2$) के बराबर होता है।

**Note**—"The maximum torque is independent of rotor resistance, greater the value of $R_2$ greater the valve of slip at which maximum torque occurs. It is also seen that as the rotor resistance is increased, the pull-out speed of the motor decreases but the maximum torque remains constant."

**उदाहरण 1. यदि किसी मोटर की प्रसामान्य वोल्टता पर $S_1 = 2\%$ तथा प्रसामान्य Voltage से 15% अधिक वोल्टता पर वहीं बल आघूर्ण विकसित होता है तो नई स्लिप का निकट मान को ज्ञात करो।**

हल—माना कि $S_1 = 2\% = 0.02$

$V_1 = 1$ (Volt 100%)

Scanned with CamScanner

$$V_2 = 1.15 \text{ (15\% की वृद्धि)}$$
$$= 1 + \frac{15 \times 100}{100}$$
$$= 1.15 \text{ Volt}$$
$$S_2 = ?$$
$$T \propto SV^2$$

तब
$$S_1 V_1^2 = S_2 V_2^2$$
$$0.02 \times (1)^2 = S_2 \times (1.15)^2$$
$$S_2 = \frac{0.02 \times 1.0}{1.15}$$
$$S_2 = 0.01512 = 1.512\%$$
$$S_2 = 1.512\%$$

उदाहरण 2. एक त्रिफेजी 50 Hz Induction motor के Rotor का Resistance तथा स्थिर अ प्रतिघात क्रमशः 0.025 Ω तथा 0.15 Ω प्रतिफेज है। प्रसामान्य वोल्टेज पर Full load slip 3% है। पूर्ण र आघूर्ण को अर्द्ध पूर्ण गति (Half the full load speed) पर विकसित करने के लिये स्टेटर वोल्टता में कमी की गणना कीजिए। इस स्थिति में शक्ति गुणक (Power factor) भी ज्ञात कीजिए।

हल– $R_2 = 0.025\,\Omega$, $X_2 = 0.15\,\Omega$, Full load पर Slip, $S_1 = 0.03$

माना कि तुल्यकाली गति $N_S = 100$ r.p.m.

पूर्ण लोड गति $N_F = N_S(1 - S_F)$
$$= 100(1 - 0.03)$$
$$= 97 \text{ r.p.m.}$$

अब माना कि Abnormal voltage का मान $V$, volt है तब Half load पर गति $N_H = \frac{97}{2} = 48.5$ r.p

Half load पर Slip $S_H = \frac{N_S - N_H}{N_S} = \frac{100 - 48.5}{100} = 0.515$

$$S_{\text{Half load}} = 51.5\%$$
$$T \propto \frac{\phi S E_2 R_2}{R_2^2 + (SX_2)^2}$$
$$E_2 \propto \phi \propto V$$
$$T \propto \frac{SV^2 R_2}{R_2^2 + (SX_2)^2}$$

Let $V_1$ = प्रथम स्थिति में Voltage

$V_2$ = द्वितीय स्थिति में Voltage

चूँकि Half load व Full load पर Torque का मान समान है तब

$$T_{\text{Full}} = T_{\text{Half}}$$
$$\frac{S_1 V_1^2 R_2}{R_2^2 + (S_{\text{Full}} X_2)^2} = \frac{S_H V_2^2 R_2}{R_2^2 + (S_H X_2)^2}$$

Scanned with CamScanner

$$\left(\frac{V_1}{V_2}\right)^2 = \frac{S_H}{S_{Full}} \times \frac{R_2^2 + (S_{Full} X_2)^2}{R_2^2 + (S_H X_2)^2}$$

$$= \frac{0.512}{0.03} \times \frac{(0.025)^2 + (0.03 \times 0.15)^2}{(0.025)^2 + (0.515 \times 0.15)^2}$$

$$\left(\frac{V_1}{V_2}\right)^2 = 1.679$$

$$\frac{V_1}{V_2} = \sqrt{1.679.}$$

$$\frac{V_1}{V_2} = 1.297$$

$$\mathbf{V_1 = 1.297\, V_2}$$

अतः इस प्रकार Half load पर Stator voltage में परिवर्तन

$$\text{प्रतिशत कमी} = \frac{V_1 - V_2}{V_1} \times 100$$

$$= \frac{1.297\, V_2 - V_2}{1.297\, V_2} = \frac{0.297\, V_2}{1.297\, V_2} \times 100 = 22.83\%$$

प्रतिशत कमी = 22.83%

∴ द्वितीय स्थिति में $\tan\phi = \frac{S_H X_2}{R_2} = \frac{0.51 \times 0.15}{0.025}$

$= 3.09$

$\phi = \tan^{-1}(3.09)$

$\phi = 72°4'$

या शक्ति गुणक $\cos\phi = \cos 75°4' = 0.31$

**Power factor = 0.31**

**उदाहरण 3.** एक 4-pole, 50 Hz, 3-$\phi$ **induction motor** के रोटर प्रतिरोध प्रतिफेज 0.021 Ω है तथा स्थिर अवस्था (Stand still) में प्रतिघात (0.7 Ω) है। उस गति की गणना कीजिये जिस पर अधिकतम बल आघूर्ण विकसित होगा।

हल–दिया गया है–Rotor resistance, $R_2 = 0.0121\,\Omega$, $X_2 = 0.7\,\Omega$, $P = 4$, $f = 50$ Hz

Induction motor की तुल्यकाली गति $N_S = \frac{120 f}{P} = \frac{120 \times 50}{4} = 1500$ r.p.m.

अधिकतम बल आघूर्ण के लिए Slip (Slip at maximum torque) $S_m = \frac{R_2}{X_2} = \frac{0.021}{0.7} = 0.03$

अधिकतम बल आघूर्ण के अनुरूपी गति $N = N_S(1 - S_m)$

$= 1500(1 - 0.03)$

$= 1455$ r.p.m.

$\mathbf{N = 1455}$ **r.p.m.**

Scanned with CamScanner

**उदाहरण 4. 6 Pole 3ϕ 50 Hz induction motor का Full load पर Slip 4 प्रतिशत है। जब Rotor stand still की Condition में है इस समय Impedance Per Phase का मान (0.01 + j 0.05) Ω है। Maximum torque की गणना Full load torque के पदों में तथा वह चाल ज्ञात कीजिए जब Torque का मान Maximum हो।**

हल–$P = 6$ Pole, $S = 4\%$, $Z_2 = (0.01 + j\,0.05)\,\Omega$

$$R_2 = 0.01\,\Omega,\ X_2 = 0.05\,\Omega$$

Maximum slip की Condition में $N_S = \frac{120f}{P}$

$$N_S = \frac{120 \times 50}{6} = 1000 \text{ r.p.m.}$$

$$S_m = \frac{R_2}{X_2}$$

$$= \frac{0.01}{0.05} = 0.2$$

अत: Maximum slip पर Speed

$$N = N_S(1 - S_m)$$

$$= 1000(1 - 0.2) = 800 \text{ r.p.m.}$$

(a) $$N = 800 \text{ r.p.m.}$$

(b) Maximum torque relation and full load torque in induction motor.

$$\frac{T_{max}}{T_{full}} = \frac{S^2 + S_m^2}{2S \cdot S_m}$$ Maximum slip के लिए

या $$\frac{T_{max}}{T_{full}} = \frac{S^2 + a^2}{2 \cdot S \cdot a}$$ जहाँ $a = \frac{R_2}{X_2} = S_m$

Put $S_m = 0.2$ $$\frac{T_{max}}{T_{Full}} = \frac{(0.04)^2 + (0.2)^2}{2 \cdot (0.04) \cdot (0.2)}$$

$$\frac{T_{max}}{T_{Full}} = \frac{0.0016 + 0.04}{0.08 \times 0.2} = \frac{0.0416}{0.016} = 2.516$$

$$\frac{T_{max}}{T_{Full}} = 2.516$$

**उदाहरण 5. एक 6 Pole 3 phase 50 Hz induction motor का विकसित Maximum torque का मान 30 N-m तथा Speed 960 r.p.m. है। 5% Slip पर Torque का मान ज्ञात कीजिए। Rotor Resistance का मान प्रतिफेज 0.6 Ω है।**

हल–$P = 6$ pole, $T_{max} = 30$ N-m, $N_m = 960$ r.p.m. (Maximum torque पर Speed), $S = 5\%$

$$N_S = \frac{120f}{P} = \frac{120 \times 50}{6} = 1000 \text{ r.p.m.}$$

$$N_S = 1000 \text{ r.p.m.}$$

Slip at maximum speed, $S_m = \frac{N_S - N_m}{N_S}$

$$S_m = \frac{1000 - 960}{1000} = 0.04$$

$$S_m = 0.04$$

Maximum slip के लिए $= \frac{R_2}{X_2}$

$$S_m = \frac{R_2}{X_2}$$

$$X_2 = \frac{0.6\,\Omega}{0.04} = 15\,\Omega$$

$$X_2 = 15\,\Omega$$

Starting torque तथा Maximum Torque के बीच सम्बन्ध

$$\frac{T_S}{T_m} = \frac{2 \cdot S \cdot S_m}{S^2 + S_m^2}$$

$$\frac{T_S}{30} = \frac{2 \times 0.05 \times 0.04}{(0.05)^2 + (0.04)^2}$$

$$T_S = \frac{30 \times 0.004}{0.0025 + 0.0016}$$

$$= \frac{30 \times 0.04}{0.0041} = 29.27 \text{ N-m}$$

$$T_S = 29.27 \text{ N-m}$$

**Ans.**

**उदाहरण 6. एक तीन फेज 400 Volt 50 Hz पर Stand Still अवस्था में प्रेरण मोटर का प्रतिरोध तथा स्थिर अवस्था में रोटर प्रतिघात क्रमशः 0.04 Ω तथा 0.2 Ω हैं। मोटर के प्रारम्भिक बल आघूर्ण को अधिकतम बल आघूर्ण के तुल्य रखने के लिए रोटर परिपथ में कितना अतिरिक्त प्रतिरोध को जोड़ना होगा, उसका मान ज्ञात कीजिए।**

हल–Rotor resistance = 0.04 Ω

Given that Rotor Reactance $X_2 = 0.2\,\Omega$

$$T_S = T_{max}$$

$$\therefore \quad \frac{T_S}{T_{max}} = \frac{2a}{a^2 + 1}$$

$$1 = \frac{2a}{a^2 + 1}$$

$$a^2 + 1 - 2a = 0$$

$$a^2 - 2a + 1 = 0$$

$$a = \frac{+2 \pm \sqrt{b^2 - 4ac}}{2a}$$

$\therefore$ यदि $ax^2 + bx + c = 0$

$$x = \frac{-b \pm \sqrt{b^2 - 4ac}}{2a}$$

Scanned with CamScanner

$$a = \frac{2 \pm \sqrt{4 - 4 \times 1 \times 1}}{2 \times 1}$$

$$a = \frac{2 \pm 0}{2}$$

$$a = 1$$

अब चूँकि $a = \frac{R_2 + r}{X_2}$ $\left(S_m = \frac{R_2}{X_2}\right)$ से

$$1 = \frac{0.04 + r}{0.2}$$

$$r = 0.2 - 0.04$$

$$\mathbf{r = 0.16\,\Omega}$$

**उदाहरण 7. एक 4 pole, 3-ϕ 50 Hz का रोटर प्रतिरोध तथा गतिहीन रोटर प्रतिघात क्रमशः 0.025 Ω तथा 0.1 Ω है। अधिकतम बल आघूर्ण के लिए मोटर की गति का क्या मान होगा? मोटर के प्रारम्भ करते समय 80% अधिकतम बल आघूर्ण प्राप्त करने के लिए रोटर में कितना अतिरिक्त प्रतिरोध प्रतिफेज देना होगा?**

हल– $P = 4,\ R_2 = 0.025\,\Omega,\ X_2 = 0.1$

अधिकतम बल आघूर्ण के लिए

$$S = \frac{R_2}{X_2} = \frac{0.025}{0.1} = 0.25$$

$$\mathbf{S = 0.25}$$

$$N_S = \frac{120\,f}{P} = \frac{120 \times 50}{4} = 1500 \text{ r.p.m.}$$

अधिकतम बल आघूर्ण के लिए गति

$$N = N_S\,(1 - S)$$

$$N = 1500\,(1 - 0.25)$$

$$N = 1500 \times 0.75$$

$$\mathbf{N = 1125 \text{ r.p.m.}}$$

∴ मोटर के प्रारम्भ करते समय 80% अधिकतम बल आघूर्ण को प्राप्त करता है अतः

$$T_{St} = \frac{80}{100} \times T_{max}.$$

$$T_{St} = \frac{4}{5}\,T_{max}$$

$$\frac{T_{St}}{T_{max}} = \frac{2a}{a^2 + 1}$$

$$\frac{\frac{4}{5}T_{max}}{T_{max}} = \frac{2a}{a^2 + 1} \Rightarrow \frac{4\,T_{max}}{5\,T_{max}} = \frac{2a}{a^2 + 1}$$

$$\Rightarrow \quad \frac{4}{5} = \frac{2a}{a^2 + 1}$$

$$2a^2 - 5a + 2 = 0$$

जैसा कि हम जानते हैं–

$$ax^2 + bx + c = 0 \text{ तब}$$

$$x = \frac{-b \pm \sqrt{b^2 - 4ac}}{2a}$$

$$a = \frac{5 \pm \sqrt{25 - 4 \times 2 \times 2}}{2 \times 2}$$

$$a = \frac{5 \pm \sqrt{25 - 16}}{4}$$

$$a = \frac{5 \pm 3}{4}$$

$$a = 2 \text{ या } a = 0.5\,\Omega$$

माना कि $r$ = रोटर परिपथ में प्रतिफेज दिया जाने वाला अतिरिक्त प्रतिरोध

$$a = \frac{R_2 + r}{X_2}$$

$$0.5 = \frac{0.025 + r}{0.1}$$

$$r = 0.5 \times 0.1 - 0.025$$

$$r = 0.025\,\Omega$$

**उदाहरण 8. एक 200 B.H.P. 440 Volt 50 Hz Star संयोजित प्रेरण मोटर का रोटर स्टार संयोजित है। स्टेटर से रोटर का Turn ratio का मान 4 रोटर का प्रतिरोध प्रतिफेज तथा स्थिर अवस्था में प्रतिघात क्रमशः 0.015 Ω तथा 0.15 Ω है। यदि स्टेटर हानि को नगण्य हो तो निम्नलिखित का मान ज्ञात कीजिए–**

**(i) लघुपथित स्लिप रिंग तथा Normal voltage पर Rotor current प्रतिफेज**

**(ii) मोटर के प्रारम्भ (Start) के समय शक्ति गुणक**

**(iii) रोटर की धारा 4% स्लिप पर**

**(iv) रोटर शक्ति गुणक 4% Slip पर**

**(v) मोटर को प्रारम्भ करने के समय स्टेटर में 75 ऐम्पियर धारा प्राप्त करने के रोटर में कितना अतिरिक्त प्रतिरोध देना होगा?**

हल–प्रश्नानुसार दिया गया है मोटर की B.H.P. = 200 HP, Supply voltage V = 440 Volt

$$K = \frac{\text{Rotor turn/Phase}}{\text{Stator turn/Phase}} = \frac{1}{4}$$

$$R_2 = 0.015\,\Omega,\ X_2 = 0.15\,\Omega$$

(i) स्थिर अवस्था (Stand still) में रोटर विद्युत वाहक बल प्रतिफेज–

$$E_2 = \frac{V}{\sqrt{3}} \times \frac{1}{4}$$

Scanned with CamScanner

$$E_2 = \frac{440}{\sqrt{3}} \times \frac{1}{4} = 63.51 \text{ Volt}$$

$$E_2 = 63.51 \text{ Volt}$$

$$Z_2 = \sqrt{R_2^2 + X_2^2} = \sqrt{(0.015)^2 + (0.15)^2}$$

$$Z_2 = \sqrt{0.000225 + 0.0225}$$

$$Z_2 = \sqrt{0.022725}$$

$$Z_2 = 0.1507\ \Omega$$

$$I_2 = \frac{E_2}{Z_2} = \frac{63.51}{0.1507} = 421.43 \text{ Amp.}$$

$$\mathbf{I_2 = 421.43 \text{ Amp.}}$$

(ii) $\cos\phi_2 = \frac{R_2}{Z_2} = \frac{0.015}{0.1507} = 0.0995$

(iii) Slip $S = 0.04$

$R_2 = 0.015\ \Omega,\ X_2 = 0.150\ \Omega$

Running condition में Impedance

$$I_r = \sqrt{R_2^2 + (SX_2)^2}$$

$$= \sqrt{(0.015)^2 + (0.04 \times 0.15)^2}$$

$$Z_r = 0.016\ \Omega$$

$$E_r = SE_2 = 0.04 \times 63.51$$

$$= 2.5404 \text{ Volt}$$

$$I_r = \frac{E_r}{Z_r} = \frac{2.5404}{0.016}$$

$$= 158.775 \text{ Amp.}$$

(iv) $\cos\phi_2 = \frac{R_2}{Z_r} = \frac{0.015}{0.016} = 0.9375$

(v) स्टेटर धारा प्रतिफेज = 75 Amp.

रोटर धारा प्रतिफेज, $I_2 = 75 \times \frac{I_1}{K} = \frac{75}{\frac{1}{4}} = 300$ Amp.

$$I_2 = 300 \text{ Amp.}$$

रोटर की प्रारम्भिक प्रतिबाधा प्रतिफेज $Z_2 = \frac{E_2}{I_2}$

$$Z_2 = \frac{63.51}{300} = 0.2117\ \Omega$$

$$X_2 = 0.15\ \Omega$$

$$R_2 = 0.015\ \Omega$$

$$Z_2^2 = (R_2 + r)^2 + X_2^2$$

$$\Rightarrow \quad (R_2 + r)^2 = Z_2^2 - X_2^2$$

$$(R_2 + r) = \sqrt{Z_2^2 - X_2^2}$$

$$R_2 + r = \sqrt{(0.2117)^2 - (0.15)^2}$$

$$= 0.1493$$

अतिरिक्त बाह्य प्रतिरोध $r = 0.1493 - R_2$

$$r = 0.1493 - 0.015$$

$$r = 0.1343\ \Omega$$

**उदाहरण 9. एक 6 ध्रुव 50 Hz 3-$\phi$ induction motor का गतिशील बल आघूर्ण ज्ञात कीजिये जब वह 4% स्लिप पर कार्य कर रही है तथा जिसका 850 r.p.m. पर अधिकतम बल आघूर्ण 160 N-m है। रोटर का प्रतिरोध प्रतिफेज 0.4 Ω है।**

हल–दिया गया है–$P = 6, f = 50$ Hz, $N_m = 850$ r.p.m., $S = 4\%$

$$R_2 = 0.4\ \Omega$$

$$N_S = \frac{120f}{P} = \frac{120 \times 50}{6} = 1000 \text{ r.p.m.}$$

अधिकतम बल आघूर्ण पर गति = 850 r.p.m.

$$\text{स्लिप } S = \frac{1000 - 850}{1000} = 0.15$$

अधिकतम बल आघूर्ण के लिये $R_2 = SX_2$

$$X_2 = \frac{R_2}{S} = \frac{0.4}{0.15} = 2.66\ \Omega$$

$$T_{max} = \frac{K\phi SE_2}{2R_2}$$

उपरोक्त सूत्र में $S$ तथा $R_2$ का मान रखने पर

$$T_{max} = \frac{K\phi SE_2 \times 0.15}{2 \times 0.4} = 0.1875\ K\phi E_2 \quad \text{...(i)}$$

जब स्लिप 4% है।

$$\therefore \quad S = 0.04$$

$$\text{गतिशील बल आघूर्ण} = \frac{K\phi SE_2R_2}{R_2^2 + (SX_2)^2}$$

उपरोक्त सूत्र में $R_2, S, X_2$ का मान रखने पर

$$T = \frac{K\phi E_2 \times 0.04 \times 0.4}{(0.4)^2 + (0.04 \times 2.66)^2}$$

$$T = 0.09\ K\phi E_2 \quad \text{...(ii)}$$

समीकरण (ii) को समीकरण (i) से भाग देने पर

$$\frac{T}{T_{max}} = \frac{0.09\ K\phi E_2}{0.1875\ K\phi E_2}$$

Scanned with CamScanner

$$T_{max} = 160 \text{ N-m}$$

$$\frac{T}{160} = \frac{0.09}{0.1875}$$

$$T = \frac{-160 \times 0.09}{0.1875}$$

$$T = 76.8 \text{ N-m}$$

Ans.

**उदाहरण 10. एक 3-ϕinduction motor जिसका Full load torque का मान Speed से स्वतंत्र है यदि Voltage drops का मान Rated मान का 90% हो तो Copper Loss की गणना कीजिये।**

हल–जैसा कि हम जानते हैं कि

Torque Slip Relation से

$$T \propto SV^2$$

यदि Torque का मान Constant हो तब

$$S_1V_1^2 = S_2V_2^2$$

$$\frac{S_2}{S_1} = \left(\frac{V_1}{V_2}\right)^2$$

$$= \left(\frac{1}{0.9}\right)^2 = 1.23$$

$$I_2 \propto S_1V_1$$

एवं $$I'_2 \propto S_2V_2$$

∴ $$\frac{I'_2}{I_2} = \frac{S_2V_2}{S_1V_1}$$

$$= 1.2 \times 0.9 = 1.107$$

∴ Copper loss का मान $I_2^2$ के समानुपाती होता है

∴ $$\frac{\text{Copper loss in the 2nd case}}{\text{Copper loss in the 1st case}} = \frac{(I'_2)^2}{I_2^2} = (1.107)^2 = 1.23$$

∴ यदि Voltage के मान में 10% का परिवर्तन किया जाता है तो Copper loss में 23% का परिवर्तन होगा।

## 1.11 दोहरा पिंजरा प्रारूपी रोटर मोटर एवं अनुप्रयोग (Double Cage Rotor motor and It's Applications)

दोहरा पिंजरा प्रारूपी प्रेरण मोटर के रोटर में दो पृथक् पिंजरे (Squirrel cage) एक दूसरे के अन्दर होते हैं, बाह्य पिंजरा उच्च प्रतिरोधी धातु का बना होता है तथा अन्दर का पिंजरा ताम्र धातु की छड़ों का बना होता है, जिनका प्रतिरोध कम होता है। यह मोटर उच्च प्रारम्भिक बल आघूर्ण वाली होती है तथा इससे सामान्य गतिशील स्थिति में इसकी वैद्युत दक्षता पर कोई प्रभाव नहीं पड़ता है।

### दोहरा पिंजरा प्रारूपी मोटर एवं सिंगल पिंजरा प्रारूपी मोटर में तुलनात्मक अध्ययन–

सिंगल केज मोटर एवं डबल केज-मोटर की एक समान रेटिंग की मोटरों का निम्न प्रकार से तुलना कर सकते हैं।

(1) डबल केज रोटर मोटर न्यून प्रारम्भन धारा और उच्च प्रारम्भन बल आघूर्ण होता है इसलिये इन मोटर को डायरेक्ट ऑन लाइन स्टार्टर (DOL) से प्रारम्भन करते हैं।

Scanned with CamScanner

(2) सिंगल केज रोटर की तुलना में डबल केज रोटर में प्रारम्भन के समय तापन (Heating) ज्यादा होगी क्योंकि डबल केज रोटर का प्रभावी प्रतिरोध ज्यादा होता है।

(3) प्रभावी प्रतिरोध ज्यादा होने के कारण डबल केज मोटर में ताम्र हानियाँ ज्यादा होगी जिससे मोटर की दक्षता (Efficiency) कम होगी।

(4) पुल आउट बल आघूर्ण अथवा ब्रेक डाउन बल आघूर्ण सिंगल केज की तुलना में कम होता है जिस कारण दोनों केज के द्वारा अधिकतम बल आघूर्ण अलग-अलग गति पर प्राप्त होती है।

(5) डबल केज रोटर मोटर के अन्दर वाले केज का प्रभावी प्रतिघात ज्यादा होता है जिस कारण पूर्ण भार (Full load) शक्ति गुणक (Power factor) कम होता है।

(6) डबल केज रोटर मीटर में प्रभावी प्रतिरोध एवं प्रभावी प्रतिघात को परिवर्तित कर बल आघूर्ण-गति अभिलाक्षणिक वक्र में परिवर्तित रेंज तक प्राप्त कर सकते हैं।

(7) डबल केज रोटर मोटर की कीमत 20% से 30% तक सिंगल केज रोटर मोटर से ज्यादा होती है।

**उपयोग** (Applications)–इस प्रकार की मोटरों का उपयोग कपड़ा मिलों (Textile mills) में रिंग स्पिनिंग फ्रेम को चलाने में लिए किया जाता है ओर विशेषकर उन स्थानों पर जहाँ प्रारम्भन के समय लोड रहता है।

**उच्च बल आघूर्ण केज टाइप रोटर** (High Torque Cage type Rotor)–पारंपरिक Squirrel cage motor का Low resistance के कारण Starting Torque का मान कम होता है। इस Low starting turque के मान को बढ़ाने के लिए परस्पर उच्च प्रतिरोध की बार सामग्री का उपयोग किया जाता है जिससे Starting torque का मान बढ़ जाता है। उच्च रोटर प्रतिरोध एक उच्च शक्ति गुणक (High power factor), उच्च Starting torque और Low starting line current देता है। हालांकि उच्च रोटर प्रतिरोध पूर्ण लोड को कम करता है और रोटर Ohmic loss के मान को बढ़ाता जाता है जिससे मशीन की दक्षता का मान घट जाती है।

सामान्य ऑपरेशन के लिए कम रोटर प्रतिरोध की आवश्यकता होती है। जब मोटर रनिंग स्थिति में होती है ताकि स्लिप कम हो ओर कार्य कुशलता उच्च हो एवं अच्छे Starting Torque के लिए रोटर प्रतिरोध अधिक होना चाहिए और सामान्य ऑपरेशन स्पीड के लिए रोटर प्रतिरोध कम होना चाहिए।

प्रारम्भिक रूप से शुरू में उच्च रोटर प्रतिरोध तथा मोटर की गतिमान स्थिति के लिए कम प्रतिरोध (Low resistance) को प्राप्त करने के लिए निम्न दो प्रकार के (Rotor) का प्रयोग किया जाता है।

(i) डीप बार टाइप रोटर (Deep bar Type Rotor)

(ii) डबल केज टाइप रोटर (Double Cage Type Rotor)



चित्र 1.46 Deep bar type rotor

**(i) डीप बार टाइप रोटर** (Deep bar Type Rotor)–इस प्रकार के रोटर को सिलिकॉन इस्पात (Silicon Steel) की गोल पत्तियों (Laminations) को आपस में संगठित कर शॉफ्ट पर उचित विधि से कस दिया जाता है। स्टेटर पत्तियों की भाँति यह पत्तियाँ भी वार्निश की परत से एक दूसरे से विद्युत रोधित (Insulate) कर दी जाती है। इस प्रकार के रोटर पर बन्द खाँचे (Closed slots) होते हैं जिसमें एल्यूमिनियम या ताँबे के छल्लों द्वारा आपस में (Short circuited) कर दी जाती है। वास्तव में यह ताँबे या एल्युमिनियम की छड़ें रोटर की कुण्डलन का कार्य करती है। इस रोटर की आकृति पिंजरे जैसे (Squirrel cage) जैसे होती है इसलिए रोटर को पिंजरा वेष्ठित रोटर तथा मोटर को पिंजरा प्रारूपी मोटर कहते हैं।

Scanned with CamScanner

आजकल नई तकनीकी के अनुसार अपकेन्द्री डाई कॉस्टिंग (Centifugal die casting) विधि द्वारा छोटी मशीन में रोटर क्रोड को लगाया जाता है।

रोटर में खाँचों को प्राय: शॉफ्ट के समान्तर नहीं बनाया जाता है बल्कि इन्हें कुछ मरोड़ देकर तिरछा कर दिया जाता है। ऐसा करने से स्टेटर तथा रोटर के मध्य चुम्बकीय पकड़ तथा चुम्बकीय भनभनाहट (Hum) कम हो जाता है। परन्तु खाँचों को तिरछा करने से–

(i) स्टेटर तथा रोटर के मध्य प्रभावी रूपान्तरण अनुपात बढ़ जाता है।

(ii) रोटर छड़ों की लम्बाई बढ़ जाने से रोटर प्रतिरोध का मान बढ़ जाता है।

(iii) दिये गये बल आघूर्ण के लिए स्लिप बढ़ जाता है।

(iv) दिये गये स्लिप पर प्रतिबाधा (Impedance) बढ़ जाता है।

अपकेन्द्री डाई कॉस्टिंग विधि द्वारा रोटर की पूर्ण क्रोड (Core) को एक साँचे (Moulding) में रख दिया जाता है, जिनमें छड़ों, सिरा, छल्लों तथा पंखे की ब्लेड को एक साथ ढाल दिया जाता है। ढालने के लिए प्राय: आजकल एल्यूमिनियम धातु का प्रयोग किया जाता है। बड़ी मशीनों में शीतलन प्रभाव (Cooling effect) के लिये रोटर में वायु वाहनियाँ (Ventilating ducts) रोटर की अक्ष के समान्तर बनाई जाती हैं। रोटर को कुन्जी की सहायता से शॉफ्ट पर कस दिया जाता है। रोटर का प्रतिरोध कम होने के कारण पिन्जरी प्रेरण मोटर की शक्ति गुणक बहुत कम होती है जिनमें इनका प्रारम्भिक बल आघूर्ण कम होता है, इसलिए इन्हें Load पर प्रारम्भ (Start) नहीं किया जा सकता है। चूँकि रोटर छड़ें आपस में सिरा छल्ले (End rings) द्वारा स्थाई रूप से Short circuited होती हैं। इसलिए प्रेरण मोटर को प्रारम्भ करने के लिए परिपथ में कोई बाह्य प्रतिरोध नहीं दिया जाता है। गहरी और संकीर्ण पट्टियों के साथ एक पिंजरे रोटर को दिखाए गये हैं। एक पट्टी को समान्तर में संकीर्ण परत की संख्या से बनाया जा सकता है। आकृति में तीन तरह के परत $A$, $B$ व $C$ को दिखाया गया है। सबसे ऊपरी की परत $A$ को न्यूनतम रिसाव (Low leakage flux) के साथ जोड़ा गया है और इसके आगे रिसाव की प्रविष्टि न्यूनतम है। दूसरे तरफ नीचे की परत $C$ के साथ जोड़ा गया उच्च रिसाव (High leakage flux) का प्रवाह होता है। जब मोटर को (Start) किया जाता है तब रोटर फ्रीक्वेंसी का मान सप्लाई फ्रीक्वेंसी के बराबर होता है। नीचे की लेयर का एलिमेंट $C$, टॉप लेयर एलिमेंट $A$ की तुलना में अधिक प्रतिबाधा प्रदान करता है इसलिए अधिकतम Current ऊपरी परत के माध्यम से और न्यूनतम परत के माध्यम से न्यूनतम Current का प्रवाह होता है जिससे असमान धारा (Unequal current) के वितरण से मौजूदा रोटर प्रतिरोध का मान बढ़ जाता है। एक उच्च रोटर प्रतिरोध वृद्धि के साथ और एक उच्च रोटर के साथ रिसाव प्रतिक्रिया में कमी होती है। प्रारम्भिक स्थिति में प्रतिरोध अधिक (Torque) अधिक ओर Running के समय अपेक्षाकृत कम होता है।

सामान्य परिचालन स्थितियों के तहत स्लिप और रोटर आवृत्ति बहुत छोटी होती है। उनके प्रतिरोध की तुलना में रोटर बार की सभी प्रतिघात (Reactance) बहुत कम होती हैं। रोटर बार की सभी परतों की प्रतिबाधा (Impedance) लगभग बराबर होता है, परिणामस्वरूप बड़े क्रास रिएक्शन रोटर प्रतिरोध को काफी छोटा कर देते हैं जिसके परिणामस्वरूप कम स्लिप में एक अच्छी दक्षता (Efficiency) मिलती है।

**डबल केज टाइप रोटर (Double Cage Type Rotor)**–इस प्रकार की मशीन में दो रोटर वाइंडिंग या पिंजरों के साथ एक इंडक्शन मोटर का उपयोग कम Starting current तथा प्रारम्भिक उच्च आघूर्ण (High starting torque) को प्राप्त किया जाता है, डबल केज रोटर इंडक्शन मोटर का स्टेटर एक साधारण प्रेरण मोटर के समान होता है। डबल केज रोटर में पत्तियों (Laminations) की दो परतें होती हैं जैसा कि चित्र (1.47) में दिखाया गया है।

प्रत्येक परत को End ring द्वारा Short circuited किया जाता है। Outer cage के Bars को Cross sections inner cage बार के आपेक्षा कम होता है तथा Outer cage को High resistance materials जैसे ब्रास, एलुमिनियम आदि का बनाया जाता है। आंतरिक बार (Inner cage) कम प्रतिरोध कॉपर का बना होता है अत: Outer cage का प्रतिरोध Inner cage के प्रतिरोध से अधिक होता है। ऊपर और Outer cage तथा नीचे Inner cage के बीच एक स्लिट (Slits) होता है। यह स्लिट Inner cage में Leakage flux के Permeance का मान बढ़ता है। इस प्रकार inner cage में

Scanned with CamScanner

Leakage flux का Linking तथा Outer cage Winding में Linkage flux का मान कम होता है क्योंकि यह High Resistance पदार्थ से बना होता है और Inner cage का Self inductance का मान ज्यादा होता है।




चित्र 1.47 Double cage type rotor

At starting time प्रेरित Voltage रोटर में Supply frequency का मान समान होता है ($f_2 = f_1$) इसलिए inner cage में winding का प्रतिघात ($X_L = 2\pi f_L$) उच्च होता है, Outer cage winding की अपेक्षा। इसलिए अधिकांश प्राराम्भिक धारा (Starting current) का प्रवाह बाहरी पिंजरे में बहता (Outer cage) है जो Current को कम प्रतिबाधा प्रदान करता है। अत: Outer cage winding का प्रतिरोध उच्च और यह High torque starting को विकसित करता है।

जैसे ही रोटर की गति में वृद्धि होती है रोटर EMF की आवृत्ति ($f_r = Sf$) कम हो जाता है। सामान्य परिचालन गति के अनुसार दोनों पिंजरे के Leakage (Inner cage and outer cage) प्रतिघात मुख्य रूप से उनके प्रतिरोध द्वारा नियंत्रित होता है। साधारणत: Outer cage का प्रतिरोध 5 से 6 गुना ज्यादा होता है Inner cage के प्रतिरोध से। अत: अधिकांश रोटर कंरट आंतरिक पिंजरे से होकर बहता है। इसलिए सामान्य परिचालन गति के लिए Torque मुख्य रूप से कम प्रतिरोध वाले आंतरिक पिंजरे (Inner cage) द्वारा विकसित किया जाता है।

यह ध्यान दिया जाता है कि कम Starting Torque आवश्यकताओं के लिए एक साधारण केज मोटर आमतौर पर उपयोग किया जाता है। उच्च (High torque) के लिए गहरे बार (Deep bar type rotor) का प्रयोग किया जाता है। डबल केज मोटर का उपयोग भी उच्च Torque के लिए किया जाता है।

बड़े आकार की मोटर के साथ बहुत बड़ी Starting torque और असाधारण Large starting torque के लिए स्लिप रिंग Rotor का उपयोग किया जाता है।

## डबल केज इंडक्शन मोटर का तुल्य परिपथ
## (Equivalent Circuit of a Double Cage Induction Motor)

माना कि $R_1$ = स्टेटर का Per phase प्रतिरोध

$X_1$ = स्टेटर का Per phase प्रतिघात

$R'_{20}$ = Outer cage रोटर का प्रतिरोध प्रतिफेज स्टेटर की और संदर्भित।

$X'_{20}$ = स्थिर अवस्था में Outer cage रोटर का क्षरण प्रतिघात प्रतिफेज स्टेटर की ओर संदर्भित

$R'_{21}$ = Inner cage रोटर का प्रतिरोध प्रतिफेज स्टेटर की ओर संदर्भित

$X'_{21}$ = स्थिर अवस्था में Inner cage रोटर का क्षरण प्रतिघात प्रतिफेज स्टेटर की ओर संदर्भित

$S$ = Fractional slip

Scanned with CamScanner

अत: यह माना जाता है कि मुख्य फ्लक्स पूरी तरह से दोनों पिंजरा (Cage) को जोड़ता है तो दोनों पिंजरे के प्रतिबाधा के समान्तर में माना जाता है। डबल केज रोटर का तुल्य परिपथ स्लिप $S$ के साथ प्रदर्शित किया गया है।

अत: तुल्य परिपथ (Equivalent circuit)




चित्र 1.48 (A) Equivalent circuit of a double cage induction motor

यदि शन्ट में जुड़े प्रतिरोध $R_0$ तथा प्रतिघात के $(X_{20})$ के मान को नगण्य मान लिया जाए तब सरलीकृत तुल्य परिपथ (Simplified equivalent circuit)




चित्र 1.48 (B) Approximate equivalent circuit of a double cage induction motor with magnetic current Neglected

स्लिप $S$ पर Outer cage की प्रतिबाधा $Z'_{20} = \frac{R'_{20}}{S} + jX'_{20}$

स्लिप $S$ पर Inner cage की प्रतिबाधा $Z_{21} = \frac{R_{21}}{S} + jX_{21}$

$\therefore$ Stator की प्रतिबाधा $Z_1 = R_1 + jX_1$

तुल्य प्रतिबाधा प्रतिफेज स्टेटर के संदर्भ में

$$Z_{e1} = Z_1 + (Z'_{20} \| Z_{21})$$

$$Z_{e1} = R_1 + j\, jX_1 + \frac{1}{\frac{1}{Z'_{20}} + \frac{1}{Z_{21}}} = R_1 + jX_1 + \frac{Z'_{20} Z_{21}}{Z'_{20} + Z'_{21}}$$

$$Z_{e1} = R_1 + jX_1 + \frac{Z'_{20} Z'_{21}}{Z'_{20} + Z_{21}}$$

∴ Outer cage में Current

$$I'_{20} = \frac{E_2}{Z'_{20}}$$

∴ Inner cage में Current

$$I'_{21} = \frac{E_2}{Z_{21}}$$

अत: Rotor में प्रवाहित होने वाली Current का मान (Stator के संदर्भ में), Rotor के Outer तथा Inner cage में प्रवाहित होने वाली धारा Phasor sum के बराबर होगी। अत:

$$I'_2 = I'_{20} + I'_{21}$$

**Torque-Slip Characteristics of a Double cage Induction Motor**–साधारणत: यह माना जाता है कि Two cage rotor दो प्रकार के Torque का उत्पादन करते हैं। यह Torque का मान उनके Outer cage तथा Inner cage के द्वारा प्राप्त Torque के मान का योग Two cage rotor का Total torque कहलाता है। अत: Torque slip Characteristics को ग्राफ (1.49) के माध्यम से प्रदर्शित किया गया है।




$$\eta\% = \frac{\text{निर्गत शक्ति}}{\text{निर्गत शक्ति + सम्पूर्ण हानियाँ}} \times 100$$

$$= \frac{P_{Out}}{P_{Out} + W_i + W_m + W_{Cu}} \times 100$$

यदि No load पर Stator में ताम्र हानियों का मान नगण्य हो तब लगभग प्रतिशत दक्षता ($P_e$)

$$\%\eta = \frac{P_{Out}}{P_{Out} + W_0 + W_c} \times 100$$

**उदाहरण 5. 15 H.P. 415 V वाली त्रिकला प्रेरण मोटर की No load के परीक्षण द्वारा प्राप्त हानियाँ 1000 W है और अवरुद्ध घूर्णक परीक्षण द्वारा प्राप्त हानियाँ 1750 W है तो मोटर की प्रतिशत दक्षता ज्ञात कीजिए।**

हल–दिया है कि $P_{Out} = 15 \text{ HP} = 15 \times 735.5 = 11032.5$ W

$W_0 = 1000$ W, $W_{Cu} = 1750$ W, $\eta\% = ?$

Scanned with CamScanner

माना कि No load में स्टेटर में ताम्र हानियाँ नगण्य हैं तब त्रिकला प्रेरण मोटर की लगभग प्रतिशत दक्षता

$$\%\eta = \frac{P_{Out} \times 100}{P_{Out} + W_0 + W_{Cu}} = \frac{11032.5 \times 100}{110325 + 1000 + 1750} = \frac{1103250}{13782.5} = 80\%$$

**उदाहरण 6. एक 5 H.P. 415 V 50 Hz वाली त्रिकला मोटर की पूर्ण भार पर निर्धारित गति 1140 r.p.m. है। यदि No load test तथा Blocked rotor test में मोटर की निविष्ट शक्ति क्रमश: 300 W तथा 450 W हो तो मोटर की चुम्बकीय ध्रुव संख्या, Slip ( स्लिप ) व दक्षता को ज्ञात कीजिए।**

हल–दिया है–$P_{Out} = 5$ H.P. $= 5 \times 735.5 = 3677.5$, $f = 50$ Hz, $N = 1440$ r.p.m., $W_0 = 300$ W, $W_{Cu} = 450$ W, $P = ?, S = ?, \eta = ?$

चूँकि मोटर की पूर्ण भार पर निर्धारित गति 1440 r.p.m. है इसलिए तुल्यकाली गति $N_S = 1500$ r.pm. होगी तब मोटर में चुम्बकीय ध्रुवों की संख्या (Number of Poles)

$$P = \frac{120 \times f}{N_S} = \frac{120 \times 50}{1500} = 4$$

$$S = \frac{N_S - N}{N_S} = \frac{1500 - 1440}{1500} = \frac{1}{25} = 0.04$$

माना कि No. load पर Stator में ताम्र हानियाँ नगण्य हैं तब त्रिकला प्रेरण मोटर की लगभग प्रतिशत दक्षता

$$\text{दक्षता } \%(\eta) = \frac{P_{Out} \times 100}{P_{Out} + \omega_0 + \omega_{Cu}}$$

$$= \frac{3677.5 \times 100}{3677.5 + 300 + 450} = 83\% \text{ (Approximate)}$$

## 1.15 प्रेरण मोटर की गति-नियंत्रण की विधियाँ
## (Methods of Speed Control of Induction Motor)

**प्रेरण मोटर का गति नियंत्रण (Speed Control of Induction Motor)**–त्रिफेजी प्रेरण मोटर, दिष्ट धारा शन्ट मोटर की भाँति स्थिर गति वाली मशीन है। पूर्ण लोड पर प्रेरण मोटर की गति नियमन (Speed Regulation) का मान प्राय: 5% से कम ही रहता है। दिष्ट धारा (D.C.) की गति को उसके क्षेत्र प्रतिरोध या आर्मेचर प्रतिरोध को एक साधारण क्षेत्र धारा (Field Rheostat) द्वारा बदल कर नियंत्रित किया जा सकता है तथा इसकी दक्षता पर भी कोई विशेष प्रभाव नहीं पड़ता है; परन्तु यह प्रेरण मोटर में सम्भव नहीं है।

प्रेरण मोटर का गति नियंत्रण काफी कठिन है तथा इससे दक्षता पर भी प्रभाव पड़ता है।

$$\text{मोटर की गति } N = N_S (1 - S)$$

$$N = \frac{120f}{P}(1 - S)$$

जहाँ $N$ = Speed of rotor in r.p.m.

$N_S$ = Synchronons speed in r.p.m.

अत: उपरोक्त व्यंजक से स्पष्ट है कि आवृत्ति ($f$), ध्रुव ($P$) तथा स्लिप ($S$) को परिवर्तित करके ही प्रेरण की गति को बदला जा सकता है। अत: प्रेरण मोटर की गति को निम्नलिखित प्रकार से बदला जा सकता है।

### Speed Control Squirrel cage Induction Motor

**(A) पोल की संख्या बदलकर**–3-$\phi$ इंडक्शन मोटर की गति पोल परिवर्तित कर अग्र विधियों द्वारा गति को नियंत्रित किया जाता है–

Scanned with CamScanner

(i) स्टेटर में कई वाइंडिंग को प्रयुक्त करके (By using multiple pole stator winding)

(ii) पोल में परिवर्तन करके (By changing the pole)

(iii) पोल के आयाम में परिवर्तन (Pole amplitude modulation (PAM) Method)

**(B) स्टेटर Voltage में परिवर्तन करके**–3-ϕ इण्डक्शन मोटर में स्टेटर वोल्टेज में परिवर्तन करके निम्न विधियों द्वारा गति को नियंत्रित किया जाता है–

(i) Thyristor voltage controller

(ii) Triac controller

(iii) आवृत्ति में परिवर्तन (Variable frequency controller)

(a) Voltage source inverter

(b) Current source inverter

(c) Cycle convertor

**Speed Control Slip Ring Induction Motor Control**

(i) Rotor resistance या Slip change Method.

(ii) Casecade connection.

(iii) रोटर में विद्युत वाहक बल (e.m.f.) को Injected करके।

**पोल की संख्या बदलकर** (Changing the Pole Methods)–स्टेटर पोल की संख्या में निम्नलिखित प्रकार से परिवर्तन किया जाता है–(a) स्टेटर में कई Winding प्रयोग कर (Multiple stator winding) (b) पोल में परिवर्तन करके (Method of consequent pole) (c) पोल के आयाम में परिवर्तन करके (Pole Amplitude modulation) (PAM)

पोल में परिवर्तन केवल Cage type motor में किया जाता है क्योंकि Cage type motor के Rotor में जो Pole बनता है या Automatically stator pole को बना लेता है।

**(a) स्टेटर में कई वाइंडिंग को प्रयुक्त कर** (By Using Multiple Pole Stator Winding)–इस विधि में स्टेटर को दो अलग-अलग वाइंडिंग के साथ प्रदान किया जाता है जो दो अलग-अलग Pole की संख्या के लिए Slots बने होते हैं। एक बार में एक वाइंडिंग को अर्जित (Energised) किया जाता है, मान लिया कि एक मोटर में 6 और 4 पोल के लिए दो वाइंडिंग तथा आवृत्ति 50 Hz की आपूर्ति के लिए तुल्यकालिक (Synchronisation) गति 1000 R.P.M., 1500 R.P.M. होगी। यदि मोटर में Full load slip का मान 5% है तब ऑपरेटिंग गति क्रमशः 950 r.p.m. और 1425 r.p.m. होगी। यह विधि कम दक्षता, कुशल और अधिक महंगी है और इस विधि को केवल तभी उपयोग किया जाता है जब नित्यांन्त आवश्यक हो।

**(b) पोल में परिवर्तन करके** (By Changing Methods of Consequent Pole)–Consequent पोल की विधि मूल रूप से 1897 में विकसित की गई थी। इस विधि को एक एकल स्टेटर वाइंडिंग को कुछ कॉइल समूह में विभाजित किया जाता है। इन सभी समूहों के टर्मिनल को बाहर लिया जाता है। पोल की संख्या को कॉइल कनेक्शन में केवल साधारण परिवर्तन के साथ बदला जा सकता है। व्यवहार में स्टेटर वाइंडिंग को केवल दो कॉइल समूह में विभाजित किया जाता है। ध्रुवों की संख्या में 2 : 1 के अनुपात में परिवर्तन हो जाता है।

स्टेटर के एक Phase को चार समूहों में विभाजित 4 Coil से युक्त देखा जा सकता है। $A - B$ ओर $C - D$ दो ग्रुप हैं। $AB$ में विषम Coil (1, 3) के होते हैं। और सीरीज में जुड़े होते हैं। ग्रुप $C - D$ में संख्या Coil (2, 4) हैं जो शृंखला में जुड़ा है। टर्मिनल के $A, B, C, D$ को दिखाए गए के रूप में बाहर ले जाया जाता है। Coil समूह को या तो शृंखला या समान्तर चित्र (b) और (c) में प्रदर्शित किया गया है।

Scanned with CamScanner




चित्र 1.64 Connection of 4 pole stator winding




चित्र 1.65 Stator का Phase connection high speed के लिए (Pole)

जैसा कि ऊपर के Connection से स्पष्ट है कि Number of pole की संख्या 4 तथा Frequency 50 Hz है तब Synchronous speed का मान

$$N_S = \frac{120f}{P} = \frac{120 \times 50}{4} = 1500 \text{ r.p.m.}$$




चित्र 1.66 Stator winding connection of 8 pole.

अब यदि समूह $a - b$ के कॉइल (Coils) के माध्यम से धारा की दिशा को Reverse कर दिया जाए तो सभी Coil North ($N$) ध्रुवों का उत्पादन करेंगे।

चुम्बकीय पथ को पूरा करने के लिए ध्रुव समूह के प्रवाह को समूहों के बीच रिक्त स्थान से गुजारना चाहिए। इस प्रकार अंतर ध्रुवीय Space में विपरीत ध्रुव ($S$ ध्रुव) के चुम्बकीय ध्रुवों को उत्प्रेरण करते हैं। ऐसे प्रेरित ध्रुवों को परिणामी ध्रुव कहा जाता है। मशीन में पहले की तुलना में दो गुना ध्रुव हैं जोकि 8 Pole हैं और तुल्यकालिक गति पिछली गति का आधा है।

$$N_S = \frac{120f}{P} = \frac{120 \times 50}{8} = 750 \text{ r.p.m.}$$

उपरोक्त सिद्धान्त एक प्रेरण मोटर के सभी तीन Phase तक बढ़ाया जा सकता है। प्रत्येक Phase के Coil समूह के बीच शृंखला या समान्तर कनेक्शन के एक उपयुक्त संयोजन का चयन करते हुए और Phase गति परिवर्तन के बीच स्टार या डेल्टा कनेक्शन को निरंतर टॉर्क संचालन के साथ प्राप्त किया जा सकता है।

Scanned with CamScanner

निरंतर विद्युत संचालन या परिवर्तनशील Torque का संचालन इन परिचालनों के लिए गति और Torque विशेषताओं को चित्र में प्रदर्शित किया गया है।




High speed (6 pole) (a) Low speed (12 pole) (b) (c)

$N_S = \frac{120 f}{P} = \frac{120 \times 50}{6} = 1000$ r.p.m. $N_S = \frac{120 f}{P} = \frac{120 \times 50}{12} = 500$ r.p.m.

चित्र 1.67 Speed torque characteristics of motor

**(iii) पोल के आयाम में परिवर्तन करके** (Pole Amplitude Modulation (PAM) Technique)–Pole amplitude modulation (PAM) technique पोल को बदलने की एक Flexible विधि है। इसका उपयोग 2 : 1 के अनुपात में गति में परिवर्तन किया जाता है। Pole amplitude modulation को योजना के आधार पर गति परिवर्तन के लिए तैयार मोटर को PAM मोटर के रूप में जाना जाता है।

ध्रुवों के ये दो सेट विपरीत दिशाओं में Torque का उत्पादन करेंगे केवल एक दिशा में स्थिर Torque को प्राप्त करते हैं। इनमें एक Pole के जोड़े को दबा दिया जाता है और दूसरे जोड़ी को बरकरार रखा जाना चाहिए। इकाई आयाम के और अवधि के आयताकार Space में MMF की तरंगें बराबर होती हैं।

स्टेटर परिधि की लम्बाई का उपयोग मॉड्यूलेशन के लिए किए जाते हैं। कनेक्शन की विधि का उपयोग वांछित मॉड्यूलेशन प्राप्त करने के लिए किया जाता है। पहले विधि को Coil inversion तथा दूसरे की विधि को Coil omission के नाम से जाना जाता है। दोनों विधि प्रत्येक Phase के Winding को विभाजित दो भागों में करते हैं। कॉइल के इनवर्जन की विधि द्वारा प्रत्येक Phase में Current को Half तथा करंट की धारा की दिशा को उलट (Reverse) करके दिया जाता है।






चित्र 1.68

Pole amplitudes modulation के मूल सिद्धान्त को चित्र (a) में दिखाए गए हैं। चित्र में आठ ध्रुवों के लिए एक स्टेटर स्लॉट को स्टेटर MMF को दिखाया गया है, 2 पोल का Modulation को चित्र में (b) दिखाया गया है जिसमें Modulation wave के नकारात्मक आधे चक्र में मुख्य ध्रुवों की ध्रुवता 5, 6, 7 और चित्र (a) में प्रदर्शित होता है। एक साइन उल्टे चित्र (c) में बिंदीदार (Dotted) दिखाया गया है। चित्र में परिणामी Pole की संख्या 6 है।

Coil inversion और Coil omission दूसरी विधि में घ्रुमावदार के एक हिस्से को घुमावदार के प्रत्येक आधे हिस्से से छोड़ा जाता है और शेप भाग का आधा हिस्सा घुमावदार का शेष भाग का होता है और फिर पहले 6वे संबंध में उल्टा होता है।

चित्र (a) में दिखाने के लिए आठ पोल के लिए एक स्टेटर Pole की चौथे और आठवें कॉइल को छोड़ दिया जाता है और पाँचवें, छठे और सातवें कॉइल को पहले तीन के संबंध में उलट दिया जाता है। इसके परिणामस्वरूप छह पोल्स में दिखाया गया है। मोटर का पोल (8) है और संशोधित ध्रुव (6) है। PAM वाइंडिंग की मूल विशेषताएँ यह हैं कि ले आउट जो आमतौर पर अनियमित होता है वे दो भाग या तो शृंखला में या समान्तर में जुड़े होते हैं। दो हिस्सों में सापेक्ष Current same direction या Reverse direction में होता है। Current Reverse की प्रक्रिया Modulation के बराबर होती है और अलग-अलग Pole का संयोजन देती है जबकि मशीन के Phase को Star या Delta में संपर्क किया जा सकता है। शृंखला के उचित विकल्प पर प्रत्येक Phase के तार समूह और समांतर कनेक्शन के बीच समानान्तर कनेक्शन Phase के बीच निरंतर Torque ऑपरेशन निरंतर पावर ऑपरेशन या वैरिएबल Torque ऑपरेशंस के साथ गति परिवर्तन प्राप्त किया जा सकता है। पूरे PAM तकनीक का उपयोग पंखे, ब्लोअर और पंप ड्राइव में किया जाता है।

**स्टेटर वोल्टेज को परिवर्तन करके** (Stator Voltage Control Method)–3-ϕ Phase induction motor में Supply voltage के मान में परिवर्तन करके मोटर की गति में परिवर्तन किया जा सकता है और यह सम्बन्ध Induction motor के Starting Torque का मान Supply Voltage के Square होता है और Maximum Slip का मान Supply voltage पर निर्भर नहीं करता है अत: Torque speed characteristics के तीन फेज प्रेरण मोटर के Supply voltage में परिवर्तन को Fan load के साथ चित्र 1.68 में प्रदर्शित किया गया है।




चित्र 1.69 Speed-Torque characteristics

गति नियंत्रण आपूर्ति वोल्टेज को अलग-अलग करके प्राप्त किया जाता है जब तक कि लोड के लिए आवश्यक Torque को Desired गति विकसित नहीं हो जाती है, उस Developed torque का मान आपूर्ति Voltage के वर्ग के आनुपातिक है और Current voltage के समानुपाती है क्योंकि वोल्टेज कम है। उसी धारा के लिए गति को कम किया जाता है। यह विधि उन अनुप्रयोगों के लिए उपयुक्त है जहाँ गति के साथ लोड Torque में कमी होती है जैसा कि एक Fan load में किया जाता है।

चित्र से स्पष्ट है कि दिये गये Load के लिए मोटर की Speed का मान एक सूक्ष्म Range में परिवर्तित किया जाता है।

यह विधि केवल Normal speed से नीचे की Speed को कम करने के लिए किया जाता है।

Scanned with CamScanner




चित्र 1.70

**Thyristor voltage controller**–स्टेटर वोल्टेज नियंत्रण अधिक उपयुक्त होता है जहाँ ड्राइव Intermittent संचालन की आवश्यकता होती है। यह विधि पंखे या पंप ड्राइव के लिए भी उपयुक्त होती है जहाँ लोड टॉर्क के वर्ग के रूप में बदलता रहता है। इस ड्राइव में कम गति पर कम टॉर्क की आवश्यकता होती है और यह हो सकता है अत्य मोटर करंट के साथ कम वोल्टेज के साथ प्राप्त किया जाता है।




चित्र 1.71 Thyristor voltage control diagra

विशेष रूप से Single phase के लिए छोटे आकार की मोटर के गति नियंत्रण के लिए Variable Voltage, बाहरी प्रतिरोध या स्टेटर सर्किट में प्रेरकत्व (Inductance) को जोड़कर या ऑटो ट्रांसफॉर्मर का उपयोग करके प्राप्त किया जा सकता है।

अत: आजकल Thyristor voltage नियंत्रण अब व्यापक रूप से उपयोग किया जाता है। Single phase की आपूर्ति के लिए विरोधी समानांतर (Back to back) में दो Thyristor को दिखाया गया है।

तीन फेज इंडक्शन मोटर के लिए तीन जोड़े Back to Back connected थायरिस्टर की आवश्यकता होती है, प्रत्येक Phase में एक जोड़ा थायरिस्टर का, एक जोड़ा उस Phase के Voltage को नियंत्रित करता है जिससे यह जुड़ा होता है। Speed नियंत्रण Thyristor के अलग-अलग चालन अवधि द्वारा प्राप्त किया जाता है।

**Triac controller**–घरेलू Fan motor जो हमेशा सिंगल फेज होते हैं सिंगल फेज Triac voltage contro द्वारा नियंत्रित की जाती है जैसा कि चित्र (1.72) में दिखाया गया है। Speed को Control Triac के अलग-अलग फ एंगल से प्राप्त किया जाता है। सामान्य Controller को आमतौर पर सॉलिड स्टेट फैन रेगुलेटर के रूप में जाना जात पारम्परिक चर प्रतिरोध नियामक आजकल अधिक प्रयोग किया जाता है क्योंकि वे कॉम्पैक्ट और अधिक कुशल हैं।




चित्र 1.72 Triac control method

Scanned with CamScanner

**आवृत्ति में परिवर्तन** (Variable Frequency Conrol)–Induction motor में Synchronous speed का मान $N_S = \frac{120\,f}{P}$

अतः Induction motor की Speed का मान Frequency में परिवर्तन करके मोटर की गति में परिवर्तन किया जाता है। Induction motor में उत्पन्न विद्युत वाहक बल का मान

$$E_1 = 4.44\ K_w\ f\ \phi T_1$$

यदि Air gap flux का मान Same हो तब Supply frequency में परिवर्तन करके उत्पन्न विद्युत वाहक बल $E_1$ को बदलकर मोटर की गति में परिवर्तन किया जाता है।

संतृप्ति (Saturation) और Loss को कम करने के लिए Motor की आवृत्ति के साथ अलग-अलग टर्मिनल Voltage द्वारा रेटेड वायु अंतराल प्रवाह पर संचालित किया जाता है ताकि अनुपात का मान $\left(\frac{V}{f}\right)$ स्थिर बनाए रखा जा सके।

नियंत्रण (Control) के प्रकार को निरंतर Voltage के रूप में जाना जाता है। Variable frequency का उपयोग करते हुए एक प्रेरण मोटर को Voltage power source की आवश्यकता होती है।

Variable frequency का मान निम्नलिखित विधि से प्राप्त किया जाता है–

(i) Voltage source inverter (ii) Current source inverter

(iii) Cycloconverter

एक Inverter fixed D.C. voltage को Fixed या Variable voltage A.C., voltage variable frequency में परिवर्तन करता है।

एक Cyclo converter Fixed voltage and Fixed frequency A.C. के मान को Variable voltage तथा Variable frequency में परिवर्तन करता है।

**रोटर प्रतिरोध या स्लिप बदलकर** (By Changing the Rotor Resistance of Slip)–रोटर परिपथ में अतिरिक्त प्रतिरोध देकर मोटर की स्लिप बदली जा सकती है इसलिये यह विधि केवल स्लिप रिंग प्रेरण मोटर में ही सम्भव है।

इस कार्य के लिए सतत् निर्धारण वाले रोटर प्रतिरोध स्टार्टर प्रयोग किये जाते हैं। वास्तव में यह विधि दिष्ट धारा शन्ट मोटर की आर्मेचर रिओस्टेटिक नियंत्रण विधि के समान है।

अतः Torque slip सम्बन्ध $T \propto \frac{S}{R_2^2}$




**Rotor Rheostat control**

चित्र 1.73

तथा $$N = N_S (1 - S)$$

अत: स्थिर बल आघूर्ण $T$ के लिए Slip $S$ का मान रोटर प्रतिरोध $R_2$ पर निर्भर करता है। इस प्रकार किसी स्थिर बल आ… के लिये रोटर प्रतिरोध $R_2$ को बढ़ाकर स्लिप को बढ़ाया जा सकता है। इस प्रकार रोटर प्रतिरोध तथा स्लिप $S$ का मान बढ़ने… मोटर की गति $N$ घट जाती है।

इस विधि का मुख्य दोष यह है कि रोटर प्रतिरोध बढ़ाने से रोटर ताम्र हानियाँ $(I_2^2 R_2)$ बढ़ जाती हैं जिससे मोटर की द… घट जाती है।

चूँकि इस विधि से ऊर्जा व्यय (रोटर प्रतिरोध स्टार्टर) काफी अधिक होता है इसलिए यह विधि वहाँ प्रयोग की जाती है ज… केवल बहुत कम रेंज के लिए ही गति में परिवर्तन करना हो जिससे मोटर की उच्च कम रेज आवश्यक गति प्राप्त की जा सके।

**दो मोटरों का सोपानी संयोजन करके गति नियंत्रण** (Speed Control by Operating two Motor… Cascade Connection)–इस विधि में दो प्रेरण मोटरों की आवश्यकता होती है जिसमें एक मोटर का रोटर वेष्ठित होना… आवश्यक है। ये दोनों मोटर यांत्रिक रूप से Coupled रहती है जैसा कि चित्र में प्रदर्शित किया गया है। सोपानी संयोजन के मु… मोटर सदैव स्लिप रिंग प्रारूपी जबकि सहायक मोटर Squirrel cage type या स्लिप प्रारूपी हो सकता है।

मुख्य मोटर $A$ के स्टेटर की सामान्य विधि से त्रिफेजी सप्लाई लाइन से संयोजित किया जाता है जबकि सहायक मोटर $B$ … मोटर $A$ के रोटर परिपथ से सप्लाई दी जाती है। मुख्य मोटर $A$ के स्टेटर तथा रोटर कुण्डलन का अनुपात 1 : 1 होना चाहिए त… स्थिर अवस्था में तथा जब रोटर का बाह्य परिपथ खुला हो तब रोटर स्लिप रिंग के पार्श्व में वोल्टता, लाइन वोल्टता के समान… जिससे सोपानी संयोजन के अतिरिक्त प्रत्येक मोटर का पार्श्व सप्लाई से अलग-अलग भी चलाया जा सके।




चित्र 1.74

इस प्रकार उपरोक्त संयोजन से मोटर को निम्न प्रकार से चलाया जा सकता है–

(i) मुख्य मोटर $A$ को सप्लाई लाइन से अकेला भी चलाया जा सकता है। इस स्थिति में मुख्य मोटर $A$ की तुल्यकाली ग… $N_{SA} = \frac{120f}{P_A}$ जहाँ $P_A$ = मोटर $A$ के स्टेटर ध्रुव हैं।

(ii) सहायक मोटर $B$ को भी चलाई लाइन से अकेला चलाया जा सकता है। इस स्थिति में मुख्य मोटर को मुख्य सप्लाई … काट देते हैं। इस स्थिति में सहायक मोटर की तुल्यकाली गति $N_{SB} = \frac{120f}{P_B}$ जहाँ $P_B$ = मोटर $B$ के स्टेटर के ध्रुव हैं।

(iii) तीसरी स्थिति में दोनों मोटरों का संचयी सोपानी संयोजन (Cumulative cascade) connection हो सकता है। इस स्थिति में दोनों मोटर के स्टेटर क्षेत्र का फेज घूर्णन (Phase Rotation) एक ही दिशा में होगा। इस प्रकार सोपानी सेट की तुल्यकाली गति $N_{SC} = \frac{120f}{P_A + P_B}$।

माना दोनों मोटर एक जैसी हैं तथा उनके रोटर मुख्य मोटर $A$ की तुल्यकाली गति से थोड़ी कम गति पर घूमते हैं। मुख्य रो… $A$ की आवृत्ति, लाइन आवृत्ति के आधे से थोड़ा अधिक होगा क्योंकि स्लिप 50% से थोड़ा अधिक होता है $(f_r = Sf)$

Scanned with CamScanner

सहायक मोटर $B$ की तुल्यकाली गति मुख्य मोटर $A$ की तुल्यकाली गति से लगभग आधी होगी। दोनों मोटर अपनी गतियों को इस प्रकार समंजित करते हैं ताकि उनका संयुक्त बल आघूर्ण लोड को सरलता से सहन कर सके। प्रत्येक रोटर मुख्य मोटर $A$ की तुल्यकाली गति से थोड़ा कम गति पर घूमता है। यह आवश्यक नहीं है कि दोनों मोटर के Pole की संख्या समान हो।

अब दोनों मोटर के Pole की संख्या अलग-अलग हो तो सोपानी संयोजक से विभिन्न गतियाँ प्राप्त की जाती हैं। मान लिया कि

$N$ = Cascade connection की गति

$P_1$ = मुख्य मोटर $A$ के ध्रुवों की संख्या

$P_2$ = सहायक मोटर $B$ के ध्रुवों की संख्या

$N_{SA}$ = मुख्य मोटर $A$ की तुल्यकाली गति

$N_{SB}$ = सहायक मोटर $B$ की तुल्यकाली गति

$f$ = सप्लाई लाइन की आवृत्ति

$N_1$ = मुख्य मोटर $A$ की प्रसामान्य गति

$N_2$ = सहायक मोटर $B$ की प्रसामान्य गति

$S_1$ = मुख्य मोटर $A$ की स्लिप

$S_2$ = सहायक मोटर $B$ की स्लिप

मुख्य मोटर की तुल्यकाली गति $N_{SA} = \dfrac{120f}{P_1}$

$$N_1 = N_{SA}\,(1 - S_1)$$

∴ मुख्य मोटर $A$ के रोटर की गति

$$N_1 = \frac{120f}{P_1}(1 - S_1)$$

इस प्रकार सहायक मोटर $B$ के रोटर की गति

$$N_2 = \frac{120f_r}{P_2}(1 - S_2)$$

$$F = S_2 f$$

$$N_2 = \frac{120\,fS_2}{P_2}(1 - S_2)$$

चूँकि दोनों रोटर एक दूसरे से यान्त्रिक रूप से (Coupled) हैं।

$$N_1 = N_2$$

$$\frac{120f\,(1 - S_1)}{P_1} = \frac{120f\,S_2\,(1 - S_2)}{P_2}$$

$$\frac{(1 - S_1)}{P_1} = \frac{S_1\,(1 - S_2)}{P_2}$$

$$P_1S_2 - P_1S_1S_2 = P_2S_1 - P_2S_1$$

चूँकि $S_1S_2$ का मान बहुत कम होगा इसलिये उसे नगण्य माना जा सकता है–

$$P_1S_1 = P_2 - P_2S_1$$

$$P_1S_1 + P_2S_1 = P_2$$

$$S_1 (P_1 + P_2) = P_2$$

$$S_1 = \frac{P_2}{P_1 + P_2}$$

अब चूँकि $N_1 = N_2 = N = \frac{120f}{P_1}(1 - S_1)$

$$N = \frac{120f}{P_1}\left(1 - \frac{P_2}{P_1 + P_2}\right)$$

$$= \frac{120f}{P_1} \frac{(P_1 + P_2 - P_2)}{P_1 + P_2}$$

$$N = \frac{120f}{P_1 + P_2}$$

इस प्रकार सोपानी संयोजन से सैट की गति $N = \frac{120f}{P_1 + P_2}$ होगी अर्थात् सैट की गति अपनी प्रसामान्य गति से कम होगी।

यदि सहायक मोटर का स्टेटर इस प्रकार संयोजित हो कि उसका रोटर प्रथम मुख्य मोटर के रोटर से विपरीत घूमने का प्रयास करे तब

$$\frac{120f}{P_1}(1 - S_1) = -\frac{120S_1 f}{P_2}(1 - S_2)$$

तथा उपरोक्त को हल करने पर

$$S_2 = \frac{P_2}{P_1 - P_2}$$

$$N = \frac{120f}{P_1 - P_2}$$

तथा विपरीत सोपानी संयोजन में सैट की गति $N = \frac{120f}{P_1 - P_2}$ होगी। अर्थात् सैट की गति अपनी प्रसामान्य गति से अधिक होगी।

Cascade के संयोजन से (बेलन चक्की) तथा खानों में संवाहन पंखों (Ventilation fans) को चलाने में प्रयोग किया जाता है।

Cascade विधि में दूसरे मोटर की आवश्यकता के अतिरिक्त एक मुख्य हानि यह है कि दोनों मोटरों के लिये चुम्बकन धारा लाइन से लेनी पड़ती है क्योंकि यह धारा वाटहीन (Wattless) होती है, इसलिए यह शक्ति गुणक को कम कर देती है।

सोपानी विधि में शक्ति गुणक के मान को कम होने से रोकने के लिये सोपानी सैटों में सहायक मोटर छोटी रखते हैं तथा इसमें मुख्य मोटर की अपेक्षा कम ध्रुव होते हैं।

इस प्रकार सहायक मोटर द्वारा ली जाने वाली चुम्बकन धारा बहुत कम होती है। स्लिप के सूत्रों से स्पष्ट है कि इस स्थिति में सैट की गति सामान्य तुल्यकाली गति से बहुत कम नहीं होता है।

**उदाहरण 1.** दो एवं तीन फेज, 50 Hz 400 V इंडक्शन मोटर में चुम्बकीय ध्रुवों की संख्या 4 तथा 6 है। सोपानी सम्बन्ध द्वारा प्राप्त इन मोटर की तुल्यकाली गतियाँ ज्ञात कीजिए।

**हल**–सोपानी सम्बन्ध के अन्तर्गत निम्नलिखित चार तुल्यकाली गति प्राप्त होती है–

$$N_{S_1} = \frac{120f}{P_1} \qquad P_1 = 4, P_2 = 6, f = 50 \text{ Hz}$$

Scanned with CamScanner

$$= \frac{120 \times 50}{4} = 1500 \text{ r.p.m.}$$

$$N_{S_1} = \frac{120f}{P_2} = \frac{120 \times 50}{6} = 1000 \text{ r.p.m.}$$

$$N_{S_3} = \frac{120f}{P_1 + P_2} = \frac{120 \times 50}{4+6}$$

$$= \frac{120 \times 50}{10} = 500 \text{ r.p.m.}$$

$$N_{S_4} = \frac{120f}{P_1 - P_2} = \frac{120 \times 50}{2-6} = \frac{120 \times 50}{-4} = -3000 \text{ r.p.m.}$$

$= -1500$ r.p.m. Backward speed में चलेगा

अत: Cascade के संयोजन से निम्नलिखित गति (1500 r.p.m., 1000 r.p.m., 600 r.p.m. $N_S = 3000$ r.p.m.) की गति प्राप्त होगी।

**उदाहरण 2. एक 4 pole तथा एक 20 pole की स्लिप रिंग मोटर संचयी सोपानी (Cumulative cascade) रूप से संयोजित है। यदि सप्लाई लाइन की आवृत्ति 50 Hz हो तो सैट से प्राप्त सम्भव तुल्यकाली गति प्राप्त कीजिये।**

हल– $P_1 = 4, P_2 = 20, f = 50$ Hz.

4 ध्रुव वाली मोटर को अकेला चलाने पर तुल्यकाली गति

$$N_{S_1} = \frac{120f}{P_1} = \frac{120 \times 50}{4} = 1500 \text{ r.p.m.}$$

20 ध्रुव वाली मोटर को अकेला चलाने पर तुल्यकाली गति

$$N_{S_2} = \frac{120 \times f}{20} = \frac{120 \times 50}{20} = 300 \text{ r.p.m.}$$

संचयी सोपानी संयोजन में चलाने पर सैट की तुल्यकाली गति $N_{S_3} = \frac{120 \times f}{P_1 + P_2}$

$$= \frac{120 \times 50}{4+20} = \frac{120 \times 50}{24} = 250 \text{ r.p.m.}$$

**उदाहरण 3. एक सोपानी सैट में दो मोटर $A$ तथा $B$ हैं जिनके ध्रुव क्रमश: 8 तथा 10 हैं। मोटर को 50 Hz की सप्लाई लाइन से संयोजित किया जाता है तब**

**(i) सैट की गति ज्ञात कीजिये (ii) यदि सैट की Input 50 Kw है तो मोटर $B$ की शक्ति ज्ञात कीजिये।**

हल–(i) सैट की तुल्यकाली गति, $N_{S_c} = \frac{120f}{P_A + P_B} = \frac{120 \times 50}{8+12} = 300$ r.p.m.

(ii) दोनों मोटरों की Output उनके ध्रुवों के अनुपात में होगा।

$\therefore$ 12 ध्रुव वाली मोटर की Output $= 50 \times \frac{P_2}{P_1 + P_2}$

$$= 50 \times \frac{12}{8+12}$$

$$= 50 \times \frac{12}{20} = 30 \text{ Kw}$$

Scanned with CamScanner

**रोटर परिपथ में विद्युत वाहक बल के Injection करके गति नियंत्रण (E.M.F. Injecting an Rotor Circuit)**–इस विधि से रोटर सर्किट में एक वोल्टेज को इंजेक्ट करके एक प्रेरण मोटर की गति को नियंत्रित किया जाता है। निश्चत रूप से शुरू (Start) होता है, इंजेक्शन वोल्टेज के लिए आवश्यक है कि स्लिप फ्रीक्वेंसी के समान आवृत्ति हो इसके लिए कोई प्रतिबंध नहीं है। इंजेक्शन e.m.f. Phase में हो या ना।




चित्र 1.75 E.M.F. Injection method

जब हम रोटर परिपथ में A.C. voltage को प्रयुक्त (Apply) करते हैं। जोकि रोटर में प्रेरित विद्युत वाहक बल के विपरीत फेज की होती है तो रोटर प्रतिरोध बढ़ जाता है। इसके विपरीत यदि रोटर परिपथ में भेजी जाने वाली वोल्टता रोटर में प्रेरित विद्युत वाहक बल के फेज में न हो तो यह रोटर प्रतिरोध को हटा (कम कर) देते हैं। इस प्रकार रोटर प्रतिरोध के बदलने से मोटर का गति नियंत्रण किया जा सकता है।

(i) जब Injected voltage का मान Rotor में उत्पन्न विद्युत वाहक बल के Opposition में हो तब हम जानते हैं कि

$$I_{2S} = \frac{SE_{20}}{R_2 + jX_{20}}$$




चित्र 1.76

जब Injected voltage का मान Rotor में उत्पन्न विद्युत वाहक बल के Opposition में हो तो तब Rotor में उत्पन्न विद्युत वाहक बल

$$SE_{20} = E_{inj} + I_{2S}(R_2 + jX_2)$$

$$SE_{20} = E_{inj} + I_{2S} I_{2S}$$

$I_{2S} I_{2S}$ के मान को नगण्य मानने पर

$$S = \frac{E_{inj}}{E_{20}}$$

यदि $E_{inj}$ का मान भी Positive हो, तथा $E_{20}$ का मान भी Positive हो तब Slip का मान Positive होगा तथा यह Induction motor motoring में चलेगा।

अतः Motoring mode में Induction motor की Speed का मान Synchronous speed से कम होगा।

$$\uparrow S = \frac{E_{inj} \uparrow}{E_{20}}$$

यह Injected voltage के मान में वृद्धि करते है तो Slip का मान बढ़ता है जिससे Speed को Control किया जा सकता है।

$$N = N_S (1 - S)$$

(2)




चित्र 1.77

यदि Injected voltage का Polarity का मान Rotor पर Additive polarity का है तब Rotor पर Induced voltage का मान Injected voltage के फेज में होगा।

KVL को Apply करने पर

$$SE_{20} + E_{inj} = I_2 (R_2 + jX_{2S})$$

$$SE_{20} + E_{inj} = I_2 Z_2 \qquad I_2 Z_2 = 0 \quad \text{नगण्य मानने पर}$$

तब

$$SE_{20} + E_{inj} = 0$$

$$SE_{20} = -E_{inj}$$

$$S = \frac{-E_{inj}}{E_{20}}$$

$$S = \frac{-E_{inj}}{E_{20}}$$

अतः इसे Super synchronous गति के नाम से जाना जाता है। इस Mode में Slip का मान Negative होगा जिससे Motor की Speed बढ़ जायेगी।

$$N = N_S (1 + S)$$

## 1.16 हार्मोनिक्स और इसके प्रभाव (Harmonics and its Effects)

### तीन फेज प्रेरण मोटर प्रदर्शन के अंतरिक्ष हार्मोनिक्स का प्रभाव (Effect of Space Harmonics of Three Phase Induction Motor Performance)

तीन फेज स्टेटर Winding द्वारा स्थापित एयर गैप फ्लक्स साइनोसाइडल करंट, नॉन साइनोसाइडल वेव शेप होता है। फूरियर सीरीज विश्लेषण के अनुसार कोई भी नॉन साइनोसाइडल फ्लक्स मौलिक और उच्चतर ऑर्डर हार्मोनिक के कई

Scanned with CamScanner

साइनोसाइडल फ्लक्स के संयोजन के बराबर है। चूँकि फ्लक्स तरंगों में आधी Cycle (चक्र) समरूपता होती है इसलिए फूरियर शृंखला में भी हार्मोनिक (2, 4, 6) अनुपस्थित होते हैं। इसलिए एक Non sinusoidal फ्लक्स के प्रवाह को और उच्च क्रम विषम हार्मोनिक (3, 5, 7, 9, 11) फ्लक्स के प्रवाह को हल किया जा सकता है। तीन फेज में से प्रत्येक उत्पादित तीसरी हार्मोनिक फ्लक्स तरंग एक दूसरे को प्रभावहीन करती है। इसके परिणामस्वरूप एयर गैप फ्लक्स ट्रिपलेन में है (जोकि तीसरा फ्लक्स के प्रवाह हार्मोनिक गुणक है) हार्मोनिक के इस तथ्य के कारण है कि तीनों फेज की फ्लक्स तरंग में हार्मोनिक Space में Phase से 120° भिन्न होता है। Space हार्मोनिक फ्लक्स का उत्पादन Winding स्लॉटिंग, चुम्बकीय संतृप्ति, वायु अंतराल लम्बाई में असमानताएँ आदि से होता है। हार्मोनिक फ्लक्स में प्रेरित वोल्टेज और रोटर वाइंडिंग में हार्मोनिक करंट का संचार होता है। रोटर में हार्मोनिक Current हार्मोनिक फ्लक्स का उत्पादन करने के लिए हार्मोनिक फ्लक्स के और शोर (Noise) का उत्पादन करता है।

**हार्मोनिक का उत्पादन** (Production of Harmonic in 3-phase induction motor)–3-phase induction में Sinusoidal current से Air gap में उत्पन्न हार्मोनिक का मान

$$H = 6K \pm 1$$

जहाँ $K$ एक धनात्मक पूर्णांक है। $H^{th}$ हार्मोनिक का तुल्यकालिक गति का मान Fundamental wave का $\frac{1}{H}$ गुना होता है। यदि हार्मोनिक का Wave समान दिशा में घूमता है तो उसका मान $H = 6K + 1$ होगा और यदि हार्मोनिक का Wave fundamental wave के विपरीत दिशा में घूमता है तो उसका मान $H = 6K - 1$ होगा।

अत: Forward direction में Harmonic का मान $= 6K + 1$




चित्र 1.78 Torque speed characteristics of a 3-phase induction show of space harmonic Torque.

Scanned with CamScanner

यदि $K = 1$ तब $H^{th} = 6 \times 1 + 1 = 7$th

Space harmonics का $K$ का मान Wave के Pole की संख्या (Stator के पोल की संख्या × $K$) के बराबर होता है अत: Space harmonics की तुल्यकालिक गति का मान

$$\eta_S\ (H) = \frac{\eta_S}{H} = \frac{120f}{H \times P}$$

जहाँ $f$ = Supply frequency

$P$ = Number of stator pole.

$H$ = Number of harmonics.

Fundamental flux का Rotational Speed $N_S = \frac{120f}{P}$

7th harmonics का Rotational speed $= \frac{120f}{7P} = \frac{N_S}{7}$

Backward direction में Harmonics का मान $H = 6K - 1$

$= 6 \times 1 - 1 = 5$

5th Harmonics का Rotational speed $= \frac{120 \times f}{5P} = \frac{N_S}{5}$

ये हार्मोनिक अकेले मोटर के संचालन पर बहुत कम प्रभाव डालते हैं। Fundamental flux मोटर की Speed torque विशेषताओं और पांचवें और सातवें स्थान के हार्मोनिक प्रवाह को चित्र 1.83 में दिखाया गया है। पांचवें और सातवें हार्मोनिक Torque में मूल आकार के समान ही आकार होता है।

चूँकि पांचवें हार्मोनिक फ्लक्स रोटर के घूर्णन के विपरीत दिशा में घूमता है। पांचवें Harmonice torque fundamental torque का विरोध करता है। अन्य शब्दों में पांचवां हार्मोनिक फ्लक्स एक ब्रेकिंग Torque को पैदा करता है। Fundamental flux harmonic flux को उसी दिशा में घुमाता है इसलिए सातवें हार्मोनिक Induction torque, fundamental घटक का Torque resultant speed torque को जोड़ते हैं। यह मूल पांचवें और सातवें हार्मोनिक विशेषताओं का संयोजन होगा जैसा कि चित्र 1.83 में दिखाया गया है।

परिणामी टॉर्क स्पीड विशेषताओं में दो ट्रिप्स है, एक तुल्यकालिक गति $\frac{N_S}{5}$ के पास और एक तुल्यकालिक गति के $\frac{N_S}{7}$ के पास होता है। $\frac{N_S}{5}$ तुल्यकालिक गति मोटर का रोटेशन नकारात्मक दिशा में में होता है। $\frac{N_S}{7}$ तुल्यकालिक गति के पास अधिक महत्वपूर्ण और Load torque विशेषताओं को प्रदर्शित करता है। Induction motor में Torque केवल Fundamental flux के कारण विकसित होता है। मोटर बिन्दु $L$ को गति देगा जो Load torque विशेषताओं और मोटर टॉर्क (Torque) स्पीड का प्रतिछेदन है। सातवें हार्मोनिक फ्लक्स Torque की उपस्थिति के कारण लोड Torque मोटर को बाधित करता है। बिन्दु $A$ पर सातवें हार्मोनिक फ्लक्स के बाद Torque की गति का Stable torque की अधिकतम और न्यूनतम अंकों के बीच होता है। यह Motor torque के नीचे आता है। इस अवस्था में मोटर अपनी सामान्य गति तक नहीं बढ़ेगी लेकिन इसी गति से चलती रहेगी जो अपनी सामान्य गति के लगभग $\frac{N_S}{7}$ है।

ऑपरेटिंग बिन्दु $A$ होगा। मोटर की यह प्रवृत्ति सामान्य गति $N_S$ के एक सातवें के रूप में स्थिर गति से चलने की और इसकी सामान्य गति को पिक करने में असमर्थ होने के कारण इसे मोटर का रेंगना (Crawling) के नाम से जाना जाता है।

Crawling के मान को पाचवें और सातवीं हार्मोनिक के मान को कम करके किया जा सकता है या Chorded (या Short Pitch coil) का उपयोग करके Crawling के मान को कम किया जा सकता है।

Scanned with CamScanner

## 1.17 प्रेरण मोटरों का विशेष विवरण एवं निर्धारण (Specifications and Ratings of Induction Motors)

प्रेरण मोटर के विशेष विवरण (Specification) के निर्धारण के लिए प्राय: हमें यह देखना होता है कि मोटर को कितना इलैक्ट्रिकल इनर्जी इनपुट दिया जा रहा है, और प्रेरण मोटर कितना मैकेनिकल इनर्जी आउटपुट रूपान्तरित कर रहा है। पुनः विशेश निर्धारण के लिए प्रेरण मोटर को डिजाइन करते समय निम्नलिखित विशेष पैरामीटर को ध्यान में रखा जाता है।

1. Rated out put in H.P. or Kw
2. Three phases
3. Frequency in Hz = $f$
4. Voltage in Volts = $V$
5. Connections, star or Delta, Y or Δ
6. Speed in R.P.M. = $N$
7. Type-squirrel cage rotor or wound rotor.
8. Type of Duty-continuous, intermittent etc.
9. Poer factor
10. Efficiency
11. Class of Insulation
12. Temperature rise
13. Full load current
14. Pull out Torque
15. Slip
16. Conductivity
17. No. of poles
18. Efficiency

उपरोक्त पैरामीटर प्रेरण मोटर को डिजाइन करते समय उसकी रेटिंग का निर्धारण करते हैं एवं प्रेरण मोटर के दक्षता पूर्ण सुचारू रूप से संचालन के लिए उसकी कार्यकुशलता को भी निर्धारित करते हैं। किसी प्रेरण मोटर की रेटिंग को निर्धारित करने के लिए निम्नलिखित पैरामीटर को प्रेरण मोटर की नेमप्लेट पर दर्शाते हैं। साथ-साथ IS-12360-1988 के अनुसार रेटेड पावर एवं रेटेड वोल्टेज का भी निर्धारण करते हैं।

**Name Plate of 3-ϕ I.M.**

| | | |
|---|---|---|
| Type ..................... | Cat No. ..................... | Part No. ..................... |
| Power .................. | H.P. Kw Insulation ..................... | |
| Enclosure ..................... | Connection ..................... | |
| Hz ..................... | Duty $S_1$ ..................... | |
| Eff (η) ..................... | WGT ..................... Kg | |
| R.P.M. ..................... | | |
| cos ϕ ..................... | Amp ..................... | |
| Year Manufacturing ..................... | Sr. No. ..................... | |
| Made in India ..................... | | |

Scanned with CamScanner

उपरोक्त सभी पैरामीटर प्रत्येक प्रेरण मोटर की नेम प्लेट पर दर्शित होना चाहिए। इसके अलावा थ्रीफेज मोटर की वोल्टेज रेटिंग NEMA MG-1 के अनुसार 415 Volt, 3.3 KV, 6.6 KV, एवं 11 KV तथा आवृत्ति 50 Hz भी प्रत्येक मोटर की क्षमता के अनुसार होनी चाहिए।

## अभ्यास प्रश्न

1. 3-Phase induction motor की संरचना तथा कार्य प्रणाली को समझाइये।
2. 3-Phase induction motor को induction क्यों कहा जाता है? टिप्पणी कीजिए।
3. 3-Phase induction motor के Slip, प्रतिशत स्लिप पर संक्षेप में टिप्पणी लिखिए।
4. 3-Phase induction motor के विभिन्न पार्ट्स का सचित्र वर्णन कीजिए।
5. 3-Phase induction motor की गति के नियंत्रण के विभिन्न विधि का वर्णन कीजिए।
6. 3-Phase induction motor में प्रयुक्त विभिन्न प्रकार के Rotor का सचित्र वर्णन कीजिए।
7. 3-Phase induction motor को चालू (Start) करने की विधियों को बताइए।
8. Double squirrel cage wound rotor की कार्य विधि समझाइए तथा संरचना पर प्रकाश डालिए।
9. 3-Phase induction motor का गति बल आघूर्ण वक्र खींचिए।
10. 3-Phase induction motor का प्रयोग क्यों सर्वाधिक किया जाता है? कारण बताइए।
11. 3-Phase induction motor के प्रारम्भिक बल आघूर्ण के सूत्र की व्युत्पत्ति को कीजिए।
12. एक Induction motor को चालू करने के लिए स्टार्टर क्यों आवश्यक है, पिंजरा प्रेरण मोटर के गुणों व दोषों का वर्णन कीजिए। इस मोटर के उपयोग भी लिखे, और प्रेरण मोटर में उच्च बल आघूर्ण प्राप्त करने की विधियाँ बताइये।
13. 3-Phase induction motor का वर्गीकरण कीजिए विभिन्न प्रकार के प्रेरण मोटर की उनकी संरचना प्रचालन व अनुप्रयोगों के आधार पर तुलना कीजिए।
14. 3-Phase induction motor में Cogging, Crawling तथा Harmonics के प्रभाव का वर्णन कीजिए।
15. 3-Phase induction motor में Stator और Rotor field का वर्णन कीजिए।
16. 3-Phase induction motor में तुल्य परिपथ तथा फेजर आरेख का वर्णन कीजिए।
17. तीन फेज मोटर पर स्थिर घूर्णक परीक्षण (Blocked rotor test) करने की विधि का वर्णन कीजिए। इस परीक्षण में समतुल्य परिपथ के कौन-कौन से प्राचलों (Parameters) की गणना को जाती है और किस प्रकार से?
18. तीन फेज प्रेरण मोटर की दक्षता ज्ञात करने हेतु किए जाने वाले परीक्षण का वर्णन कीजिए।
19. तीन फेज प्रेरण मोटर की No load test और Blocked rotor test की विधियों को समझाइए।
20. तीन फेज Induction motor द्वारा उत्पन्न बल आघूर्ण के व्यंजक की उत्पत्ति कीजिए।
21. तीन फेज Induction motor की गति बल आघूर्ण अभिलक्षण वक्र खींचिए। इसमें स्थिर तथा अस्थिर क्षेत्रों की स्पष्टता को स्पष्ट कीजिए। और इस वक्र में घूर्णक के प्रतिरोध परिवर्तन से किस प्रकार का परिवर्तन आता है? व्याख्या कीजिए।
22. तीन फेज Induction motor के लिए Speed torque curve का चित्र बनाकर विभिन्न रोटर प्रतिरोधों पर Curve के आकारों की विवेचना कीजिए।
23. तीन फेज Induction motor में निम्नलिखित पर स्पष्टीकरण दीजिए–

    (i) DOL (ii) Start delta (iii) Auto transformer व इनका Torque current (starting torque, full load torque, starting current, Full load current) में सम्बन्ध को लिखिए।
24. 3-Phase induction motor में Rating व Specifications की व्याख्या कीजिए।

Scanned with CamScanner

25. Induction motor में Rotor Resistance ($R_2$) के वृद्धि से निम्नांकित पर प्रभाव डालिए–

(i) आरम्भिक धारा

(ii) आरम्भिक बल आघूर्ण

(iii) उच्चतम बल आघूर्ण

(iv) पूर्ण भार पर स्लिप।

## आंकिक प्रश्न (Numerical Problem)

1. एक 6 ध्रुव 50 Hz त्रिकला प्रेरण मोटर 970 r.p.m. पर चल रही (i) स्लिप (ii) रोटर में प्रेरित धारा आवृत्ति की गणना कीजिए– (BTUP)

उत्तर–3%, 1.5 Hz

2. एक 3 फेज 6 pole 50 Hz प्रेरण मोटर का रोटर प्रतिरोध एवं प्रतिघात क्रमशः 0.02 Ω तथा 0.1 Ω हैं। ज्ञात कीजिए किस गति पर मोटर का बल आघूर्ण अधिकतम होगा? रोटर के बाह्य परिपथ में कितने प्रतिरोध की आवश्यकता होगी ताकि प्रारम्भ के समय बल आघूर्ण अधिकतम बल आघूर्ण का आधा हो? (BTUP)

उत्तर–800 r.p.m., 0.0068 Ω

3. एक 6 पोल का आल्टरनेटर 1000 r.p.m. पर घूमता है और 8 पोल की किसी प्रेरण मोटर को सप्लाई करता है। मोटर की वास्तविक चाल निकालिए। मोटर की स्लिप 2.5% हैं। (BTUP 2009)

उत्तर–731.25 r.p.m.

4. एक 15 Kw, 3-phase, 400 V मोटर द्वारा 0.8 पावर फैक्टर पर ली जाने वाली धारा का मान निकालिए। हानियों को नगण्य मानिए। (BTUP)

उत्तर–27.06 Amp.

5. एक 8 ध्रुव 415 V 50 Hz induction motor के पूर्ण कार्य भार पर घूर्णक ताम्र हानियाँ 800 W तथा घूर्णक आवृत्ति 2Hz है तो मोटर की गति सर्पी तथा घूर्णक Input शक्ति ज्ञात कीजिए।

उत्तर–720 r.p.m., 4 प्रतिशत तथा 20 Kw।

6. एक 1440 r.p.m., 4 pole 400 V, 50 Hz त्रिकला प्रेरण मोटर 40 Kw की Input शक्ति तथा 600 W की Stator हानियाँ रखती है। निर्धारित गति पर प्रतिकला घूर्णक ताम्र हानियों की गणना कीजिए। (BTE Examiantion)

उत्तर–523.34 Kw

7. एक 6 pole 50 Hz induction motor भार पर चलाते हुए 150 N-m तथा बलाघूर्ण उत्पन्न करती है। घूर्णक की आवृत्ति 1.5 Hz है। ज्ञात कीजिए।

(i) मोटर की गति

(ii) Rotor शक्ति Output

(iii) उत्पन्न यांत्रिक शक्ति

(iv) घूर्णक ताम्र हानि। यदि घर्षण में क्षति का बल आघूर्ण का मान 10 N-m हो।

8. एक 15 H.P. 415 V वाली त्रिकला प्रेरण मोटर के No load परीक्षण द्वारा प्राप्त हानियाँ 1000 W और Blocked rotor test द्वारा प्राप्त हानियाँ 1750 W हैं तो मोटर की प्रतिशत दक्षता ज्ञात कीजिए। (BTUP 2018)

उत्तर–$\eta = 80\%$

Scanned with CamScanner

9. एक 4 pole 50 Hz त्रिकला Star connected मोटर की निर्धारित वोल्टता पर परीक्षण किया गया और निम्नलिखित आँकड़े प्राप्त हुए हैं–

No load पर Input power $W_0$ = 2.54 Kw तथा Input current = 25 A (लाइन)

Full load पर Input power $W_{Sc}$ = 62.5 Kw तथा = 92 A धारा = 92 A (लाइन)

मोटर की निर्धारित गति पर = 1460 r.p.m. तथा प्रतिकला स्याता प्रतिरोध (0.13 Ω)। यदि घर्षण तथा Windage losses का मान 400 W हो तो निम्नलिखित का परिकलन कीजिए–

(i) पूर्ण भार (Full load slip)

(ii) Stator (स्याता)। क्रोड हानियाँ (Core losses)

(iii) घूर्णक निविष्ट (Rotor input)

(iv) घूर्णक ताम्र हानियाँ

(v) मोटर की दक्षता

(vi) कुल हानियाँ। **(BTUP)**

उत्तर–(i) 2.6% (ii) 2058.75 W (iii) 59340.87 W (iv) 1542.86 watt (v) 92.48 Ω (vi) 64958.75 W

10. एक 400 V 50 Hz त्रिकला पिंजरा प्रेरण मोटर पर परीक्षण करने से निम्नलिखित आँकड़े प्राप्त हुए हैं–

**No load test**–लाइन Voltage 400 V लाइन धारा 5 A, सम्पूर्ण निविष्ट 800 W

Short circuit या Blocked rotor test : लाइन वोल्टता 100 V, लाइन धारा 15 A, सम्पूर्ण निविष्ट 900 W. इससे लाइन धारा शक्ति गुणक व दक्षता ज्ञात कीजिए जबकि मोटर पर 15 H.P. का भार है। **(BTUP 2017)**

उत्तर–लाइन धारा 24 A, $\cos\phi = 0.854$, $\eta = 79.6\%$

11. किसी त्रिकलीय 400 Volt 50 Hz 4 pole प्रेरण मोटर की Input शक्ति 20 Kw है तथा Slip का मान 4 प्रतिशत है तब (i) रोटर धारा आवृत्ति (ii) रोटर चाल तथा (iii) रोटर ताम्र हानियाँ स्टेटर हानियाँ नगण्य माने।

12. एक 8 ध्रुव वाली प्रेरण मोटर के स्टेटर में उत्पन्न विद्युत वाहक बल की आवृत्ति 50 Hz तथा रोटर में 1.5 Hz हैं। मोटर की चाल से चल रही है तथा स्लिप का मान कितना है?

उत्तर–N = 727.5 r.p.m. $S = 3\%$

13. एक 500 Volt 6 pole 50 Hz त्रिकलीय प्रेरण मोटर यांत्रिक हानियों सहित 20 HP पैदा करती है जबकि वह 995 चक्कर प्रति मिनट की गति से चलती है। शक्ति गुणाक 0.87 है तब–

(i) स्लिप (Slip) (ii) रोटर ताम्र हानियाँ (iii) कुल निविष्ट (Total input) यदि स्टेटर हानियाँ 1500 वाट हों, (iv) लाइन धारा और (v) रोटर के विद्युत वाहक बल की आवृत्ति साइकिल प्रतिमिनट में गणना कीजिये।

उत्तर–(i) 0.5 = 5% (ii) 73.919 वाट (iii) 16283.919 वाट (iv) 21.613 Amp. (v) 15 cycle/min.

14. एक त्रिफेजी प्रेरण मोटर 440 Volt 50 Hz, 6 pole, 960 r.p.m. पर चलते हुए 15 Kw का यांत्रिक लोड (वास्तविक रोटर निर्गत) विकसित करता है। इस समय मोटर का शक्ति गुणक 0.8 है तथा यांत्रिक हानियाँ 0.8 Kw है। इस लोड के लिए

(i) स्लिप

(ii) रोटर ताम्र हानियाँ

(iii) निविष्ट यदि कुल स्टेटर हानियाँ 1.6 Kw हो तथा लाइन धारा ज्ञात कीजिए।

उत्तर–*i*, $S = 4\%$ (ii) 658 watt (iii) 18.058 Kw (iv) $I_L = 29.62$ Amp.

Scanned with CamScanner

15. एक Induction motor का निकटतम प्रारम्भिक बल आघूर्ण पूर्ण लोड बल आघूर्ण के पदों में ज्ञात कीजिये जब उसे (i) स्टार डेल्टा स्टार्टर (ii) एक ऑटो ट्रांसफॉर्मर स्टार्टर द्वारा जिसमें 70% टेपिंग हो से चलाया जाता है। इस प्रेरण मोटर की प्रसामान्य वोल्टता पर लघु परिपथ धारा पूर्ण लोड धारा की 6 गुना है तथा पूर्ण लोड स्लिप 4.5% है। चुम्बकीय धारा को नगण्य मानें।

उत्तर–(i) $T_{St} = 0.54 T_F = 54\% \, T_F$ (ii) $T_{St} = 79\% \, T_F$

16. एक प्रेरण मोटर Starting में पूर्ण लोड धारा की अपेक्षा 6 गुना धारा लेता है। यदि उसकी पूर्ण लोड स्लिप 5% हो तो मोटर का प्रारम्भिक बल आघूर्ण पूर्ण लोड बल आघूर्ण की अपेक्षा ज्ञात कीजिये जब उसे स्टार डेल्टा स्टार्टर द्वारा चलाया जाता है।

उत्तर–$T_{St} = 0.6 \, T_F$

17. एक प्रेरण मोटर का प्रारम्भिक बल आघूर्ण पूर्ण लोड बल आघूर्ण का 1.5 है। यदि मोटर की पूर्ण लोड स्लिप 4% हो तो प्रारम्भिक धारा पूर्ण लोड धारा की कितनी गुनी होगी जब उसे लाइन से सीधा जोड़ा जाता है?

उत्तर–$I_{st} = 6.12 \, I_F$

18. एक 6 ध्रुव त्रिफेजी 15 Hz प्रेरण मोटर पूर्ण लोड पर चलते हुए 162 N-m उपयोगी बल आघूर्ण विकसित करती है, इस समय रोटर विद्युत वाहक बल की आवृत्ति 90 चक्कर प्रति मिनट है। निम्न की गणना कीजिए–

(i) स्लिप (ii) ब्रेक अश्व शक्ति (iii) रोटर में ताम्र हानियाँ (iv) मोटर Input (v) मोटर की दक्षता यदि वायु तथा घर्षण में व्यय यांत्रिक बल आघूर्ण 15 N-m हो तथा स्टेटर हानियाँ 750 वाट हो। **(BTEUP 2013, 2016)**

उत्तर–(i) $S = 3\%$ (ii) 22.38 HP मैट्रिक (iii) 556.2 W (iv) 19292.85 वाट (v) 85.45%

19. एक 6 pole 50 Hz त्रिकला प्रेरण मोटर 4% स्लिप के साथ पूर्ण लोड पर कार्य कर रही है तथा अपनी घिर्री के रिम पर 15.20 Kgm का बल आघूर्ण उत्पन्न कर रही है। घर्षण तथा Windage losses 200 वाट है तथा स्टेटर हानियाँ (ताम्र हानियाँ तथा लोह हानियाँ) 1580 वाट है। मोटर (i) Output (ii) Rotor ताम्र हानियाँ (iii) Full load efficiency ज्ञात कीजिए।

उत्तर–(i) 14996.35 वाट (ii) 633.18 वाट (iii) 86.13%।

20. एक त्रिफेजी प्रेरण मोटर का अधिकतम बल आघूर्ण 10% स्लिप पर प्राप्त होता है। मोटर का तुल्य द्वितीयक प्रतिरोध 0.12 Ω प्रतिफेज है। इस स्लिप पर (i) तुल्य लोड प्रतिरोध $R_L$ (ii) लोड वोल्टता $V_L$ (iii) लोड धारा $I_2$ ज्ञात कीजिये यदि कुल Output शक्ति 7500 वाट है। **(BTU 2006, 09, 11)**

उत्तर–(i) 1.08 Ω/फेज (ii) 51.96 Volt (iii) 48.11 Amp.

Scanned with CamScanner

# अध्याय 2





# एक कलीय मोटर
# (Single Phase Motor)

## 2.1 सिगंल फेज प्रेरण मोटर (Single Phase Induction Motor)

प्रस्तावना (Introduction)–इलेक्ट्रिकल मोटर का सबसे सामान्य प्रकार Single phase induction motor है जो व्यापक रूप से घरेलू, वाणिज्यिक और औद्योगिक अनुप्रयोगों में प्रयुक्त किया जाता है। Single phase induction motor को प्राय: Fractional horse power of F.H.P. के नाम से भी जाना जाता है। F.H.P. मोटर का आकार 1 Kw निरन्तर गति (Continuous Rating) मोटर से छोटा व इनकी गति 1700–1800 R.P.M. तक होती है। इसके $\frac{3}{4}$ Kw 925 R.P.M. पर कार्य करने वाले मोटर के फ्रेम का आकार 1.0 Kw, 1700 R.P.M. वाली मोटर के आकार से बड़ा होता है। अत: वे मशीन जो 1 kw से कम Rating जैसे $\frac{1}{4}$ Kw $\frac{1}{2}$ Kw 100 w 60 w आदि की Rating वाली मशीन Fractional horse power या F.H.P. motor है, अत: जैसे नाम से स्पष्ट है कि Fractional horse power यह मशीन 1 Kw के Fraction में रहती है जैसे $\frac{1}{2}$ Kw, 60 w, $\frac{3}{4}$ Kw आदि हैं। ये मशीन Single phase motor की Rating छोटे आकार की मोटर है। मिक्सर, रेफ्रिजरेटर, खाद्य प्रोसेसर और अन्य रसोई उपकरण इन मोटर को कार्य में लाया जाता है। ये मोटर एयर कंडीशनिग के पंखे, ब्लोअर, कार्यालय मशीनरी, छोटे विजली उपकरण, डेयरी मशीन, छोटे कृषि उपकरण आदि में भी उपयोग किया जाता है।

Single phase induction motor के तीन फेज प्रेरण मोटर की अपेक्षा निम्नलिखित गुणों को ध्यान में रखते हैं–

(i) कम दक्षता वाली

(ii) Low power factor पर कार्य करने वाला

(iii) समान लोड के लिए कम दक्षता

(iv) कम बल आघूर्ण विकसित करने वाला

(v) Low speed regulation

(vi) Not self starting

(vii) Low cost, छोटे आकार, सरल अनुरक्षण के कारण कम अश्वशक्ति की मोटर के रूप में घरेलू उपकरणों तथा अन्य व्यापारिक कार्यों में प्राय: अधिकतर प्रयोग में लाया जाती है। सरंचना की दृष्टि से यह त्रिफेजी मोटर के समान होती है लेकिन इन Motor में केवल Single phase winding को ही उपयोग में लाया जाता है।

### संरचना एवं अभिलाक्षणिक गुण (Construction and Characteristics)

एक कलीय स्रोत पर कार्य करने वाली मोटरें जो विद्युत चुम्बकीय प्रेरण (Electromagnetic induction) के सिद्धान्त पर कार्य करती हैं, एक कलीय प्रेरण मोटरें कहलाती हैं। तीन फेज की प्रेरण मोटर से संरचना में समानता रखती ये प्रेरण मोटर एक कलीय कुण्डलन (Single phase winding) पर प्रत्यावर्ती चुम्बकीय क्षेत्र (Alternating magnetic field) उत्पन्न करती हैं। सिंगल फेज प्रेरण मोटर की संरचना त्रिकलीय प्रेरण मोटर की संरचना से कुछ भाग में पृथक् करती है, जो इस प्रकार है–

Scanned with CamScanner

(1) एक कलीय प्रेरण मोटर का रोटर प्राय: पिंजरा प्रारूपी (Squirrel cage type) होता है, इसके स्टार्टर पर दो (M... and auxiliary) winding होती है जो एक फेज पर कार्य करती है।

(2) एक फेज की प्रेरण मोटर में अपकेन्द्री स्विच (Centrifugal switch) लगा होता है जो मोटर को स्टार्ट हो जाने के बाद, उसकी प्रारम्भन कुण्डली (Starting winding) से प्रदायी वोल्टता से पृथक् कर देता है।

(3) सिंगल फेज की प्रेरण मोटर की स्टेटर कुण्डलन में केवल दो सिरे (Terminal leads) बाहर होती हैं। इन मोटरों को आंशिक-अश्वशक्ति (Fractional horse power) के नाम से भी जाना जाता है।




चित्र 2.1 (a) सिंगल फेज प्रेरण मोटर में स्टेटर का विभक्त चुम्बकीय क्षेत्र (b) सदिश आरेख ($t = 0^+$) (c) सदिश आरेख (t =...

## 2.2 एक कलीय प्रेरण मोटर में उत्पन्न घूर्णी क्षेत्र की प्रकृति (Nature of Field Produced in Single Phase Induction Motor)

**Production of Rotating Field–**




चित्र 2.2 Production of rotating field (1-ϕ I.M.)

Scanned with CamScanner

दो Winding $A$ व $B$ को 90° पर विस्थापित करने पर Space में चुम्बकीय क्षेत्र का उत्पादन करते हैं जैसा कि चित्र में दिखाया गया है। ये घुमावदार चुम्बकीय क्षेत्र में बराबर $\phi_m$ परिणाम बनाते है और इन क्षेत्रों के तरंग द्वारा दिए गए समय में 90° से चित्र में दिखाया गया है। इन दो क्षेत्रों का परिणाम निरंतर घूमने वाला दो चुम्बकीय नियत परिणाम का चुम्बकीय क्षेत्र $\phi_m$ है और यह Rotating magnetic field का Phasor का घूर्णन का प्रत्येक Cycle का चित्र (c) में प्रदर्शित Supply frequency के एक Cycle के अनुरूप Phasor के प्रत्येक cycle को प्रदर्शित किया गया है।

$$\phi_A = \phi_m \sin \omega t$$

$$\phi_B = \phi_m \sin(\omega t + 90°)$$

मान लिया कि दो घुमावदार $A$ व $B$ Space में 90° विस्थापित है लेकिन ऐसे क्षेत्र का निर्माण करते हैं जो या तो बराबर नहीं हैं या 90° के अलावा फेज में नहीं है जैसा कि चित्र में दिखाया गया है। इन दो क्षेत्रों के परिणामी फिर से एक घूमने वाला चुम्बकीय क्षेत्र है लेकिन यह चुम्बकीय क्षेत्र प्रत्येक चक्र के दौरान परिमाण में परिवर्तशील है। वास्तव में दो क्षेत्रों के परिणामी समय और स्थान दोनों में से कुछ कोण दूसरे द्वारा विस्थापित होते हैं फिर 90° का एक घूर्णन चुम्बकीय क्षेत्र है जो Torque का उत्पादन करके मोटर के शोर के संचालन को बनाता है। Non uniform के दूसरे प्रभाव को Starting torque पर होता है जो कि अधिक Uniform rotating field वाले मोटर की तुलना में Non-uniform rotating field में बड़ा Starting torque होता है।




चित्र 2.3

## सिंगल फेजी प्रेरण मोटर का कार्य सिद्धान्त एवं संरचना
## (Working Principle and Construction Details of Single Phase Induction Motor)

Construction की दृष्टि से Single phase induction motor तीन फेज प्रेरण मोटर के लगभग समान होते हैं जो कि निम्नवत हैं–

**(i) Single Phase Motor—**लगभग Poly phase induction motor के अनुरूप होते हैं। अन्तर केवल इतना है कि एक फेज मोटर के स्टेटर में केवल Single phase winding होती है। कुछ इस प्रकार के मोटरों में Centifugal switch भी लगे होते हैं जो कि Motor में Start करने के लिए प्रयुक्त किये जाते हैं तथा परिपथ में उपयुक्त सहायक, Winding को मोटर को संचालित करने के पश्चात् अपनी रेटेड गति प्राप्त करने के बाद परिपथ काटने के लिये लगा होता है, इसमें Distributed स्टेटर Coil तथा पिन्जरा प्रारूपी Rotor का प्रयोग किया जाता है जब इस मोटर को एक फेज की प्रत्यावर्ती धारा सप्लाई से संयोजित किया जाता है तो इससे स्टेटर कुण्डलन में प्रत्यावर्ती फ्लक्स या (क्षेत्र) उत्पन्न होता है जोकि बहु फेज (Polyphase) फ्लक्स की भाँति तुल्यकालिक गति पर Rotation torque को उत्पन्न नहीं करता है, जिसके फलस्वरूप मोटर स्वचालित (Self start) नहीं होती है, अत एव मोटर को स्वचालित बनाने के लिए हमें कुछ प्रकार के उपाय करने होंगे जिससे मोटर को स्वचालित बनाया जा सके, इस लिए सिंगल फेज मोटर को यदि किसी प्रकार से हाथ या अन्य सहायक उपकरण से इस प्रकार से मशीन के Rotor को स्थिर अवस्था से किसी भी दिशा में घुमा दिया जाये तो मोटर घूमने लगता है तथा क्रमशः अपनी पूर्ण गति को प्राप्त कर लेता है, मोटर का यह व्यवहार दो सिद्धान्तों पर कार्य करता है, जोकि एकल फेज मोटर का चालन सिद्धान्त (Operating principle भी कहलाता है।

Scanned with CamScanner

(i) Cross field theory (ii) Double field revolving theory

**(i) Cross Field Theory**—इस सिद्धान्त को समझने के लिए हम प्रायः सिंगल A.C. फेज में Induction motor के विकसित बल आघूर्ण (Developed torque) के समीकरण → $T = KF_SF_r \sin \delta\ N-m$ जिसमें $F_S$ = field of stator, $F_r$ = field of rotor एवं $K$ = समानुपाती स्थिरांक और $\delta$ = Stator field तथा Rotor field के बीच का Angle है, जब हम स्टार्टर वाइंडिंग को सिंगल फेज सप्लाई से जोड़ते हैं तब स्टेटर की Winding में प्रवाहित धारा से उत्पन्न चुम्बकीय क्षेत्र तथा इसके परिणामी चुम्बकीय क्षेत्र उत्पन्न होता है जिसकी दिशा को चित्र में प्रदर्शित किया गया है।




(A) (a) स्याता क्षेत्र (B) (b) घूर्णक क्षेत्र (C) (c) घूर्णक क्राश क्षेत्र

चित्र 2.4 क्रॉसफील्ड सिद्धान्त का आरेख

Stand still condition पर Rotor की Winding में परिणामित्र क्रिया द्वारा प्रेरित स्थैतिक विद्युत वाहक बल के कारण प्रवाहित धारा से उत्पन्न चुम्बकीय क्षेत्र तथा इसके परिणाम चुम्बकीय क्षेत्र की दिशा को प्रदर्शित किया गया है जो स्टार्टर के परिणामी चुम्बकीय क्षेत्र की दिशा के विपरीत है। इस प्रकार इन दोनों परिणामी चुम्बकीय क्षेत्रों के बीच का कोण 180° है क्योंकि एक दूसरे में विपरीत फेज में है। इस स्थिति में मोटर के अन्दर (Torque) बल आघूर्ण उत्पन्न नहीं होता है और Motor start नहीं होता है। अब यदि रोटर को किसी बाह्य बल स्रोत द्वारा दक्षिणावर्त दिशा (Clockwise direction) में थोड़ा घुमा दिया जाए तो रोटर द्वारा स्टार्टर फील्ड को काटा जाएगा जिसके फलस्वरूप Rotor की Winding में एक अन्य गति विद्युत वाहक बल (e.m.f.) उत्पन्न हो जाएगा जो पूर्व में Transfer क्रिया द्वारा प्रेरित स्थैतिक विद्युत वाहक बल से भिन्न होगा। इसकी Winding को दक्षिण हस्त नियम (R.H.L.) के द्वारा ज्ञात किया जाता है। इस गति विद्युत वाहक बल के कारण रोटर Winding में प्रवाहित धारा से उत्पन्न चुम्बकीय क्षेत्र तथा इसके परिणामी चुम्बकीय क्षेत्र को चित्र में दर्शाया गया है, जो स्टेटर के परिणामी चुम्बकीय क्षेत्र के लम्बवत् है। इस घूर्णक को Cross field चुम्बकीय क्षेत्र कहते हैं। इसी के कारण रोटर पर अधिकतम बल आघूर्ण (Torque) लागू होता है जिसके कारण Rotor सतत् घूमने लगता है। उपरोक्त उत्पन्न बल आघूर्ण को निम्न समीकरण $T \propto \sin \delta$ जहाँ $\delta \rightarrow$ Torque angle between two field के द्वारा परिभाषित किया जाता है।

**(ii) द्वि क्षेत्र परिक्रमण सिद्धान्त** (Double Field Revolving Theory)—इस सिद्धान्त के अनुसार एक प्रत्यावर्ती फ्लक्स को दो घूर्णमान संघटकों (Rotating components) में विघटित किया जा सकता है जिनमें से प्रत्येक संघटक तुल्यकालिक गति $\left(N_S = \frac{120f}{P}\right)$ से एक दूसरे के विपरीत दिशा में घूर्णमान होता है।

इस सिद्धान्त के स्पष्टीकरण के लिए चित्र (i), (ii), (iii), (iv) व (v) की कल्पना की गयी है। चित्र (i) के अनुसार माना कि प्रत्यावर्ती फलक्स का अधिकतम मान $\phi_m$ है तथा इसके दो संघटक फ्लक्सों $A$ तथा $B$ का मान $\frac{\phi_m}{2}$ है जो कि क्रमशः Clockwise तथा Anticlockwise दिशा में तुल्यकालिक गति से Rotation कर रहा है। चित्र (ii) के अनुसार कुछ समय पश्चात् जब $A$ तथा $B$ अपनी प्रारम्भ स्थिति से $+\theta$ तथा $(-\theta)$ डिग्री घूम जाते हैं तब इस स्थिति में,

$$\Rightarrow \text{परिणामी फलक्स} = \frac{2 \times \phi_m}{2} \sin \frac{2\theta}{2} = \phi_m \sin \theta$$

Scanned with CamScanner

चित्र (iii) के अनुसार प्रारम्भिक स्थिति में एक चौथाई Cycle के पश्चात् दोनों फ्लक्स $A$ तथा $B$ परस्पर विपरीत दिशा में हो जाते हैं, जिससे परिणामी फ्लक्स $= \frac{\phi_m}{2} - \frac{\phi_m}{2} = 0$ हो जाता है।




चित्र 2.5 द्विक्षेत्र परिक्रमण सिद्धान्त आरेख

चित्र (iv) के अनुसार प्रारम्भिक स्थिति में आधे चक्र के पश्चात् दोनों फ्लक्स $A$ तथा $B$ एक ही दिशा में हो जाते हैं, परन्तु यह दिशा पहले से विपरीत होने के कारण परिणामी फ्लक्स (Resultant flux) $\frac{-\phi_m}{2} - \frac{\phi_m}{2} = -\phi_m$ हो जाता है।

जब स्टेटर को एक Single Phase आपूर्ति से जोड़ा जाता है तो मोटर एक Single Phase मोटर की तरह Start होता है जोकि सिंक्रोनस गति के 75% से ऊपर की गति पर होता है। एक Centrifugal switch को सहायक Winding के द्वारा काट दिया जाता है और मोटर सिंगल फेज की गति को बनाये रखता है। गति में जब Main winding की गति तुल्यकालिक गति Reluctance में Torque को उत्पन्न करता है। यह Rotor की Tendency के कारण उत्पन्न होता है। इसके लिए न्यूनतम Reluctance स्थिति में खुद को संरेखित करने के लिए Forward field के Rotor को समकालिकता (Synchronism) के समकालिक घूर्णन प्रवाह के संबंध में प्रभावी ढंग से होने के लिए Load merita को समकालिकता में खींचने के बाद एक स्थिति में होना चाहिए लेकिन Rotor केवल Synchronism सिंक्रोनस, Reluctance torque के कारण सिंक्रोनाइजेशन में रहता है।




चित्र 2.41 बल आघूर्ण-गति (चाल) अभिलाक्षणिक वक्र

एक Single phase reluctance motor की Torque speed characteristic मोटर की विशेषताओं को दिखाये गये हैं। Starting torque की स्थिति पर निर्भर करता है क्योंकि यह मुख्य पोल Rotor के कारण होता है। अपने पूर्ण लोड Torque 300 से 400 प्रतिशत के बीच Starting torque मान जोकि सिंक्रोनस गति के लगभग 75 प्रतिशत पर Centrifugal switch है के द्वारा Auxiliary winding को काट दिया जाता है और Motor main winding के साथ चलती रहती है। समकालिक गति के करीब एक समकालिक मोटर के रूप में विकसित की गई Reluctance motor Rotor को खींच लेता है और Rotor तुल्यालिक गति से घूमता रहता है। मोटर 200 प्रतिशत से अधिक की निरंतर गति से चलता है और Full load में 200 प्रतिशत से अधिक होती है तो लोडिंग Torque के मान से परे Loading बढ़ जाता है जिससे Motor सिंक्रोनाइजेशन खो देता है लेकिन Single phase induction motor के रूप में इसकी रेटेड Torque 500 प्रतिशत तक चलती रहती है। Reluctance motor को Starting के समय Cogging की समस्या ना हो इसलिए Rotor bars को तिरछा (Skewd) करके Cogging के मान को कम किया जाता है और Rotor slots stator slots के exact बराबर नहीं होना चाहिए।

Reluctance motor में चूँकि Rotor को Unexcited और सामर्थ्य है। Power Factor Induction motor की तुलना में कम है। डी०सी० फील्ड उत्तेजन की अनुपस्थिति के कारण Reluctance motor का अधिकतम उत्पादन बहुत कम हो जाता है। Reluctance motor का आकार बराबर तुल्यकालिक मोटर की तुलना में बड़ा है। Reluctance motor का Main लाभ इसके सरल निर्माण हैं। No slip, No brush, No D.C. field winding कम लागत और इन सब कमियों के बावजूद

Scanned with CamScanner

आसान रखरखाव Reluctance motor कई निरंतर गति अनुप्रयोगों के लिए व्यापक रूप से किया जाता है जैसाकि बिजली की घड़ियाँ, टाइमर, सिग्नलिंग डिवाइस, रिकॉर्डिंग उपकरण और फोनोग्राफ आदि में उपयोग किया जाता है।

**2.5.2 हिस्टैरिसिस मोटर (Hysteresis Motor)**–एक हिस्टैरिसिस मोटर मूल रूप से एक समान वायु अंतराल के साथ एक तुल्यकालिक मोटर होता है और बिना D.C. Excitation के यह मोटर एक Phase पर संचालन कर सकता है और हिस्टैरिसिस Motor को Single या 3-Phase supply से चलाया जा सकता है। हिस्टैरिसिस मोटर में Torque का मान हिस्टैरिसिस तथा Eddy current के कारण उत्पन्न फ्लक्स स्टेटर Winding में Rotor की क्रिया द्वारा प्रेरित होता है।

**स्टेटर की संरचना (Stator Construction)**–हिस्टैरिसिस Motor का स्टेटर, Induction motor के स्टेटर के समान है जो एक घूर्णन चुम्बकीय क्षेत्र का उत्पादन करता है। इस प्रकार मोटर के स्टेटर को सिंगल फेज सप्लाई या थ्री फेज सप्लाई से जोड़ा जा सकता है। हम जानते हैं कि थ्री फेज मोटर एक अधिक समान घूर्णन क्षेत्र का उत्पादन करता है फिर सिंगल फेज हिस्टैरिसिस मोटर के लिए सिंगल फेज मोटर स्टेटर Winding में स्थायी स्प्लिट कैपेसिटर, Shaded pole type बहुत छोटे आकार के होते हैं। Permanent split capacitor का प्रयोग Auxiliary winding के साथ किया जाना चाहिए ताकि यथा संभव समान क्षेत्र का उत्पादन हो सके।

**रोटर संरचना (Rotor Construction)**–हिस्टैरिसिस मोटर के रोटर में एल्यूमीनियम या कुछ अन्य गैर चुम्बकीय पदार्थ के कोर होते हैं जो विशेष चुम्बकीय पदार्थ की एक परत को वहन करती है। बाहरी परत में सीमित रोटर बनाने के लिए पतली रिंगों की संख्या होती है। छोटी मोटर का एक ठोस रिंग का उपयोग किया जा सकता है। इस प्रकार एक हिस्टैरिसीस Motor का रोटर चिकना बेलनाकार होता है और इसका कोई Winding रोटर बार नहीं होता है।

रिंग विशेष चुम्बकीय पदार्थ से भी बनी होती है जैसे कि मैग्नेटिक रूप से हाईक्रोम, कोबाल्ट स्टील होता है जिसमें बहुत बड़ी हिस्टैरिसिस लूप होती है जैसा कि चित्र में दिखाया गया है।




चित्र 2.42 Rotor of a Hysteresis motor




चित्र 2.43 Various hysteresis Loop for different materials

## कार्य-प्रचालन (Operation)

एक हिस्टैरिसिस मोटर के मूल संचालन को चित्र में दिखाया गया है। जब 3-Phase आपूर्ति या सिंगल फेज की आपूर्ति एक स्टेटर पर लागू होता है तो एक घूर्णन चुम्बकीय क्षेत्र उत्पन्न होता है। यह घूर्णन चुम्बकीय क्षेत्र रोटर को चुम्बकित करता है और इसके साथ ध्रुवों को प्रेरित करता है जिससे एक समान क्रास सेक्शन रोटर स्वाभाविक रूप से स्टेटर Poles की संख्या में समान होता है।

रोटर में हिस्टैरिसिस हानि के कारण घूर्णन स्टेटर फ्लक्स के पीछे प्रेरित रोटर फ्लक्स से Lagging करता है। स्टेटर चुम्बकीय क्षेत्र $B_S$ और रोटर चुम्बकीय क्षेत्र $B_R$ के बीच कोण $\delta$ है, यह कोण Torque का उत्पादन करता है।

हिस्टैरिसिस हानि आवृत्ति पर निर्भर नहीं करता है, इस कारण से व्यापक हिस्टैरिसिस लूप वाले एक चुम्बकीय सामग्री का उपयोग किया जाना चाहिए। इसके अलावा Coercive बल $H_C$ और अवशिष्ट फ्लक्स घनत्व $B_r$ की चुम्बकीय सामग्री बड़ी

Scanned with CamScanner

होनी चाहिए। एक आदर्श सामग्री में एक आयताकार हिस्टैरिसिस लूप होगा जैसा कि लूप (1) में दिखाया गया है। साधारण हिस्टैरिसिस मोटर के लिए उपयुक्त नहीं है क्योंकि उनके हिस्टैरिसिस लूप की आकृति (2.43) में दिखाया गया है। कोबाल्ट वैनेडियम प्रकार की सामग्री का उपयोग हिस्टैरिसिस मोटर में किया जाता है जैसा कि लूप 2 के अनुसार हिस्टैरिसिस लूप है। इस तरह के एक लूप आदर्श (1) को दर्शाता है।

स्टेटर चुम्बकीय क्षेत्र के अलावा रोटर में एक Eddy current का उत्पादन करते हैं। ये Eddy current अपने स्वयं के चुम्बकीय क्षेत्र का उत्पादन करते हैं। इन Eddy current के कारण रोटर पर एक अतिरिक्त Torque होता है।




चित्र 2.44 सदिश आरेख हैस्टेरिसिस मोटर

अतः Eddy current के द्वारा हानि

$$P_e = K_e f_2^2 B^2$$

$K_e$ = constant

$f_2$ = Rotor की Frequency (of Eddy current)

$B$ = Flux density

$$f_2 = Sf_1$$

$S$ = Slip

$$P_e = K_e S^2 f_1 B^2$$

Torque का मान

$$T_e = \frac{P_e}{S\omega_S}$$

$$T_e = K'S$$

$$K' = \frac{K_e f_1^2 B^2}{\omega_S} = \text{a constant}$$

*Hysteresis losses* के करण Torque का मान

$$P_h = K_h f_2 B^{1.6}$$

$$P_h = K_h S f_1 B^{1.6}$$

Scanned with CamScanner

$$\tau_n = \frac{P_h}{S\omega_S} = \frac{(K_h f_1 B^{1.6})}{\omega_S} = K'' = \text{a constant}$$

समीकरण ($\tau_e = K'S$) में देखा गया है कि $\tau_e$ Slip के लिए आनुपातिक है। रोटर की गति बढ़ने के साथ इसमें $\tau_e$ कम आता है जब मोटर तुल्यकालिक गति तक पहुँच जाता है तब $T_e$ शून्य हो जाता है। स्टेटर करंट गिरता है और रोटर स्थायी चुम्बक की तरह कार्य करता है और मशीन स्थायी चुम्बक प्रकार मोटर के रूप में चलता है। यह ध्यान दिया जाना चाहिए कि मोटर का Starting torque $\tau_e$ है।

मोटर द्वारा विकसित विद्युत चुम्बकीय Torque $P_h = \dfrac{K_h f_1 B^{1.6}}{\omega_S} = K'' = \alpha$ द्वारा दिया गया है। Torque का यह घटक ब्रेक डाउन $T_h$ तक सभी रोटर की गति पर स्थिर रहता है। सिंक्रोनस स्पीड पर शून्य है। सिंक्रोनस Speed पर एक परत Torque $T_h$ है। सिंक्रोनस स्पीड में मोटर में प्रेरित टार्क हिस्टैरिसिस द्वारा निर्धारित अधिकतम कोण $\delta$ तक स्टेटर और Rotor मैगनेटिक फील्ड के बीच कोण के समानुपाती होता है।

**बल आघूर्ण गति (चाल) वक्र (Torque Speed Characteristics)**

आदर्श स्थिति में Hysteresis motor का Torque speed characteristics को Curve 1 के द्वारा प्रदर्शित किया गया है तथा Practical स्थिति में यह Curve 2 के द्वारा प्रदर्शित किया गया है।

आदर्श विशेषताओं 1 से प्रारम्भ घूर्णन क्षेत्र में हार्मोनिक की उपस्थिति और अन्य अनियमितताओं के कारण है। हिस्टैरिसिस मोटर की स्पीड टार्क की विशेषताएँ Induction motor की तुलना में काफी अलग होता है। Induction motor द्वारा विकसित Torque सिंक्रोनस Speed में शून्य हो जाता है जबकि एक आदर्श हिस्टैरिसिस मोटर में यह सिंक्रोनस Speed $N_S$ सहित सभी गति पर स्थिर रहता है। इससे देखा जा सकता है। Rotor को बंद करने और Torque को बाहर निकालने में जो विशेषताएँ हैं वे सभी समान हैं। इस तरह की मोटर उच्च जड़त्व भार में सिंक्रोनिज्म में खींच सकती है।




चित्र 2.44

**उपयोग (Applications)**–हिस्टैरिसिस मोटर में सिंगल फेज इंडक्शन मोटर की तुलना में बहुत कम शोर स्तर होता है। यह इसलिए होता है क्योंकि यह गति (सिंक्रोनस स्पीड) पर काम करती है और इसका रोटर (smooth) (Unslotted) होता है। सिंगल फेज प्रेरण मोटर की अपेक्षा स्थायी Capacitor स्टेटर के साथ हिस्टैरिसिस मोटर सबसे स्मूथ रनिंग है (Smooth Running) और इसलिए क्वालिटी साउंड रिप्रोडक्शन इक्विपमेंट जैसे रिकार्डर प्लेयर, टेप रिकार्डर आदि के लिए तैयार किया जाता है। हिस्टैरिसिस मोटर का सबसे आम उपयोग इलेक्ट्रिक क्लाक और अन्य टाइमिंग डिवाइस के लिए इस्तेमाल किया जाता है। स्टेटर में पोल बदलने के प्रावधान के साथ मोटर Multispeed पर चलता है। यह मोटर बहुत छोटे आकार में बनाया जाता है।

Scanned with CamScanner

# अभ्यास प्रश्न

1. द्विध्रुव क्षेत्र सिद्धान्त (Double revolving field theory) अथवा अन्ततः किसी एक कलीय प्रेरण मोटर के प्रचालन को संक्षेप में समझाइये।
2. एक फेजी (Single phase) प्रेरण मोटर की विभिन्न प्रवर्तन (Starting) विधियों के नाम लिखिये। परिपथ आरेख की सहायता से सविस्तार किसी एक विधि को समझाइये।
3. एक कलीय (Single phase) प्रेरण मोटर स्वतः प्रवर्ती (Self starting) क्यों नहीं होते हैं? उनको स्वतः प्रवर्ती बनाने की विभिन्न विधियों के नाम लिखिये तथा परिपथ आरेख के साथ किसी एक विधि का वर्णन कीजिये।
4. सिंगल फेज एवं फ्रेक्शनल हार्स पावर इण्डक्शन मोटरों के नाम तथा उनके अनुप्रयोगों को दीजिए, उनमें से किसी एक को विस्तारपूर्वक समझाइए।
5. एक कलीय प्रेरण में कान्स्टेन्ट फारवर्ड (Constant forward) एवं बैकवर्ड फारवर्ड (Backward) फ्लक्स तरंग के आधार पर एक कलीय प्रेरण मोटर बल आघूर्ण गति अभिलक्षण को समझाइये।
6. संधारित्र स्टार्ट संधारित्र चालित (Capacitor start capacitor run) प्रेरण मोटर की संरचना तथा कार्य सिद्धान्त समझाइये। इस मोटर के घूमने की दिशा को कैसे बदला जा सकता है?
7. एक कलीय शेडेड पोल प्रेरण मोटर की संरचना तथा कार्य सिद्धान्त एवं अनुप्रयोगों की विवेचना कीजिए।
8. यूनिवर्सल मोटर क्या है? उनके अभिलक्षण तथा अनुप्रयोगों क्षेत्रों की विवेचना कीजिए।
9. निम्नलिखित पर टिप्पणियाँ लिखिए–
   (i) यूनिवर्सल मोटर
   (ii) छादित ध्रुव (Shaded pole motor)
   (iii) हिस्टैरिसिस मोटर (Hysteresis motor)
10. सिंगल फेज Induction motor में सिद्ध कीजिए कि $S_B + S_F = 2$ अर्थात् Backward slip तथा Forward slip का मान का योग 2 होता है।
11. निम्नलिखित की व्याख्या कीजिए–
    (i) सिंगल फेज सिंक्रोनस मोटर
    (ii) सिंगल फेज हिस्टैरिसिस मोटर
    (iii) सिंगल फेज रिलक्टान्स मोटर
12. सिंगल फेज तुल्यकाली मोटर की संरचना तथा कार्य विधि का वर्णन कीजिए।
13. A.C. सीरिज मोटर की संरचना, कार्य-विधि संचालन तथा अनुप्रयोगों का वर्णन कीजिए।
14. निम्नलिखित की व्याख्या कीजिए–
    (i) Capacitor start motor
    (ii) Capacitor run motor
    (iii) Capacitor start and capacitor run motor

Scanned with CamScanner





# अध्याय 3

# तुल्यकालिक मशीन (Synchronous Machine)

## तुल्यकालिक मशीन (Synchronous Generators or Alternator)

**परिचय (Introduction)**–एक एकल (Single conductor) कंडक्टर आर्मेचर कॉइल में एक प्रत्यावर्ती (Alternating voltage) वोल्टेज उत्पन्न होता है जो स्थिर फील्ड ध्रुवों के साथ एक समान चुम्बकीय क्षेत्र में घूमता है। एक प्रत्यावर्ती वोल्टेज भी स्थिर आर्मेचर कंडक्टर में उत्पन्न होता है जब फील्ड पोल कंडक्टर के पीछे (Backward) चक्कर लगाता है। इस प्रकार हम देखते हैं कि जब एक आर्मेचर कंडक्टर और फील्ड फ्लक्स के बीच सापेक्ष गति होती है तो आर्मेचर कंडक्टरों में वोल्टेज जनरेटेड साइन वक्र (  ) की आकृति का प्राप्त होगा। जिसे हम ग्राफिकल प्रदर्शन से समझ सकते हैं।

एक डीसी जनरेटर में फील्ड पोल स्थिर होते हैं और आर्मेचर कंडक्टर घूमते हैं। आर्मेचर कंडक्टर में उत्पन्न वोल्टेज प्रत्यावर्ती प्रकृति का होता है। यह जनरेटर वैकल्पिक वोल्टेज कम्यूटेटर की मदद से ब्रश पर एक डी०सी० वोल्टेज में परिवर्तित हो जाता है।

A.C. जनरेटर को आमतौर पर अल्टरनेटर कहा जाता है। उन्हें सिंक्रोनस जनरेटर घूर्णन मशीन भी कहा जाता है जो आपूर्ति आवृत्ति द्वारा तय की गई गति से घूमती है और ध्रुव की संख्या को गुणनफल सिंक्रोनस मशीन कहा जाता है।

$$\left(N_S = \frac{120f}{P}\right)$$

सिंक्रोनस जनरेटर एक रोटेटिंग मशीन है जो प्राइम मूवर के यांत्रिक शक्ति को परिवर्तित करके विद्युत शक्ति में एक विशिष्ट वोल्टेज और आवृत्ति पर विद्युत शक्ति का उत्पादन करते है। सिंक्रोनस मशीनें एक स्थिर गति पर घूमती हैं जिसे सिंक्रोनस गति कहा जाता है। एक सिंक्रोनस मोटर वह सिंक्रोनस मशीन है जो इलेक्ट्रिक पावर को मैकेनिकल पावर में परिवर्तित करता है। सिंक्रोनस जनरेटर आमतौर पर 3 फेज के होते हैं। क्योंकि 3 फेज जनरेशन ट्रांसमिशन और डिस्ट्रीब्यूशन के लिए बड़े सिंक्रोनस जनरेटर का इस्तेमाल थर्मल, हाइड्रो और न्यूक्लियर पावर स्टेशन में बल्क पावर उत्पन्न करने के लिए किया जाता है। जनरेटिंग स्टेशन पर कई 100 mVA की पावर रेटिंग के साथ सिंक्रोनस जनरेटर का प्रयोग किया जाता है।

भारत के सबसे बड़े आकार के जनरेटिंग स्टेशन में इस्तेमाल किये जाने वाला सुपर थर्मल पावर स्टेशन सिंक्रोनस जनरेटर में इस्तेमाल किए जाने वाले 500 MVA की अल्टरनेटर रेटिंग है जो आज विद्युत शक्ति प्रणाली का प्राथमिक स्रोत है।

सिंक्रोनस जनरेटर के बल्क पावर जनरेशन स्टेटर Winding 6.2 kV से 33 kV तक के वोल्टेज के लिए डिजाइन की गई है।

**अल्टरनेटर के Rotating Field के गुण** (Advantages of Rotating Field Alternator)–अधिकांश अल्टरनेटर घूर्णन क्षेत्र प्रकार के होते हैं तथा स्थिर आर्मेचर की तुलना में घूर्णन क्षेत्र आर्मेचर अल्टरनेटर के निम्न प्रकार के लाभ होते हैं–

1. एक स्थिर आर्मेचर अधिक आसानी से उच्चतम वोल्टेज के लिए अलग है जिसके लिए अल्टरनेटर को डिजाइन किया गया है। यह उत्पन्न Voltage 33 KV जितना अधिक हो सकता है।

2. आर्मेचर Winding को बेहतर ढंग से बड़े इलेक्ट्रोमैग्नेटिक फोर्स के मुकाबले बड़े शार्ट सार्किट करंट की वजह से बेहतर तरीके से तैयार किया जा सकता है, जब स्टेटर में आर्मेचर वाइंडिंग होती है (For High short circuit ratio)।

3. आर्मेचर Winding हमेशा स्थिर रहती है, कंपन और Centrifugal force के कारण बदलती नहीं है।

Scanned with CamScanner

4. आउटपुट करंट को स्लिप रिंग, ब्रश आदि के उपयोग के बिना स्थिर आर्मेचर पर निश्चित टर्मिनल से सीधे लिया जा सकता है।

5. घूर्णन क्षेत्र को D.C. करंट के साथ आपूर्ति की जाती है। आमतौर पर फील्ड Voltage को 100 से 500 Volt तक से जाया जाता है केवल स्लिप रिंग को घूर्णन क्षेत्र के लिए D.C. (Direct current) की आवश्यकता होती है जबकि घूर्णन आर्मेचर के लिए कम से कम तीन स्लिप रिंग की आवश्यकता होगी। शॉफ्ट के लिए अपेक्षाकृत Low Voltage स्लिप रिंग के द्वारा इन्सुलेशन हम आसानी से प्रदान कर सकते हैं।

6. आर्मेचर Winding का वजन काफी अधिक होता है Field winding की अपेक्षा, अतः मशीन का आकार इसलिए कम हो जाता है।

7. घूर्णन क्षेत्र तुलनात्मक रूप से हल्का होता है और उच्च गति के रोटेशन के लिए इसका निर्माण किया जा सकता है। बड़े अल्टरनेटर के आर्मेचर को गैस या तरल के साथ ठंडा किया जाता है।

8. स्थिर आर्मेचर को अधिक आसानी से ठंडा किया जा सकता है क्योंकि आर्मेचर को बड़ा बनाया जा सकता है और कई प्रकार के कूलिंग नलिकाएँ (Cooling ducts) प्रदान की जाती हैं।

**प्रत्यावर्तक का कार्य सिद्धान्त**–प्रत्यावर्तक या प्रत्यावर्ती धारा दिष्ट धारा जनित्र की भाँति विद्युत चुम्बकीय प्रेरण के मौलिक सिद्धान्त पर कार्य करता है। इसमें ये आर्मेचर Winding तथा चुम्बकीय क्षेत्र होता है। दिष्ट धारा जनित्र तथा प्रत्यावर्तक में मुख्य अन्तर यह है कि दिष्ट धारा जनित्र में आर्मेचर घूमता है तथा चुम्बकीय क्षेत्र स्थिर रहता है जबकि प्रत्यावर्तक में उपरोक्त की ठीक विपरीत व्यवस्था कर दी जाती है। क्षेत्रीय (Magnetice field winding) कुण्डलन को घुमाने वाले भाग में व्यवस्थित कर दिया जाता है जिसे रोटर कहते हैं। प्रत्यावर्तक का स्टेटर ढलवां लोहे का बना होता है जोकि आर्मेचर क्रोड को टेक (Support) देता है। स्टेटर में अन्दर की परिधि में आर्मेचर चालक रखने के लिए स्लॉट (Slot) बनी होती है। रोटर एक ऐसे गतिपालक पहिये (Flywheel) की तरह होता है जिससे उसके बाहरी परिधि में क्रम से $N$ तथा $S$ ध्रुव Fixed रहते हैं। चुम्बकीय ध्रुवों (Magnetic pole) को दिष्ट धारा जोकि 125 से 250 Volt तक ही हो सकता है से उत्तेजित या चुम्बकित किया जाता है। प्रायः आवश्यक उत्तेजना या चुम्बकीय धारा को एक छोटे दिष्ट धारा जनित्र द्वारा प्राप्त किया जाता है कि प्रत्यावर्तक के साथ बेल्ट या प्रत्यावर्तक की शाफ्ट के युग्मित रहता है। चूँकि प्रत्यावर्तक का चुम्बकीय क्षेत्र घूमता है इसलिए उत्तेजन धारा दो स्लिप रिंगों द्वारा चुम्बकीय क्षेत्र को दी जाती है। चूँकि उत्तेजन वोल्टता कम होता है इसलिए स्लिप रिंगों और ब्रुश गियर की संरचना में हल्का बनाया जाता है। जब रोटर घूमता है तब स्टेटर के चालक स्थिर होने के कारण चुम्बकीय फ्लक्स को काटते हैं जिससे स्टेटर में प्रेरित विद्युत वाहक बल (Induced e.m.f.) उत्पन्न होता है चूँकि चुम्बकीय ध्रुव $N$ तथा $S$ क्रम में होते हैं इसलिए आर्मेचर चालकों में विद्युत वाहक बल प्रेरित करते हैं जोकि पहले एक दिशा में तथा बाद में दूसरी दिशा में प्रवाहित होता है, इस प्रकार स्टेटर चालकों में प्रत्यावर्ती विद्युत वाहक बल (Alternating e.m.f.) उत्पन्न हो जाता है।

इस प्रत्यावर्ती विद्युत वाहक बल की आवृत्ति $N$ तथा $S$ ध्रुवों की संख्या तथा एक सेकण्ड में, स्टेटर चालकों के घूमने पर निर्भर करता है।




चित्र 3.1 प्रत्यावर्तक का चुम्बकीय क्षेत्र

**गति और आवृत्ति (Speed and Frequency)**–किसी प्रत्यावर्तक रोटर की गति जनित विद्युत वाहक बल की आवृत्ति ($f$) तथा ध्रुवों की संख्या ($P$) में एक निश्चत सम्बन्ध होता है।

चित्र 3.1 में अंकित आर्मेचर चालक $X$ पर विचार कीजिए जो कि $N$ ध्रुव के केन्द्र पर स्थिर है जोकि दक्षिणावर्त दिशा में घूम रहा है। चालक से अधिकतम फ्लक्स घनत्व वाले स्थान पर होने के कारण इससे अधिकतम विद्युत वाहक प्रेरित होगा।

प्रेरित विद्युत वाहक बल की दिशा फ्लेमिंग के दाँये हाथ के नियम द्वारा ज्ञात किया जा सकता है लेकिन इस नियम को लागू करते समय यह ध्यान रखना चाहिये कि अंगूठा क्षेत्र के सापेक्ष चालक के घूमने की दिशा को प्रदर्शित करता है। दक्षिणावर्त घूमते हुए ध्रुव पर आँखें रखने पर हमें चालक वामावर्त (Anticlockwise) दिशा में घूमते हुए दिखाई देंगे। प्रेरित विद्युत वाहक बल की दिशा को नीचे की ओर है। पेपर के समतल से समकोण दिशा में जब चालक अन्त:ध्रुवीय अन्तराल (Interpolar gap) में $A$ पर है तब न्यूनतम विद्युत वाहक बल प्रेरित होगा क्योंकि यहाँ फ्लक्स घनत्व न्यूनतम है पुन: जब चालक $S$ ध्रुव के केन्द्र पर है अधिकतम विद्युत वाहक बल प्रेरित होगा क्योंकि $B$ पर फ्लक्स घनत्व अधिकतम है, लेकिन $N$ ध्रुव के ऊपर चालक होने पर विद्युत वाहक बल की दिशा $S$ ध्रुव के ऊपर चालक होने की अपेक्षा विपरीत है। चालक में विद्युत वाहक बल का एक चक्र प्रेरित होता है जब एक ध्रुव जोड़ा इस पर गुजर जाता है। दूसरे शब्दों में एक आर्मेचर चालक में विद्युत वाहक बल कोणीय दूरी (Angular distance) के एक चक्र के द्वारा जाता है जो ध्रुव पिच के दुगने के बराबर होता है।

माना कि $P$ = चुम्बकीय ध्रुवों की संख्या

$N$ = रोटर के परिक्रमण प्रति मिनट (R.P.M.)

$f$ = प्रत्यावर्तक की आवृत्ति चक्र प्रति सेकण्ड

इस प्रकार रोटर के एक परिक्रमण में एक चालक, $\frac{P}{2}$ उत्तरी ध्रुव तथा $\frac{S}{2}$ दक्षिण ध्रुव को काटता है।

$$\text{इसलिए चक्रों पर परिक्रमणों की संख्या} = \frac{P}{2}$$

$$\text{चक्रों की संख्या प्रति सेकण्ड} = \frac{N}{60}$$

$$\text{आवृत्ति } f = \frac{P}{2} \times \frac{N}{60} = \frac{PN}{2 \times 60} \text{ Hz}$$

या

$$f = \frac{PN}{120} \text{ Hz} \qquad \text{...(i)}$$

$$N = \frac{120f}{P} \text{ r.p.m.}$$

**तुल्यकाली गति (Synchronous speed)**

$$N_S = \frac{120f}{P} \qquad \text{...(ii)}$$

समीकरण (ii) के सम्बन्ध से दर्शाते हैं कि रोटर गति $N$, क्षेत्र के ध्रुव के साथ निरंतर सम्बन्ध रखती है और समीकरण द्वारा दी गई गति को उत्पन्न करने वाले वोल्टेज में उत्पन्न वोल्टेज की आवृत्ति को सिंक्रोनस गति कहा जाता है। सिंक्रोनस गति से चलने वाली मशीन को सिंक्रोनस मशीन कहते हैं। एक ऐसी मशीन है जिसमें रोटर एक समान गति से चलता है जो आर्मेचर Winding में उत्पन्न वोल्टेज की आवृत्ति और मशीन के ध्रुवों की संख्या के सम्बन्ध में निरंतर सम्बन्ध रखता है। पोल की संख्या और 50 Hz की शक्ति आवृत्ति की तुल्यकालिक गति द्वारा दी गई तालिका में है।

| Number of poles | Synchronous speed $N_S$ in r.p.m. |
|---|---|
| 2 | 3000 |
| 4 | 1500 |

Scanned with CamScanner

| | |
|---|---|
| 6 | 1000 |
| 7 | 750 |
| 10 | 600 |
| 12 | 500 |

उदाहरण–उच्चतम गति की गणना कीजिए यदि आवृत्ति (a) (50 Hz) (b) 60 Hz पर अल्टरनेटर चल रहा है।

हल–जैसा कि हम जानते हैं तुल्यकालिक मशीन में न्यूनतम Pole की संख्या 2 से कम नहीं होगी।

No of ples $P = 2$, Supply frequency $f = 50$ Hz

$$\text{Synchronous } N_S = \frac{120 \times 50}{2} = 3000 \text{ r.p.m.}$$

(b) $$f = 60 \text{ Hz}$$

$$N_S = \frac{120 \times 60}{2} = 3600 \text{ r.p.m.}$$

## 3.1 3-फेज सिंक्रोनस मशीन की मुख्य संरचना (Main Construction of Three Phase Synchronous Machine)

अन्य घूमने वाली मशीन के समान ही एक अल्टरनेटर में दो मुख्य भाग होते हैं जो स्टेटर और रोटर होता है। स्टेटर मशीन का स्थिर हिस्सा होता है यह आर्मेचर Winding को वहन करता है जिसमें वोल्टेज उत्पन्न होता है। मशीन का आउटपुट स्टेटर से लिया जाता है। रोटर मशीन का घूर्णन हिस्सा होता है। रोटर मुख्य फील्ड फ्लक्स का उत्पादन करता है अत: Synchronous Machine के दो Part होते हैं–

(i) स्टेटर (Stator) संरचना (ii) रोटर (Rotor) संरचना

**(i) स्टेटर की संरचना** (Stator Construction)–एक सिंक्रोनस मशीन की आन्तरिक संरचना दिखाया गया है जिसके स्टेटर के निम्नलिखित भाग होते हैं–

**(i) स्टेटर फ्रेम** (Stator Frame)–दिष्ट धारा मशीनों में बाहरी फ्रेम या योक का कार्य चुम्बकीय फलक्स (Magnetic flux) ले जाने का कार्य करता है लेकिन प्रत्यावर्तक में इसका कार्य यह नहीं है। यहाँ इसका कार्य आर्मेचर क्रोड या पत्तियों को




चित्र 3.2 प्रत्यावर्तक की आंतरिक संरचना

Scanned with CamScanner

पकड़े या थामे (Hold) रखना है। प्राय: छोटे प्रत्यावर्तकों के फ्रेम ढलवां लोहे का बनाया जाता है तथा फ्रेम में छेद (Hole) कर दिये जाते हैं जिनके द्वारा प्रत्यावर्तक के कुण्डलनों को ठण्डा होने में मदद मिलती है। आजकल नरम इस्पात की प्लेटों को परस्पर वैल्ड करके प्रत्यावर्तक के फ्रेम बनाये जाते हैं।

**(ii) स्टेटर क्रोड** (Stator core)–आर्मेचर क्रोड स्टेटर फ्रेम के अन्दर लगी होती है तथा विशेष चुम्बकीय लोहे या लौह मिश्र धातु की पत्तियों से बना होता है। क्रोड को एक दूसरे से पटलित (Laminated) बना दिया जाता है ताकि भंवर धारा (Eddy current) हानियों को न्यूनतम किया जा सके। छोटी मशीनों में क्रोड की पत्तियों को एक दूसरे से छल्ले (Ring) के रूप में जोड़ दिया जाता है तथा बड़ी मशीनों के खण्डों (Segments) के रूप में जोड़ दिया जाता है। क्रोड की पत्तियाँ एक दूसरे से विद्युत रोधित (Insulated) होती हैं। आर्मेचर क्रोड की झिर्री या स्लॉट (Slot) को आर्मेचर क्रोड की अन्दर की परिधि में बनाया जाता है। कुछ विभिन्न आकार वाली झिर्री या स्लॉट को चित्र में दिखाया गया है।



अधिक खुला (Wide open) अर्ध बन्द (Semi open clolsed) बन्द (Closed)

चित्र 3.3

**अधिक खुली स्लॉट या खाँचे** (Wide Open Slot)–अधिक खुले खाँचे बनाने का लाथ यह है कि इनमें फर्मे पर कुण्डलित कुण्डलनों को आसानी से डाला जा सकता है तथा मरम्मत के समय कुण्डलनों को आसानी से निकाला जा सकता है परन्तु इस प्रकार के खाँचे फ्लक्स को वायु अन्तराल से गुच्छों के रूप में वितरित करते हैं जिसमें कि जनित विद्युत वाहक बल की तरंगों में ऊमिकायें (ripples) उत्पन्न होती हैं।

**अर्द्ध बन्द या अर्ध खुले खाँचे** (Semi Closed or Semi Open Slots)–फ्लक्स वितरण की दृष्टि से ये खाँचे अधिक खुले खाँचों की अपेक्षा अच्छे होते हैं परन्तु इनमें फर्मे पर बनी Coil को Winding नहीं किया जा सकता है।

**बन्द खाँचे** (Closed Slots)–बन्द खाँचे वायु अन्तराल फ्लक्स को प्रभावित नहीं करते हैं परन्तु इनके कारण (i) Winding का Inductance बढ़ जाता है। (ii) इनमें Coil को Winding करने में कठिनाई आती है तथा अधिक समय लगता है। (iii) इनमें सिरा संयोजन (End connections) करने में भी बड़ी परेशानी होती है इसलिये इस प्रकार के खाँचों का प्रयोग प्राय: बहुत कम किया जाता है।

**रोटर** (Rotor)–प्रत्यावर्तक में दो प्रकार के रोटर का प्रयोग किया जाता है–

(i) उभरे हुए ध्रुव प्रारूपी (Salient pole type rotor)

(ii) चिकने बेलनाकार प्रारूपी (Cylindrical type rotor या Smooth type rotor)

**(i) उभरे हुए ध्रुव प्रारूपी** (Salient Pole Type Rotor)–Salient शब्द का अर्थ है प्रेक्षिप्त करना या प्रक्षेपित करना। इस प्रकार एक Salient pole Rotor में Rotor कोर की सतह से पोल प्रोजेक्टिंग होता है। एक विशिष्ट 6 पोल Salient पोल Rotor को चित्र में प्रदर्शित किया गया है। मुख्य रूप से 4 या अधिक ध्रुव वाले रोटर के लिए Salient pole rotor का उपयोग किया जाता है चूँकि रोटर का चुम्बकीय क्षेत्र का मान बदलता रहता है इसलिए यह स्टील के टुकड़े से बना होता है ताकि Eddycurrent हानि को कम किया जा सके। समान व्यास के Pole को आवश्यक लम्बाई और फिर टुकड़े-टुकड़े स्टैकिंग का Laminations करके एक साथ Riveted किया जाता है। प्रत्येक ध्रुव के चारों ओर क्षेत्र कुण्डलन (Field winding) रखने

Scanned with CamScanner

के बाद (Dove Tail) Joint जोड़ दिया जाता है जो एक स्टील स्पाइडर की तरह होता है जो शाफ्ट के लिए होता है। Salient pole rotor में Concentrated (केन्द्रित) Winding का प्रयोग किया जाता है जब Load में अचानक परिवर्तन होता है जिससे Rotor oscillations (कंपन) करने लगता है तब इन स्थिति में कंपन को कम करने के लिए Pole face में Damper winding का प्रयोग किया जाता है तथा Salient pole synchronous machine में Non uniform air gap होता है, Air gap का मान Pole centers के पास कम तथा Pole पर Air gap ज्यादा होता है। पोल Face इतने आकार का होता है कि पोल सेंटर से पोल (Tips) तक रेडियल एयर गैप की लम्बाई बढ़ जाती है ताकि एयर गैप में फ्लक्स का वितरण साइनोसाइडल हो। यह मशीन की e.m.f. में साइनोसाइडल उत्पन्न करने में मदद करेगा।




चित्र 3.4 उभरे हुए ध्रुव प्रारूपी रोटर कुण्डलन सहित

उत्तरी और दक्षिणी ध्रुवों को बारी-बारी से देने के लिए अलग-अलग फील्ड पोल Winding शृंखला में जुड़े हुए हैं। Field winding का End slip ring के माध्यम से एक डी०सी० स्रोत (एक डी०सी० जनरेटर या एक ऐक्टिफायर) से जुड़े होते हैं।

Slip ring metal का बना होता है और यह Shaft पर insulated mounted होता है। इनका उपयोग कार्बन Brush के माध्यम से मशीन (आमतौर पर एसी मशीन) के घूमने वाले भाग से या उसके पास ले जाने के लिए किया जाता है।

Salient pole जनरेटर में बड़ी संख्या में Poles होते हैं और कम गति से संचालित होते हैं। एक मुख्य ध्रुव जनरेटर में तुलनात्मक रूप से एक बड़ा व्यास और छोटी अक्षीय लम्बाई होती है, बड़े-बड़े व्यास में कई ध्रुव होते हैं।

पानी के टरबाइनों द्वारा संचालित मुख्य पोल अल्टरनेटर को हाइड्रो अल्टरनेटर या हाइड्रो जेनरेटर कहा जाता है। आवेग टरबाइन का उपयोग करने के लिए अपेक्षाकृत उच्च गति के साथ हाइड्रोजेनरेटर को क्षैतिज विन्यास में रखा जाता है।

कम गति वाले हाइड्रो जनरेटर का उपयोग प्रतिक्रिया (Reaction) और केपलान (Kaplan) टरबाइन के साथ किया जाता है और इनको ऊर्ध्वाधर विन्यास में रखा जाता है।

प्रत्यावर्तकों के Salient pole रखने के निम्नलिखित लाभ व लक्षण हैं–

(1) ये अधिक व्यास तथा लघु लम्बाई के होते हैं।

(2) इनके ध्रुव नाल (Pole shoe) लघु पिच का 2/3 भाग ढक लेते हैं।

(3) इनके ध्रुव पटलित होते हैं जिसमें भंवर धारा हानि कम होते हैं।

(4) इनका प्रयोग जल टरबाइन तथा डीजल टरबाइन में किया जाता है।

Scanned with CamScanner

(5) स्पाइडर (Spider) को प्रयुक्त किया जाता है जो कि व्यास में बड़ा होता है।

(6) रोटर को एक समान (Constant गति) से घुमाने के लिए गतिपालक (Flywheel) का रूप दिया जाता है तथा इसके लिए प्रत्येक Pole को भारी बनाया जाता है।

(7) Pole के Main winding पर Damper winding के लिए Slots बनाये जाते हैं। अवमन्दन कुण्डलन (Damper winding) ताँबे की छड़ों (Copper bar) की होती है जोकि खाँचों में रोटर के समान्तर क्रम में डाला जाता है तथा इनको रोटर के दोनों तरफ लघुपथित (Shorting rods) या छल्लों (Rings) द्वारा आपस में जोड़ दिया जाता है।

**(ii) बेलन प्रारूपी रोटर** (Cylindrical Type Rotor)–इन्हें अति उच्च गति वाले प्रत्यावर्तकों (वाष्प टरबाइनों द्वारा चालित प्रत्यावर्तक) के लिये काम में लाया जाता है। Smooth बेलनाकार रोटर ठोस इस्पात वाली एक अकेली गढ़त (Forging) के होते हैं इन्हें इस्पात की मोटी चकतियों (Discs) को आपस में कीलित करके भी बनाया जा सकता है। क्षेत्रीय कुण्डलनों (Field coil) को रोटर की सतह पर बने खाँचों Slots में रखा जाता है। उच्च गति वाली मशीन में चिकने बेलनाकार रोटर का वायु प्रतिरोध हानि (Air resistance loss) को कम करने के लिए प्रयोग किया जाता है। यह बहुत छोटे व्यास के तथा अधिक लम्बा होता है यह रोटर में प्राय: 2 या 4 ध्रुव के लिए बनाये जाते हैं। दो ध्रुव वाले टरबो जनित्र की गति 3000 r.p.m. तथा 4 ध्रुवों वाले टरबों जनित्र की गति 1500 r.p.m. होती है।

दो ध्रुव वाले असमुन्नत (Non salient pole) ध्रुव रोटर की पंचिंग दिखाई गई है। उच्च अपकेन्द्री प्रतिबल ताप प्रभाव को सहन करने के लिए इनकी रोटर कुण्डलन में अभ्रक, एस्बेट्स आदि विद्युतरोधित पदार्थों को विद्युतरोधन (Insulation) के रूप में प्रयोग किया जाता है। कुण्डलनों के सिरे अचुम्बकीय पदार्थों से बनी प्राय: ताम्र या गन मैटल (कांसा) रिंगों (Rings) से दृढ़ता से जुड़े रहते हैं। बड़े प्रत्यावर्तकों के लिये अक्ष के समान्तर वायु वाहिनियाँ लगी होती हैं। रोटर की परिधि 2/3 भाग पर खांचे होते हैं तथा 1/3 भाग, ध्रुव केन्द्र के लिये शेष छोड़ा जाता है। अधिक परिधि वेग से बचाने के लिए इन रोटरों का व्यास बहुत कम (लगभग 1 मीटर तक) होता है, इसलिये टरबो जनित्र के रोटर कम व्यास के तथा लम्बी अक्ष या रोटर लम्बाई के होते हैं। रोटर के बेलनाकार संरचना अच्छा संतुलन तथा तेज परिचालन देता है तथा इसमें वायु घर्षण हानियाँ भी होती हैं। इन रोटरों का गतिज सन्तुलन (Dynamic balance) अच्छा होता है। इनके चलने में कम आवाज होती है। इसमें वायु घर्षण हानियाँ बहुत होती हैं तथा इसमें अवमन्दन कुण्डलन की आवश्यकता भी नहीं पड़ती है, चित्र में प्रदर्शित बेलन प्रारूपी रोटर (Cylindrical type rotor) है जिसमें स्लिप रिंग, कार्बन ब्रश तथा डी०सी० प्रदाय रोटर शाफ्ट के साथ चित्रित है।




चित्र 3.4

Non salient वाले प्रत्यावर्तक के मुख्य लक्षण नहीं होते हैं।

(1) इनका व्यास कम तथा अक्षीय लम्बाई अधिक होती है।

(2) इसमें वायु हानियाँ (Windage losses) कम होते हैं।

(3) इनकी गति 1500 r.p.m. तथा 3000 r.p.m. होते हैं।

(4) इनका गति सन्तुलन (Dynamic balancing) अच्छा तथा प्रचालन काफी अच्छा तथा बहुत कम आवाज का होता है।

(5) इनका प्रयोग Steam engine तथा Gas Turbine में किया जाता है।

Scanned with CamScanner

**तुल्यकालिक मशीन की उत्तेजन (प्रेरित) प्रणाली** (Excitation System for Synchronous machines)–एक डी०सी० करंट को एक सिंक्रोनस मशीनों की Field winding में सप्लाई किया जाता है चूँकि Field winding रोटर पर है इसलिए डी०सी० स्लोट को क्षेत्र से जोड़ने के लिए एक विशेष व्यवस्था आवश्यक है। छोटे आकार के मशीन में Field winding को अलग से डी०सी० स्रोत Slip ring या Brush के माध्यम से दिया जाता है।

Slip metal की बनी होती है तथा मशीन के शाफ्ट को घेरती है लेकिन इससे इंसुलेट होती है। Brush प्रत्येक Slip ring को Path (पथ) प्रदान करता है डी०सी० वोल्टेज स्रोत का सकारात्मक अंत एक Brush से जबकि Negative Terminal को दूसरे Brush से Connected किया जाता है। Excitation की मुख्य विधि निम्नलिखित है–

(i) Brushless-Excitation system

(ii) Static Excitation system

**(i) Brushless Excitation System**–स्लिप रिंग और ब्रश में रखरखाव और Brush voltage drop की समस्या ज्यादा होती है। बड़े आकार के आधुनिक टरबो अल्टरनेटर के क्षेत्र में Current लगभग 5 KA हो सकता है और वैरिएबल में एक ब्रश रहित उत्तेजन प्रणाली का प्रयोग किया जाता है। एक ब्रश रहित उत्तेजन प्रणाली को (Dashed) line के द्वारा संलग्न सिस्टम की घूर्णन गति है।




चित्र 3.5 Brushless excitation system of synchronous generator

उत्तेजन प्रणाली में एक अल्टरनेटर रेक्टिफायर मुख्य उत्तेजक और स्थायी चुम्बक जनरेटर (PMG) पायलट (Pilot) एक्साइटर होता है। दोनों मुख्य एक्साइटर और पायलट एक्सिटर मुख्य शाफ्ट से सीधे संचालित होते हैं। मुख्य उत्तेजक क्षेत्र में स्थिर क्षेत्र और एक घूमने वाला कवच होता है जो सीधे सिलिकॉन रेक्टिफायर्स के माध्यम से मुख्य अल्टरनेटर क्षेत्र से जुड़ा होता है। इस प्रकार स्लिप रिंग और ब्रश को Eliminated (समाप्त) हो जाते हैं। मुख्य उत्तेजक क्षेत्र को शाफ्ट चालित (PMG) से फीड किया जाता है जिससे शाफ्ट से जुड़ा स्थायी चुम्बक आकर्षित होता है और स्थिर तीन फेज आर्मेचर (PMG) का A.C. Output तीन फेज फुल वेव रेक्टिफायर (3-Phase full wave rectifier) द्वारा Bridge थाइरिस्टर (Thyristor) को Controlled किया जाता है। Thyristor का डिजाइन इस प्रकार से किया जाता है कि आसानी से आमतौर पर हटाने योग्य

Scanned with CamScanner

दराज (Drawers) में रखा जाता है जिसे मरम्मत के लिए आसानी से निकाला जा सकता है। विश्वसनीयता बढ़ाने के लिए (Redundancy) (अतिरेक) प्रदान किया जाता है। मुख्य और Reserve fan के माध्यम से या Forced cooled के माध्यम से Thyristor को ठंडा किया जाता है।

Tyristor bridge समांतर में काम कर रहे Dual firing circuit के द्वारा नियंत्रित किया जाता है।

Base excitation को एक Input setting द्वारा नियंत्रित किया जाता है जोकि Thyristor के गेट सर्किट को प्राप्त होता है।

यह नियंत्रण संकेत एक विनियमित (Regulated) D.C. आपूर्ति के माध्यम से PMG से प्राप्त होता है जोकि Regulated सर्किट का भी कार्य करता है।

एक बक बूस्ट कंन्ट्रोल सिग्नल की आपूर्ति करके नियामक नियंत्रण उत्तेजन जो बीजगणितीय आधार पर सेटिंग से जोड़ता है Regulator तत्वों में Solid state सर्किट को शामिल किया गया है।

उत्तेजन प्रणाली में एक कम समय स्थिर (Short time constant) और एक सेकण्ड से कम इसका Response time 0.1 second होता है।

**Static Excitation System**–स्थैतिक उत्तेजन प्रणाली मुख्य अल्टरनेटर टर्मिनल से 3-phase के Winding से Step down transformer के माध्यम से एक उत्तेजना शक्ति को एक रेक्टिफायर सिस्टम जो थायरिस्टर का उपयोग करके दिया जाता है जैसा कि चित्र में दिखाया गया है।




चित्र 3.6 Static excitation system of synchronous generator.

Scanned with CamScanner

रेक्टिफायर ट्रांसफॉर्मर सीधे मुख्य अल्टरनेटर बस से जुड़ा होता है। बीच में एक ब्रेकर या फ्यूज के बिना। यह ट्रांसफॉर्मर 3-Phase indoor प्रकार है जिसे मजबूत Air cooled के साथ Immersed oil में रखा जाता है। स्टार संयोजन में प्राथमिक अल्टरनेटर बस से जुड़ा होता है जबकि द्वितीयक Excitation से जुड़ा होता है। Delta connected tertiary winding grid system में व अन्य सहायक उपकरण से जुड़ा होता है। रेक्टिफायर समांतर में पर्याप्त Current ले जाने की क्षमता प्रदान करने के लिए जुड़े होते हैं। रेक्टिफायर के प्रत्येक टर्मिनल को सीरीज फ्यूज सर्ज प्रोटेक्शन के साथ प्रदान किया जाता है। रेक्टिफायर को ठंडा करने के लिए Forced air cooled का प्रयोग किया जाता है।

प्रारंभिक क्षेत्र को चालू करने के लिए स्टेशन बैटरी का उपयोग करके स्टार्ट सर्किट को अप किया जाता है। सर्किट पर अत्यधिक नकारात्मक वोल्टेज के प्रभाव से रेक्टिफायर और अल्टरनेटर की रक्षा करने के लिए है जो तब हो सकता है यदि सिंक्रोनाइजेशन को उत्पन्न करता है। स्टेप डाउन में रेक्टिफायर सर्किट की खराबी की स्थिति में अल्टरनेटर यूनिट को बंद करने के लिए Protections भी प्रदान किया जाता है। क्राउबर सर्किट में क्रॉसिव करंट के साथ ट्रांसफॉर्मर की अधिक धारा और उत्तेजन सर्किट द्वारा खींची जा रही अत्यधिक A.C. है।

Thyristor आदर्श रूप से एक स्थिर उत्तेजना प्रणाली (Excitation system) के लिए अनुकूल है क्योंकि वे प्रतिक्रिया (Response) की उच्च गति और उच्च शक्ति को प्राप्त किया जा सकता है।

**Static Excitation के लाभ**

(1) Static excitation का Response (प्रतिक्रिया) Time बहुत कम लगभग 20 m sec है।

(2) एक्साइटर Winding loss और कम्यूटेटर बेअर एवं Winding maintenance को खत्म करना।

(3) चूँकि उत्तेजना ऊर्जा अल्टरनेटर टर्मिनल से ली जा रही है। उत्तेजना वोल्टेज सीधे गति के लिए आनुपातिक है (शाफ्ट ड्राइविंग एक्साइटर्स में उत्तेजना वोल्टेज गति के वर्ग के समानुपाती है) यह तथ्य लोड अस्वीकृति में एक बड़ा फायदा उठाता है।

## 3.2 थ्री फेज ई० एम० एफ० उत्पादन (Generation of three phase e.m.f.)

**थ्री फेज वोल्टेज का उत्पादन** (Voltage Generation)–अल्टरनेटर का रोटर उचित गति से अपने प्राइम मूवर द्वारा चलाया जाता है। प्राइम मूवर एक ऐसी मशीन है जो यांत्रिक ऊर्जा इनपुट को अल्टरनेटर में दिया जाता है। धीमी और माध्यम गति के अल्टरनेटर के लिए उपयोग किए जाने वाले प्रमुख मूवर्स पानी के पहिये या हाइड्रोलिक टरबाइन हैं। स्टीम और गैस टरबाइन का उपयोग बड़े अल्टरनेटर में प्राइम मूवर्स के रूप में किया जाता है और उच्च गति पर चलाया जाता है–

स्टीम टरबाइन से चलने वाले अल्टरनेटर को टर्बो अल्टरनेटर या टर्बो जनरेटर कहा जाता है। रोटर के ध्रुवों का स्टेटर पर आर्मेचर कंडक्टरों के नीचे ले जाने के कारण, फील्ड फ्लक्स आर्मेचर कंडक्टर को काट देता है इसलिए वोल्टेज इन कंडक्टरों में उत्पन्न होता है। यह वोल्टेज Alternative प्रकृति का उत्पन्न होता है, क्योंकि Alternative ध्रुवीयता के ध्रुव किसी दिए गए स्टेटर कंडक्टर द्वारा कृमिक रूप से गुजरते हैं। एक 3 फेज अल्टरनेटर में तीन सेट Winding के साथ स्टेटर पर और 120° के विस्थापन पर होता है। इन Winding को 3 Phase output प्रदान करने के लिए स्टार में जोड़ा जाता है।

**प्रत्यावर्तक की विद्युत वाहक बल समीकरण (E.M.F. Equation of Alternator)**

माना कि $Z$ = श्रेणी में संयोजित चालकों या Coil side की संख्या = $2T$ जहाँ, $T$ = कुण्डलियों की संख्या प्रति फेज (एक कुण्डली में दो Side या दो चालक होते हैं।)

$P$ = प्रत्यावर्तक में ध्रुव संख्या

$f$ = प्रेरित विद्युत वाहक बल की आवृत्ति

$\phi$ = फ्लक्स प्रति ध्रुव वेबर में

$$K_d = \text{वितरण गुण} = \frac{\sin \frac{mB}{2}}{m \sin \frac{B}{2}}$$

Scanned with CamScanner

$$K_C \text{ or } K_P = \text{पिच गुणक या विस्तार गुणक} = \cos\frac{\theta}{2}$$

$$K_F = \text{रूप गुणक Form factor}$$

$$N = \text{रोटर की गति r.p.m. में}$$

रोटर एक परिक्रमण (अर्थात् $60/N$ सेकण्ड) में प्रत्येक स्टेटर चालक $\phi P$ वेबर के फ्लक्स द्वारा कटता है अर्थात् रोटर के एक परिक्रमण (Revolution) में प्रत्येक स्टेटर चालक द्वारा काटा गया फ्लक्स $d\phi = P\phi$ तथा एक परिक्रमण में लिया गया समय $dt = \frac{60}{N}$ सेकण्ड।

$$\text{अतः औसत प्रेरित विद्युत वाहक बल प्रति चालक} = \frac{\phi}{dt} = \frac{\phi P}{\frac{60}{N}} = \frac{\phi NP}{60} \text{ Volt} \quad ...(i)$$

हम जानते हैं कि $f = \frac{PN}{120}$ या $N = \frac{120f}{P}$

$N$ का मान समीकरण (i) में रखने पर

$$\text{औसत प्रेरित विद्युत वालक बल} = \frac{\phi P \times 120f}{60 \times P} = 2\phi f \text{ Volt}$$

अब यदि श्रेणी में विद्युत वाहक चालकों की संख्या प्रति फेज 2 हो तो औसत प्रेरित विद्युत बल प्रति फेज $= 2\phi f Z$ Volt

चूँकि एक वर्तन (Turn) 2 चालकों के तुल्य होता है इसलिए

$$T = \frac{Z}{2} \quad \text{या} \quad Z = 2T$$

या औसत प्रेरित विद्युत वाहक बल प्रतिफेज का वर्ग माध्य मूल (r.m.s.) का मान

$$E_{r.m.s.} = 2K_F \cdot \phi f Z \text{ Volt}$$

$$E_{r.m.s.} = 2K_F\, \phi f \times 2T$$

$$= 4K_F\, \phi f T$$

यदि तरंग ज्यां वक्रीय है तो $K_F = 1.11$

$$E_{r.m.s.} = 2 \times 1.11 \times \phi \times f \times Z$$

$$= 2.22\, \phi\, f\, Z \text{ Volt}$$

$$E_{r.m.s.} = 4 \times 1.11 \times \phi \times f \times T \text{ Volt}$$

$$\mathbf{E_{r.m.s.} = 4.44\, \phi f\, T \text{ Volt}}$$

प्रेरित वोल्टता का उपरोक्त मान तब प्राप्त होगा जब कुण्डलन पूर्ण पिच है तथा कुण्डलो बगलें (Sides) एक ध्रुव के नीचे प्रति फेज एक खाँचे में स्थित है अर्थात् कुण्डलन एकत्रित या संकेन्द्री (Concentrated) है।

जब कुण्डलन पूर्ण पिच नहीं है तथा कुण्डली बगलें (Sides) एक ध्रुव के नीचे एक खाँचे में स्थित नहीं है अर्थात् कुण्डलन वितरित और लघु पिच (Short or fractional pitch) है। तब वास्तविक औसत प्रेरित विद्युत वाहक बल प्रति फेज का वर्ग माध्य मूल मान

$$E_{r.m.s.} = 2 \times K_F \times K_P \cdot K_d \times f \times \phi \times Z$$

$$= 4 \times K_F \times K_P \times K_d \times f \times \phi \times T$$

यदि तरंग ज्या ग्राफ है तो $K_F = 1.11$

$$E_{r.m.s.} = 4 \times 1.11 \times K_P \times K_d \times f \times \phi \times T$$

$$\mathbf{E_{r.m.s.} = 4.44\, K_P\, K_d\, f\, \phi T}$$

Scanned with CamScanner

### 3.3 आर्मेचर वाइंडिंग (Armature Winding)

वह Winding जिसके माध्यम से मुख्य फ्लक्स को उत्पन्न करने के लिए करंट को प्रवाहित किया जाता है, उसे क्षेत्र कुण्डली (Field winding) कहते हैं और जिस कुण्डलन (Winding) में वोल्टेज प्रेरित होता है उसे आर्मेचर वाइंडिंग कहा जाता है।

आर्मेचर वाइंडिंग से सम्बन्धित कुछ बुनियादी (Basic) परिभाषित शब्दावली–टर्न (Turn) एक छोर से एक कंडक्टर द्वारा दूसरे छोर तक जुड़े दो कंडक्टर मिलकर एक (Turn) का निर्माण करते हैं अर्थात् (A turn consists of two conductors connected to one end by an end connector)

कुण्डलन (Coil)–कई टर्न को श्रेणीक्रम में जोड़कर कुण्डलन बनाई जाती है। (A coil is formed by connecting several turn in series)

कुण्डलन (Winding)–कई कुण्डली (Coil) को श्रेणी क्रम में जोड़कर कुण्डलन (Winding) की जाती है। (A winding is formed by connecting several coil in series)

टर्न (Turn) कुण्डली (Coil) कुण्डलन (Winding) को व्यवस्थित चित्र में प्रदर्शित किया गया है।




चित्र 3.8

Turn coil winding के शुरूआत को $S$ (Start) से प्रदर्शित करते हैं। Turn coil winding के End (अंत) बिंदु को F (Finish) से प्रदर्शित किया गया है।

मशीन के अध्ययन में इलेक्ट्रिकल डिग्री की अवधारणा बहुत उपयोगी है यदि किसी वैद्युत मशीन में

$\theta_{md}$ = Mechanical degrees or angular measure in space.

$\theta_{ed}$ = Electrical degrees or angular measure in cycle.

यदि $P$ पोल की मशीन हो तब इलेक्ट्रिकल डिग्री को निम्न प्रकार से परिभाषित करते हैं–

$$\theta_{ed} = \frac{P}{2}\,\theta_{md} \qquad ...(1)$$

इस समीकरण का लाभ यह है कि विद्युत कोण में लिखे गए संकेत चिन्ह किसी भी संख्या में ध्रुवों वाली मशीन पर लागू होते हैं।

"The angular distance between the centres of two adjacent poles on a machine is known as pole pitch or pole span".

एक मशीन पर आसन्न (Adjacent) ध्रुवों के केन्द्र के बीच कोणीय दूरी को पोल पिच या पोल स्पैन के रूप में जाना जाता है।

$$\text{One pole pitch} = 180°_{ed} = \frac{360°_{md}}{P} \quad ...(2)$$

मशीन में पोल की संख्या की परवाह (Regardless) किए बिना एक पोल पिच हमेशा 180° डिग्री विद्युत होता है।

एक काइल के दोनों तरफ स्टेटर सतह में दो स्लाट में रखे जाते हैं। एक काइल के दो तरफ (Side) के बीच की दूरी को काइल पिच कहा जाता है यदि Coil का पिच एक ध्रुव पिच है तो इसे पूर्ण पिच कुंडल कहा जाता है, यदि कुण्डल पिच एक ध्रुव पिच से कम है तो कुण्डल को लघु पिच कुण्डल या आंशिक पिच कुण्डल कहा जाता है।

"The distance between the two sides of a coil is called the coil pitch. If the coil-pitch is one pole pitch, it is called full pitch coil. If the coil pitch is less than one pole pitch, the coil is called the short-pitch coil or fractional-pitch coil or chorded coil"

कॉइल स्पान फैक्टर या पिच फैक्टर (Coil Span Factor or Pitch Factor)–एक कॉइल के दोनों तरफ (Side) के बीच की दूरी को कॉइल स्पान या कॉइल पिच कहा जाता है एवं ध्रुव की केन्द्रीय रेखा के बीच की दूरी को अगली ध्रुव की केन्द्रीय रेखा के बीच की दूरी पोल पिच कहा जाता है। ध्रुव और मशीन की परवाह (Regardless) किए बिना एक ध्रुव पिच हमेशा 180° विद्युत डिग्री होता है। 180° विद्युत के बराबर स्थान वाले एक कॉइल को एक पूर्ण पिच कॉइल कहा जाता है जैसा कि चित्र 3.9 में दिखाया गया है।

यदि कॉइल का स्पान यदि 180° डिग्री विद्युत से कम होता है तो उसे Short pitch या Fractional chorded coil के नाम से जाना जाता है।

यदि Coil का Coil span α, कोण विद्युत डिग्री से कम हो तो Coil span (180° – α) विद्युत डिग्री होगा जैसा कि चित्र में दिखाया गया है।




चित्र 3.9

एक पूर्ण पिच कॉइल के मामले में दो साइड स्पैन 180° विद्युत डिग्री के ध्रुव पिच के बराबर दूरी पर है तब परिणामस्वरूप पूर्ण पिच कॉइल में उत्पन्न वोल्टेज $E_{c_1}$ व $E_{c_2}$ फेज में होगें जैसे कि चित्र 3-10 में दिखाया गया है।

माना कि $E_{c_1}$ व $E_{c_2}$ coil side में उत्पन्न Voltage के मान है तथा $E_c$ coil का परिणामी Voltage है तब

Scanned with CamScanner




चित्र 3.10

$$E_c = E_{c_1} + E_{c_2}$$

$$|E_{c_1}| = |E_{c_2}| = E_1 \quad \text{(परिभाषा से)}$$

चूँकि $E_{c_1}$ व $E_{c_2}$ Coil side में उत्पन्न Voltage फेज में है और $E_c$ इनका परिणामी Voltage है तब $E_{c_1}$ का मान $E_{c_2}$ का अंकगणितीय योग होगा–

$$E_c = E_{c_1} + E_{c_2} = 2E_1$$

$$E_c = 2E_1$$

यदि किसी एकल कुण्डली (Single coil) का कॉइल स्पैन 180° डिग्री विद्युत पोल की पिच से कम है, तो प्रत्येक कॉइल साइड में उत्पन्न वोल्टेज का मान फेज में नहीं होगा तब परिणामी कुण्डली Voltage $E_c$ का मान Coil Voltage $E_{c_1}$ व $E_{c_2}$ के Phasor Sum के योग के बराबर होगा।

जब किसी कॉइल स्पैन को α डिग्री विद्युत से कम किया जाता है तब कॉइल स्पैन (180° – α) डिग्री विद्युत होगा। दो कॉइल साइड में $E_{c_1}$ व $E_{c_2}$ से उत्पन्न वोल्टेज एक दूसरे के फेज (Out of phase in $E_{c_1}$ व $E_{c_2}$) से बाहर होगा तथा α डिग्री को चित्र में प्रदर्शित किया गया है और $E_{c_1}$ व $E_{c_2}$ का Phasor sum (फेजर योग) का मान $E_c$ $(AC)$ है जिसका मान $2E_c \cos\frac{\alpha}{2}$ का होगा।

"कॉइल स्पैन फैक्टर या पिच फैक्टर $K_c$ को शार्ट पिच कॉइल में उत्पन्न प्रेरित वोल्टेज के अनुपात को फुल पिच कॉइल में उत्पन्न प्रेरित वोल्टेज के अनुपात के रूप में परिभाषित किया गया कॉइल स्पान फैक्टर का (Chording factor) भी कहा जाता है। अतः

$$K_c = \frac{\text{प्रेरित विद्युत वाहक बल का सदिश योग प्रति कुण्डली}}{\text{प्रेरित विद्युत वाहक बल का अंकगणितीय योग प्रति कुण्डली}}$$

$$K_c = \frac{\text{Phasor sum of the voltage of two coil sides}}{\text{Arithmetic sum of the voltage of two coil sides}}$$

$$K_c = \frac{2E_c \cos\frac{\alpha}{2}}{2E_c}$$

$$K_c = \cos\frac{\alpha}{2}$$

(i) यदि $\alpha = 0$, तब $\cos\frac{\alpha}{2} = 1$

$K_c = 1$ (Full pitch प्राप्त होगा)

(ii) यदि $K_c < 1$ तब Coil short pitch coil होगा जिसका कोण का मान (180° – α) होगा।

Scanned with CamScanner

## Short pitching के गुण (Advantages of Short Pitching or Chording)

(i) Short pitching, Winding का आकार छोटा करता है जिससे कंडक्टर सामग्री में बचत होती है।

(ii) हार्मोनिक्स के विकृत होने के प्रभाव को कम करता है और इस प्रकार उससे उत्पन्न वोल्टेज की तरंग (Wave) में सुधार करके लगभग Sine wave में परिवर्तित किया जा सकता है।

**वितरण चौड़ाई या कुण्डलन गुणक (Distribution Breadth of Winding Factor) ($Kd$)**–जब केन्द्रित Winding में दिए गए Phase के कुण्डल पक्ष एक दिए गए ध्रुव के नीचे एकल स्लाट में केन्द्रित होता है तब अलग-अलग कुण्डली (Coil) में प्रेरित वोल्टेज का मान एक दूसरे के समान कला में (In each other phase) होते हैं। इन वोल्टेज को अंकगणितीय योग (Arithmetic) के रूप में जोड़ा जा सकता है। प्रति फेज प्रेरित वोल्टेज को निर्धारित करने के लिए एक दिए गए कॉइल वोल्टेज को प्रत्येक फेज में शृंखला से जुड़े कॉइल्स की संख्या से गुणा किया जाता है। प्रत्येक फेज में वास्तविक प्रैक्टिस में कॉइल को एक स्लाट में केन्द्रित नहीं किया जाता है लेकिन प्रत्येक पोल के नीचे एक ध्रुवीय समूह से Space (Air gap) में कई स्लाट में वितरित किए जाते हैं। एक ध्रुवीय समूह बनाने वाले Coil side में प्रेरित वोल्टेज Phase में नहीं होते हैं लेकिन Slots के कोणीय विस्थापन β के बराबर कोण द्वारा भिन्न-भिन्न होते हैं। किसी भी Phase में प्रेरित वोल्टेज का मान अलग-अलग कॉइल में उत्पन्न वोल्टेज का Phasor sum होगा।

वितरण गुणक या चौड़ाई गुणक को वास्तविक वोल्टेज के अनुपात के रूप में परिभाषित किया जाता है जो कि सम्भव वोल्टेज को प्राप्त होता है यदि ध्रुवीय समूह के सभी कुण्डल (Coil) एक स्लाट में केन्द्रित होते हैं।

वितरण गुणक (Distribution factor)

$$K_d = \frac{\text{विद्युत वाहक बल का सदिश योग पर फेज}}{\text{विद्युत वाहक बलों का अंकगणितीय योग पर फेज}}$$

माना कि

$M$ = स्लाट पर पोल पर फेज

$$M = \frac{\text{Slots}}{\text{Poles} \times \text{phases}}$$

β = विद्युत डिग्री में आसन्न स्लाट्स के बीच कोणीय विस्थापन

= (Angular displacement between adjacent slots in electrical degrees)

$$\beta = \frac{180°}{\text{Slots/Pole}} = \frac{180° \times \text{Pole}}{\text{Slots}}$$

इस प्रकार Winding के एक Phase में $m$ लगातार स्लॉट्स में व्यवस्थित कॉइल होते हैं और इन Coil में अलग-अलग Induced voltage का मान क्रमशः $E_{c_1}, E_{c_2}, E_{c_3} > E_n$ है। प्रत्येक कॉइल Voltage $E_c$ अगले Coil में उत्पन्न Voltage के β कोण पर विस्थापित तथा एक दूसरे के फेज के बाहर (Out in phase) होगा तथा इनको क्रमशः $AB$, $BC$, $CD$ में और $DF$ से प्रदर्शित किया गया है।

क्रमशः इन Phase में से प्रत्येक Phase O के केन्द्र के साथ एक वृत्त की एक जीवा है और कोण β को काटता है। Phasor योग $AF$ परिणामी Winding वोल्टेज का प्रतिनिधित्व करता है तथा यह केन्द्र से एक कोण $m\beta$ को काटता है।

अतः अलग-अलग Coil में विद्युत वाहक बल का अंकगणितीय योग

$= mE_c = mAB = = m\,(2AM)$ (चित्र से)

$= 2MOA \sin A\hat{O}M$




चित्र 3.11

$$= 2m\ OA \sin\frac{\beta}{2}$$

चूँकि $Om$ $AB$ को विभाजित करता है तथा $Om$, $AB$ पर लम्ब है इसलिए

$$AM = AB$$

अलग Coil में उत्पन्न वोल्टेज का Phasor योग

$$AF = 2AG = 2OA \sin A\hat{O}G$$

$$= 2OA \sin\frac{m\beta}{2}$$

$$K_d = \frac{\text{Phasor sum of coil voltage per phase}}{\text{Arithmetic sum of coil voltage per phase}}$$

$$= \frac{2\,OA \sin m\frac{\beta}{2}}{2\,OA\ m \sin\frac{\beta}{2}}$$

$$K_d = \frac{\sin\frac{m\beta}{2}}{m\sin\frac{\beta}{2}}$$

यह ध्यान दिया जाना चाहिए कि दिए गए Phase की संख्या के वितरण के कारण $K_d$ केवल दिए गए ध्रुव के वितरित स्लाट्स की संख्या पर निर्भर करता है। यह Winding के Lap या Wave प्रकार के Winding से स्वतंत्र है यदि प्रति पोल स्लाट की संख्या बढ़ रही है तब वितरण गुणक कम हो जाता है।

**उदाहरण 1. एक त्रिफेजी A.C. मशीन 16 ध्रुव 144 खाँचे वाली है। कुण्डलन का वितरण गुणक ज्ञात कीजिए।**

हल– $P = 16$, Slots $= 144$,

$$\beta = \frac{180}{\text{खाँचे प्रति ध्रुव}} = \frac{180^\circ}{\frac{144}{16}} = 20^\circ$$

$M$ = खाँचे प्रति ध्रुव प्रति फेज

$$= \frac{\text{खाँचे}}{\frac{\text{ध्रुव}}{\text{फेज}}} = \frac{\text{खाँचे}}{\text{ध्रुव} \times \text{फेज}}$$

$$= \frac{144}{16 \times 3} = 3$$

$$K_d = \frac{\sin\frac{m\beta}{2}}{m\sin\frac{\beta}{2}} = \frac{\sin\frac{3\times 20}{2}}{3\sin\frac{20}{2}}$$

$$= \frac{\sin 30}{3\sin 10}$$

$$= \frac{0.500}{3\times 0.1736} = \frac{0.500}{0.5208} = 0.96$$

Scanned with CamScanner

उदाहरण 2. एक त्रिफेजी 6 ध्रुव वाले प्रत्यावर्तक के स्टेटर क्रोड में 72 खाँचे हैं। इसमें त्रिफेजी लघु पिच कुण्डलन की गई है जिसका कुण्डलन विस्तार 10 खाँचे के तुल्य है तो इस कुण्डलन का पिच तथा वितरण गुणांक ज्ञात कीजिए।

हल– $P = 6$, खाँचे $= 72$

$$\text{ध्रुव पिच} = \frac{\text{खाँचे}}{\text{पोल}} = \frac{72}{6} = 12$$

लघु पिच Winding = 12 – 10 = 2 खाँचे

$$\theta = \frac{2}{12} \times 180° = 30°$$

$$\text{पिच गुणक } K_p = \cos\frac{30}{2} = \cos 15 = 0.966.$$

दो निकटतम विस्थापन खाँचों के माध्य विस्थापन कोण

$$\beta = \frac{180°}{\text{खाँचे प्रति ध्रुव}} = \frac{180°}{\frac{72}{6}} = 15$$

$$m = \text{खाँचे प्रति ध्रुव प्रति फेज} = \frac{72}{6 \times 3} = 4$$

$$K_d = \frac{\sin\frac{m\beta}{2}}{m \sin\frac{\beta}{2}} = \frac{\sin\frac{4 \times 15}{2}}{4 \sin\frac{15}{2}} = \frac{\sin 30°}{4 \sin 7.5°} = \frac{0.500}{4 \times 0.1305}$$

$$= \frac{0.500}{4 \times 0.1305} = 0.9579$$

$$K_d = 0.9579.$$

| क्र०सं० | खाँचे प्रति ध्रुव | खाँचे प्रति ध्रुव प्रति फेज | β | वितरण गुणक $K_d$ |
|---|---|---|---|---|
| 1. | 3 | 1 | 60 | 1.00 |
| 2. | 6 | 2 | 30 | 0.966 |
| 3. | 9 | 3 | 20 | 0.960 |
| 4. | 12 | 4 | 15 | 0.958 |
| 5. | 15 | 5 | 12 | 0.957 |
| 6. | 18 | 6 | 10 | 0.956 |
| 7. | 24 | 7 | 7.5 | 0.955 |

उदाहरण 3. एक 6 खाँचे प्रति ध्रुव वाली एक फेजी मशीन का वितरण गुणक ज्ञात कीजिए यदि

(a) 2 खाँचे प्रति ध्रुव प्रयोग किया जाये।

(b) 3 खाँचे प्रति ध्रुव को प्रयोग किया जाये।

(c) 4 खाँचे प्रति ध्रुव का प्रयोग किया जाये।

हल–दो निकटतम खाँचों के मध्य विस्थापन कोण, $\beta = \frac{180°}{\text{खाँचे प्रति ध्रुव}}$

Scanned with CamScanner

$$= \frac{180°}{6} = 30°$$

(a) जब 2 खाँचे प्रति ध्रुव प्रयोग किये गये हैं अर्थात् , $m = 2$

$$K_d = \frac{\sin\frac{m\beta}{2}}{m \sin\frac{\beta}{2}} = \frac{\sin\frac{2\times 30°}{2}}{2\sin\frac{30°}{2}} = \frac{\sin 30°}{2\sin 7.5°} = 0$$

$$= 0.9660$$

(b) जब 3 खाँचे प्रति ध्रुव प्रयोग किये जाये अर्थात्, $m = 3$,

$$K_d = \frac{\sin\frac{m\beta}{2}}{m\sin\frac{\beta}{2}} = \frac{\sin\times\frac{3\times 2}{2}}{\frac{3\sin 30}{2}} = \frac{\sin 45°}{3\sin 15}$$

$$= \frac{0.7071}{3\times 0.2588} = 0.9108$$

(c) जब 4 खाँचे प्रति ध्रुव प्रयोग किये जाये अर्थात् , $m = 4$,

$$K_d = \frac{\sin 4\times\frac{30}{2}}{4\sin\frac{30}{2}} = \frac{\sin 4\times 15}{4\sin 15} = \frac{\sin 60°}{4\sin 15°}$$

$$= \frac{0.866}{4\times 0.2588} = 0.8366$$

$$K_d = 0.8366.$$

**उदाहरण 4.** एक 3-फेज 6 पोल Star connected प्रत्यावर्तक 1000 r.p.m. पर तथा स्टेटर में स्लाट 90 तथा 8 चालक पर Slot है। फ्लक्स पर पोल 0.05 Wb है। मशीन में उत्पन्न वोल्टेज का मान ज्ञात कीजिए जबकि Winding factor का मान 0.96 है।

हल–

$$P = 6, \text{ फेज} = 3$$

Stator slot = 90°

चालक की संख्या = 8 Slots

$$f = \frac{PN_S}{120} = \frac{6\times 1000}{120} = 50 \text{ Hz}, \phi = 0.05$$

∴ कुल स्टेटर में चालक की संख्या = Conductor per slot × Number per slots

$$= 8\times 90 = 720$$

स्टेटर चालक पर फेज $Z_P = \frac{720}{3} = 240$

$$K_w = 0.96$$

उत्पन्न Voltage पर फेज

$$E_P = 2.22\times K_w f\phi Z_p$$
$$= 2.22\times 0.96\times 50\times 0.05\times 240 = 1278 \text{ V}$$

Scanned with CamScanner

जनरेटेड Line voltage, $E_L = \sqrt{3}E_P = \sqrt{3} \times 1278.7$

$= 2214.7$ Volt

**उदाहरण 5. एक तीन फेज 16 pole सिंक्रोनस जनरेटर का परिणामी Air gap फ्लक्स का मान 0.06 Wb per pole है। फ्लक्स का वितरण पोल पर साइनोसाइडल है। स्टेटर पर 2 स्लाट्स पर पोल पर फेज तथा 4 चालक पर Slot दो लेयर में है। कॉइल स्पान फैक्टर का मान 150° वैद्युत है। लाइन व फेज Voltage की गणना कीजिए यदि सिंक्रोनस मशीन 375 r.p.m. पर चल रहा है।**

हल–कॉइल स्पान फैक्टर = 150°

$P = 16$ pole

$f = 50$ Hz,

$\phi = 0.06$ Wb

Stator slot = 2 Slot पर पोल पर फेज

चालक = 4 चालक पर Slots

Number of Lager Winding ($M$) = 2

$$N_S = 375 \text{ r.p.m.}$$

$$f = \frac{PN_S}{120°} = \frac{16 \times 375}{20} = 50 \text{ Hz}$$

$$\alpha = 180° - 150° = 30°$$

$$K_c = \cos\frac{\alpha}{2} = \cos\frac{30°}{2}$$

$$= 0.9659.$$

$m$ = Slot पर पोल पर फेज

$$m = \frac{\text{Slots}}{\text{Pole} \times \text{Phases}}$$

$$\text{Slots} = m \text{ Pole} \times \text{Phases}$$

$$= 2 \times 16 \times 3 = 96.$$

कुल चालक की संख्या = Slot × Conductor per slot

$$= 96 \times 4 = 384$$

कुल चालक की संख्या पर फेज $= \frac{384}{3} = 128$

Slot में कोणीय विस्थापन का मान $\beta = \frac{180° \times \text{Poles}}{\text{Slots}} = \frac{180° \times 16}{96} = 30°$

$$K_d = \frac{\sin\frac{m\beta}{2}}{m \sin\frac{\beta}{2}} = \frac{2\sin \times \frac{2 \times 30°}{2}}{2\sin\frac{30°}{2}}$$

$$K_d = \frac{\sin 30°}{2\sin 15} = 0.9659.$$

∴ साइनोसाइडल फ्लक्स वितरित है इसलिए $K_F = 1.11$

जनरेटेड Voltage पर फेज $E_P = 2K_F K_c K_d f \phi Z_{Ph}$

$$= 2 \times 1.11 \times 0.9659 \times 0.9659 \times 50 \times 0.06 \times 128$$

$$= 795.3 \text{ V}$$

जनरेटेड लाइन Voltage का मान $E_L = \sqrt{3}\, E_{Ph} = \sqrt{3} \times 795.3$ Volt

$$\mathbf{E_L = 1377.5 \text{ Volt}}$$

Scanned with CamScanner

उदाहरण 6. एक स्टार संयोजी त्रिफेजी प्रत्यावर्तक में 180° खाँचे (Slots) और 12 पोल हैं। हर खाँचे में 6 चालक हैं और प्रत्येक फेज में चालक श्रेणीबद्ध जुड़े हैं। यदि ज्या वक्रीय फ्लक्स (Sinusoidal flux) 100 मिली वेबर तथा गति 500 r.p.m. हो तो लाइन वोल्टता (Line voltage) ज्ञात कीजिए। कुण्डली विस्तार का मान 150° वैद्युत अंश है।

हल–$P = 12, \phi = 100\ mW_eb$, चालक प्रति फेज $Z = \frac{180° \times 6}{3} = 360°$

$$Z = 2T, \quad T = \frac{Z}{2} = \frac{360°}{2} = 180°$$

∴

$$N = 500 \text{ r.p.m.}$$

$$f = \frac{PN}{120°} = \frac{12 \times 500}{12} = 50 \text{ Hz}$$

∴ कुण्डली विस्तार 150° है।

लघु पिच कोण $\theta = (180° - 150°) = 30°$

$$K_P = \cos\frac{\theta}{2} = \cos\frac{30°}{2} = \cos 15° = 0.9659$$

खाँचों की संख्या प्रति ध्रुव प्रतिफेज, $m = \frac{180°}{3 \times 12} = 5$

दो निकटम खाँचों के बीच कोणीय विस्थापन $\beta = \frac{180°}{\text{खाँचे प्रति ध्रुव}} = \frac{180°}{180°/12} = 12°$

$$K_d = \frac{\sin\frac{m\beta}{2}}{m\sin\frac{\beta}{2}} = \frac{\sin\frac{5\times 12}{2}}{5\times\sin\frac{12}{2}} = \frac{\sin 30°}{5\sin 6°}$$

$$= \frac{0.5000}{5\times 0.1045} = 0.9569$$

$$E_{Ph} = 4.44 \times K_P \times K_d \times f \times \phi \times T \text{ (Volt)}$$

$$= 4.44 \times 0.9659 \times 0.9569 \times 50 \times 100 \times 10^{-3} \times 180°$$

$$E_{Ph} = 3693 \text{ Volt}$$

लाइन Voltage $E_L = \sqrt{3} \times E_{Ph} = \sqrt{3} \times 3693 = 6393$ Volt

उदाहरण 7. एक त्रिकला स्टार संयोजित प्रत्यावर्तक में 8 ध्रुव है तथा 750 r.p.m. की चाल पर चलाया जाता है। स्टेटर में 3 खाँचे प्रति ध्रुव प्रतिफेज है तथा 16 चालक प्रति खाँचा है। उपयोगी फ्लक्स प्रति ध्रुव 0.048 वेबर है। ओपन सर्किट वोल्टेज तथा लाइन Voltage का मान ज्ञात कीजिए।

हल– $P = 8, N = 750$ r.p.m. $\phi = 0.048$ वेबर

खाँचे/फेज/ध्रुव = 3

$$f = \frac{PN}{120} = \frac{8 \times 750}{120} = 50 \text{ Hz}$$

खाँचे प्रति ध्रुव = 3 × 3 = 9

$$P = \frac{180°}{\text{खाँचे प्रति ध्रुव}} = \frac{180°}{9} = 20°$$

Scanned with CamScanner

$m$ = खाँचे प्रति ध्रुव प्रति फेज = 3.

$$K_d = \frac{\sin \frac{m\beta}{2}}{m \sin \frac{\beta}{2}} = \frac{\sin \frac{3 \times 20}{2}}{3 \sin \frac{20}{2}} = \frac{\sin 30^\circ}{3 \sin 10^\circ}$$

$$= \frac{0.5}{3 \times 0.1736} = 0.96$$

Coil full pitch, $K_P = 1$

कुल खाँचे $= 8 \times 3 \times 3 = 72$

चालक प्रति खाँचा = 16

$$Z = 72 \times \frac{16}{3} = 384$$

$$Z = 2T \qquad \therefore T = \frac{Z}{2} = \frac{384}{2} = 192$$

$$E_{Ph} = 4.44 \times K_P \times K_d \times f \times \phi \times T$$

$$= 4.44 \times 1 \times 0.96 \times 50 \times 0.048 \times 192$$

$$= 1964.11$$

$\therefore$ प्रत्यावर्तक स्टार संयोजित है

$\therefore$
$$E_L = \sqrt{3} \times E_{Ph}$$

$$= \sqrt{3} \times 1964.11$$

$$\mathbf{E_L = 3401.83\ Volt}$$

**उदाहरण 8. एक 4 ध्रुव त्रिकलीय, तारा (Star) अल्टरनेटर जिनकी चालक 1500 r.p.m. का है, विद्युत वाहक बल ज्ञात कीजिए जबकि**

**फ्लक्स प्रति ध्रुव = 0.12 वेबर**

**खाँचों की संख्या = 48.**

**चालक प्रति खाँचा ( द्विपर्त से ) = 4**

**कुण्डली विस्तार = 150°**

**हल–**

$$P = 4,\ N = 1500 \text{ r.p.m.},$$

$$f = \frac{PN}{120} = \frac{4 \times 150^\circ}{120} = 50 \text{ Hz}$$

$\phi$ = 0.12 वेबर

प्रति ध्रुव खाँचों की संख्या = 48

कुण्डली विस्तार = 150°

Short pitch $\theta = 180^\circ - 150^\circ = 30^\circ$

कुण्डली पिच, $K_P = \frac{\cos \theta}{2} = \cos \frac{30^\circ}{2} = \cos 15^\circ$

$$\mathbf{K_P = 0.9659.}$$

Scanned with CamScanner

खाँचों की संख्या ध्रुव प्रतिफेज, $m = \frac{48}{4 \times 3} = 4$

खाँचे प्रति ध्रुव $= \frac{48}{4} = 12$

खाँचों के मध्य विस्थापन कोण $\beta = \frac{180°}{\text{खाँचे प्रति ध्रुव}} = \frac{180°}{12} = 150°$

चालक प्रतिफेज $Z = \frac{\text{खाँचों की संख्या} \times \text{चालक प्रति फेज} \times \text{परतों की संख्या}}{3}$

$$= \frac{48 \times 4 \times 2}{3} = 128$$

$$Z = 2T$$

$$T = \frac{Z}{2} = \frac{128}{2} = 64$$

$$K_d = \frac{\sin \frac{m\beta}{2}}{m \sin \frac{\beta}{2}} = \frac{\sin \frac{4 \times 15°}{2}}{4 \sin \frac{15°}{2}}$$

$$= \frac{\sin 30°}{4 \sin 7.5}$$

$$K_d = \frac{0.5}{4 \times 0.1305} = 0.9518.$$

$$K_F = 1.11$$

∴ विद्युत वाहक बल प्रतिफेज

$$E_{Ph} = 4 \times K_F \times K_P \times K_d \times f \times \phi \times T$$

$$E_{Ph} = 4 \times 1.11 \times 0.9659 \times 0.9578 \times 50 \times 0.12 \times 64$$

$$= 1577.3 \text{ Volt}$$

**उदाहरण 9.** एक त्रिफेजी स्टार संयोजित प्रत्यावर्तक खुले परिपथ पर 500 r.p.m. की चाल पर 50 Hz, 3600 Volt की लाइन वोल्टता को उत्पादन करता है। स्टेटर में 3 खाँचे प्रति ध्रुव प्रति फेज है तथा 10 चालक प्रति खांचा है। गणना कीजिए-(i) ध्रुव की संख्या (ii) लाभकारी फ्लक्स प्रति ध्रुव।

**हल**-प्रत्येक फेज के सभी चालक को श्रेणीबद्ध माने जायें तथा कुण्डलियाँ पूर्ण पिच (Full pitch) मानी जायें।

$$f = 50 \text{ H}, N = 500 \text{ r.p.m.}, N = \frac{120f}{P}$$

(i) Number of poles $= \frac{120 \times 50}{500} = 120$ पोल

(ii) खाँचे प्रति फेज प्रति ध्रुव = 3

खाँचे प्रति ध्रुव $= 3 \times 3 = 9$

$$\beta = \frac{180°}{\text{खाँचे प्रति ध्रुव}} = \frac{180°}{9} = 20°$$

$m$ = खाँचे प्रति ध्रुव प्रतिफेज = 3

Scanned with CamScanner

वितरण गुणक $K_d = \dfrac{\sin\dfrac{m\beta}{2}}{m\sin\dfrac{\beta}{2}} = \dfrac{\sin\dfrac{3\times120^\circ}{2}}{m\sin\dfrac{20}{2}} = \dfrac{\sin 30^\circ}{3\sin 10^\circ}$

$$K_d = \frac{0.5}{3\times 0.1736} = 0.96$$

कुण्डलन पूर्ण पिच है, $K_P = 1$

कुल खाँचे $= 12\times 3\times 3 = 108$

चालक प्रति खाँचा $= 10$

$$Z = \frac{108\times 10}{3} = 360$$

$$Z = 2T, T = \frac{Z}{2} = \frac{360}{2} = 180^\circ$$

∴ प्रत्यावर्तक स्टार संयोजित है

$$E_L = 3600 \text{ Volt}$$

$$E_L = \sqrt{3}\times E_{Ph}$$

$$E_{Ph} = \frac{3600}{\sqrt{3}} = 2078.52 \text{ Volt}$$

$$E_{Ph} = 4.44\, K_P\cdot K_d\, f\,\phi\cdot T$$

$$\phi = \frac{E_{Ph}}{4.44\, K_P\cdot K_d\cdot f\cdot T} = \frac{2078.52}{4.44\times 1\times 0.96\times 50\times 180^\circ}$$

$\phi = 0.0541$ **वेबर**

**उदाहरण 10.** एक त्रिफेजी प्रत्यावर्तक के सम्बन्ध में निम्न आँकड़े प्राप्त हैं। खाँचे = 96, ध्रुव = 4, Speed = 1500 r.p.m., Turn प्रति Coil 16, फ्लक्स प्रति ध्रुव = 0.0258 वेबर, कुण्डली विस्तार = खाँचे 1 से 20, कुण्डलन प्रारूप द्वि परत (Double layer) त्रिफेजी। उत्पादित विद्युत वाहक बल प्रतिफेज की गणना कीजिए।

हल– $f = \dfrac{PN}{120} = \dfrac{4\times 1500}{120} = 50$ Hz

खाँचों की संख्या = कुण्डलियों की संख्या = 96

∴ चालक प्रति फेज, $Z = \dfrac{[96\times 16\times 2]}{3} = 1024$ (∴ कुण्डलन द्विपरत है)

खाँचे प्रति ध्रुव फेज, $m = \dfrac{96}{4\times 3} = 8$

$$\beta = \frac{180^\circ}{\text{खाँचे प्रति ध्रुव}} = \frac{180^\circ}{\frac{96}{4}} = 7.5^\circ$$

ध्रुव पिच $= \dfrac{96}{4} = 24$

∴ पूर्ण पिच कुण्डलन विस्तार = खाँचों 1 से 25

कुण्डलन विस्तार दिया है = खाँचे 1 से 20

Scanned with CamScanner

कुण्डलन लघु पिच = 25 − 20 = 5

$$\theta = \frac{(25-20)}{24} \times 180^\circ = \frac{5}{24} \times 180^\circ = 37.5^\circ$$

कुण्डलन विस्तार गुणक, $K_p = \cos\frac{\theta}{2} = \frac{\cos 37.5}{2} = \cos 18.75^\circ$

$$K_p = 0.9469.$$

वितरण गुणक $K_d = \dfrac{\sin\frac{m\beta}{2}}{m\sin\frac{\beta}{2}} = \dfrac{\sin\frac{8\times 7.5}{2}}{0\sin\frac{7.5}{2}}$

$$= \frac{\sin 30^\circ}{8\sin 3.750} = \frac{0.500}{8\times 0.065}$$

$$K_p = 0.9615$$

$$E_{Ph} = 222\, K_p K_d f\, \phi Z \text{ Volt}$$

$$= 2.22 \times 0.9469 \times 0.94615 \times 50 \times 0.0258 \times 1024$$

$$= 2669 \text{ Volt}$$

**उदाहरण 11.** एक त्रिकला स्टार सम्बन्ध प्रत्यावर्तक में 8 Pole है और यह 150 r.p.m. पर चलाया जाता है। इसके स्टेटर में प्रति ध्रुव प्रति फेज 3 खाँचे हैं तथा प्रत्येक खाँचों में 15 चालक हैं। लाभकारी फ्लक्स 0.0543 वेबर प्रति ध्रुव ज्यावक्रीय वितरित है। खुला परिपथ लाइन में Voltage की गणना कीजिए। मानिये कि प्रत्येक Phase के सभी चालक श्रेणीबद्ध हैं।

**हल–** $P = 8, N = 750 \text{ r.p.m.}, f = \frac{PN}{120} = \frac{8\times 750}{120} = 50 \text{ Hz}$

$\phi = 0.0543$ वेबर

खाँचे प्रति फेज प्रति ध्रुव = 3

खाँचे प्रति ध्रुव = 3 × 3 = 9

$$\beta = \frac{180^\circ}{\text{खाँचे प्रति ध्रुव}} = \frac{180^\circ}{9} = 20^\circ$$

$m$ = खाँचे प्रति ध्रुव प्रति फेज = 3

वितरण गुणक $K_d = \dfrac{\sin\frac{m\beta}{2}}{m\sin\frac{\beta}{2}} = \dfrac{\frac{\sin 3\times 20^\circ}{2}}{3\sin\frac{20}{2}} = \dfrac{\sin 30^\circ}{3\sin 10^\circ}$

$$= \frac{0.5}{3\times 0.1736} = 0.96$$

∴ Coil full pitch है, $K_p = 1$

कुल खाँचे = 8 × 3 × 3 = 72

चालक प्रति खाँचे = 15

$$Z = \frac{72\times 15}{3} = 360^\circ$$

Scanned with CamScanner

$$Z = 2T = T = \frac{Z}{2} = \frac{360^\circ}{2} = 180^\circ$$

$$E_{Ph} = 4.44\, K_p K_d f\, \phi T$$

$$= 4.44 \times 1 \times 0.96 \times 50 \times 0.0543 \times 180^\circ$$

$$= 2083.03 \text{ Volt प्रति फेज}$$

प्रत्यावर्तक स्टार संयोजित है

$$E_L = \sqrt{3} \times E_{Ph} = \sqrt{3} \times 2083.03 = 3607.9 \text{ Volt}$$

**उदाहरण 12. एक 6 पोल प्रत्यावर्तक 1000 r.p.m. पर चल रहा है। Single phase winding 3 स्लॉट पर पोल पर बना तथा 20° के कोण पर ग्रुप में बँटा है। यदि प्रत्येक Slot में 10 चालक हैं फ्लक्स पर पोल $2 \times 10^{-2}$ Wb, तब उत्पन्न Voltage का मान ज्ञात कीजिए यदि फ्लक्स का वितरण साइनोसाइडल हो।**

हल–
$$f = P\frac{N_S}{120^\circ} = \frac{6 \times 1000}{1200} = 50 \text{ Hz}$$

कुल चालक की संख्या = स्लॉट × खाँचों में चालक की संख्या

$$= 6 \times 3 \times 10$$

$$Z_P = 180^\circ$$

$$m = 3, \beta = 20^\circ$$

$$K_d = \frac{\sin\frac{m\beta}{2}}{m \sin\frac{\beta}{2}} = \frac{\sin\frac{3 \times 20^\circ}{2}}{3 \sin\frac{20^\circ}{2}} = 0.9598$$

$$E_P = 2.22\, K_c K_d f\, \phi Z_P$$

$$= 2.22 \times 1 \times 0.9598 \times 50 \times 2 \times 10^{-2} \times 180^\circ$$

$$E_{Ph} = 383.5 \text{ Volt} \qquad (K_e = \text{Full pitch})$$

## 3.3 आर्मेचर क्षरण प्रतिघात (Armature Leakage Reactance)

A.C. मशीन में लोड करंट द्वारा स्थापित कोई भी फ्लक्स जो मशीन के उपयोगी फ्लक्स (Useful flux) में योगदान नहीं करता है रिसाव फ्लक्स (Leakage flux) कहा जाता है। इस रिसाव फ्लक्स के प्रभाव से आर्मेचर Winding में एक स्वप्रेरित *EMF* स्थापित करता है। रिसाव फ्लक्स को निम्नानुसार वर्गीकृत किया जा सकता है–

(i) स्लॉट लीकेज (Slot leakage)

(ii) दाँतों में रिसाव (Tooth head leakage)

(iii) कॉइल अंत या ओवर हैंग रिसाव (Coil end or overhang leakage)

एयर गैप फ्लक्स द्वारा आर्मेचर वाइंडिंग में प्रेरित वोल्टेज को एयर गैप वोल्टेज कहा जाता है। रिसाव फ्लक्स भी आर्मेचर Winding में वोल्टेज प्रेरित करता है। इनको प्राय: रिसाव की प्रतिघात (Leakage Reactance) के द्वारा जो Voltage में गिरावट आती है।

आर्मेचर रिसाव फ्लक्स के लिए चुम्बकीय सर्किट की अधिकांश (Reluctance) वायुपथों के कारण होता है इसलिए फ्लक्स इनका उत्पादन करने वाले आर्मेचर धाराओं के लगभग आनुपातिक है और इन धाराओं के साथ फेज में है। इस कारण से आर्मेचर Winding में वोल्टेज प्रेरित को Phase के निरंतर रिसाव प्रतिक्रिया के उपयोग द्वारा ध्यान में रखा जा सकता है। जिसे Phase current द्वारा गुणा किया जाता है। Component flux-leakage flux द्वारा प्रेरित वोल्टेज देता है। ये वोल्टैज लीकेज प्रतिघात ड्रॉप हैं और यह 90° Current से Lead करता है।

Scanned with CamScanner

यह रिसाव फ्लक्स प्रकृति में आर्मेचर Winding को सक्रिय बनाता है इसलिए Winding में प्रतिरोध के अतिरिक्त एक लीकेज प्रतिघात होता है।

**सिंक्रोनस मशीन में आर्मेचर प्रतिक्रिया** (Armature Reaction in Synchronous Machines)–रोटर फील्ड पोल द्वारा निर्मित फ्लक्स पर आर्मेचर (स्टेटर) फ्लक्स के प्रभाव को आर्मेचर रिएक्शन कहा जाता है। जब एक अल्टरनेटर की आर्मेचर Winding से करंट प्रवाहित होता है तो परिणामस्वरूप *MMF* द्वारा एक फ्लक्स का उत्पादन किया जाता है। यह आर्मेचर फ्लक्स मुख्य पोल फ्लक्स के साथ प्रतिक्रिया करता है जिससे परिणामी फ्लक्स मूल मुख्य फील्ड फ्लक्स की तुलना में कम या अधिक हो जाता है। "The effect of armature (Stator) flux on the flux produced by the rotor field poles is called armature reaction".



चित्र 3.12 Two pole Alternator

साधारणत: हम नीचे दिए गए आँकड़ों में दिखाए गए एक 3 Phase 2 पोल अल्टरनेटर पर विचार करते हैं।

प्रत्येक ध्रुव की Winding को संकेन्द्रित माना जाता है लेकिन आर्मेचर प्रतिक्रिया का प्रभाव वैसा ही होगा जैसे कि एक वितरित Winding में होता है। सिंक्रोनस मशीन में आर्मेचर प्रतिक्रिया मुख्य क्षेत्र फ्लक्स को प्रभावित करता है और अलग-अलग शक्ति गुणक के लिए आर्मेचर प्रतिक्रिया (Armature reaction) का मान अलग-अलग होगा।

यहाँ आर्मेचर रिएक्शन के लिए तीन स्थितियों का अनुसरण करने के लिए चर्चा की गई है अर्थात् एकता (Unity power factor) शून्य शक्ति गुणक (Lagging) Zero power factor (Leading)।



चित्र 3.13 Phasor line diagram of e.m.f.

शक्ति गुणक को आर्मेचर Phase current और उस Phase में आर्मेचर कंडक्टर में प्रेरित *EMF* के बीच के कोण के कोसाइन (Cosine) के रूप में परिभाषित किया जा सकता है।

**यूनिटी पावर फैक्टर पर आर्मेचर रिएक्शन** (Armature Reaction in Unity Power Factor)–रोटर के रोटेशन की दिशा को दक्षिणावर्त माना जाता है (Clockwise)। दाहिने हाथ के नियम को लागू करने से विभिन्न कंडक्टरों में प्रेरित *EMF* की दिशा मिल जाती है। रोटर के पोल के संबंध में कंडक्टर की दिशा को एंटीक्लॉकवाइज लिया जाता है।

माना कि अल्टरनेटर Unity power factor में करंट की आपूर्ति कर रहा है फेज धारा $I_A$, $I_B$ और $I_C$ अपने संबंधित उत्पन्न वोल्टेज के साथ Phase में होंगे अर्थात् $E_A$, $E_B$ और $E_C$ जैसा कि दिए चित्र 3.13 में दिखाया गया है।



चित्र 3.14 Phasor line diagram of flux

फ्लक्स की सकारात्मक दिशा को $\phi_A$, $\phi_B$ और $\phi_C$ को नीचे दिए गए आँकड़े में दिखाए गए हैं।

ऊर्ध्वाधर अक्ष पर एक फेज का प्रक्षेपण इसके तात्कालिक मान को देता है। $T = 0$ पर धाराओं (Current) और फ्लक्स के तात्कालिक मान नीचे दिखाए गए समीकरण द्वारा दिए गए हैं–

$$i_A = i_m \text{ और } \phi_A = \phi_m$$

$$i_B = -I_m \cos 60° = -\frac{1}{2} I_m \text{ तब } \phi_B = -\frac{1}{2}\phi_m$$

$$i_C = -I_m \cos 60° = \frac{-1}{2} I_m \text{ तब } \phi_C = -\frac{1}{2}\phi_m$$

जहाँ सबस्क्रिप्ट '$m$' current और फ्लक्स के अधिकतम मान को दर्शाता है। इस प्रकार फ्लक्स $\phi_A OA$ के साथ और फ्लक्स $\phi_B$ फ्लक्स $\phi_C$ नकारात्मक है और क्रमशः $OB$ और $OC$ द्वारा दर्शाया गया है, एक दूसरे के विपरीत दिशा में कार्य करता है जैसा कि नीचे के चित्र में दिखाया गया है फ्लक्स का परिणामी क्षैतिज व लम्बवत् रूप से फ्लक्स को हल करके पाया जा सकता है।




चित्र 3.15 Armature reaction diagram.

हमें मिलने वाले क्षैतिज दिशा के साथ हल करना है

$$\phi_h = -\phi_A - \phi_B \cos 60° - \phi_C \cos 60°$$

$$\phi_h = -\phi_m - \frac{1}{2}\phi_m\left(\frac{1}{2}\right) - \frac{1}{2}\phi_m\left(\frac{1}{2}\right)$$

$$\phi_h = -1.5\,\phi_m$$

इसी तरह ऊर्ध्वाधर दिशा के साथ हल करने से हमें निम्नलिखित परिणाम मिलता है–

$$\phi_V = -\phi_B \cos 30° + \phi_C \cos 30°$$

$$\phi_V = -\frac{1}{2}\phi_m \cos 30° + \frac{1}{2}\phi_m \cos 30° = 0$$

परिणामी आर्मेचर प्रतिक्रिया फ्लक्स का मान

$$\phi_{AR} = \sqrt{(\phi_h)^2 + (\phi_V)^2}$$

$$= \sqrt{(1.5\,\phi_m)^2 + (0)^2}$$

$$\phi_{AR} = 1.5\,\phi_m$$

यदि रोटर को घुमाया जाता है तो क्लॉकवाइज दिशा में 30°, इसी फेजर डायग्राम को नीचे दिखाया गया है।




चित्र 3.16 Three phase current phasor

यदि $\omega t = 30°$ पर धाराओं ओर फ्लक्स के तात्कालिक मान के रूप में दिए गए हैं–

$$i_A = i_m \cos 30° = \frac{\sqrt{3}}{2} I_m, \text{ और } \phi_A = \frac{\sqrt{3}}{2}\phi_m$$

$$i_B = 0 \text{ और } \phi_B = 0$$

$$i_C = -I_m \cos 30° = \frac{\sqrt{3}}{2} I_m \text{ और } \phi_C = -\frac{\sqrt{3}}{2}\phi_m$$

Scanned with CamScanner

$\omega t = 30°$ पर फ्लक्स के लिए अंतरिक्ष आरेख नीचे दिखाया गया है।




चित्र 3.17 Phasor diagram at phase angle 30°

यहाँ $\phi_B = 0$ ϕ परिणामी आर्मेचर प्रतिक्रिया (Armature reaction) नीचे दिखाए गए समीकरण द्वारा दिया गया है-

$$\phi_{AR} = OD = 2\,OM$$

$$\phi_{AR} = 2\,OC \cos 30° = 2\,\frac{\sqrt{3}}{2}\,\phi_m \times \frac{\sqrt{3}}{2} = 1.5\,\phi_m$$

परिणामी फ्लक्स की दिशा $\phi_{AR}$ $OD$ के साथ है जो घड़ी की दिश में क्षैतिज के साथ कोण बनाती है।

इसलिए यह देखा गया है कि परिणामी फ्लक्स $\phi_{AR}$ आर्मेचर में करंट द्वारा सेट होता है और यह $1.5\,\phi_m$ के बराबर परिणाम में स्थिर रहता है और यह तुल्यकालिक गति से घूमता है। जब धारा प्रेरित फ्लक्स $\phi_{AR}$ 90° तक मुख्य क्षेत्र के पीछे हो जाता है तो इसे क्रॉस मैग्नेटाइजिंग फ्लक्स कहा जाता है।

**लैगिंग पावर फैक्टर पर आर्मेचर रिएक्शन (Armature Reaction in Lagging Power Factor)**–यदि अल्टरनेटर को शून्य पावर फैक्टर लैगिंग के Inductive load के साथ लोड दिया जाता है तब Current $I_A$, $I_B$ और $I_C$ अपने सम्बन्धित Phase voltage से $E_A$, $E_B$ और $E_C$ के साथ 90° लैगिंग पर होगा। लैगिंग लोड पर आर्मेचर प्रतिक्रिया के Phase को चित्र में दिखाया गया है–




चित्र 3.18 Armature reaction diagram at lagging power factor.

समय $t = 0$ पर धाराओं और फ्लक्स के तात्कालिक मान द्वारा दिए गए हैं–

$$i_A = 0 \text{ और } \phi_A = 0$$

$$i_B = I_m \sin(-120°) = -\frac{\sqrt{3}}{2} I_m \text{ और } \phi_B = -\frac{\sqrt{3}}{2}\,\phi_m$$

$$i_C = I_m \sin(+120°) = \frac{\sqrt{3}}{2} I_m \text{ और } \phi_C = \frac{\sqrt{3}}{2}\,\phi_m$$

Scanned with CamScanner

चुम्बकीय फ्लक्स के Space आरेख को नीचे दिखाया गया है–




चित्र 3.19 Phasor diagram at lagging P.F.

परिणामी फ्लक्स $\phi_{AR}$ नीचे दिए गए समीकरण द्वारा दिया गया है–

$$\phi_{AR}^2 = \phi_B^2 + \phi_C^2 + 2\phi_B \cdot \phi_C \cos 60^\circ$$

$$\phi_{AR}^2 = \left(\frac{\sqrt{3}}{2}\phi_m\right)^2 + \left(\frac{\sqrt{3}}{2}\phi_m\right)^2 + 2\times\frac{\sqrt{3}}{2}\phi_m \cdot \frac{\sqrt{3}}{2}\phi_m \times \frac{1}{2}$$

$$\phi_{AR} = 1.5\,\phi_m$$

आर्मेचर रिएक्शन फ्लक्स की दिशा मुख्य क्षेत्र फलक्स के विपरीत है इसलिए यह मुख्य क्षेत्र के फ्लक्स का विरोध और कमजोर (De-magnetizing) करेगा।

**लीडिंग पावर फैक्टर पर आर्मेचर रिएक्शन (Armature Reaction on Leading Power Factor)**–यदि अल्टरनेटर को शून्य पावर फैक्टर के भार के साथ लोड दिया जाये तब $I_A$, $I_B$ और $I_C$ धाराओं को उनसे संबंधित Phase voltage $E_A$, $E_B$ और $E_C$ से 90° आगे (Lead) करेगा जैसा कि चित्र में दिखाया गया है।







Armature reaction of zero leading.

चित्र 3.20

समय $t = 0$ पर धाराओं और फ्लक्स के तात्कालिक मान को नीचे दिखाए गए समीकरणों द्वारा दिए गए हैं–

$$i_A = 0 \text{ और } \phi_A = 0$$

$$i_B = I_m \cos 30^\circ = \frac{\sqrt{3}}{2} I_m, \text{ तब } \phi_B = \frac{\sqrt{3}}{2}\phi_m$$

$$I_C = -I_m \cos 30^\circ = -\frac{\sqrt{3}}{2} I_m \text{ तब } \phi_C = -\frac{\sqrt{3}}{2}\phi_m$$

Scanned with CamScanner

फ्लक्स की दिशा को आरेख से नीचे दिखाया गया है–




चित्र 3.21 Armature reaction phasor at leading P.F.

परिणामी फ्लक्स नीचे दिखाए गए समीकरण द्वारा दिया गया है

$$\phi_{AR}^2 = \phi_B^2 + \phi_C^2 + 2\phi_B \cdot \phi_C \cdot \cos 60°$$

$$\phi_{AR}^2 = \left(\frac{\sqrt{3}}{2}\phi_m\right)^2 + 2\left(\frac{\sqrt{3}}{2}\phi_m\right)^2 \times \left(\frac{\sqrt{3}}{2}\phi_m\right) \times \frac{1}{2}$$

$$\phi_{AR} = 1.5\,\phi_m$$

आर्मेचर रिएक्शन फ्लक्स की दिशा मुख्य क्षेत्र फ्लक्स की दिशा में है। इसे मैग्नेटाइजिंग फ्लक्स के रूप में जाना जाता है।

**Summary of Nature of Armature Reaction**

उपरोक्त चर्चा से आर्मेचर रिएक्शन की प्रकृति के बारे में निम्नलिखित अधिक सामान्य निष्कर्ष हम संतुलन 3 phase load की आपूर्ति करने वाले एक तुल्यकालिक जनरेटर के लिए तैयार कर सकते हैं।

(1) आर्मेचर रिएक्शन के परिणामी फ्लक्स का मान नियत और वह सिंक्रोनस गति से घूमता है।

(2) यूनिटी पावर फैक्टर पर आर्मेचर रिएक्शन क्रॉस मैग्नेटाइजिंग (Cross magnetizing) प्रभाव सिंक्रोनस जनरेटर में देता है।

(3) जब सिंक्रोनस जनरेटर पर Lagging load में power (at intermediate) की सप्लाई दी जाती है तब Armature Reaction का मान आंशिक रूप से Demagnetizing और आंशिक रूप से Cross magnetizing देता है।

(4) जब जनरेटर पर Leading load में power (at intermediate) पर दिया जाता है तब Armature reaction का मान आंशिक रूप से Magnetizing और आंशिक रूप से Cross magnetizing देता है।

**सिंक्रोनस मोटर में आर्मेचर रिएक्शन (Armature Reaction in A Motoring Machine)**–एक मोटरिंग (Motering) मोड़ में काम करने वाली सिंक्रोनस मशीन आर्मेचर रिएक्शन *MMF* और फ्लक्स आर्मेचर रिएक्शन में एक Phase के विरोध मे होती है जोकि सिंक्रोनस जनरेटर के बारे में बताई गई बातों के ठीक उल्टा है। मोटरिंग मोड में काम कर रहे सिंक्रोनस मशीन के लिए निम्नलिखित निष्कर्ष निकलते हैं–

(i) जब सिंक्रोनस मशीन Lagging power factor पर काम कर रही है तब उस स्थिति में आर्मेचर रिएक्शन का मान आंशिक रूप से Magnetizing तथा आंशिक रूप से Cross magnetizing प्रभाव होता है।

(2) जब सिंक्रोनस मशीन Leading power factor पर काम कर रही है तब उस अवस्था में आर्मेचर रिएक्शन का मान आंशिक रूप से Demagnetizing तथा आंशिक रूप से Cross magnetizing प्रभाव को देता है।

**सिंक्रोनस प्रतिबाधा (Synchronous Impedance)**–वास्तविक उत्पन्न वोल्टेज में दो घटक वोल्टेज का योग होता है। इन घटकों Voltage में से एक वोल्टेज है जो उत्पन्न होगा यदि कोई आर्मेचर रिएक्शन नहीं है। यह वह Voltage है जो केवल

Scanned with CamScanner

Field excitation के कारण उत्पन्न होगा। उत्पन्न Voltage को Excitation voltage कहा जाता है तथा इसे $E_{exc}$ से प्रदर्शित करते हैं।

उत्पन्न वोल्टेज के अन्य घटकों को आर्मेचर रिएक्शन वोल्टेज $E_{AR}$ कहा जाता है। यह वह वोल्टेज है जिसे रेटेड वोल्टेज पर आर्मेचर रिएक्शन के प्रभाव के कारण उत्तेजना (Excitation) Voltage से जोड़ा जाता है तब आर्मेचर पर कुल उत्पन्न वोल्टेज का मान

$$E_a = E_{exc} + E_{AR}$$

आर्मेचर प्रतिक्रिया परिणाम के बाद से एक सर्किट में फ्लक्स में परिवर्तन के कारण सर्किट में वोल्टेज प्रभाव के कारण एक Inductive प्रतिघात के कारण Voltage में ड्रॉप होता है तब Inductive reactance के कारण Voltage drop के बाद कुल आर्मेचर रिएक्शन Voltage

$$E_{AR} = -j X_{AR} I_a$$

Inductive reactance $X_{AR}$ के काल्पनिक प्रतिघात (Fictitious reactance) है जो आर्मेचर सर्किट के वोल्टेज संबंधों पर आर्मेचर प्रतिक्रिया (Armature reaction) के प्रभाव के लिए आर्मेचर सर्किट में वोल्टेज का परिणाम देगा। यहाँ आर्मेचर प्रतिक्रिया (Armature reaction) Voltage को आंतरिक उत्पन्न वोल्टैज के साथ शृंखला में Inductor एक Start (प्रारम्भ) करने वाले के रूप में तैयार किया जा सकता है।

आर्मेचर प्रतिक्रिया (Armature reaction) के प्रभाव के अतिरिक्त स्टेटर Winding में एक स्वःप्रेरण (Self inductance) और एक प्रतिरोध भी होता है।

माना कि $L_a$ = स्टेटर Winding (armature) winding का स्वप्रेरकत्व

$X_a$ = स्टेटर Winding (Armature) winding का स्वप्रतिघात (Self-reactance)

$R_a$ = आर्मेचर Winding का प्रतिरोध (स्टेटर)

यदि Terminal voltage $V$ हो तब-

$$V = E_a - jX_{AR}I_a - jX_aI_a - R_aI_a$$

जहाँ $R_aI_a$ = आर्मेचर प्रतिरोध ड्रॉप (Armature resistance drop)

$X_aI_a$ = आर्मेचर लीकेज (Reactance leakage)

$X_{AR}I_a$ = आर्मेचर रिएक्शन (Voltage reaction)

आर्मेचर रिएक्शन के प्रभाव से लीकेज फ्लक्स के कारण लीकेज प्रतिघात तथा स्टेटर Winding के प्रतिघात को जोड़कर कुल स्टेटर का प्रतिघात के मान को सिंक्रोनस प्रतिघात कहा जाता है।

$$X_S = X_a + X_{AR}$$

$$V = E_a - jX_SI_a - R_aI_a$$

$$V = E_a - I_a(R_a + jX_S) \Rightarrow V = E_a - I_a(R_S + jX_S)$$

$$V = E_a - Z_SI_a$$

जहाँ $Z_S = R_a + jX_S$

अतः $Z_S$ को सिंक्रोनस प्रतिबाधा कहा जाता है।

सिंक्रोनस रिएक्शन $X_S$ वास्तविक आर्मेचर लीकेज रिएक्शन द्वारा निर्मित आर्मेचर सर्किट में वोल्टेज प्रभाव के लिए और आर्मेचर रिएक्शन के कारण Air gap में परिवर्तन के कारण नियोजित काल्पनिक प्रतिघात है।

इस प्रकार वास्तविक आर्मेचर प्रतिरोध वास्तविक आर्मेचर लीकेज रिएक्शन द्वारा उत्पादित आर्मेचर सर्किट में वोल्टेज प्रभाव के लिए नियोजित काल्पनिक प्रतिघात में सिंक्रोनस प्रतिबाधा $Z_S$ और आर्मेचर रिएक्सन द्वारा उत्पादित उनके वायु और प्रवाह में परिवर्तन होता है।

Scanned with CamScanner

## 3.4 सिंक्रोनस मशीनों के समतुल्य सर्किट आरेख

### (Equivalent Circuit Diagram of Synchronous Machines)

**सिंक्रोनस जनरेटर के तुल्य परिपथ ओर फेजर आरेख (Equivalent Circuit and Phasor Diagrams of a Synchronous Generator)**–सिंक्रोनस जनरेटर के तुल्य परिपथ को चित्र में प्रदर्शित किया है तथा सिंक्रोनस प्रतिघात

$$X_S = X_{AR} + X_a$$

जहाँ $X_{AR}$ = आर्मेचर क्षरण प्रतिघात (Armature Leakage Reactance)

$X_a$ = आर्मेचर (स्टेटर प्रतिघात)




चित्र 3.22 Equivalent circuit diagram of synchronous machine.

**Lagging power factor (cos ϕ)**

चित्र में प्रदर्शित फेजर आरेख (Phasor diagram) lagging power factor है। पावर फैक्टर का मान cos ϕ lagging है। फेजर को निम्नलिखित प्रकार से (Draw) प्रदर्शित किया है।

सर्वप्रथम $V$ टर्मिनल Voltage को Reference voltage मानकर $OA$ दिशा में खींचा जहाँ $OA = V$ टर्मिनल Voltage है चूँकि Power factor lagging nature का है। अत: आर्मेचर Current $I_a$ Voltage से $\phi°$ Lagg करता है जिसको $OB$ प्रदर्शित किया गया है। आर्मेचर प्रतिरोध में वोल्टेज ड्रॉप $I_a R_a$ आर्मेचर Current के Same phase में होगा (चूँकि प्रतिरोध ) है।




चित्र 3.23 Phasor diagram of synchronous machine at lagging P.F.

अत: Voltage drop को फेजर $AC$ से प्रदर्शित किया गया है। सिंक्रोनस प्रतिघात $X_S$ के कारण Voltage ड्रॉप $X_a I_a$ होगा और यह प्रतिघात के कारण विन्दु $C$ से 90° पर जुड़ेगा। अत: $CD$ सिंक्रोनस प्रतिघात ड्रॉप $I_a X_S$ को प्रदर्शित करता है। उसके बाद $A$ व $D$ को मिलाकर एक रेखा $AD$ सिंक्रोनस प्रतिबाधा को प्रदर्शित करता है। कुल Voltage drop (AD) $I_a R_a$ तथा $+ jI_a X_S$ के कारण Voltage drop सिंक्रोनस प्रतिबाधा को प्रदर्शित करता है।

अत: फेजर योग $OD$ $E_a$ कुल उत्पन्न Voltage को प्रदर्शित करता है।

अत:
$$OD^2 = (OG)^2 + (GD)^2$$
$$= (OF + FG)^2 + (GF + CD)^2$$
$$E_a^2 = (V\cos\phi + I_a R_a)^2 + (V\sin\phi + I_a X_S)^2$$

Scanned with CamScanner

$$E_a = \sqrt{(V\cos\phi + I_aR_a)^2 + (V\sin\phi + I_aX_S)^2}$$

**(b) यूनिटी शक्ति गुणक** (Unity Power factor)–चूँकि शक्ति गुणक मान यूनिटी है अर्थात् ($\cos\phi = 1$) यह तभी सम्भव है जब टर्मिनल Voltage ($V$) तथा Load (Resistance) के बीच फेज कोण का मान शून्य हो अर्थात् ($\phi = 0$) तब $OA$ टर्मिनल वोल्टेज को $AC$ $I_aR_a$ आर्मेचर प्रतिरोध ड्रॉप और उससे (बिन्दु $C$) से जुड़ा सिंक्रोनस प्रतिघात ड्रॉप 90° पर जुड़ा $I_aX_S$ $CD$ से प्रदर्शित किया है तथा स्टेटर में कुल ड्रॉप, प्रतिबाधा ड्रॉप $I_aZ_S$ $AD$ से प्रदर्शित किया है। अब पुन: फेजर $OD$ को मिलकर स्टेटर पर जनरेट कुल Voltage को $E_a$ को प्राप्त किया गया है।




चित्र 3.24 Phasor diagram of synchronous machine at unity P.F.

अत: तुल्य Voltage त्रिभुज $OCD$ में

$$OD^2 = OC^2 + CD^2$$
$$OD^2 = (OA + AC)^2 + CD^2$$
$$E_a^2 = (V + I_aR_a)^2 + (I_aX_S)^2$$
$$E_a = \sqrt{(V + I_aR_a)^2 + (I_aX_S)^2}$$

**Leading power factor ($\cos\phi$)**

Leading power factor की स्थिति में Current $I_a$ टर्मिनल Voltage $V$ से $\phi_a$ डिग्री Lead करता है जिसे $OB$ से प्रदर्शित किया गया है। आर्मेचर प्रतिरोध ड्रॉप $I_aR_a$ ($AC$) $OB$ के समान कला में होगा तथा उससे (बिन्दु $C$) से सिंक्रोनस प्रतिघात ड्रॉप $I_aX_S$ बिन्दु $CD$ से 90° पर होगा (चूँकि Reactance है) व सिंक्रोनस प्रतिघात ड्रॉप $I_aX_S$ का $CD$ से प्रदर्शित करते हैं। इसके बाद बिन्दु $A$ तथा $D$ से मिलाकर कुल स्टेटर में ड्रॉप अर्थात् सिंक्रोनस प्रतिबाधा ड्रॉप को ज्ञात किया जाता है। पुन: $O$ तथा $D$ को मिलाकर कुल उत्पन्न आर्मेचर Voltage को ($OD$) $E_a$ को ज्ञात किया जाता है।




चित्र 3.25 Phasor diagram of synchronous machine at leading P.F.

चित्र त्रिभुज $OGD$ में

$$OD^2 = OG^2 + GD^2 \quad \text{त्रिभुज से } GD = GC - CD$$
$$= (OF + FG)^2 + (GC - CD)^2$$
$$E_a^2 = (V\cos\phi + I_aR_a)^2 + (V\sin\phi - I_aX_S)^2$$
$$E_a = \sqrt{(V\cos\phi + I_aR_a)^2 + (V\sin\phi - I_aX_S)^2}$$

$E_a$ (आर्मेचर Voltage) तथा टर्मिनल Voltage ($V$) के बीच कोण को δ से तथा इसे Power angle या Torque angle कहलाता है।

**सिंक्रोनस जनरेटर के लिए पावर फ्लो समीकरण** (Power flow Transfer Equations for a Synchronous Generator)–सिंक्रोनस जनरेटर के तुल्य परिपथ को समीकरण में प्रदर्शित किया गया है।




चित्र 3.26 Power flow diagram.

$V$ = टर्मिनल वोल्टेज

$E_F$ = Excitation voltage

$I_a$ = आर्मेचर धारा (Armature current)

$\delta = E_F$ तथा $V$ के बीच Load angle

**Lagging power factor पर Phasor Graph**–यदि आर्मेचर Current $I_a$ टर्मिनल Voltage $V$ से $\phi$ कोण Lagging करता है तब प्रदर्शित होने वाला फेजर ग्राफ निम्न प्रकार से होगा।

सिंक्रोनस जनरेटर में $E_F$ $V$ से $\delta$ कोण Load करता है। तब इस स्थिति में टर्मिनल Voltage को Reference voltage लेने पर फेजर ग्राफ निम्न तरह से प्रदर्शित होगा।

where $V = V\angle 0°, E_F = E_F\angle 0°$




चित्र 3.27 Phasor diagram at lagging P.F.




चित्र 3.28 Impedance phasor triangle.

यहाँ पर सिंक्रोनस में प्रतिबाधा (Synchronous Impedance)

$$\Rightarrow \quad Z_S = R_a + jX_S$$

$$\Rightarrow \quad = Z_S\angle\theta_Z$$

$$E_F = V + I_a\,(R_a + jX_a)$$

$$E_F = V + I_aZ_S \Rightarrow E_F - V = I_aZ_S$$

$$\Rightarrow \quad I_a = \frac{E_F - V}{Z_S}$$

**Complex Power Output of the Generator per phase**

$$S_{og} = P_{og} + jQ_{oj} = VI_a^*$$

$$S_{og} = VI_a^* \qquad I_a^* = \text{Complex Conjugate}$$

$$= V\cdot\left(\frac{E_F - V}{Z_S}\right)^*$$

$$= \frac{V\angle 0\,(E_F\angle\delta - V\angle 0°)}{Z_S\angle\theta_Z}$$

$$= V\angle 0°\left(\frac{E_F}{Z_S}(\delta - \theta_Z - \frac{V}{Z_S}\angle -\theta_Z)\right)$$

$$= \frac{VE_F\angle\theta_Z - \delta}{Z_S} \frac{-V^2}{Z_F}\angle\theta_Z$$

Scanned with CamScanner

$$P_{og} + jQ_{oj} = \frac{V \cdot E_F}{Z_S}\cos(\theta_Z - \delta) + \frac{jV \cdot E_F}{Z_S}\sin(\theta_Z - \delta) - \frac{V^2}{Z_S}(\cos\theta_Z + j\sin\theta_Z)$$

$$P_{oj} + j\theta_{oj} = \frac{V \cdot E_F}{Z_S}\cos(\theta_Z - \delta) - \frac{V^2}{Z_S}\cos\theta_Z + \frac{jVE_F\sin(\theta_Z - \delta)}{Z_S} - \frac{jV^2\sin\theta_Z}{Z_S} \quad ...(1)$$

Real Power तथा Complex Power की तुलना करने पर

Real output power per phase of the generator (POG)

$$P_{OG} = \frac{V \cdot E_F}{Z_S}\cos(\theta_Z - \delta) - \frac{V^2}{Z_S}\cos\theta_Z$$

$$\cos\theta_Z = \frac{R_a}{Z_S}$$ (impedance triangle से)

$$\theta_Z = 90° - \alpha_Z$$

$$P_{OG} = \frac{V \cdot E_F}{Z_S}\cos(90° - (\alpha_Z + \delta)) - \frac{V^2}{Z_S} \times \frac{R_a}{Z_S}$$

$$P_{OG} = \frac{V \cdot E_F}{Z_S}\sin(\delta + \alpha_Z) - \frac{V^2}{Z_S^2}R_a$$

$$P_{OG} = \frac{V \cdot E_F}{Z_S}\sin(\delta + \alpha_Z) - \frac{V^2}{Z_S^2}R_a \quad ...(ii)$$

$P_{OG}$ = जनरेटर में उत्पन्न वैद्युत शक्ति

Reactive power output of Generator (QOG) [समीकरण (i) से]

$$Q_{OG} = \frac{V \cdot E_F}{Z_S}\sin(\theta_Z - \delta) - \frac{V^2}{Z_S}\cdot\sin\theta_Z$$

$$\sin\theta_Z = \frac{X_S}{Z_S}$$ $[\theta_Z = 90° - \alpha_Z]$

$$Q_{OG} = \frac{VE_F}{Z_S}\sin[90° - (\alpha_Z + \delta)] - \frac{V^2}{Z_S}\cdot\frac{X_S}{Z_S}$$

$$Q_{OG} = \frac{V \cdot E_F}{Z_S}\cos(\alpha_Z + \delta) - \frac{V^2}{Z_S^2}X_S$$

$$Q_{OG} = \frac{V \cdot E_F}{Z_S}\cos(\alpha_Z + \delta) - \frac{V^2}{Z_S^2}X_S \quad ...(iii)$$

**Complex Power Input to Generator ($S_{ig}$)**

$$S_{ig} = P_{ig} + jQ_{ig} = E_F I_a^*$$

$$= E_F\angle\delta\left(\frac{E_F}{Z_S}\angle(\theta_Z - \delta) - \frac{V}{Z_S}\angle\theta_Z\right)$$

$$P_{iG} + jQ_{iG} = \frac{E_F^2\angle\theta_Z\phi_Z}{Z_S} - \frac{V \cdot E_F}{Z_S}\angle\delta + \theta_Z)$$

$$P_{iG} + jQ_{iG} = \frac{E_F^2}{Z_S}\cos\theta_Z + j\frac{E_F^2}{Z_S}\sin\theta_Z - \left[\frac{VE_F}{Z_S}\cos(\delta+\theta_Z) + \frac{jVE_F}{Z_S}\sin(\delta+\theta_Z)\right]$$

$$P_{iG} + jQ_{iG} = \frac{E_F^2}{Z_S}\cos\theta_Z - \frac{VE_F}{Z_S}\cos(\delta+\theta_Z) + j\left[\frac{E_F^2}{Z_S}\sin\theta_Z - \frac{V\cdot E_F\sin(\delta+\theta_Z)}{Z_S}\right] \quad \ldots(iv)$$

Real power input to the generator

$$P_{iG} = \frac{E_F^2}{Z_S}\cos\theta_Z - \frac{V\cdot E_F}{Z_S}\cos(\theta_Z+\delta)$$

$$\cos\theta_Z = \frac{R_a}{Z_S}\cdot\theta_Z = 90° - \alpha_Z$$

$$P_{iG} = \frac{E_F^2}{Z_S}\times\frac{R_a}{Z_S} + \frac{V\cdot E_F}{Z_S}\cos 90° - (\alpha_Z - \delta)$$

$$P_{iG} = \frac{E_F^2}{Z_S^2}R_a + \frac{V\cdot E_F}{Z_S}\sin(\delta-\alpha_Z) \quad \ldots(v)$$

Reactive power input to generator $Q_{iG}$

$$Q_{iG} = \frac{E_F^2}{Z_S}\cdot\sin\theta_Z - \frac{V\cdot E_F}{Z_S}\sin(\theta_Z+\delta)$$

$$\sin\theta_Z = \frac{X_S}{Z_S}\cdot\theta_S = 90° - \alpha_Z$$

$$\sin(\theta_Z+\delta) = \sin(90°+\delta-\alpha_Z) = \cos(\delta-\alpha_Z)$$

$$Q_{iG} = \frac{E_F^2}{Z_S^2}X_S - \frac{V\cdot E_F}{Z_S}\cos(\delta-\alpha_Z) \quad \ldots(vi)$$

| Mechanical power input to Generator = $P_{iG}$ + Rotational loss |
|---|

Rotational losses friction windage and care losses,

**Maximum power output of the generator per phase (POG) Max.**

For maximum power output of the Generator,

$$\frac{dP_{oG}}{d\delta} = 0 \text{ और } \frac{d^2P_{og}}{d\delta^2} \angle 0$$

$$\frac{d}{d\delta}\left[\frac{VE_F}{Z_S}\sin(\delta+\alpha_Z) - \frac{V^2}{Z_S^2}R_a\right] = 0 \quad \text{(Load angle के सापेक्ष अवकलन करने पर)}$$

$$\frac{VE}{Z_S}\cos(\delta+\alpha_Z) - 0 = 0$$

$$\cos(\delta+\alpha_Z) = 0 = \cos 90°$$

$$\delta + \alpha_Z = 90°$$

$$\delta = 90° - \alpha_Z = \theta_Z$$

Scanned with CamScanner

अतः Maximum power transfer इस स्थिति में होगा जब

**Load Angle = Impedance angle $\theta_Z$**

$$P_{oG} = \frac{V \cdot E_F}{Z_S} - \frac{V^2}{Z_S^2} R_a \quad ...(vii)$$

**Maximum Power input to Generator per Phase ($P_{ig}$ max)**

$$P_{iG} = \frac{E_F^2}{Z_S^2} R_a + \frac{V \cdot E_F}{Z_S} \sin(\delta - \alpha_Z) \quad \text{[समीकरण (vi) से]}$$

Maximum power input to the generator

$$\frac{dP_{iG}}{d\delta} = 0 \text{ और } \frac{dP_{iG}}{d\delta} \angle 0$$

समीकरण (v) का लोड Angle के सापेक्ष अवकल (δ) करने पर

$$\frac{d}{d\delta}\left[\frac{E_F^2}{Z_S^2} R_a + \frac{V \cdot E_F}{Z_S} \sin(\delta - \alpha_Z)\right] = 0$$

$$\frac{V \cdot E_F}{Z_S} \cos(\delta - \alpha_Z) = 0 = \cos 90^\circ$$

$$\delta - \alpha_Z = 90^\circ$$

$$\delta = 90^\circ + \alpha_Z$$

$$\delta = 90^\circ + 90^\circ - \theta_Z$$

$$\delta = 180^\circ - \theta_Z$$

इस प्रकार Maximum power input के लिए

**Load Angle (δ) + Impedance angle ($\theta_Z$) = 180°**

Maximum power input to the generator

$$P_{iG}\,(\max) = \frac{E_F^2}{Z_S^2} R_a + \frac{V \cdot E_F}{Z_S} \quad ...(viii)$$

**पावर फ्लो समीकरण का मान यदि जनरेटर आर्मेचर प्रतिरोध को नगण्य माना जाए (Power Flow Equations for a Generator with Armature Resistacne Neglected)**–सिंक्रोनस मशीन में वास्तव में $R_a <<< X_S$

$R_a$ के (आर्मेचर प्रतिरोध के मान को नगण्य मानने पर)

$$Z_S = R_a + jX_S$$

यदि

$$R_a = 0$$

$$Z_S = jX_S$$

$$Q_{oG} = \frac{V \cdot E_F \cos\delta}{Z_S} - \frac{V^2}{Z_S^2} X_S$$

$$Q_{oG} = \frac{V \cdot E_F}{X_S} \cos\delta - \frac{V^2 X_S}{X_S^2}$$

Scanned with CamScanner

$$Q_{oG} = \frac{V \cdot E_F}{X_S} \cos\delta - \frac{V^2}{X_S}$$

$$Q_{oG} = \frac{V}{X_S}[E_F \cos\delta - V]$$

$$Q_{oG} = \frac{V}{X_S}[E_F \cos\delta - V] \quad ...(ix)$$

**Case (i)** यदि सिंक्रोनस जनरेटर Under Excited पर अर्थात् $E_F \cos\delta \angle V$ तब $\vec{Q}_{oG}$ का मान Negative आयेगा। इस स्थिति में

जनरेटर इस स्थिति में Reactive power को Absorb करेगा तथा Connected load तथा Bus bar Leading P.F. पर कार्य करेगा अर्थात् Generator Leading P.F. पर Run करेगा।

**Case (ii)** यदि $E_F \cos\delta > V$, तब $Q_{oG}$ will be positive। जनरेटर इस स्थिति में Over excited तथा (+ Q) Reactive power को सिंक्रोनस को deliver करेगा।

सिंक्रोनस जनरेटर इस स्थिति में Lagging power factor पर Run करेगा।

**Case (iii)** If $E_F \cos\delta = V$ Normal excitation

इस स्थिति में सिंक्रोनस जनरेटर न तो Reactive power को Deliver करेगा और न ही Absorb करेगा।

अतः सिंक्रोनस जनरेटर यूनिटी शक्ति गुणक पर Run करेगा।

## 3.5 वोल्टेज विनिमय की अवधारणा (Concept of Voltage Regulation)

**सिंक्रोनस जनरेटर का Voltage Regulation : (Voltage Regulaton of Synchronous Generator)**–सिक्रोनस जनरेटर की (Field excitation) क्षेत्र उत्तेजन तथा गति को स्थिर रखते हुए उस पर से पूर्ण लोड हटाने पर उसकी वोल्टता में हुई वृद्धि एवं निर्धारित टर्मिनल वोल्टता के अनुपात पर प्राप्त मान को वोल्टता नियमन कहते हैं।

$$\% \text{ वोल्टेज Regulation} = \frac{E_0 - V}{V} \times 100$$

$E_0$ = शून्य लोड पर निर्धारित टर्मिनल वोल्टता (No load पर Terminal voltage)

$V$ = Full load पर निर्धारित टर्मिनल वोल्टता (Full load पर Terminal voltage)

### Voltage Regulation सम्बन्धित आवश्यक बातें

(i) $E_0 - V$ अंकगणितीय अन्तर है।

(ii) अग्रगामी लोड शक्ति गुणक (Leading power factor) होने पर यदि पूर्ण लोड को हटाया जायेगा तो टर्मिनल वोल्टता में गिरावट आयेगी, अतः आगामी लोड शक्ति गुणक पर नियमन का मान ऋणात्मक होगा।

(iii) वोल्टेज नियमन का मान लोड तथा शक्ति गुणक दोनों पर निर्भर करता है।

(iv) प्रत्यावर्तक का इकाई शक्ति गुणक पर नियमन का मान 10 से 15% तक पश्चगामी लोड शक्ति गुणक पर इसका मान 35% तक हो सकता है।




चित्र 3.29 प्रत्यावर्तक के विभिन्न लोड पर शक्ति गुणक पर वोल्टता अभिलक्षण

(v) प्रत्यावर्तक पर लोड डालने पर वोल्टता ड्रॉप तथ लोड हटाने पर वोल्टता में वृद्धि एक समान नहीं होता है अतः दोनों स्थितियों के लिए नियमन (Regulation) का मान ज्ञात करना चाहिए।

Scanned with CamScanner

**वोल्टता नियमन ज्ञात करने की विधियाँ** (Methods of Determination of Voltage Regulation)–प्रत्यावर्तक का वोल्टता नियमन (Voltage regulation) को निम्नलिखित विधियों द्वारा ज्ञात किया जा सकता है।

(1) प्रत्यक्ष लोड विधि (2) अप्रत्यक्ष विधि (Indirect method) (i) विद्युत वाहक बल या तुल्यकाली प्रतिबाधा विधि (ii) चुम्बकत्व वाहक बल (*MMF*) या ऐम्पियर वर्तन विधि (iii) शून्य गुणक (Zero power factor) या पाटियर (Potier method)।

**(1) प्रत्यक्ष लोड विधि** (Direct loading method)–Voltage Regulation ज्ञात करने की यह विधि प्राय: छोटी मशीनों के लिए उपयुक्त हैं जैसे 5 KVA तक प्रत्यावर्तक के लिए यह विधि उपयुक्त होती है।

बड़ी मशीनों के लिये यह विधि बहुत खर्चीली तथा असुविधाजनक है। इस विधि से परीक्षण के लिए संयोजन आरेख दिखाया गया है।




चित्र 3.30 दिष्ट धारा शन्ट मोटर प्रथम चालक (D.C. shunt motor as prime-mover)

प्रत्यावर्तक को तुल्यकाली गति पर चलाकर उसकी टर्मिनल वोल्टता को निर्धारित मान तक समंजित कर लेते हैं। अब लोड को धीरे-धीरे इतना बढ़ाते हैं ताकि परिपथ में लगा एमीटर पूर्ण लोड धारा प्रदर्शित करें। इस समय वोल्टमीटर द्वारा प्रदर्शित मान $V$ को पढ़ लेते हैं।

जब प्रत्यावर्तक की गति तथा क्षेत्र उत्तेजना को स्थिर रखते हुए सम्पूर्ण लोड को पूर्णत: हटा लिया जाता है। इस समय वोल्टमीटर शून्य लोड या खुला परिपथ वोल्टता $E_0$ पाठ्यांक प्रदर्शित करता है। इन मानों से नियमन (Regulation) निम्न सूत्र द्वारा ज्ञात कर लेते हैं।

$$\textbf{Voltage Regulation} = \frac{E_a - V}{V} \times 100$$

**बड़ी मशीनों के लिए यह विधि अधिक खर्चीली तथा सुविधाजनक है क्योंकि उनके लिए अधिक लोड की आवश्यकता पड़ती है।**

**सिंक्रोनस प्रतिबाधा विधि या EmF (Method)** (Synchronous Impedance Method or EMF Methods)–आर्मेचर Reaction के प्रभाव को बदलने की अवधारणा पर आधारित है। Voltage regulation की गणना के लिए तुल्यकालिक विधि के लिए निम्नलिखित डेटा की आवश्यकता होती है। प्रतिफेज आर्मेचर प्रतिरोध और ओपन सर्किट विशेषता है। ओपन सर्किट की विशेषता सर्किट वोल्टेज और क्षेत्र (Field current) का ग्राफ है। इस विधि में शॉर्ट सर्किट विशेषता की भी आवश्यकता होती है जो शॉर्ट सर्किट और क्षेत्र धारा का ग्राफ होता है।

Scanned with CamScanner

एक तुल्य कालिक जनरेटर के लिए आगे दिए गए समीकरण हैं–

$$V = E_a - I_a Z_S$$

$$Z_S = R_a + jX_S$$

तुल्यकालिक प्रतिबाधा की गणना के लिए $Z_S$ मापा जाता है और फिर $E$ के मान की गणना की जाती है। $E_a$ और $V$ के मान से Voltage regulation की गणना की जाती है।

तुल्यकालिक प्रतिबाधा का मापन में निम्नलिखित विधियों के द्वारा मापन किया जाता है–

(i) डी० सी० प्रतिरोध परीक्षण (D.C. Resistacne test)

(ii) ओपर सर्किट परीक्षण (Open circuit test)

(iii) शॉर्ट सर्किट परीक्षण (Short circuit test)

**डी०सी० प्रतिरोध परीक्षण** (D.C. Resistacne test)–इस परीक्षण में यह माना जाता है कि अल्टरनेटर डी०सी० क्षेत्र के साथ जुड़ा हुआ है जो नीचे Open circuit के चित्र में दिखाया गया है।




चित्र 3.31 D.C. Resistance test on an alternator

यह प्रत्येक युग्मक के बीच डी०सी० प्रतिरोध को एक अमीटर वोल्टमीटर विधि का उपयोग करके या व्हीट स्टोन के पुल का उपयोग करके मापा जाता है। प्रतिरोध मान $R_t$ के तीन सेटों का औसत लिया जाता है। $R_t$ का मान प्रति Phase DC प्रतिरोध का मान प्राप्त करने के लिए 2 से विभाजित किया जाता है चूँकि प्रभावी A.C. प्रतिरोध Skin effect के प्रभाव के कारण डी०सी० प्रतिरोध से बड़ा है इसलिए प्रति Phase A.C. प्रतिरोध मशीन के आकार के आधार पर डी०सी० प्रतिरोध को एक Factor 1.20 से 1.75 तक गुणा करके प्राप्त किया जाता है। गणना में उपयोग करने के लिए एक विशिष्ट मान 1.25 होगा।

**ओपन सर्किट टेस्ट** (Open Circuit Test)–तुल्यकालिक प्रतिबाधा के निर्धारण के लिए ओपन सर्किट परीक्षण में अल्टरनेटर रेटेड सिंक्रोनस गति से चल रहा है और लोड टर्मिनल को Open रखा गया है। इसका मतलब है कि यदि भार काट दिया गया है और फील्ड Current का मान शून्य पर सेट है जैसा कि सर्किट आरेख को दिखाया गया है।




चित्र 3.32 Open circuit test on a alternator

(i) शून्य लोड परीक्षण में मोटर की निर्धारित वोल्टता तथा निर्धारित गति पर करना चाहिये।

(ii) शून्य लोड परीक्षण के समय अमीटर के पार्श्व में लगी कुन्जी को बन्द (Closed) रखना चाहिए ताकि अमीटर का प्रारम्भिक धारा से बचाव हो सके।

(iii) बन्द रोटर परीक्षण मोटर की निर्धारित पूर्ण लोड धारा पर करना चाहिए।

(iv) Blocked rotor परीक्षण में सप्लाई वोल्टता को इतना ही बढ़ाना चाहिए कि मोटर में उसकी निर्धारित धारा Rated current का प्रवाह होना चाहिए।

(v) प्रयोग के समय Induction motor की शॉफ्ट में Belt and pulley को समय-समय पर पानी डालकर शीतलित करते रहना चाहिए अन्यथा Belt जलकर नष्ट हो सकता है।

(vi) सभी पाद्यांक (All Reading) को सावधानीपूर्वक सही (Correct) लिए जाना चाहिए।

(vii) प्रेक्षणों (Observations) को शीघ्रता से लेकर मोटर पर से भार को हटा लेना चाहिए ताकि अनावश्यक रूप से Belt व Pulleys hot न हो।

■

Scanned with CamScanner

## प्रयोग संख्या 2 (a)
## Experiment Number-2 (a)

### उद्देश्य (Object)

2 (a) प्रेरण मोटर में रोटर प्रतिरोध के प्रभाव द्वारा बल-आघूर्ण गति वक्र (Curve) का निर्धारण एवं 2 (b) सिंगल फेज सीलिंग फैन (I.M. without capacitor) के कार्यक्षमता का निरीक्षण करना।

**Object :** 2. (a) Determination of effect of motor resistance on torque speed curve of an induction moor. 2 (b) Observe the performance of a ceiling fan (1-$\phi$) induction motor (without capacitor).

### आवश्यक उपयंत्र तथा उपकरण
### (Required machines, instruments and apparatus)

| क्र०सं० | उपकरण का नाम | संख्या | विशिष्टताएँ (Specifications) |
|---|---|---|---|
| 1. | इण्डक्शन मोटर (I.M.) | 1 | 3-$\phi$ 5 H.P. 415 V 50 Hz 8A 1440 r.p.m. |
| 2. | स्टार्टर रजिस्टेंस (SRs) | 3 | Starter connected variable resistance |
| 3. | ए०सी० ऐमीटर (A.C. Ammeter) | 1 | Moving Iron Type (0–20) A |
| 4. | A.C. Voltmeter | 1 | Moving Iron Type (0–500) V |
| 5. | D.C. एमीटर (D.C. Ammeter) | 2 | Moving Coil Type (0–7.5) A (0–15) A |
| 6. | टैकोमीटर/स्पीडोमीटर | 1 | Moving Coil Type (0–3000/6000) r.p.m. |
| 7. | Switch | 1 | Double Pole Iron Clad, Switch |
| 8. | प्लास | 1 | Insulated Type 20 cm Length |
| 9. | पेचकस स्क्रूड्राइवर | 1 | Insulated Type 15 cm Length. |
| 10. | कनैक्टिंग लीड्स | L.S. | P.V. insulated 3/22 Cu 460/2650 V |
| 11. | साइड कटिंग प्लायर | 1 | Insulated Type 15 cm Length. |
| 12. | इलेक्ट्रिशियन नाइफ | 1 | Simple Knife 5 cm Length. |
| 13. | सीरिंज टैस्टिंग लैम्प बोर्ड | 1 | Wood board with 15 W 240 V Lamp |
| 14. | यांत्रिक भार व्यवस्था | 1 | Mechanical Load Arrangement |

**सिद्धान्त** (Theory)—तीन फलीय सर्पण (3-Phase slip ring) प्रेरण मोटर का परिपथ सर्पण वलय ब्रश पर खुला होता है और यहाँ बाह्य प्रतिरोध जोड़कर रोटर परिपथ का प्रभावी प्रतिरोध बढ़ाया जा सकता है। रोटर परिपथ में प्रभावी प्रतिरोध बढ़ाने के साथ-साथ मोटर का प्रारम्भन बल आघूर्ण बढ़ता जाता है जैसा उक्त मोटर के बल आघूर्ण चाल अभिलक्षण से स्पष्ट है। मोटर के रोटर परिपथ में किसी रोटर प्रतिरोध मान $R_2$ पर मोटर को उसके तात्क्षणिक बल आघूर्ण चाल अभिलक्षण तथा भार के बल आघूर्ण चाल अभिलक्षण के कटान बिन्दु पर की स्थिति में मोटर की प्रचालन चाल प्राप्त होती है। भार के मान में परिवर्तन पर भार

Scanned with CamScanner

के बल आघूर्ण चाल अभिलक्षण परिवर्तित हो जाने से प्रचालन बिन्दु के परिवर्तन पर मोटर की चाल भी परिवर्तित हो जाती है। अतः विभिन्न भारों पर मोटर से विभिन्न चाल प्राप्त होती है। रोटर परिपथ में प्रतिरोध के मान को बढ़ाते जाने पर प्रारम्भिक बल आघूर्ण का मान बढ़ता जाता है और स्थिर भार पर चाल कम होती जाती है। यदि स्थिर रोटर प्रतिरोध पर मोटर में भार बढ़ाते जायें तो चाल कम होती जाती है।

**प्रयोग विधि (Procedure)**

1. परिपथ चित्र के अनुसार विद्युत संयोजित किया।

2. रोटर परिपथ में अधिकतम प्रतिरोध संयोजित रखते हुये मोटर का निर्धारित वोल्टता पर प्रचालित किया तथा जनरेटर की ओर से मोटर को भारित पर आवश्यक पाठ्यांक लिए।

3. रोटर परिपथ में प्रतिरोध क्रमशः घटाते हुए आवश्यक पाठ्यांक लिए।

4. पुनः क्रमशः न्यून भार व रोटर प्रतिरोध मान बढ़ाते हुये और इसी प्रकार अर्धभार तथा पूर्ण भार भी आवश्यक प्रेक्षण के लिए।

**परिपथ चित्र (Circuit diagram)**




चित्र–Slip ring induction motor with rotor resistance starter

प्रेक्षण (Observations)

(i) प्रारम्भन बल आघूर्ण हेतु

| क्र०सं० | रोटर प्रतिरोध | प्रेरण मोटर पर | | जनरेटर पर | | प्रारम्भन बल आघूर्ण |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | A | N | V | I | | |
| 1. | उच्च | | | | | |
| 2. | माध्यम | | | | | |
| 3. | न्यून | | | | | |

(ii) विभिन्न भारों पर चाल नियंत्रण

| क्र०सं० | भार | न्यून रोटर प्रतिरोध | माध्यम रोटर प्रतिरोध | उच्च रोटर प्रतिरोध |
|---|---|---|---|---|
| 1. | न्यून | $N_1 =$ | $N_2 =$ | $N_3 =$ |
| 2. | अर्ध | $N_1 =$ | $N_2 =$ | $N_3 =$ |
| 3. | पूर्ण | $N_1 =$ | $N_3 =$ | $N_3 =$ |

गणना (Calculation)

$$2\pi NT = VI$$

$$\therefore \quad \text{बल आघूर्ण } T = \frac{60VI}{2\pi N}$$

परिणाम (Result)




चित्र 2.2 Torque speed curve

1. रोटर प्रतिरोध का मान बढ़ने के साथ प्रारम्भन बल आघूर्ण बढ़ता है।
2. भार बढ़ने के साथ चाल कम होती है।

Scanned with CamScanner

## प्रयोग संख्या-2 (b)
## Experiment 2 (b)

**उद्देश्य (Object)**

सिंगल फेज प्रेरण मोटर (Without capacitor) सीलिंग फैन की कार्य क्षमता का प्रेक्षण

**Object 2 (b)** : Observe the performance of a ceeling fan (1 – ϕ) Induction motor (without capacitor).

**आवश्यक सामग्री (Apparatus required or Necessary Items)**

| क्रoसं० | इकाई का नाम (Items) | विशेष विवरण (Specification) | संख्या |
|---|---|---|---|
| 1. | 1-ϕ induction motor resistance start type | 1-ϕ split phase type | 01 |
| 2. | अमीटर | Moving iron type (0–20) A | 01 |
| 3. | वोल्टमीटर | Moving iron type (0–500) V | 01 |
| 4. | वाटमीटर | Single Phase | 01 |
| 5. | प्रत्यावर्ती प्रतिरोध | A.C. resistance | |
| 6. | टैकोमीटर | Moving coil type | 01 |
| 7. | संयोजक तार | L.S. | |

**सामान्य गुणधर्म (General Properties)**

1. क्षमता (Capacity)–1/20 H.P. से – $\frac{1}{2}$ H.P. तक आंशिक अश्व शक्ति
2. आरम्भिक बल आघूर्ण– न्यून ($T_S = 0.8\,T$)
3. आरम्भिक व्यवस्था–सहायक कुण्डलन तथा अपकेन्द्री स्विच द्वारा
4. गति भार अभिलक्षण–पार्श्व अभिलक्षण (Shunt characteristics)
5. गति नियंत्रण–एक मात्र वोल्टता नियंत्रण द्वारा
6. विपरीत गति–स्टेटर की मुख्य या सहायक कुण्डलन (दोनों में से किसी एक) के सिरों की ध्रुवता बदलने से विपरीत गति प्राप्त होती है।)
7. शक्ति गुणक–माध्यम (Medium power factor)।
8. अनुरक्षण कीमत–कम (Less maintenance cost)

(a) परिपथ आरेख




चित्र

Scanned with CamScanner

**(b) सदिश आरेख**

**सिद्धान्त (Theory)**–चित्र में प्रदर्शित प्रतिरोध प्रवर्त इण्डक्शन मोटर के अन्दर स्थाता पर दो कुण्डलनें होती हैं। प्रथम मुख्य कुण्डलन (Main winding) जो एकल कला प्रदाय से प्रत्यक्ष सम्बद्ध रहती हैं। द्वितीय आरम्भिक कुण्डलन (Starting winding) जो आरम्भिक प्रतिरोध (Starting resistor) तथा अपकेन्द्री स्विच (Centrifugal switch) सहित एकल कला प्रदाय के आर पार मुख्य कुण्डलन के समान्तर में सम्बद्ध रहती है इस मोटर में स्थाता की आरम्भिक कुण्डलन का प्रतिरोध बढ़ाकर




चित्र

कला विभाजन (Phase spliting) किया जाता है जिससे आरम्भिक कुण्डलन की धारा ($I_S$) तथा मुख्य कुण्डलन की धारा ($I_m$) में कलान्तर $\delta = (\phi_m - \phi_S)$ उत्पन्न हो जाता है जैसा कि सदिश आरेख से स्पष्ट है। फलतः घूर्णी चुम्बकीय क्षेत्र (r.m.f.) उत्पन्न होता है जो मोटर के घूर्णक पर आरम्भिक बल आघूर्ण ($T_S = KI_m I_s \sin \delta$) लागू करता है और घूर्णक घूमने लगता है। तत्पश्चात् जैसे ही मोटर की गति, पूर्ण गति के निकट 70% to 80% of full speed पहुँचती है वैसे ही आरम्भिक स्विच




चित्र–बल आर्घूण गति वक्र

प्रचालित होकर आरम्भिक प्रतिरोध सहित आरम्भिक कुण्डलन को अलग (Cut off) कर देता है और मोटर तीव्र गति से लगातार चलती रहती है। इस प्रकार मोटर की Running conditions में स्थाता (Stator) का सहायक परिपथ (आरम्भिक कुण्डलन प्रतिरोध अपकेन्द्री स्विच आदि असम्बद्ध Disconnected) अर्थात् पृथक् (Isolate) रहता है और मोटर केवल मुख्य परिपथ द्वारा चलती रहती है।




चित्र : बल आघर्ण-गति वक्र (Fan load के लिए)

Scanned with CamScanner

**टिप्पणी (Note)**

(i) प्राय: कुण्डली के निर्माण में पतले तार का उपयोग करके ही आरम्भिक कुण्डलन के प्रतिरोध को बढ़ाया जाता है।

(ii) मोटर को विपरीत दिशा में घुमाने के लिए किसी एक Winding की ध्रुवता बदली जाती है। दोनों कुण्डलनों को नहीं अर्थात् किसी एक कुण्डलन के सम्बन्धों को परस्पर परिवर्तित किया जाता है।

**परिणाम (Result)**

सिंगल फेज प्रेरण मोटर (Without capacitor) के प्रदाय वोल्टेज में परिवर्तन के साथ-साथ बल आघूर्ण गति के ग्राफ से यह स्पष्ट होता है कि फैन लोड के लिए वोल्टेज परिवर्तन पर विभिन्न गति पर निम्नवत् ग्राफ (वक्र) प्राप्त होता है। (चित्र में प्रदर्शित)

**सावधानियाँ (Precautions)**

1. परिपथ के सभी यन्त्र, उपयंत्र, मापयंत्र उपस्कर उपकरण आदि युक्तियों को Proper place पर व्यवस्थित होना चाहिए ताकि सम्बन्धन करने तथा पाठ्यांक लेने में सुगमता हो।

2. परिपथ में प्रयुक्त समस्त यंत्र, उपयंत्र, मापयंत्र, उपस्कर उपकरण आदि युक्तियाँ विशिष्टताओं (Proper specifications) की होनी चाहिए।

3. परिपथ में प्रयुक्त सभी उपकरण उपयुक्त क्षमता (Suitable capacity) के होनी चाहिए।

4. सम्बन्धक तारों (Connecting wire) के समस्त जोड़ (Joints) कसे (Tight) होने चाहिए अर्थात् Right and Tight होने चाहिए।

Scanned with CamScanner

## प्रयोग संख्या-03
## Experiment Number-03

**Experiment**—To study the effect of capacitor on the starting and running of single phase induction motor and the method of reversing the direction of rotation.

**उद्देश्य (Object)**

एक चरणबद्ध प्रेरण मोटर के सहायक वाइंडिंग्स सर्किट में संधारित्र की आवश्यकता की जाँच करने के लिए दोनों स्थिति अर्थात् शुरू (Start) करने व रोटेशन की दिशा को उलटने की विधि का निर्धारण करना।

सिद्धान्त (Theory)–जब Single phase मोटर को एक एक फेजी प्रत्यावर्ती धारा सप्लाई से संयोजित किया जाता है तो इसके स्टेटर Winding में प्रत्यावर्ती फ्लक्स (या क्षेत्र) उत्पन्न होता है जोकि बहुफेज फ्लक्स की भाँति तुल्यकालिक गति पर घूर्णमान नहीं होता है। जिससे वह स्थिर रोटर में घूर्णमान बल आघूर्ण उत्पन्न नहीं कर पाता तथा फलस्वरूप मोटर स्वचालित (Self start) नहीं होते हैं।

इसलिये यदि किसी प्रकार से (हाथ से या अन्य सहायक मोटर) से इस प्रकार की मशीन के रोटर को स्थिर अवस्था से किसी भी दिशा में घुमा दिया जाये तो मोटर घूमने लगती है तथा अपनी पूर्ण गति को प्राप्त कर लेती है।

सिंगल फेज मोटर में Starting torque को प्राप्त करने के लिए अलग से एक सहायक Winding को जोड़ा जाता है जिसे Auxiliary winding कहा जाता है। Auxiliary winding तथा Main winding सिंगल फेज के समान्तर में जुड़े होते हैं तथा वे विभिन्न प्रतिबाधा के होते हैं इसलिए इन (Main auxiliary) winding में Current का Flow भिन्न-भिन्न है, तथा Main winding तथा Auxiliary winding के बीच Phase difference भिन्न-भिन्न होता है।




चित्र–Single phase induction motor winding carrying current which have a time phase difference of a degree.

**(a) Need of a Capacitor in the Auxiliary Winding Circuit**–Single phase मोटरों में दो Winding होते हैं जोकि एक दूसरे से 90° विद्युतीय या कुण्डलित हैं। दोनों कुण्डलनें एक समान फेज की विद्युतरोधित तारों की हो

सकती हैं। फेज स्पिलिटिंग (Phase splitting) के लिये एक कुण्डलन के श्रेणी में एक संधारित्र को जोड़ दिया जाता है। इस कुण्डलन को प्रारम्भिक या Auxiliary winding कहा जाता है। दूसरी कुण्डलन को Main या Running winding कहते हैं।




चित्र Capacitor start 1-ϕ I.M.

इस प्रकार की मोटर के विद्युत संयोजन दिखाये गये हैं। इनका रोटर भी पिंजरा प्रारूपी होता है। दोनों कुण्डलनों को आपस में क्रमशः समान्तर में जोड़कर एक फेज सप्लाई के पार्श्व (Across) में जोड़ दिया जाता है। संधारित्र वाली कुण्डलन की धारा मुख्य कुण्डलन की धारा से 90° अग्रगामी (Lead) होती है जिसके कारण मोटर के स्टेटर पर घूमने वाला क्षेत्र उत्पन्न होता है तथा इस घूमने वाले क्षेत्र के प्रभाव से प्रेरित होकर मोटर का पिंजरा रोटर घूमने लगता है। इस मोटर में दोनों Winding अन्त तक संयुक्त रूप से कार्य करती हैं।

**(b) Method of Reversal of Direction of Rotation–** जब Split phase induction motor का Direction of rotation अर्थात् Rotor के घुमाने की दिशा को विपरीत करना है तब इस Motor के दो Winding (Main + Auxiliary) winding में से किसी एक Winding की दिशा को उल्टा (Reverse) करके Current की दिशा को बदला जाता है जिससे Motor के घूमने की दिशा बदल जाती है। Main winding और Auxiliary winding की Lead भिन्न-भिन्न हो सकती है तथा इनका प्रतिरोध का मापन किया जाता है। Auxiliary winding का प्रतिरोध Main winding के प्रतिरोध से अधिक होता है।




चित्र-Phasor diagram of 1-ϕ I.M. (Capacitor start)

## आवश्यक सामग्री (Apparatus Required)

Single phase induction motor. Split phase type capacitor in Auxiliary winding. Single phase wattmeter (one), voltmeter and Ammeter (MI) Type.

Scanned with CamScanner

*Circuit Diagram*




चित्र

**प्रयोग विधि** (Procedure)–(1) चित्र के अनुसार Circuit (परिपथ) को बनाकर सर्वप्रथम सप्लाई को प्रयुक्त करके मोटर के Rotation को Note कर लेते हैं। उसके बाद Supply को हटाकर Auxiliary winding को अलग कर लेते हैं। तब पुन: Supply को प्रयुक्त करते हैं। अब मोटर में केवल Single winding है, इससे मोटर को किसी भी दिशा में घुमाकर मोटर के रोटेशन की दिशा को Note कर लिया जाता है।

2. अब पुन: Auxiliary winding को बिना Capacitor के लगाकर Motor की Supply को On किया जाता है तथा मोटर के घूमने की दिशा को प्रेक्षण (Observe) किया जाता है। जब रोटर घूमने लगता है जिससे Starting torque का परिमाण रोटर की Shaft को पकड़ लेता है और रोटर के रोटेशन की दिशा के साथ Voltmeter, अमीटर व वाटमीटर से मापन को रिकॉर्ड कर लिया जाता है।

3. Auxiliary winding को Capacitor के साथ प्रयुक्त Motor को Start किया जाता है तब Motor का Starting torque का परिमाण Holding torque के परिमाण को पकड़ लेता है। तब इस स्थिति में Motor के Rotor को हाथ से पकड़कर उसके Reading को Note कर लिया जाता है।

4. अब टर्मिनल Voltage के Connections को परस्पर बदल दिया जाता है तथा अब पुन: Supply को प्रयुक्त करके Motor के Rotation को Note कर लिया जाता है।

**Observations**

| S. No. | Input Power (W) | Input Voltage (V) | Input Current (I) | Power factor circuit condition cos ϕ |
|---|---|---|---|---|
| 1. | | | | Without capacitor in the auxiliary winding with capacitor in the auxiliary winding. |
| 2. | | | | |
| 3. | | | | |
| 4. | | | | |
| 5. | | | | |

Scanned with CamScanner

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 6. | | | | |
| 7. | | | | |

**Panel for running Reversal of Single phase induction motor**




चित्र

Scanned with CamScanner

## प्रयोग संख्या (4)
## Experiment No. 4

**Experiment**—To plot relationship between no load terminal voltage and excitation current in a synchronous generator at constant speed.

**उद्देश्य (Object)**–प्रत्यावर्ती की निर्धारित गति पर उसकी उत्तेजक धारा (Exciting current) तथा निर्भार सिरा Voltage (No load terminal voltage) में वक्र खींचकर, अध्ययन करना।

**सिद्धान्त तथा प्रयुक्त सूत्र (Theory and Used Formulae)**—प्रत्यावर्तक की किसी भी स्थिर गति पर उसकी क्षेत्र धारा ($I_F$) तथा जनित्र सिरा वोल्टता ($E$) में खींचा गया वक्र, चुम्बकीय वक्र कहलाता है। यह भार तथा No load भार दोनों पर ही खींचा जाता है जैसा कि इस प्रयोग (Experiment) से स्पष्ट है। यह दिष्ट धारा जनित्र के चुम्बकीय वक्र के एक रूप (Identical) होता है और उसी तरह से खींचा जाता है अर्थात् उस प्रकार से प्राप्त किया जाता है।

प्रत्यावर्तक में सतत् घूमने वाले घूर्णक पर स्थापित विद्युत चुम्बकीय क्षेत्र को सदा स्थिर रहने वाले स्थाता (Stator) पर स्थापित आर्मेचर के चालकों द्वारा काटा जाता है। इससे उनमें विद्युत वाहक बल प्रेरित (उत्पन्न) हो जाता है जिसे निम्नलिखित सूत्र द्वारा व्यक्त किया जाता है–

$$E = 4.44\, K_P K_d\, \phi \cdot f \cdot T \text{ Volt.}$$

$$4.44\, K_P \cdot K_d \cdot T = K \text{ (Constant)}$$

$$E = K \cdot \phi \cdot f$$

$$E \propto \phi f$$

$$\phi \propto I_F \qquad N = \frac{120 f}{P}$$

$$N \propto f$$

$$E \propto I_F N$$

प्रत्यावर्तक की किसी स्थिर गति पर $I_F$ तथा $E$ or $V$ में खींचा गया ग्राफ प्रारम्भ में (चुम्बकीय संतृप्ति से पूर्व) एक सरल रेखा होता है। अन्त में (चुम्बकीय संतृप्ति के बाद) आरेख Graph झुक जाता है जैसा कि चित्र से स्पष्ट है।

**आवश्यक उपकरण (Apparatus required)**

| क्र०सं० | उपकरण का नाम | संख्या | विशिष्टताएँ (Specifications) |
|---|---|---|---|
| 1. | अल्टरनेटर | 1 | 3-$\phi$ |
| 2. | प्राइम मूवर (मोटर) | 1 | D.C. Shunt motor |
| 3. | डी०सी० प्रवर्तक | 1 | Three point starter |
| 4. | अमीटर (धारामापी) | 1 | M.C. Type |
| 5. | अमीटर (धारामापी) | 1 | M.I. Type |
| 6. | वोल्टमीटर (वोल्ट मापी) | 1 | M.I. Type |
| 7. | ऑन ऑफ डिवाइस | 1 | D.P.I.C. Switch |
| 8. | टेकोमीटर (गतिमापी) | 1 | Multirange speedometer |
| 9. | सम्बन्धक तार | L.S. | P.V.C. 3/22 Cu 250 V. |

Scanned with CamScanner

प्रयोग विधि–(i) सर्वप्रथम परिपथ के आरेख के अनुसार विधिवत सम्बन्धन (Connection) करते हैं।

(ii) अब फील्ड एक्साइटेशन स्विच $S_2$ तथा लोड स्विच $S_3$ को खुला रखते हुए प्रत्यावर्तक को Prime mover की सहायता से निर्धारित गति पर चलाइए।

(iii) उत्तेजक के क्षेत्र परिपथ में अधिकतम प्रतिरोध रखते हुए फील्ड एक्साइटेशन स्विच $S_2$ को ऑन करने से पूर्व तथा बाद की स्थितियों में क्षेत्र धारा $I_F$ तथा No Load voltage $E_0$ के पाठ्यांकों को क्रमश: अमीटर व वोल्टमीटर से लेकर प्रेक्षण सारणी में अंकित कीजिए।




चित्र

(iv) अब उत्तेजक के क्षेत्र परिपथ में प्रतिरोध को Step by step घटाते हुए क्षेत्र धारा $I_F$ तथा No load voltage $E_0$ के कई पाठ्यांक लेकर प्रेक्षण तालिका में अंकित कीजिए।

(v) लोड स्विच $S_3$ को खुला रखते हुए उत्तेजक के क्षेत्र परिपथ में प्रतिरोध को बढ़ाकर पुन: अधिकतम कीजिए और फील्ड एक्साइटेशन स्विच $S_2$ को ऑफ कीजिए।

(vi) अब Prime mover अर्थात् डी०सी० शन्ट मोटर के आर्मेचर में प्रतिरोध बढ़ाकर प्रत्यावर्तक की निर्धारित गति को घटाकर आधा कीजिए।

(vii) अब Prime mover अर्थात् डी०सी० शन्ट मोटर के आर्मेचर सर्किट में प्रतिरोध कम करके प्रत्यावर्तक को पुन: निर्धारित गति प्राप्त कीजिए।

(viii) अब भार धारा को स्थिर रखते हुए उक्त पाद (iii) व (iv) को ज्यों का त्यों पुन: दोहराइए और $I_F$ तथा $V$ के पाठ्यांकों को प्रेक्षण सारणी में अंकित कीजिए।

(ix) $X$-अक्ष पर क्षेत्र धारा ($I_F$) तथा $Y$-अक्ष पर जनक वोल्टता $E_0$ or $V$ के पाठ्यांकों को लेते हुए चुम्बकीय वक्रों को खींचा जाता है।

**प्रेक्षण–No load तथा निर्धारित गति पर चुम्बकन वक्र**

| क्र०सं० | $I_F$ ऐम्पियर | $V_i$ वोल्ट | $V_{Ph} = \frac{V_e}{\sqrt{3}}$ |
|---|---|---|---|
| 1. | | | |
| 2. | | | |
| 3. | | | |

Scanned with CamScanner

| | | | |
|---|---|---|---|
| 4. | | | |
| 5. | | | |

आरेख (Graph)–प्रत्यावर्तक की विभिन्न अवस्थाओं के अन्तर्गत उसकी क्षेत्र धारा $I_F$ तथा जनक वोल्टता ($E$ or $V$) में खीचे गए वक्र को दर्शाए गए हैं।

**परिणाम (Result)**

चित्र में प्रदर्शित समस्त आरेख (Graph) की प्रत्यावर्तक की विभिन्न अवस्थाओं के अभीष्ट चुम्बकीय वक्र (Desired Magnetic curve) है।

**सावधानियाँ (Precautions)**

(i) मोटर जनरेटर सेट को No load पर Start करना चाहिए।

(ii) मोटर जनित्र समुच्चय ($M - I -$ Set) को प्रवर्त करते समय उत्तेजक (Exciter) के क्षेत्र परिपथ में अधिकतम प्रतिरोध रखना चाहिए।




चित्र

(iii) भार पर चुम्बकीय अभिलक्षण प्राप्त करने के लिए स्थिर गति के साथ-साथ भार धारा भी रखनी चाहिए।

(iv) प्रत्यावर्तक पर भार की अवस्था में प्रेक्षण (Observations) लेते समय पहले उसे स्थिर निर्धारित गति पर चलाना चाहिए। तत्पश्चात् लोड के स्विच को ऑन करके उसे भारित Loaded करना चाहिए। तब क्षेत्र उत्तेजन ($I_F$) को कम करते हुए पाठ्यांक लेना चाहिए।

■

Scanned with CamScanner

## प्रयोग संख्या (5)
## Experiment No. (5)

**उद्देश्य (Object)**–उत्तेजन तथा गति को स्थिर रखते हुए एक प्रत्यावर्तक के सिरा वोल्टता तथा भार धारा में सम्बन्ध।

(Determination of the relationship between terminal voltage and load current of an alternator keeping excitation and speed constant)

### आवश्यक उपकरण (Apparatus required)

| क्र०सं० | उपकरण का नाम पूर्ण विवरण सहित | संख्या | टिप्पणी |
|---|---|---|---|
| 1. | त्रिफेजी प्रत्यावर्तक 5 KVA, 400 Volt 50 Hz, 1500 r.p.m. स्टार संयोजित | 1 | (प्रथम चालक) दिष्ट धारा शन्ट मोटर से युग्मित तथा उत्तेजक (Exciter) सहित |
| 2. | चल लौह अमीटर (Moving iron Ammeter (0-10) Amp.) | 1 | Portable |
| 3. | चल लौह वोल्टमीटर (0-500) Volt | 1 | Portable |
| 4. | चल कुण्डली अमीटर (0-2.5) Amp. | 1 | उत्तेजक परिपथ के लिए |
| 5. | तार कुण्डलित रिओस्टेट (Wire wound Rheostat) 1.5 एम्पियर 750 Ω | 1 | उत्तेजक परिपथ के लिए |
| 6. | त्रिफेजी लोडिंग रिओस्टेट (Three phase loading Rheostat 5 Kw 440 V) | 1 | प्रतिरोध लोड के लिए |
| 7. | त्रिफेज चोक कुण्डली (Choke coil 0-10 Amp. 430 Volt) | 1 | प्रेरणिक लोड के लिए |
| 8. | संधारित्र बैंक (Capacitor Bank) 440 Volt, 7.5 Amp. | 1 | संधारित्र लोड के लिए |
| 9. | टैकोमीटर (Techometer) | 1 | Multi range |
| 10. | संयोजक तार (P.V.C. 3/30 Cu) | L.S. | संयोजन के लिए |

**सिद्धान्त (Theory)**–टर्मिनल वोल्टता तथा लोड धारा के मध्य खींचा गया वक्र प्रत्यावर्तक का लोड अभिलक्षण कहलाता है। प्रत्यावर्तक (Alternator) पर लोड बढ़ाने से टर्मिनल वोल्टता में निम्न कारणों से गिरावट आती है–

(i) कुण्डलन के प्रतिरोध तथा प्रतिघात के कारण कुछ वोल्टता प्राप्त होता है।

**(ii) आर्मेचर प्रतिक्रिया (Armature Reaction) के प्रभाव के कारण**–जब प्रत्यावर्तक पर लोड प्रदान कर रहा होता है तो इसके आर्मेचर चालकों में धारा प्रवाहित होता है जो अपना एक फ्लक्स को उत्पन्न करता है तथा इस फ्लक्स का मुख्य फ्लक्स पर प्रभाव आर्मेचर (Reaction) कहलाता है। प्रत्यवर्तक में आर्मेचर प्रतिक्रिया (Armature Reaction) विभिन्न शक्ति गुणकों पर भिन्न-भिन्न होता है।

**(i) इकाई शक्ति गुणक भार (At Unity Power Factor)**–Unity power factor पर Armature reaction का प्रभाव केवल विकृत या विरूपण (Distroting) रहता है जिसके कारण टर्मिनल वोल्टता से गिरावट आती है।

Scanned with CamScanner

**(ii) शून्य पश्चगामी शक्ति गुणक पर (At Zero Lagging P.F.)**—शून्य पश्चगामी शक्ति गुणक पर आर्मेचर प्रतिक्रिया (Armature reaction) का प्रभाव पूर्णतया विचुम्बकीय (Demagnetising) होता है जिसके कारण मुख्य फ्लक्स कमजोर हो जाता है तथा प्रत्यावर्तक में कम विद्युत वाहक बल प्रेरित होता है अर्थात् टर्मिनल वोल्टता में इकाई शक्ति गुणक की अपेक्षा अधिक गिरावट आती है।

**(iii) शून्य अग्रगामी शक्ति गुणक पर (At Zero Leading P.F.)**—शून्य अग्रगामी (Zero Leading Power) पर आर्मेचर प्रतिक्रिया (Armature reaction) पूर्णतः चुम्बकीय होता है जिसके कारण मुख्य फ्लक्स की सामर्थ्य बढ़ जाती है तथा प्रत्यावर्तक में अधिक विद्युत वाहक बल प्रेरित होता है अर्थात् लोड बढ़ने पर टर्मिनल बढ़ जाता है।

## परिपथ आरेख

### प्रयोग विधि

(i) त्रिकलीय प्रत्यावर्तक दिष्ट धारा शन्ट मोटर के साथ युग्मित (Coupled) है तथा प्रत्यावर्तक के टर्मिनल से त्रिकलीय लोड संयोजित है।

(ii) अब दिष्ट धारा शन्ट मोटर की सहायता से प्रत्यावर्तक को उसी स्थिर गति पर चलायें तथा उत्तेजक (Exciter) की सहायता से प्रत्यावर्तक की टर्मिनल वोल्टता को निर्धारित मान तक समंजित कर लें। इसके लिए प्रत्यावर्तक के क्षेत्र परिपथ में एक तार कुण्डलित रिओस्टेट तथा अमीटर लगाया जाता है। इस उत्तेजन को प्रयोग के दौरान स्थिर रखें।

(iii) अब लोड प्रतिरोधी को शून्य से धीरे-धीरे बढ़ाकर पूर्ण लोड तक बढ़ायें तथा लोड धारा एवं टर्मिनल वोल्टता को नोट करते जायें। प्रतिरोधी लोड होने के कारण लोड का शक्ति गुणक इकाई होगा।

(iv) इसके बाद प्रेरणिक लोड (Lagging power factor) पर भी इसी क्रम को दोहरायें।




चित्र

प्रत्यावर्तक पर तुल्यकाली मोटर का लोड देकर या संधारित्र बैंक लगाकर उसका शक्ति गुणक अग्रगामी किया जा सकता है तथा केवल तुल्यकाली मोटर से ही पश्चगामी इकाई तथा अग्रगामी शक्ति गुणक तीनों प्रकार का लोड दिया जा सकता है।

प्रेक्षण तालिका

| क्र०सं० | प्रतिरोधी लोड (Resistive Load) | | प्रेरणिक लोड (Inductive Load) | | संधारित्र लोड (Capacitor load) | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | लोड धारा | टर्मिनल वोल्टता | लोड धारा | टर्मिनल वोल्टता | लोड धारा | टर्मिनल वोल्टता |
| | $I$ | $V$ | $I$ | $V$ | $I$ | $V$ |
| 1. | | | | | | |
| 2. | | | | | | |
| 3. | | | | | | |
| 4. | | | | | | |
| 5. | | | | | | |
| 6. | | | | | | |
| 7. | | | | | | |

ग्राफ–उपरोक्त पाठ्यांकों की सहायता से लोड धारा (Load current) तथा टर्मिनल वोल्टता (Terminal voltage) के माध्यम से विभिन्न लोड के लिए वक्र में दिखाया गया है।



चित्र

### परिणाम (Results)

(i) त्रिफेजी प्रत्यावर्तक का लोड अभिलक्षण इकाई शक्ति गुणक (प्रतिरोधी लोड)।

(ii) पश्चगामी (प्रेरणिक लोड) तथा अग्रगामी शक्ति गुणक (संधारित्र लोड) पर दिखाये गये हैं जोकि सैद्धान्तिक रूप से सही हैं।

विभिन्न वक्रों से हम देखते हैं कि इकाई शक्ति गुणक तथा पश्चगामी शक्ति गुणक पर टर्मिनल वोल्टता में गिरावट आती है एवं पश्चगामी शक्ति गुणक पर टर्मिनल वोल्टता में गिरावट इकाई शक्ति गुणक की अपेक्षा अधिक है अग्रगामी शक्ति गुणक पर टर्मिनल वोल्टता में थोड़ी वृद्धि होती है।

### सावधानियाँ (Precautions)

प्रयोगात्मक कार्य करते समय प्रयोगशाला में निम्न सावधानियाँ रखनी आवश्यक हैं–

(1) प्रयोग के दौरान प्रत्यावर्तक की गति तथा उत्तेजन स्थिर होना चाहिए।

(2) प्रत्यावर्तक की गति को प्रथम चालक (दिष्ट धारा मोटर) की गति को समंजित करके तथा क्षेत्र उत्तेजन को क्षेत्र नियामक (Wire wound rheostat) द्वारा स्थिर रखा जा सकता है।

■

Scanned with CamScanner

## प्रयोग संख्या (6)
## Experiment No. (6)

उद्देश्य (Object)–एक प्रत्यावर्तक का खुला परिपथ तथा लघु परिपथ परीक्षण करना तथा विनियमन (Regulation) एवं दक्षता को ज्ञात करना।

(Determination of the regulation and efficiency of alternator from the open circuit and short circuit test)

### आवश्यक उपकरण
### (Apparatus Required)

| क्र०सं० | उपकरण का नाम पूर्ण विशिष्ट सहित | संख्या | टिप्पणी |
|---|---|---|---|
| 1. | त्रिफेजी प्रत्यावर्तक (Alternator) 5 KVA 400 वोल्ट, 50 Hz 1500 r.p.m. स्टार संयोजित | 1 | दिष्ट धारा शन्ट मोटर (प्रथम चालक) से युग्मित तथा उत्तेजक सहित |
| 2. | चल लोह अमीटर (Moving Iron Ammeters) (0–10) ऐम्पियर | 1 | |
| 3. | चल कुण्डली अमीटर (0–0.25 Amp) | 1 | उत्तेजन परिपथ के लिए |
| 4. | चल लोह वोल्टमीटर (0–500 Volt) | 1 | |
| 5. | चल कुण्डली वोल्टमीटर (Moving coil Voltmeter) (0–30) Volt | 1 | |
| 6. | एक फेजी लोडिंग रिओस्टेट % Kw 250 Volt | 1 | |
| 7. | सतत परिवर्तित प्रेरण लोडिंग चोक 3–ϕ 16 Amp. 415 Volt | 1 | |
| 8. | तार कुण्डली रिओस्टेट (Wire wound rheostat/1.5 Amp.) 750 ओह्म | 1 | उत्तेजन परिपथ के लिए |
| 9. | टैकोमीटर | 1 | Multi range |
| 10. | आवृत्ति मीटर 40–60 Hz | 1 | |
| 11. | संयोजन तारे P.V.C. 3/20 Ch | L.S. | |
| 12. | कुंजी | 2 | |

सिद्धान्त (Theory)–प्रत्यावर्तक (Alternator) का नियमन (Regulation) ज्ञात करने के लिए उसकी शून्य लोड (No load) तथा पूर्ण लोड (Full load) direct load विधि अपनाई जा सकती है परन्तु बड़ी क्षमता के प्रत्यावर्तक को प्रयोग शाला में पूर्ण लोड तथा लोडिड करना सम्भव नहीं है। साथ हो साथ प्रत्यक्ष लोड विधि अधिक खर्चीली तथा असुविधाजनक है। इसके लिए तुल्यकाली प्रतिबाधा विधि सबसे सरल तथा सुविधाजनक है। अत: प्रत्यावर्तक की नियमन (Regulation) ज्ञात करने के लिए निम्न परीक्षण करने पड़ते हैं।

Scanned with CamScanner

प्रयोग विधि (Experiment Method)

(i) खुला परिपथ परीक्षण (Open circuit test)–यह परीक्षण शून्य लोड तथा निर्धारित गति पर किया जाता है। खुला परिपथ वोल्टता (प्रतिफेज) तथा उत्तेजन धारा (Exciting current) के मध्य खींचा गया वक्र प्रत्यावर्तक का खुला परिपथ अभिलक्षण या शून्य लोड अभिलक्षण कहलाता है। खुला परिपथ परीक्षण आरेख को प्रदर्शित किया गया है।




चित्र

(ii) अब प्रथम चालक की सहायता से प्रत्यावर्तक को शून्य लोड तथा निर्धारित गति पर चलाते हैं। प्रत्यावर्तक की निर्धारित गति को गतिमापक (Techometer) या परिपथ में आवृत्ति मीटर लगाकर समंजित (Adjust) कर लेते हैं। इस गति को प्रयोग के दौरान स्थिर रखें।

(iii) अब तार Winding रिओस्टैट की सहायता से क्षेत्र उत्तेजन को शून्य से धीरे-धीरे बढ़ाते हुये विभिन्न क्षेत्र धाराओं (क्षेत्र में लगे अमीटर द्वारा) तथा सम्बन्धित खुला परिपथ वोल्टता को वोल्टमीटर से नोट करते जायें। यह पाठ्यांक निर्धारित पूर्ण वोल्टता से थोड़ा अधिक तक लें।

(2) लघु परिपथ परीक्षण (Short Circuit Test)–इस परीक्षण में आर्मेचर (अर्थात् स्टेटर) के टर्मिनलों में उच्च परास का एक अमीटर लघु परिपथ कर दिया जाता है। इस स्थिति में प्रत्यावर्तक को निर्धारित गति पर चलाकर लघुपथित आर्मेचर कर दिया पर चलाकर लघुपथित आर्मेचर धारा तथा उत्तेजक धारा के मध्य खींचा गया वक्र प्रत्यावर्तक का लघु परिपथ अभिलक्षण कहलाता है।

(i) अब क्षेत्र उत्तेजन (Field excitation) को शून्य पर रखकर प्रथम चालक की सहायता से प्रत्यावर्तक को निर्धारित गति पर चलाते हैं।

(ii) अब क्षेत्र उत्तेजन धारा (Field) को शून्य से धीरे-धीरे इतना बढ़ाते हैं ताकि आर्मेचर में पूर्ण लोड धारा से थोड़ा अधिक धारा प्रवाहित होने लगे। विभिन्न क्षेत्र धाराओं (क्षेत्र में लगे अमीटर) पर सम्बन्धित परिपथ धारा का मान आर्मेचर परिपथ में लगे

Scanned with CamScanner

अमीटर द्वारा नोट करते जायें। क्षेत्र धारा $I_F$ (क्षेत्र में लगे अमीटर के विभिन्न पाठ्यांक) तथा आर्मेचर धारा (आर्मेचर परिपथ में लगे अमीटर) में खींचा गया वक्र प्रत्यावर्तक का लघु परिपथ अभिलक्षण कहलाता है।




चित्र

आर्मेचर प्रतिरोध




चित्र : वोल्टमीटर अमीटर विधि द्वारा प्रत्यावर्तक का आर्मेचर प्रतिरोध ज्ञात करने के परिपथ आरेख

(i) सप्लाई को करके लोडिंग रिओस्टेट प्रतिरोध को परिवर्तित करके वोल्टमीटर तथा अमीटर के विभिन्न पाठ्यांक नोट कर लें, तथा इसमें आर्मेचर प्रतिरोध $R = \frac{V}{I}\,\Omega$ ज्ञात कर लेते हैं।

Scanned with CamScanner

### (i) खुला परिपथ तथा लघु परिपथ
### (Open Circuit and Short Circuit)

| क्र०सं० | खुला परिपथ परिक्षण (Open circuit test) | | | लघ परि (Short ci |
|---|---|---|---|---|
| | लाइन वोल्टता $V_L$ | फेज वोल्टता $= V_L/\sqrt{3}$ | उत्तेजन धारा $I_F$ | उत्तेजन धारा $(I_F)$ |
| 1. | | | | |
| 2. | | | | |
| 3. | | | | |
| 4. | | | | |
| 5. | | | | |
| 6. | | | | |
| 7. | | | | |

### (ii) आर्मेचर प्रतिरोध
### (Armature Resistance)

| क्र०सं० | अमीटर का पाठ्यांक $(I_a)$ | वोल्ट मीटर का पाठ्यांक $V$ | आर्मेचर प्रतिरोध $R_a = \frac{V}{I_a}$ | औसत प्रतिरोध $(R_a)$ |
|---|---|---|---|---|
| 1. | | | | |
| 2. | | | | |
| 3. | | | | |
| 4. | | | | |
| 5. | | | | |
| 6. | | | | |




चित्र

तुल्यकाली प्रतिबाधा (Synchronous Impedance)–खुला परिपथ परीक्षण में निर्धारित वोल्टता प्रतिफेज तथा लघु परिपथ में इसी वोल्टता पर धारा $I_{SC}$ का अनुपात तुल्यकाली प्रतिबाधा कहलाता है जबकि गति तथा उत्तेजन (Excitation) का मान स्थिर हो।

अर्थात् $$\text{तुल्यकाली प्रतिबाधा } Z_S = \frac{\text{खुला परिपथ परीक्षण में निर्धारित वोल्टता प्रतिफेज } (V_{SC})}{\text{लघु परिपथ परीक्षण में इसी वोल्टता पर धारा } I_{SC}} = \Omega$$

$Z_S$ का मान ज्ञात करने के पश्चात् आर्मेचर का प्रतिफेज दिष्ट धारा प्रतिरोध $R_a$ अमीटर वोल्टमीटर विधि या कैल्विन सेतु या व्हीटस्टोन सेतु द्वारा ज्ञात किया जा सकता है तथा प्रभावी प्रतिरोध दिष्ट धारा को 2 गुना लिया जाता है, अर्थात् $R_e = 1.2 \times R_a\ \Omega$।

$R_e$ = आर्मेचर का प्रतिफेज प्रभावी प्रतिरोध है, अत: तुल्यकाली प्रतिघात (Synchronous Reactance)

$$X_S = \sqrt{(Z_S)^2 - (R_e)^2}\ \Omega \text{ प्रतिफेज}$$

**नियमन (Regulation)**–प्रत्यावर्तक की क्षेत्र उत्तेजन तथा गति को स्थिर रखते हुए उस पर से पूर्ण लोड हटाने पर उसकी वोल्टता में हुई वृद्धि को निर्धारित टर्मिनल वोल्टता से भाग देने पर प्राप्त मान को वोल्टता नियमन कहते हैं।

$$\%\ \text{नियमन} = \frac{E_0 - V}{V}$$

$E_0$ = शून्य लोड पर टर्मिनल वोल्टता प्रतिफेज

$V$ = पूर्ण लोड पर निर्धारित टर्मिनल वोल्टता प्रतिफेज

$E_0$ का मान निम्न सूत्र से ज्ञात किया जा सकता है–

$$E_0 = \sqrt{(V\cos\phi + IR_a)^2 + (V\sin\phi \pm IX_S)^2}\ \text{Volt}$$

जहाँ $\cos\phi$ = लोड का शक्ति गुणक

$I$ = पूर्ण लोड धारा प्रतिफेज

$X_S$ = तुल्यकाली प्रतिघात $\Omega$

उपरोक्त सूत्र से–

$\pm$ का मान Lagging के लिए + (ive) और

Leading के लिए – (ive) निर्धारित करते हैं।

**गणना**–चूँकि प्रत्यवर्तक स्टार संयोजित है इसलिए फेज वोल्टता $V_P = \frac{V_L}{\sqrt{3}}$ Volt जिनको तालिका में लिख दिया गया है, परन्तु लघु परिपथ लाइन धारा, फेज धारा के बराबर होगी।

$$\therefore \text{ तुल्यकाली प्रतिबाधा } Z_S = \frac{\text{खुला परिपथ परीक्षण में निर्धारित वोल्टता प्रतिफेज}}{\text{लघु परिपथ परीक्षण में इसी वोल्टता पर धारा}} = \Omega$$

$$R_e = 1.2 \times R_a\ \Omega$$

$$X_S = \sqrt{(Z_S)^2 - (R_e)^2}$$

$V$ = full load voltage

$I$ = Load current

$\cos\phi$ = शक्ति गुणक

Scanned with CamScanner

शून्य लोड पर वोल्टता $E_0 = \sqrt{(V\cos\phi + IR_e)^2 + (V\sin\phi \pm IX_S)^2}$

$= \ldots\ldots\ldots$ Volt

$$\text{नियमन} = \frac{E_0 - V}{V} \times 100$$

**परिणाम (Result)**

(1) त्रिफेजी प्रत्यावर्तक की तुल्यकाली प्रतिबाधा ......... Ω/फेज

(2) त्रिफेजी प्रत्यावर्तक का नियमन = ......... %

**(b) प्रत्यावर्तक की दक्षता**

**सिद्धान्त (Theory)**–प्रत्यावर्तक की दक्षता उसकी Output शक्ति तथा Input शक्ति का अनुपात होता है जिसे ज्ञात करने के लिए उसकी निर्धारित गति पर हानियों का ज्ञात होना आवश्यक है। जहाँ प्रत्यावर्तक को Prime mover से चालित किया जाता है और Prime mover का Output ही प्रत्यावर्तक का Input है। यदि Prime mover का Input ज्ञात कर लिया जाये और उसकी दक्षता ज्ञात हो तो प्रत्यवर्तक का Input शक्ति निम्न प्रकार से ज्ञात होगी–

**प्रत्यावर्तक का निवेश = Prime mover का Output = Prime mover ( दक्षता × निवेश )**

यहाँ Prime mover दिष्ट धारा शंट मोटर है जिसकी Input शक्ति का मान, निवेश पर मापन उपयंत्र जोड़कर किया जा सकता है तथा दक्षता का ज्ञान उस पर शून्य भार परीक्षण या स्विनबर्न परीक्षण द्वारा हो सकता है। अब यदि प्रत्यावर्तक की हानियाँ ज्ञात हों तो उसकी दक्षता ज्ञात हो जायेंगी। यहाँ Prime mover की दक्षता निवेश शक्ति व निर्गत शक्ति ज्ञात है। अब यदि प्रत्यावर्तक का खुला परिपथ परीक्षण किया जाये तो Prime mover की Output शक्ति प्रत्यावर्तक की निवेश शक्ति होगी जो इस स्थिति में उसकी No load हानियाँ (लौह हानि + यांत्रिक हानि) के बराबर होगी तथा लघु परीक्षण पर प्रत्यावर्तक की Input शक्ति उसकी ताम्र हानियों के बराबर होगी।

इस प्रकार प्रत्यावर्तक की लौह + यांत्रिक हानियाँ = खुला परिपथ परीक्षण पर Prime mover का Output

= Prime mover input (OCT पर) × दक्षता

प्रत्यावर्तक की ताम्र हानियाँ = लघु परिपथ परीक्षण पर Prime mover का Output

= Prime mover का Input (SCT पर) × दक्षता

$$\text{प्रत्यावर्तक की दक्षता} = \frac{\text{प्रत्यावर्तक का Output शक्ति}}{\text{प्रत्यावर्तक का Input शक्ति}} \times 100$$

$$\text{प्रत्यावर्तक की दक्षता} = \frac{\text{प्रत्यावर्तक का Output शक्ति}}{\text{प्रत्यावर्तक Output + लौह हानि (Iron Loss) + यांत्रिक हानि + ताम्र हानि}} \times 100$$

**गणना**

**Prime mover** दक्षता हेतु–No load की स्थिति में

Prime mover का No load Current, $I_0 = \ldots\ldots\ldots A$

Prime mover का Supply voltage $V = \ldots\ldots\ldots$ Volt

Prime mover का No load losses; $VI_0 = \ldots\ldots\ldots$ Watt

Prime mover का Load current $I_L = \frac{(\text{H.P.}) \times 735.5}{V}$

Prime mover की ताम्र हानियाँ $= I_L^2 R_a + VI_L$

$$\text{Prime mover की दक्षता} = \frac{\text{Input power} - \text{हानियाँ}}{\text{Input power}} \times 100$$

$$= \frac{VI_L - [VI_0 + I_L^2 R_a + VI_1]}{VI_L} \times 100$$

$$= \ldots\ldots\ldots \%$$

प्रत्यावर्तक की दक्षता–Prime mover के प्रेक्षणों से

प्रत्यावर्तक का Output $Q = KVA$

प्रत्यावर्तक की लौह + यांत्रिक हानियाँ, $W_S = VI \times$ Prime mover की दक्षता

प्रत्यावर्तक की ताम्र हानियाँ, $W_C = VI \times$ Prime mover की दक्षता

$$\text{प्रत्यावर्तक की दक्षता } \eta = \frac{(Q \cos\phi \times 1000)}{Q\cos\phi \times 1000 + W_S + W_C} \times 100\%$$

**परिणाम (Result)**

पूर्ण भार, $\cos\phi =$ पर

(i) प्रत्यावर्तक की दक्षता, $\eta = \ldots\ldots\ldots\%$

(ii) प्रत्यावर्तक की नियमन (Regulation) = .........

**सावधानियाँ (Precautions)**

(i) प्रयोग के दौरान प्रत्यावर्तक की गति स्थिर रखनी चाहिए।

(ii) क्षेत्र में प्रयोग किये जाने वाले तार कुण्डलित रिओस्टेट की धारा क्षमता पूर्ण क्षेत्र धारा से अधिक होनी चाहिए।

(iii) लघु परिपथ परीक्षण करने से पूर्व एक बार पुनः प्रत्यावर्तक की गति को जाँच कर लेना चाहिए।

(iv) लघु परिपथ धारा निर्धारित धारा से 1.25 गुणा से अधिक नहीं रखना चाहिए तथा इस अवस्था में शीघ्र पाठ्यांक ले लेना चाहिए।

■

Scanned with CamScanner

## प्रयोग संख्या (7)
## Experiment No. (7)

**प्रयोग (Experiment)**–चुम्बकीय क्षेत्र उत्तेजन के परिवर्तन से तुल्यकाली मोटर की कार्यक्षमता को पड़ने वाले प्रभाव का अध्ययन करना। (Determination of the effect of variation of excitation on performance of a synchronous motor).

**उद्देश्य (Object)**–इस प्रयोग का उद्देश्य तुल्यकाली मोटर के $V$ वक्र प्राप्त करना तथा क्षेत्र उत्तेजन के परिवर्तन के प्रभाव का अध्ययन करना है।

**आवश्यक उपकरण**–अग्र तालिका में विद्यार्थी अपनी प्रयोगशाला के अनुसार उपकरण के परास इत्यादि भरें।

| क्र०सं० | उपकरण का नाम | उपकरण का परास (Range of Apparatus) | संख्या | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1. | तुल्यकाली मोटर | | 1 | |
| 2. | चल लौह अमीटर | | 1 | मोटर की प्रत्यावर्ती धारा सप्लाई की ओर |
| 3. | चल लौह वोल्टमीटर | | 1 | (मोटर की प्रत्यावर्ती धारा सप्लाई की ओर) |
| 4. | चल कुण्डली अमीटर | | 1 | दिष्ट धारा उत्तेजक परिपथ |
| 5. | 3-$\phi$ वाटमीटर डायनेमोमीटर प्रारूपी | | 1 | इसके स्थान पर दो एक फेजी वाट मीटर भी प्रयोग कर सकते हैं। |
| 6. | गति मापक (Techometer) | | 1 | (इसके स्थान पर दो एक फेजी वाट मीटर भी प्रयोग कर सकते हैं।) |
| 7. | क्षेत्र धारा नियंत्रक (Field Rheostat) | | 1 | दिष्ट धारा उत्तेजन के लिए |
| 8. | दिष्ट धारा शन्ट मोटर उपयुक्त स्टार्टर सहित | | 1 | तुल्यकाली मोटर को प्रारम्भ करने के लिए |
| 9. | ब्रेक ड्रम पुली प्रबन्ध | | 1 | तुल्यकाली मोटर पर यांत्रिक लोड के रूप में |
| 10. | उपर्युक्त संयोजन तारे | | L.S. | |

**सिद्धान्त (Theory)**–यदि त्रिफेजी तुल्यकाली मोटर की निविष्ट शक्ति ($P$) को स्थिर रखा जाये तथा क्षेत्र उत्तेजन धारा (Field excitation) $I_F$ को परिवर्तित किया जाये तो मोटर का शक्ति गुणक परिवर्तित हो जायेगा।

$$\text{त्रिफेजी मोटर में शक्ति, } W = \sqrt{3}\, VI \cos \phi$$

जहाँ $V$ टर्मिनल वोल्टता, $V$ लाइन धारा तथा $\cos \phi$ मोटर का शक्ति गुणक है। चूँकि $W$ तथा $V$ दोनों स्थिर हैं इसलिए यदि शक्ति गुणक $\cos \phi$ में कोई कमी होती है जो धारा $I$ का मान बढ़ेगा। इस प्रकार यदि शक्ति गुणक का मान बढ़ता जाए तो धारा $I$ का मान कम होगा। इस प्रकार स्थिर लोड पर क्षेत्र धारा के परिवर्तन से लाइन या आर्मेचर धारा $I$ भी परिवर्तित होती है। तुल्यकाली मोटर की क्षेत्र धारा तथा आर्मेचर के सम्बन्ध को दर्शाने वाले अभिलक्षण जिससे किसी प्रणाली में शक्ति गुणक को सुधारा जा सकता है, $V$ वक्र कहलाता है। $V$-वक्रों द्वारा विभिन्न स्थिर निविष्टों पर क्षेत्र तथा आर्मेचर धारा में सम्बन्ध व्यक्त होता है।

Scanned with CamScanner

प्रयोग विधि

(i) प्रयोग के लिए चित्र के अनुसार संयोजन करें।




चित्र

(ii) अब तुल्यकाली मोटर को दिष्ट धारा शन्ट मोटर की सहायता से निर्धारित तुल्यकालिक गति पर चलायें तथा इसे 3-ϕ फेज सप्लाई या 3-ϕ बस बार में तुल्यकालिक कर ले जब तुलयकालिक मोटर 3-ϕ फेज सप्लाई से तुल्यकालिक हो जाये तो स्विच $S_1$ को खोल (Open) कर दें अर्थात् दिष्ट धारा मशीन की सप्लाई काट दें। इस समय तुल्यकालिक मोटर शून्य लोड पर (3-फेज) सप्लाई द्वारा चलती रहेगी।

ग्राफ–उपरोक्त प्रेक्षणों में उत्तेजन धारा को आधार मानकर लाइन धारा (आर्मेचर) शक्ति गुणक तथा निविष्ट शक्ति के साथ वक्र खींचिये। उपरोक्त वक्र (i), (ii) व (iii) के अनुसार होगा।




चित्र

परिणामी विवेचना–उपरोक्त वक्र से स्पष्ट है कि उत्तेजन धारा के साथ लाइन धारा तथा निविष्ट शक्ति के वक्र $V$ आकार के हैं, तथा उत्तेजन धारा के साथ शक्ति गुणक के वक्र उल्टी $\Lambda$ आकार के हैं। इन वक्रों से स्पष्ट है कि प्रसामान्य उत्तेजन पर लाइन धारा न्यूनतम हैं तथा शक्ति गुणक अधिकतम है। यह वक्र तुल्यकाली मोटर $V$ वक्र कहलाते हैं। इन वक्रों से स्पष्ट है कि जब तुल्यकाली मोटर का क्षेत्र अधिक उत्तेजित होता है तो यह अग्रगामी धारा लेता है तथा जब कम उत्तेजित होता है तो पश्चगामी धारा लेता है।

■

Scanned with CamScanner

## वस्तुनिष्ठ प्रश्न (Objective Questions)

### ■ त्रिकला प्रेरण मोटर (Three Phase Induction Motor)

1. एक 6 ध्रुव प्रेरण मोटर को एक 10 ध्रुव आवर्तित से आपूर्ति की जाती है जो 600 घूर्णन प्रति मिनट की गति पर चल रहा है। यदि मोटर 370 घूर्णन प्रति मिनट पर चल रही है तो प्रतिशत स्लिप को ज्ञात करे–
(a) 5% (b) 1% (c) 2% (d) 3%

2. आमतौर पर प्रेरण मोटर्स किस पर संचालित होते हैं?
(a) Zero power factor (b) Leading power factor
(c) Unity power factor (d) Lagging power factor

3. एक प्रेरण मोटर के ब्रेकिंग मोड से रोटर घूर्णी चुम्बकीय क्षेत्र के विपरीत दिशा में मोटर संचालित होता है। मोटर के इस स्लिप के लिए–
(a) $S > 1$ (b) $S = 1$ (c) $S = 0$ (d) $S < 1$

4. एक तीन फेज 4-पोल प्रेरण मोटर 500 V 50 Hz मेन की आवृत्ति पर 1440 r.p.m. की गति से चलती है। मोटर द्वारा विकसित शाफ्ट शक्ति 20.3 HP है। घूर्णी रोटेशनल ह्रास 2.23 HP है। यह मानते हुए कि ताम्र ह्रास नहीं है मोटर की दक्षता कितनी है? (1 HP = 735.5 W)
(a) 85.5% (b) 90.1% (c) 86.5% (d) 88.7%

5. एक वैद्युत मोटर 90 वाट्स (Watts) यांत्रिक शक्ति प्राप्त करने के लिए 100 वाट्स विद्युत शक्ति का खपत करता है, मोटर की दक्षता क्या है?
(a) 60% (b) 85% (c) 90% (d) 80%

6. एक प्रेरण मोटर का फुल लोड टार्क बल आघूर्ण निम्न में से किस पर निर्भर नहीं करता है?
(a) स्टेटर द्वारा उत्पादित फ्लक्स (b) प्रति फेज रोटर विद्युत धारा
(c) रोटर पावर फैक्टर (d) वह स्कवरल केज है या फिर स्लिप रिंग टाइप

7. 3-फेज प्रेरण मोटर की गति नियंत्रण के लिए नियोजित विधि कौन सी है?
(a) फिक्स्ड पोल नियंत्रण (b) लिनियर नियंत्रण
(c) फिक्स्ड पोल और लिनियर नियंत्रण का संयोजन (d) कैस्केड नियंत्रण

8. एक 4 ध्रुव त्रिकला प्रेरण मोटर की तुल्यकालिक चाल 25 फेरे प्रति सेकण्ड है। स्टेटर को सप्लाई की आवृत्ति है–
(a) 50 Hz (b) 100 Hz (c) 25 Hz (d) None of these

9. निर्धारित वोल्टता पर किसी त्रिकला पिंजरा प्रेरणी मोटर की शून्य भार धारा होती है–
(a) 30% to 50% of the rated current (b) निर्धारित धारा
(c) निर्धारित धारा का 5 से 10% (d) निर्धारित धारा का 5 से 7 गुना

10. एक त्रिकला प्रेरणी मोटर में 4 पोल हैं और यह निश्चित भार के लिए 50 Hz आपूर्ति सहित 0.04 के Slip के साथ प्रचालित होती है। स्टेटर के सापेक्ष में घूर्णक चुम्बकीय क्षेत्र की गति है–
(a) 1440 r.p.m. (b) 605 r.p.m. (c) 1500 r.p.m. (d) 0 r.p.m

11. त्रिकला प्रेरण मोटर में प्रारम्भन पर अधिकतम बल आघूर्ण प्राप्त होता है यदि–
(a) रोटर प्रतिरोध = रोटर प्रतिघात (b) रोटर प्रतिरोध < रोटर प्रतिघात
(c) रोटर प्रतिरोध > रोटर प्रतिघात (d) रोटर प्रतिरोध = स्टेटर प्रतिघात

12. प्रेरण मोटर ने क्राउलिंग किस कारण से होता है?
(a) स्टेटर लैमिनेशन की अनुचित संरचना (b) निम्न वोल्टता सप्लाई
(c) उच्च लोड (d) मोटर में विकसित हार्मोनिक्स

Scanned with CamScanner

13. प्रेरण मोटर में एक फेज निकाले जाने पर उदाहरण के लिए टर्मिनलों में 4 फेज और एक टर्मिनल में B-फेज होगा। इसे—
(a) A.C. गति अवरोधक कहा जाता है
(b) प्लगिंग कहा जाता है
(c) सोपानी आवर्धन कहा जाता है
(d) मोटर बल आघूर्ण बढ़ना कहा जाता है

14. विद्युत मशीन में भारहीन घूर्णी ह्रास (Rotational loss) में क्या होता है?
(a) घर्षण तथा वायु घर्षण ह्रास
(b) स्टेटर क्रोड घर्षण और वायु घर्षण ह्रास (loss)
(c) घूर्णक क्रोड घर्षण और वायु घर्षण ह्रास (Loss)
(d) भारहीन क्रोड घर्षण और वायु घर्षण ह्रास

15. निम्न शक्ति गुणांक के लिए प्राथमिक कारण के स्थापन से होता है–
(a) तुल्यकालिक मोटर
(b) डी०सी० मोटर
(c) प्रेरण मोटर
(d) इनमें से कोई नहीं

16. एक तीन फेज प्रेरण मोटर किसके समान होती है?
(a) ट्रांसफार्मर द्वितीयक लघु परिपथ
(b) ट्रांसफार्मर द्वितीयक खुला परिपथ
(c) भारयुक्त D.C. मोटर
(d) भारहीन D.C. मोटर

17. विद्युत मोटर में प्रवर्तक का क्या कार्य होता है?
(a) आरम्भ करना
(b) अतिभरण टालना
(c) उच्च प्रारम्भी धारा कम करना
(d) सभी विकल्प सही

18. प्रेरण मोटर की स्लिप 0.04 है और मोटर की आवृत्ति 60 Hz है। अत: रोटर धारा आवृत्ति है–
(a) 24 KHz
(b) 24 Hz
(c) 2.4 Hz
(d) 60 Hz

19. स्टेटर तुल्यकालिक चाल और रोटर चाल के मध्य के अन्तर को क्या कहा जाता है?
(a) Leading speed
(b) Lagging speed
(c) Slip speed
(d) Slow speed

20. तीन फेज प्रेरण मोटर में अधिकतम बल आघूर्ण किसके व्युत्क्रमानुपाती होता है?
(a) Stator voltage
(b) Speed of rotor
(c) Rotor reactance
(d) Decreasing slip speed

21. निम्नलिखित में से किन हानियों को ज्ञात करने के लिए प्रेरण मोटर पर No load टेस्ट का संचालन किया जाता है?
(a) Stator core loss
(b) Rotational loss
(c) Stator copper loss
(d) All options are correct

22. अगर प्रेरण मोटर का बल आघूर्ण कम होता है तो–
(a) रोटर की गति बढ़ जाती है
(b) रोटर की गति कम हो जाती है
(c) रोटर की धारा कम हो जाती है
(d) मोटर की ऊर्जा कम हो जाती है

23. कुण्डली चालित उपरोक्त ऑन लाइन प्रवर्तक में किस प्रकार का ऑपरेट होता है?
(a) संधारित्र चालित
(b) एक कुण्डली चालित
(c) प्रतिरोधक चालित
(d) भंवर धारा चालित

24. क्रेन और हाइस्ट में किस प्रकार का भार दिया जाता है?
(a) क्रमश: परिवर्ती भार
(b) अनुत्क्रमणी भारविहीन प्रारम्भन
(c) उत्क्रमणी हल्का प्रारम्भ
(d) उत्क्रमणी भारी आरम्भ

25. 3-फेज वाली प्रेरण मोटर की गति नियंत्रण विधियों में से ......... एक है।
(a) V/F control
(b) Stator current control
(c) Core loss control
(d) Eddy current control

Scanned with CamScanner

26. निम्न में से किस ह्रास का पता लगाने के लिए अवरोधित रोटर परीक्षण का उपयोग किया जाता है?
(a) Constant losses
(b) Variable losses
(c) Constant losses and variable losses both
(d) Rotational loss

27. तीन फेज प्रेरण मोटर के धारा के प्रारम्भिक आगमन (Inrush) उत्पन्न होता है–
(a) Large line voltage drop
(b) Large phase voltage drop
(c) Damage the rotor winding
(d) High starting torque

